# बी.एड. स्पेशल (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा)

## स्व-अधिगम सामग्री

SECM-06

Second Year

# सामाजिक विज्ञान शिक्षण

## (Pedagogy of Teaching Social Studies)

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)

# बी.एड. स्पेशल (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा)

## स्व–अधिगम सामग्री

# SECM-06

## Second Year

# सामाजिक विज्ञान शिक्षण
# (Pedagogy of Teaching Social Studies)


मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,

भोपाल (म.प्र.)

**संरक्षक**
**डॉ० रवीन्द्र कान्हेरे**
कुलपति

**मार्गदर्शन**
**श्री अरुण सिंह चौहान**
कुलसचिव

## संपादक मण्डल

**संयोजक**
**डॉ० वर्षा सागोरकर**
निदेशक, बहुमाध्यमीय शिक्षा विभाग

**समन्वयक व सलाहकार**
**डॉ० हेमलता दिनकर**
विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग

**समन्वयक**
**डॉ० कंचन जिज्ञासी**
रीडर (शिक्षा)

**समन्वयक**
**डॉ० सालेहा सिद्दीकी**
लेक्चरर (शिक्षा)

*Printed by :* **P Square Solutions** Mini Industrial Area, Barari, Mathura-281005

# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| अध्याय-1 | सामाजिक विज्ञान की अवधारणा, क्षेत्र, प्रकृति तथा सामाजिक विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन में अन्तर | 5-23 |
| अध्याय-2 | विद्यालय स्तर पर सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लक्ष्य एवं उद्देश्य | 24-58 |
| अध्याय-3 | मुख्य विषय के रूप में सामाजिक विज्ञान का महत्व | 59-90 |
| अध्याय-4 | एक समतावादी समाज के लिए सामाजिक विज्ञान शिक्षक की भूमिका | 91-101 |
| अध्याय-5 | विद्यालय स्तर पर सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम का संगठन | 102-108 |
| अध्याय-6 | निर्देशन योजना की अवधारणा, आवश्यकता एवं महत्त्व | 109-130 |
| अध्याय-7 | ईकाई योजना तथा पाठ योजना की आवश्यकता एवं महत्व | 131-157 |
| अध्याय-8 | इकाई योजना तथा पाठ योजना की प्रक्रिया | 158-174 |
| अध्याय-9 | बच्चों की अक्षमता के लिए इकाई तथा पाठ योजनाओं का अनुकूलन | 175-190 |
| अध्याय-10 | सीमावर्ती दृष्टिकोण: (ए) एमन्वय (बी) कोरल (सी) सांद्रिक (घ) सार्पिल (ई) एकीकृत (च) रेग्रेसिव | 191-196 |
| अध्याय-11 | सामाजिक विज्ञान शिक्षण की विधियाँ | 197-218 |
| अध्याय-12 | सामाजिक विज्ञान शिक्षण की उपकरण एवं तकनीकियाँ | 219-238 |
| अध्याय-13 | सामाजिक विज्ञान शिक्षण में विकलांग बच्चों के लिए आवश्यक आवास एवं दृष्टिकोण | 239-255 |
| अध्याय-14 | सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लिए निर्देशात्मक सामग्री | 256-284 |
| अध्याय-15 | विकलांग बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री के रूपान्तरण | 285-301 |
| अध्याय-16 | सामाजिक विज्ञान में सीखने के उद्देश्य | 302-324 |
| अध्याय-17 | सामाजिक विज्ञान शिक्षण में विद्यार्थी उपलब्धियों की मूल्यांकन तकनीतियाँ | 325-340 |
| अध्याय-18 | आंकलन | 341-356 |

| | | |
|---|---|---|
| **अध्याय-19** | **अध्यापक निर्मित परीक्षा का निर्माण** | **357-380** |
| **अध्याय-20** | **नैदानिक परीक्षण** | **381-390** |
| **अध्याय-21** | **वैयक्तिक अध्ययन एवं शिक्षक प्रोफाइल** | **391-400** |

# 1 सामाजिक विज्ञान की अवधारणा, क्षेत्र, प्रकृति तथा सामाजिक विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन में अन्तर

NOTES

**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**

- प्राक्कथन
- सामाजिक विज्ञान की अवधारणा
- सामाजिक विज्ञान का अर्थ एवं परिभाषाएँ
- सामाजिक विज्ञान का क्षेत्र
- सामाजिक विज्ञान का महत्त्व
- सामाजिक विज्ञान की आवश्यकता
- सामाजिक अध्ययन तथा सामजिक विज्ञान में अन्तर
- परीक्षापयोगी प्रश्न

**उद्देश्य**— इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समझ सकेगें:—

- सामाजिक विज्ञान की अवधारणा
- सामाजिक विज्ञान का अर्थ एवं परिभाषाएँ
- सामाजिक विज्ञान का क्षेत्र
- सामाजिक विज्ञान का महत्त्व
- सामाजिक विज्ञान की आवश्यकता
- सामाजिक अध्ययन तथा सामाजिक विज्ञान में अन्तर

NOTES

## प्राक्कथन

आज के चकाचौंध करने वाले भौतिक युग में छात्र व छात्राओं को मानव सभ्यता के इस विकास से परिचित कराना अत्यन्त जरूरी है, जिससे वह अपने अस्तित्य को समाज में पहचान सके, साथ-ही-साथ उसे यह भी ज्ञान हो जाए कि उनके पूर्वजों ने कितने कठिन प्रयास किये और इन कठिन प्रयासों के परिणामस्वरूप ही हम वर्तमान स्थिति में पहुँचे हैं। उनको यह भी ज्ञान हो जाए कि वर्तमान में मानव समाज ने उसकी भलाई, सुख और सुविधा के लिए कितना योगदान दिया है।

## सामाजिक विज्ञान की अवधारणा (CONCEPT OF SOCIAL SCIENCES)

सामाजिक विज्ञान (Social Sciences) शब्द, दो शब्दों से मिलकर बना है। Social का अर्थ है— सामाजिके और Sciences का अर्थ है 'विज्ञान'। सामान्यत: सामाजिक विज्ञान शब्द का प्रयोग मानव एवं समाज से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के अध्ययन के लिए कर लिया जाता है, किन्तु सही अर्थ में यह शब्द उन वैज्ञानिक पद्धतियों का संकेत देता है जिनका प्रयोग मानवीय सम्बन्धों के जटिल एवं पेचीदा ताने-बाने तथा संगठनों के उन रूपों के अध्ययन हेतु किया जाता है जो व्यक्तियों को समाज के साथ रहने में सहायता करते हैं। सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत वे विषय शामिल किए जाते हैं जो मानव के सामाजिक जीवन के विविध पक्षों से सम्बन्धित है, जैसे—समाजशास्त्र, मानशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, मानव भूगोल, सामाजिक मनोविज्ञान, इतिहास, शिक्षा कानून आदि। दूसरे शब्दों में ज्ञान-विज्ञान के वे विषय में जो मनुष्य के सामाजिक जीवन के विविध पक्षों का अध्ययन करते हैं जो सामाजिक जीवन के विश्लेषण में सहायता देते हैं।

## सामाजिक-विज्ञान का अर्थ एवं परिभाषा (MEANING AND DEFINITIONS OF SOCIAL SCIENCES)

सामाजिक विज्ञानों के विश्वकोश के अनुसार "सामाजिक विज्ञानों को उनके मानसिक या सांस्कृतिक विज्ञानों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो व्यक्ति की क्रियाओं का उसके समूह का सदस्य मानकर अध्ययन करते हैं।

**गिलिन एवं गिलीन**—के अनुसार, "समस्त सामाजिक विज्ञान मुख्य रूप से मानव क्रियाओं और व्यवहारों का उसके सामाजिक समूहों के रूप में अध्ययन करता है। वे आपस में मुख्य रूप से अपनी रूचियों की व्यवस्था के कारण अलग है।"

नवीन ब्रिटेनिका विश्वकोश के अनुसार, "सामाजिक विज्ञान के अपने सामाजिक और सांस्कृतिक पहलूओं में निम्नलिखित विषयों—अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानवशास्त्र, सामाजिक मनोविज्ञान,

सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल को सम्मिलित करके मानवीय व्यवहार से व्यवहार करता है।''



**सामाजिक विज्ञान का क्षेत्र (Scope of Social Science)**

व्यक्ति के सन्तुलित विकास के लिए आज सभी देशों की शिक्षा पद्धति में सामाजिक अध्ययन के विषय पाठ्यक्रम में उचित स्थान दिया जा रहा है। हम इस बात की पहले ही चर्चा कर चुके हैं कि सामाजिक विज्ञान के विषयों इतिहास, नागरिकशास्त्र, भूगोल और अर्थशास्त्र के अन्तर्गत मनुष्य जीवन के समस्त पहलू आ जाते हैं, जिनका सम्बन्ध भूतकालीन क्रिया-कलापों या विचारों या घटनाओं से होता है, जो उसके प्राकृतिक वातावरण से सम्बन्धित अथवा फिर मनुष्य के सामाजिक या राजनैतिक जीवन से सम्बन्धित है। हम सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत मनुष्य की भूत तथा वर्तमान काल की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक सभी समस्याओं तथ पहलुओं का अध्ययन करते हैं। इस विष के बारे में यह बात सभी को स्वीकार है कि सामाजिक अध्ययन का क्षेत्र अन्य किसी भी विष की तुलना में अधिक व्यापक है।

मनुष्य परिवर्तन में विश्वास करता है और यही कारण है कि उसे प्रगतिशील प्राणी कहा जाता है। उसे उन्नीत करने में सुख और आनन्द की अनुभूति होती है। इसके लिए वह हमेशा शारीरिक और मानसिक रूप से अथक परिश्रम करने में विश्वास करता है। इस परिश्रम के द्वारा ही वह प्रगति की ओर अग्रसर रहता है। इस प्रगतिशीलता और परिवर्तनशीलता के बल पर उसने अनेक प्रकार के सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक ढांचों में मूलभूत बदलावा किये हैं और विकास करने में आई हुई बाधाओं, समस्याओं और कठिनाइयों का डटकर सामना, किया है और वर्तमान अवस्था तक पहुँचा है।

आज के चकाचौंध करने वाले भौतिक युग में छात्र व छात्राओं को मनाव सभ्यता के इस विकास से परिचित कराना अत्यन्त जरूरी है, जिससे वह अपने अस्तित्व को समाज में पहचान सके, साथ-ही-साथ उसे यह भी ज्ञान हो जाए कि उनके पूर्वजों ने कितने कठिन प्रयास किये और इन कठिन प्रयासों के परिणामस्वरूप ही हम वर्तमान स्थिति में पहुँचे हैं। उनको यह भी ज्ञान हो जाए कि वर्तमान में मानव समाज ने उनकी भलाई, सुख और सुविधा के लिए कितना योगदान दिया है, जिनको ऋण के रूप में उनको चुकाना है। स्मस्त छात्र-छात्राओं को यह सभी ज्ञान सामाजिक अध्ययन के अध्ययन और उसके अध्यापन से मिलता है जिसकी विषय सामग्री का क्षेत्र बहुत व्यापक है। इसकी विषय सामग्री यह है कि मानव समाज का किस प्रकार संगठन एवं विकास हुआ और आज भी किस तरह तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है।

अमेरिकन इतिहास संघ (American Historical Association) की रिपोर्ट में बड़े स्पष्ट रूप से सामाजिक अध्ययन के क्षेत्र पर प्रकाश डाला गया है। अमेरिका की शिक्षा-प्रणाली में सुधार करने हेतु बीसवीं शताब्दी के शुरू में ही संघ बना और इस संघ ने सन् 1934 में अपने सुझावों को एक रिपोर्ट के रूष्प में प्रकाशित किया। उस रिपोर्ट में सामाजिक विज्ञानों की विषय-सामग्री तथा क्षेत्र को निम्न प्रकार से स्पष्ट किया है।

''विद्यालय के पाठ्यक्रम में अन्य विषयों की अपेक्षा सबसे अधिक महत्त्वूपर्ण स्थान समाज विज्ञान के विषयों को देना चाहिए क्योंकि इनका प्रत्यक्ष रूप से मानव-जीवन, उसकी संस्थाओं, उसके विचार तथा उसकी आकांक्षाओं पर असर पड़ता है, साथ ही राष्ट्रों की नीति निर्धारण में भी पूर्ण सहायता मिलती है। समाज विज्ञान का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वह मानव इतिहास के प्रारम्भ से लेकर आज तक के सभी पहलुओं को स्पर्श करता है। इसके अन्तर्गत प्रारम्भिक मनुष्यों के रीति-रिवाजों से लेकर वर्तमान समय तक की सभ्यता संस्कृति आती है। इस तरह सामाजिक विज्ञान व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से भी मानव से सम्बन्धित शास्त्र है।''

सामाजिक विषयों के अध्ययन से छात्र-छात्राओं को मानव की भूतकालीन तथा वर्तमान समस्याओं का ज्ञान हो जाता है और इसके साथ-ही-साथ यह भी मालूम हो जाता है कि सभ्यता के विकास में मनुष्य ने किस प्रकार अपने वातावरण से संघर्ष करके विजय पाई, किस प्रकार उसने उपलब्ध साधनों को समाज की उन्नति में लगाया, किस प्रकार विश्व के सम्पूर्ण राष्ट्रों के निवासियों में एकता ही लहर व्याप्त हुई। सारांश रूप में यह कहना उचित होगा कि सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत मानव जीवन के सभी पहलुओं का सामूहिक रूप से अध्ययन किया जाता हैं। सामाजिक अध्ययन के क्षेत्र में जीवन के किसी भी पहलू को अछूता नहीं रखा जा सकता। संक्षिप्त रूप में, सामाजिक अध्ययन के क्षेत्र के व्यापक रूप को निम्न व्याख्या से समझा जा सकता है—

(1) मानव प्राकृतिक प्राणी होने के साथ-साथ सामाजिक प्राणी भी है। इसका विकास समाज में होता है और आवश्यकताओं की पूर्ति भी समाज में होती है। इसलिए उसको समाजिक वातावरण का ज्ञान होना जरूरी है। सामाजिक अध्ययन में उन सभी विषयों का समावेश होता है, जिनसे मनुष्य को सामाजिक वातवरण को समझने में मदद मिलती है, जिनसे उसमें सामाजिक गुणों के साथ-साथ चरित्र का विकास भी होता है और सामजिक जीवन के आदर्शों के महत्त्व को भी समझता है।

NOTES

(2) सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत इतिहास, नागरिकशास्त्र और भूगोल का अध्ययन किया जाता है इसलिए इसका क्षेत्र इन सभी विषयों तक व्याप्त है इसमें मानव-समाज की वे समस्त क्रियाएँ आती हैं जो मानव ने सभ्यता की आदि अवस्था से लेकर आज तक की है और वर्तमान में जो कुछ कर रहा है।

(3) सामाजिक अध्ययन का क्षेत्र व्यक्ति, परिवार तक सीमित न होकर इसके अन्तर्गत राज्य और राष्ट्र भी आ जाते हैं जिनका सामाजिक विकास में पर्याप्त रूप से योगदान है। इस विषय के अध्ययन का उद्देश्य यह है कि छात्र-छात्राएँ अपने वातावरण से पूर्ण रूप से परिचित हो जाएँ और वे समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में यथा आवश्यक योगदान दे सकें। वे अपने पारिवारिक जीवन को समझें और उसकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की प्रवृत्ति पैदा होगी।

(4) आज के भौतिक युग में विज्ञान और तकनीकी की उन्नति ने देश काल की दूरी के भेद-भाव को समाप्त कर दिया है। सभी राष्ट्रों के नागरिक एक-दूसरे के निकट आ रहे है और पारस्परिक सम्बन्धों के महत्त्व को समझने का प्रयास कर रहे हैं। भूतकाल की अपेक्षा वर्तमान में वे अपनी समस्याओं का समाधान एक-दूसरे के सहयोग से करने का प्रयत्न कर रहे हैं। इस प्रकार से सामूहिक प्रगति लक्ष्य का रूप धारण कर रही है विश्व-बन्धुत्व की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यही कारण है कि आज सामाजिक अध्ययन का क्षेत्र अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक व्याप्त हो गया है। वर्तमान युग में एक आदर्श नागरिक स्वयं अथवा अपने से सम्बन्धित हितों की बात नहीं सोचता बल्कि वह सम्पूर्ण मानवता के हितों के बारे में सोचता है। आज छोटे-से लेकर बड़े देश तक सभी शान्ति के लिए प्रयत्नशील हैं। **पण्डित जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में "विश्व के राष्ट्रों की अधिकांश जनता ऐसी शान्ति की कामना करती है, जिसमें जीत सबकी हो ओर हार किसी की भी न हो।"** आज अध्किांश राष्ट्र निःशस्त्रीकरण के पक्ष में हैं। भारत के प्रधानमन्त्री नेहरू जी ने अन्तर्राष्ट्रीय संघ की सभा में बोलते हुए गम्भीर स्वर में कहा था कि "आज विश्व के सामने दो रास्ते हैं—शान्ति अथवा सर्वनाश।" इसलिए विश्व को नष्ट होने से बचाने के लिए निःशस्त्रीकरण अत्यन्त आवश्यक हैं। इस युग में राष्ट्र एक-दूसरे के इतने निकट आ गये हैं कि किसी भी देश के साथ किया गया अन्याय एवं अत्याचार असहनीय हो जाता है। इसलिए गुलामी, पराधीनता, अमानुष व्यवहार और अनाधिकार चेष्टा इत्यादि सभी ऐसा काम निन्दनीय तथा अनैतिक समझे जाते हैं। इन सब

बातों पर विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि मनुष्य की सामाजिक भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है।

(5) आज सामाजिक अध्ययन के क्षेत्र में वे सभी गतिविधियाँ एवं क्रियाएँ आ जाती हैं, जिनका सम्बन्ध मानव जीवन के अनेक पहुलओं से होता है। इसलिए जो विषय इन विभिन्न क्रियाओं एवं पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं उन सबका क्षेत्र ही सामाजिक अध्ययन का क्षेत्र है। सामाजिक विषयों में सर्वप्रथम इतिहास आता है और इतिहास में प्राचीन काल में मानव की आदि अवस्था से लेकर आज तक का लेखा-जोखा होता है नागरिशास्त्र का सम्बन्ध मनुष्य के वर्तमान जीवन तथा उन संस्थाओं से है जो मनुष्य के जीवन को नियमित, संगठित, सदाचारी बनाने में सहायक होती है।

## सामाजिक विज्ञान का महत्त

आज के भौतिकी एवं वैज्ञानिक युग में विद्यालयों के पाठयक्रम में नागरिकशास्त्र का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस विषय का महत्त्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि इसके अध्ययन से छात्र-छात्राएँ सचेत तथ जागरूक नागरिक बनते हैं जिसकी आवश्कता प्रत्येक राष्ट्र को होती है। एक अक्ष्छे नागरिक के गुणों पर प्रकाश डालते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति **जोन केनेडी** ने कहा था कि ''यह मत पूछा कि तुम्हारा देश तुम्हारे लिए क्या कर सकता है? अपितु अपने आप से हय पूछो कि तुम देश के किस काम आ सकते हो?''

इस विषय के अध्ययन से विद्यार्थियों में सदाचार, मनुष्यता तथा देश-भक्ति के भाव जागृत होते हैं, जिससे राष्ट्र की उन्नति निश्चित रूप से होती हैं क्योंकि आज का छात्र कल का होने वाला देश का नागरिक या कर्णधार होता है जो राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में सम्पूर्ण, योगदान देने में समर्थ होता है। इसलिए इस विषय को मूल्याकंन की दृष्टि से किसी भी रूप में कम नहीं आंका जाना चाहिए क्योंकि अन्य विषयों की तरह इसके अध्ययन से छात्र-छात्राओं की तर्क-शक्ति, विचार-शक्ति, निर्णय-शक्ति और कल्पना-शक्ति का विकास होता है। इसके अध्ययन से छात्र-छात्राएँ अपने वर्तमान को समझने में समर्थ होते है। उनको ज्ञात हो जाता है कि वर्तमान में किस प्रकार की उन्नति हो रही है और इस उन्नति का क्या आधार है। इन सब बातों का ध्यान में रखते हुए 21वीं शताब्दी में सामाजिक अध्ययन विषय का अध्ययन हमारे विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस विषय का अध्ययन हमारे लिए इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि निम्नलिखित योग्यताओं का विकास होता है—

(1) **सामूहिक जीवन के महत्त्व का ज्ञान (Knowledege of the Group Life)**—सामाजिक अध्ययन एक सामाजिक शास्त्र है जिसका सम्बन्ध

सामाजिक व्यवहार, सामाजिक जीवन तथा सामाजिक प्रगति से है। इसकी शिक्षा से विद्यार्थी सामूहिक जीवन के महत्व को समझ जाते हैं उनको इस बात का ज्ञान हो जाता है कि मनुष्य की व्यक्ति और समाज के हित में कोई भी विरोध नहीं है। वे अपने कर्त्तव्यों का पालन लोकहित की दृष्टि से करते हैं, उनके अधिकार कर्त्तव्य की सीमा से बंधे हुए होतो हैं। इसलिए समाज में किसी तरह से संघर्ष का भय नहीं रहता।

(2) **जनसाधारण के लिए उपयोगित (Utility for Masses)**—इस विषय की शिक्षा जनसाधारण के लिए भी उपयोगी है क्योकि प्रत्येक व्यक्ति (पागल, दिवालिया तथा देशद्रोही को छोड़कर) नागरिक होता है। उसे सामाजिक तथा राजनीतिक अधिकार मिले होते है, जिनका सही अथवा गलत उपयोग उस व्यक्ति की क्षमता पर निर्भर होता है, जो व्यक्ति अपने कर्त्तव्यों को भूलकर केवल अधिकारों की ही मांग करता है, ऐसा व्यक्ति स्वार्थी है व सामाजिक उन्नति में बाधक है। सामाजिके अध्ययन की शिक्षा व्यक्ति में स्वार्थ, त्याग की भावनाएँ भरती है, जिससे व्यक्ति में मनुष्यता तथा सहयोग की भावनाएँ आती हैं।

(3) **आदर्श नेतृत्व विकसित करने की आवश्यकता (Necessary for Development of Ideal Leadership)**—कुछ विशेषज्ञों का यह भी मत है कि सामाजिक अध्ययन की शिक्षा से विद्यार्थी, राष्ट्र-निर्माता, देश-भक्त एवं समाज-सुधारक भी बनते हैं। वे देश-विदेश की सामाजिक, आर्थिक तथ राजनीतिक समस्याओं से भी परिचित हो जाते हैं, जिसके फलस्वरूप उनमें राष्ट्र-प्रेम, मानव-प्रेम, सहानुभूति तथा एकता के भाव दृढ़ हो जाते हैं। यह शास्त्र तो सामाजिक रहन-सहन का शास्त्र है। इसके अन्तर्गत नागरिक के उन समस्त कर्त्तव्य एवं अधिकारों पर प्रकाश डाला जाता है, जो सामाजिक हित के लिए आवश्यक है, जो सफल सामाजिक जीवन में सहायक होते हैं।

(4) **प्रजातन्त्र में सामाजिकशास्त्र के अध्ययन का महत्त्व (Importance in Democracy)**—आज का युग प्रजातांत्रिक है। जनता की मान्यता है कि वर्तमान सरकार का निर्माण कुछ लोगों पर निर्भर नहीं है वरन् सम्पूर्ण जनता पर निर्भर है। देश की जनता ही शासकों को चुनती है, वे ही देश के कर्णधार होते हैं, देश का उत्थान व पतन इन चुने हुए शासकों पर निर्भर होता है। ऐसी दशा में कुशल, सावधान, पक्षपात रहित, देश प्रेमी सेवक एवं परोपकारी नागरिकों की जरूरत है, जो देश के सामाजिक हित के लिए स्वेच्छा से काम करें। नागरिक शास्त्र की शिक्षा प्रजातन्त्रात्मक राज्य के नागरिकों को अधिकार और कर्त्तव्यों का ज्ञान कराती है। उन्हें इस

NOTES

शास्त्र की शिक्षा पाने के पश्चात ही नागरिक स्वयं के लिए उपयोगी हो सकते है और योग्य शासक चुन कर सम्पूर्ण देश समाज का हित कर सकते हैं।

(5) **वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास (Development of Scientific Attitude)**—इस विषय में विद्यार्थी को नागरिक की समाज सम्बन्धी क्रियाओं का क्रमबद्ध रूप से अध्ययन करने का अवसर मितला है। विद्यार्थी नागरिक की समस्या पर विचार करता है, उन समस्याओं का हल सोचता है और फिर उनको कार्य रूप में बदलने की कोशिश करता है। इस तरह वह सामाजिक समस्याओं के एक निष्कर्ष पर पहुँच जाता हैं। विज्ञान के विद्यार्थी की भांन्ति इस विष के विद्यार्थी को भी समस्याओं के परिणामों को निकालने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण बनाना पड़ता है अन्याय न तो वह किसी तथ्य को प्राप्त कर सकता है और न किसी समस्याउ के परिणाम पर पहुँच सकता है।

(6) **व्यावहारिक उपयोगिता (Practical Utility)**—आज का युग प्रयोजनवाद का युग है। यही कारण है कि मनुष्य ऐसे ज्ञान को प्राप्त करना चाहता है जिसकी व्यावहारिक जीवन में उपयोगिता हो। इस उपयोगिता का सम्बन्ध धनोपार्जन से नहीं है, बल्कि उस ज्ञान को प्राप्त करने से है, जिससे मनुष्य अपने जीवन को शान्त तथा सुखमय बना सके। सामाजिक अध्ययन विषय के अन्तर्गत ऐसे प्रश्न उठते हैं, जिनके समाधान के लिए सुख-शान्ति प्राप्त कर सकता है? क्या वह दूसरों का शोषण करके सही रूप में उन्नति कर सकता है? इस प्रकार के प्रश्नों का हल सामाजिक अध्ययन विषय के द्वारा ही सम्भ्व है, क्योंकि इस विषय के अध्ययन करने से छात्र-छात्राओं को सामाजिक ज्ञान की प्राप्ति होती है और ज्ञान से अच्छे-बुरे, सत्य-असत्य और सदाचार-अत्याचार का ज्ञान हो जाता हैं। छात्र-छात्राएँ नैतिकता की ओर बढ़ने लगते हैं। इसका कारण यह है कि वे अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के बारे में समझने लगते हैं। और व्यावहारिक जीवन में वे अपने आपको आर दूसरें को समझते हुए सद्व्यवहार करने की ओर प्रेरित होते हैं इसके अलावा सामाजिक अध्ययन छात्र-छात्राओं को इस योग्य बनाता है वे परिवार और समाज के महत्त्व को सझें और उनके प्रति अपने उत्तरदायित्वों का ठीक प्रकार से निर्वाह करें।

अन्त में निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सामाजिक अध्ययन की शिक्षा विद्याथियों को कर्त्तव्यनिष्ठ, सदाचारी, सच्चा तथा आदर्श नागरिक बनाने में सक्रिय योगदान देती है।

## आधुनिक युग में समाजिक विज्ञान की आवश्यकता (Need for Social Sciences in Modern Period)

NOTES

आधुनिक तकनीकी के युग में मानव ने यातायात, उद्योग, संचार माध्यमों तथा अन्य क्षेत्रों में तीव्रता से बदलाव करके प्राकृतिक विज्ञानों में आश्चर्यजनक की है। परन्तु सामाजिक विज्ञान में इस प्रकार की प्रगति नहीं हुई है। यद्यपि मानव ने संसार में एक महान् भौतिक सभ्यता का निर्माण कर लिया है, तथापित वह वर्तमान औद्योगिक युग की जटिलताओं को सुलझाने में सर्वथा असमर्थ रहा हैं। उसने भौतिक सुविधाओं में विशेष वृद्धि करके जीवन के स्तर को उच्च और महान् बनाया है उसने अणु शक्ति का आविष्कार करने में सफलता प्राप्त कर ली है, वह चन्द्रलोक तक जा पहुँचा है और वहाँ पर बस्तियाँ बसाने के स्वप्न देख रहा है, परन्तु उसने सामाजिक पद्धतियों को व्यवस्थित करने तथा उन्हें अपने अधिकार में लाने में विशेष कठिनाई का अनुभव किया है यदि मानव-जगत अपनी विचार-शक्ति तथा विवेक का प्रयोग करके समाज विज्ञानों में भी उतनी ही प्रगति करे जितनी कि उसने प्राकृतिक विज्ञानों में की है, तो वह निश्चय ही समाज विज्ञानों की कमी को पूरा कर सकेगा: और पतन की ओर अग्रसर होती हुई मनुष्य जाति को नष्ट होने से बचा जा सकेगा। विद्वानों का मत है कि सामाजिक विज्ञान के ज्ञान द्वारा विश्व में शान्ति स्थापित की जा सकती है। क्योंकि ये विज्ञान मानवीय सम्बन्धों का विवेचन करते है और स्पष्ट करते हैं कि सफल सामाजिक जीवन क्या है? इनके द्वारा मानव समाज को कल्याण की ओर अग्रसर किया जा सकता है। इनके ज्ञान से मानव इन अविष्कारों का समाज के कल्याण के लिए उपयोग करना सीख सकता है। इस कारण सामाजिक विज्ञान की विश्व को अधिक जरूरत है। इस जरूरत के कारण शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सामाजिक विज्ञान की सामग्री विभिन्न नामों से रखी गयी है।

,सामाजिक विज्ञान की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता के अतिरिक्त इसमे शामिल माध्यमिक स्तर पर कुछ विषयों; जैसे—इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा समाजशास्त्र आदि हैं। माध्यमिक स्तर पर विद्यालयों में सामाजिक विज्ञान/सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों के शिक्षण की जरूरत होती हैं—

(1) सामाजिक विज्ञान में **इतिहास** शिक्षण की आवश्यकता

(2) सामाजिक विज्ञान में **भूगोल** शिक्षण की आवश्यकता

(3) सामाजिक विज्ञान में **नागरिकशास्त्र** शिक्षण की आवश्यकता

(4) सामाजिक विज्ञान में **अर्थशास्त्र** शिक्षण की आवश्यकता

(5) सामाजिक विज्ञान में **समाजशास्त्र** शिक्षण की आवश्यकता

सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत उपरोक्त (इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा समाजशास्त्र) विषयों के शिक्षण की आवश्यकता को इस प्रकार स्पष्ट किया गया है—

**(1) सामाजिक विज्ञान में इतिहास शिक्षण की आवश्यकता**—सामाजिक विज्ञान में इतिहास शिक्षण की आवश्यकता इस प्रकार है—

(i) इतिहास का अध्ययन बालकों के अन्दर राष्ट्रीय भावनात्मक एकता के साथ विश्व बन्धुत्व की सम्भावना का भी विकास करता है, इसके अतिरिक्त प्रजातन्त्रिका राष्ट्रीय उद्देश्यों एवं मूल्यों का विशेष महत्व है।

(ii) सफल जीवन-यापन इतिहास का अपना एक विशेष महत्व है क्योंकि महापुरूष, कूटीनीतिक, समाजसुधारक, लोक कल्याणकर्ता को अपना कार्य कुशलतापूर्वक करने के लिए इतिहास की जरूरत होती है।

(iii) इतिहास में जीवन की बहुमुखी समस्यओं के पढ़ने से एक सुयोग्य नागरिक भी बनाये जा सकते हैं।

(iv) इतिहास उच्च आदर्शों को उपस्थिति करके नैतिक जीवन के स्तर को ऊँचा उठाता है जिससे व्यक्ति का सांस्कृतिक विकास होता है।

(v) इतिहास प्रत्येक स्थान पर मानवीय सम्बन्धों को निर्धारित करने में पारस्परिक निर्भरता महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

(vi) इतिहास स्थान एवं समय के द्वारा ऐसे ढाँचे का निर्माण करता है जिसमें घटनाएँ घटित होती हैं।

**(2) सामाजिक विज्ञान में भूगोल शिक्षण की आवश्यकता**—सामाजिक विज्ञान में भूगोल शिक्षण की आवश्यकता इस प्रकार है—

(i) भूगोल हमें मनुष्य तथा उसके परिवेश के विषय में ज्ञान देता हैं। साथ-ही-साथ परिवेश सम्बन्धी समस्याओं एवं परिस्थितियों के समाधान में मदद करता है।

(ii) भूगोल शिक्षण से भौगोलिक साधन; जैसे—शक्ति के साधन, पशु व खनिज आदि के उचित प्रयोग एवं वितरण के बारे में उचित जानकारी मिलती है।

(iii) भूगोल शिक्षण पृथ्वी का भौगोलिक, ढाँचा, प्राकृतिक सम्पदा, सांस्कृतिक तथा आर्थिक घटनाओं को समझने में मदद प्रदान करता है।

**पी.ई. जेस्म** के अनुसार सामाजिक विज्ञान शिक्षण में भूगोल शिक्षण की जरूरत इस प्रकार है—

(i) भूगोल मानव एंव पृथ्वी के सम्बन्धों को समझने में सहायता प्रदान करता है।

(ii) भूगोल पृथ्वी के धरातली के सम्बन्धों को समझने की सहायता प्रदान करता है। मानचित्र, रेखाचित्र, आदि को पढ़ने अथवा समझने में सहायता देता है।

**(3) सामाजिक विज्ञान में नागारिकशास्त्र शिक्षण की आवश्यकता**—सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत नागरिक शास्त्र की निम्न आवश्यकता होती है—

**(i) राजनीतिक चेतना के विकास के लिए**—नागरिकशास्त्र जनसाधारण में राजनीतिक चेतना के विकास के लिए बहुत ही लाभकारी है, क्योंकि इसको पढ़ने से व्यक्ति को देश की शासन व्यवस्था व न्यायिक व्यवस्था का ज्ञान प्राप्त होता है और यह भी पता चलता है कि पालन करना अच्छी प्रकार से सीखना है। नागारिक शास्त्र इस बात पर बल देता है कि इसके कर्त्तव्य पालन पर ही उसकी तथा उसके देश की प्रगति निर्भर करती है। इस प्रकार नागरिक शास्त्र, व्यक्तियों को राजनीतिकशास्त्र के तौर पर जागरूक बनाता है।

**(ii) लोकतन्त्र की सफलता के लिए**—लोकतन्त्र की सफलता के लिए एक स्थायी सेना की उतनी आवश्यकता नहीं पड़ती जितनी की शिक्षित नागरिक की है, क्योंकि किसी भी देश का लोकतन्त्र योग्य नागरिकों पर ही निर्भर है। इस विषय पर माध्यमिक शिक्षा आयोग ने कहा है कि "लोकतन्त्र ने नागरिकता एक चुनौतीपूर्ण दायित्व है जिसके लिए प्रत्येक नागरिक को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जाना जरूरी है।" अथवा लोकतन्त्र सफल बनाने के लिए लोकतान्त्रिका नागरिकता का विकास करना आवश्यक है इसके लिए नागरिकता का विकास करना जरूरी है। इसके लिए नागरिकों में नैतिक, मानसिक एवं बौद्धिक गुणों का विकास करना अनिवार्य है। इस प्रकार नागरिक शास्त्र का शिक्षण इन गुणों का विकास करना अनिवार्य है। इस प्रकार नागरिक शास्त्र का शिक्षण इन गुणों के विकास में बहुत सहायक है, इसलिए लोकतान्त्रिक देश अपने-अपने विद्यालयों के पाठ्यक्रम में नागरिक शास्त्र को महत्वपूर्ण स्थान देते हैं।

**(iii) नेतृत्व के विकास के लिए**—लोकतन्त्र जब तक सफलतापूर्वक कार्य नहीं कर सकता जब तक उसके अधिकांश सदस्य अपने उत्तरदायित्वों

का निर्वाह पूर्ण रूपेण नहीं करते। अतः नागरिक शास्त्र शिक्षण शासन में सहयोग को स्पष्ट करता है तथा यह बताता है की प्रत्येक नागरिक, सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक आदि क्षेत्र में अपने दायित्वों को समझने व उसको पूर्ण करने की तत्परता आदर्श नेतृत्व के लिए जरूरी है।

**(4) सामाजिक विज्ञान में अर्थशास्त्र शिक्षण की आवश्यकता**—प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. मार्शल ने अर्थशास्त्र की आवश्कता का दो क्षेत्रों में वर्णन किया है—

**(i) अर्थशास्त्र के सैद्धान्तिक महत्व के आधार पर**—अर्थशास्त्र के सैद्धान्तिक महत्व के आधार पर निम्न दो भागों में बाटाँ गया है—

**(अ) सैद्धान्तिक ज्ञानवर्धन**—अर्थशास्त्र शिक्षण से छात्रों को आर्थिक पदों तथा अवधारणाओं का ज्ञान प्राप्त होता है, इसके ज्ञान से वह यह जानने में समर्थ होता है कि हमारे देश में किस प्रकार की आर्थिक व्यवस्था है? अमुक्त आर्थिक व्यवस्था को क्यों अपनाया गया है। इस प्रकार आज के भारत में नियोजन पर जोर दिया है। अतः इसके अध्ययन से छात्र आर्थिक नियोजन को समझ सकता है।

**(ब) मानसिक शक्तियों का विकास**—समूह मनोविज्ञान के अनुसार मस्तिष्क विभिन्न विभागों का चिन्तन-शक्ति, स्मरण-शक्ति, विभेद-शक्ति, निर्णय-शक्ति एवं अभियोजन शक्ति का समूह है। इस प्रकार अर्थशास्त्र के शिक्षण से छात्रों की मानसिक शक्तियों का पर्याप्त रूप से विकास होता है।

**(ii) अर्थशास्त्र के व्यावहारिक महत्व के आधार पर**—अर्थशास्त्र के व्यावहारिक महत्व के आधार पर निम्न दो भागों में बाँटा गया है—

**(अ) व्यक्ति महत्व के आधार पर**—इसके अन्तर्गत गृह-स्वामी, व्यापारी, श्रमिक राजनीतिक समाज सुधारक आते हैं। इनसे सम्बन्धित महत्व को इस प्रकार स्पष्ट किया गया है—

— गृहस्वामी अर्थशास्त्र के ज्ञान से अपने आय-व्यय को संतुलित करने का ढंग सीख जाता है ।

— व्यापारी अपने व्यापार को सफल बनाना है।

— श्रमिक अपने आप को श्रमिक संघों से संगठित करके पूँजीपतियों के शोषण से अपने को बचाते हैं।

— राजनीतिक बजट, करनीति, मुद्राप्रासार और आयात निर्यात आदि समस्याओं को सुलझाया जाता है।

— समाज सुधारक दहेज प्रथा तथा बेकारी की समस्या के समाधान में सफल होता है।

NOTES

(ब) **सामाजिक महत्व के आधार पर**—क्योंकि अर्थशास्त्र एक सामाजिक विज्ञान है जिससे व्यक्ति की क्रियाओं का सामूहिक दृष्टिकोण से अध्ययन किया जाता है। इसके द्वारा विभिन्न सामाजिक समस्याओं पर प्रकाश डाला जाता है।

इसके अलावा समाजवादी व्यवस्था आर्थिक विकास की योजनाएँ तथा अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक संस्थान आदि आज इस अर्थशास्त्र की देन है।

(5) **सामाजिक विज्ञान में समाजशास्त्र शिक्षण की आवश्यकता**—सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत समाजशास्त्र की निम्न आवश्यकता होती है—

(i) **समाजशास्त्र समाज का वैज्ञानिक अध्ययन करता है**—समाजशास्त्र के उद्‌भव से पहले समाज का कभी भी वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययेन नहीं किया जाता था और समाज भी विज्ञान का विषय सामग्री नहीं था। अत: समाजशास्त्र द्वारा ही समाज का वास्तविक अध्ययन सम्भव है। इसके अतिरिक्त आधुनिकता की विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित होने के कारण समाजशास्त्र ने इतना अधिक महत्वपूर्ण स्थान प्रपत कर लिया है कि समाजशास्त्रीय आयाम को अन्य सभी सामाजिक शास्त्री को समझने का श्रेष्ठतम् आयाम माना जाता हैं इस तरह समाजशास्त्र का वैज्ञानिक ज्ञान मानव सम्बन्धों को समझने के लिए किसी भी समाज की पहली जरूरत है।

(ii) **समाज सम्बन्धी ज्ञान तथा उसमें आयोजन के लिए समाज का महत्व अनिवार्य**—जटिल तथा विचित्र समाजिक रचना की विभिन्न समस्यओं को समझना एवं समाधान कर पाना समाजशास्त्र के अध्ययन के बिना सम्भव नहीं है। किन्हीं भी सामाजिक नीतियों के क्रियान्वयन से पहले समाज के सम्बन्धों में कुछ ज्ञान प्राप्त करना जरूरी है जैसे—जन्मदर को घटाने के लिए उत्तम साधन का निर्णय केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं किया जा सकता क्योंकि परिवार व्यवस्था, रीति-रिवाज और गतिविधियों को ध्यान में रखने के लिए समाजशास्त्रीय ढंग से विश्लेषण करना आवश्यक है।

## सामाजिक अध्ययन का अन्य विषयों के साथ सम्बन्ध (Relations with Other Subjects of Social Studies)

स्कूल स्तर पर कोई ऐसा विषय नहीं, कोई ऐसा कार्य क्षेत्र नहीं, जिसका सामाजिक अध्ययन के साथ सम्बन्ध न हो। वस्तुतः सामाजिक परिप्रेक्ष्य में मानव का अध्ययन करना सामाजिक अध्ययन का मुख्य उद्देश्य है इसलिए समस्त विषयों के साथ सामाजिक अध्ययन का सम्बन्ध स्वतः सिद्ध है। स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों को विज्ञान (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान) भाषाएँ, कला, गणित आदि का शिक्षण दिया जाता है। इन सबका 'सामाजिक अध्ययन' के साथ गहरा सम्बन्ध है।

(1) सामाजिक अध्ययन एवं भाषा,

(2) सामाजिक अध्ययन एवं गणित,

(3) सामाजिक अध्ययन एवं विज्ञान तथा,

(4) सामाजिक अध्ययन एवं एवं कला।

**(1) सामाजिक अध्ययन एवं भाषा (Relation of Social Studies with Lanaguage)**—भाषा विचारों को ग्रहण करने और अभिव्यक्ति करने का सशक्त साधन है। **भाषा साहित्य का माध्यम है और साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब है।** भाषा की पाठ्य-पुस्तक में संकलित निबन्ध, कहानियाँ, कवितायें आदि समाज के विविध पहलुओं को ही प्रकट करती हैं। भाषा के बिना अध्यापक के लिए सामाजिक अध्ययन की शिक्षा देना सम्भव नहीं है। वह बोलकर अथवा प्रश्नोत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज की रचना तथा उसकी परिवर्तन प्रक्रिया को ज्ञान प्रदान करता है। भाषा द्वारा विद्यार्थी सामाजिक प्रश्नों पर चिन्तन करके उन पर अपने विचार प्रकट करते हैं। भाषा के अध्यापक को केवल व्याकरण का ही ज्ञान देना होता है, जिन्होंने महान कवियों, विचार को तथा साहित्यकारों को जन्म दिया। इस तरह सामाजिक अध्ययन के शिक्षक को अपनी विषय-सामग्री उन लेखकों से भी लेनी पड़ती है। जिनकी साहित्यिक क्षेत्र में ख्याति है। अतः भाषा और सामाजिक अध्ययन का सम्बन्ध है।

**(2) सामाजिक अध्ययन एवं गणित (Relation of Social Studies with Mathematics)**—वैज्ञानिक विषयों के साथ-साथ गणित की शिक्षा भी प्राथमिक कक्षाओं से शुरू हो जाती है। यह समाज में गणित के अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान का द्योतक है। जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहाँ गणित की जरूरत न हो। अतः गणित को केवल गणित के लिए नहीं पढ़ाया

NOTES

जाता, बल्कि उसकी सामाजिक उपयोगिता को दृष्टि में रखकर उसका शिक्षण दिया जाता है। जीवन की विभिन्न स्थितियों के साथ गणित को सम्बन्धित करके पढ़ाने से विद्यार्थियों को समाज का उपयोगी सदस्य बनाने में मदद मिलती है। साधारण विचार, डाकखाने में बचत-खाता, बैकिंग, आदि प्रकरण घरेलू-बजट बनान में बहुत सहायक सिद्ध होते हैं। घरेलू-बजट बनाने का शिक्षण प्राप्त करके व्यक्ति धीरे-धीरे न्यायपालिका, राज्य तथा देश की बजट-प्रक्रिया को समझने लगता हैं समाज की विभिन्न समस्याओं को समझने, उनका विश्लेषण करने तथा उचित समाधान ढूँढने में गणित का ज्ञान अत्यन्त जरूरी हैं

(3) **सामाजिक अध्ययन एवं विज्ञान (Relation of Social Studies with Seience)**—आज का मनुष्य विज्ञान औश्र तकनीक के युग में रहता है। उसे आधुनिक युग के विभिन्न कार्य-क्षेत्रों को समझने तथा उसे विकास में सहयोगात्मक भूमिका निभाने के योग्य बनाने हेतु उसे विज्ञान की शिक्षा देना जरूरी है। यही कारण है कि शिक्षाविद् तथा सामाजिक नेता प्राथमिक स्तर के विज्ञान की शिक्षा देने पर जोर देतें, परन्तु विज्ञान की शिक्षा केवल विज्ञान के लिए नहीं दी जाती अपितु मानवीय तत्वों को सामने रखकर इसकी शिक्षा दी जाती है। विद्यार्थियों को केवल विज्ञान के विभिन्न सिद्धान्तों , सूत्रों तथा अनुसन्धानों का ही ज्ञानन प्रदान नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें यह भी समझाया जाता है कि विज्ञान मानवता के लिए कितना उपयोगी है और कितना हानिकारक अणुबम बनाना विज्ञान का विषय है, परन्तु इस बम के प्रयोग ने मशीन बनाई और विश्व को उद्योगीकरण की ओर अग्रसर कर दिया, परन्तु इस उद्योगीकरण से मानव-समाज को कितना लाभ हुआ और किन विकट समस्याओं का सामना करना पड़ा, यह 'सामाजिक अध्ययन' का विषय है। रेडियो, फिल्म दूरदर्शन कम्प्यूटर प्रेस आदि विज्ञान के चमत्कारी अविष्कार हैं, परन्तु इनका मानव-समाज पर क्या असर पड़ा? इस प्रश्न का उत्तर विज्ञान को 'सामाजिक अध्ययन' के निकट ले आता है। अतः इसमें तनिक भी सन्देह नहीं कि विज्ञान तथ सामाजिक विज्ञान' का परस्पर गहरा सम्बन्ध है।

(4) **सामाजिक अध्ययन एवं कला (Relation of Social Study with Arts)**—स्कूल पाठ्यक्रम में विभिन्न प्रकार की कलाओं का भी महत्पूर्ण स्थान है। ड्राइंग, पेंटिग, संगीत तथा अन्य ललित कलाओं का विद्यार्थियों को शिक्षण प्रदान किया जाता है, परन्तु कलाओं का अध्ययन केवल कलाओं के लिए नहीं किया जाता है, अपितु उनके माध्यम से विद्यार्थियों निर्माणत्मक प्रवृत्तियों को विकसित किया जाता है। कला-शिक्षण के यह सभी उद्देश्य 'सामाजिक अध्ययन' के उद्देश्यों से मेल खाते हैं। कलाएँ एवं सामाजिक

NOTES

अध्ययन दोनों मानव-विकास के लक्ष्य पर केन्द्रित है। सामाजिक अध्ययन का शिक्षण प्रदान करते समय अध्यापक उन संगीतज्ञों, मूर्तिकारों, चित्रकारों, शिल्पकारों, आदि विभिन्न कलाकारों की उपेक्षा नहीं कर सकता, जिन्होंने मानवीय सभ्यता तथा संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिकाए निभाई हैं। विभिन्न स्थानों से प्राप्त कला-कृतियों के खण्डहर विभिन्न युगों की विशेषताओं को समझने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाते हैं। सामाजिक-अध्ययन का कुशल अध्यापक इन खण्डहरों के माध्यम से सामाजिक अध्ययन की शिक्षा को विद्यार्थियों के लिए सुबोध एवं प्रभावपूर्ण बनाता है। कलाएँ सामाजिक अध्ययन के शिक्षण को सरलता सरसता तथा सुन्दरता प्रदान करती है। क्रियात्मक दृष्टिकोण से कलाओं का सामाजिक अध्ययन से घनिष्ठ सम्बन्ध है।

सामाजिक अध्ययन पढ़ते समय विद्यार्थी केवल पाठ्य-पुस्तक तथा मौखिक शिक्षण तक ही सीमित नहीं रहते बल्कि उन्हें कई प्रकार के चित्र, मॉडल मानचित्र आदि भी बनाने होते है। औश्र इन सब का सम्बन्ध कलाओं के साथ है। आजकल इस बात पर बल दिया जा रहा है कि शिक्षण क्रिया-आधारित होनी चाहिय। कलाएँ सामाजिक अध्ययन के शिक्षण को क्रिया का आधार प्रदान करती हैं, यह नहीं कि सामाजिक अध्ययन ही कलाओं से शिक्षण-सामग्री तथा प्रेरणा प्रदान करता है, कलायें भी सामाजिक अध्ययन से बहुत कुछ प्राप्त करती है। कलाकारों को सामाजिक विषय से रचनात्मक प्रेरणा मिलती है। कलाकारें की अमर कृतियों के पीछे सम्बन्धित युग की छाया स्पष्ट रूप से झलकती है जो इस बात का सशक्त प्रमाण है कि उन्होंने अपने समय की समाजिक समस्याओं, चेतावनियों चुनौतियों एवं उपलब्धियों से प्रेरित होकर अपनी कृतियों को जन्म दिया होगा। कला का शिक्षक विभिन्न कलाकारों की कलाओं का करते समय कलाकरों के युग की समाजिक आर्थिक राजनैतिक तथा संस्कृतिक स्थितियों का उल्लेख अवश्य करता है। ऐसा करके वह अपने शिक्षण को सार्थक तथा प्रभावपूर्ण बनाता है। सामाजिक अध्ययन तथ कलाओं का परस्पर आदान-प्रदान इस बात को सिद्ध करता है कि दोनों में गहरा सम्बन्ध है।

## सामाजिक अध्ययन तथा सामाजिक विज्ञान में अन्तर (DIFFERENCE BETWEEN SOCIAL STUDIES AND SOCIAL SCIENCES)

सामाजिक विज्ञान और सामाजिक अध्ययन में अन्तर स्पष्ट करते हुए वैस्ले ने बताया-''सामाजिक विज्ञान और सामाजिक अध्ययन दोनों मानवीय सम्बन्धों की विवेचना करते हैं, परन्तु प्रथम (सामाजिक विज्ञान) प्रौढ़ज्ञवस्था पर तथ दूसरा (सामाजिक अध्ययन) बालकों के स्तर पर। अत: यह स्पष्ट है कि सामाजिक

अध्ययन मूलतः सामाजिक विज्ञानों से अपनी विषयवस्तु ग्रहण करता है सामाजिक अध्ययन सामाजिक विज्ञान है, जिसको निर्देशात्मक अभिप्रायों के लिए सरलीकृत एवं पुनः संगठित किया गया है। अतः सामाजिक विज्ञानों तथा सामाजिक अध्ययन में दार्शनिक अथवा सैद्धान्तिक अन्तर नहीं है वरन् केवल व्यावहारिक एवं सुविधा के दृष्टिकोण से अन्तर है।''

NOTES

सामाजिक अध्ययन तथा सामाजिक विज्ञानों के अन्तर कमो निम्नलिखित रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है—

| अन्तर का आधार | सामाजिक विज्ञान | सामाजिक अध्ययन |
|---|---|---|
| 1. लक्ष्य | इसका लक्ष्य सामाजिक उपयोगिता है। | मुख्य लक्ष्य शैक्षणिक उपयोगिता है। |
| 2. स्तर | माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए इसकी विषय वस्तु होती है। | निम्न माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए। |
| 3. क्षेत्र | अत्यन्त व्यापक | सीमित |
| 4. प्रकृति | सैद्धान्तिक विषय | व्यावहारिक विषय है। |
| 5. बौद्धिक | यह मानवीय सम्बन्धों का उच्चतर एवं विद्वतापूर्ण अध्ययन है, जिसमें खोज प्रयोग के लिए स्थान होता हैं। | यह विद्यालय पाठ्यक्रम का अंग है, और जिसमें सामाजिक विज्ञानों के तत्वों एवं विधियों को शिक्षण की सुविधा की दृष्टि से रखा जाता है। |
| 6. कार्य | मानवीय सम्बन्धों के नए तथ्यों की खोज करना। | पूर्व खोजों को व्यावहारिक प्रयोग में लाना। |

## भारत में सामाजिक विज्ञान के विषय में वर्तमान अनुभूति और विद्यालयी पाठ्यक्रम में इन क्षेत्रों के समावेश की तकसंगतता (PRESENT PERCEPTION ABOUT SOCIAL SCIENCES AND RATIONAL FOR INCLUDING THESE AREAS IN CURRICULUM IN INDIA)

सामाजिक अध्ययन में समाज की संरचना एवं विकास का अध्ययन किया जाता है अर्थात् सामाजिक पर्यावरण एवं उसके सदस्यों के परस्पर सम्बन्धों के अध्ययन के साथ-साथ समाज के विकास के लिए समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में नागरिकों की भूमिका का अध्ययन किया जाता है। इस दृष्टि से सामाजिक अध्ययन विषय के शिक्षण को अनिवार्य किया जाना जरूरी है। यद्यपि सामाजिक ज्ञान के अध्यापन की बात संसार के अन्य देशों में 19वीं सदी के दूसरे दशक से प्रारम्भ हो गई थी परन्तु भारत वर्ष में अंग्रेज सरकार की शिक्षानीति, जो भारत में

NOTES

भारतीयता के स्थान पर अंग्रेजी भाषा, रहन-सहन और विचारधारा को स्थापित करने की रही थी, के कारण इस विषय का विद्यालयी पाठ्यक्रम में समावेश काफी विलम्ब से हुआ।

दूसरे दशक के शुरू से गाँधीजी ने बुनियादी शिक्षा योजना दी। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्र के भावी नागरिकों में उन गुणों का समावेश करा देना था, जिससे वे न केवल राष्ट्र का ही कल्याण करने में समर्थ हों अपितु अन्तर्राष्ट्रीय सौहार्द्र बढ़ाने तथा विश्वसबन्धुत्व की भावना का प्रसार करने में भी योगदान दे सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सामाजिक ज्ञान के नए विषय की स्थापना की गई। उस समय सामाजिक ज्ञान से तात्पर्य इतिहास, भूगोल और नागरिक शास्त्र से था। सितम्बर 1952 में मद्रास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. लक्ष्मण स्वामी मुदालियर की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा आयोग की स्थापना की गई जिसमें सामाजिक ज्ञान के स्वरूप को इस प्रकार स्पष्ट किया गया—"सामाजिक ज्ञान इतिहास, भूगोल और नागरिक शास्त्र का सम्मिश्रण न होकर उनका ऐसा एकीकृत पूर्ण विषय होगा, जो छात्रों को यह समझा सकने में समर्थ हो कि समाज ने अपना वर्तमान रूप किस प्रकार धारणा किया और जिन सामाजिक शक्तियों और आन्दोलनों के बीच वे रहते हैं उनकी विवेकपूर्ण ढंग से व्यवस्था कर सकें।

इस प्रकार सामाजिक ज्ञान के विषय को राजकीय मान्यता प्राप्त हुई और वह सभी राज्यों में पढ़ाया जाने लगा। सर्वप्रथम पंजाब सरकार ने अपने शिक्षा सलाहकार बोर्ड (1949) की पाठ्यक्रम पुनर्गठन की सिफारिशों को मानते हुए राज्य में सभी स्तरों पर सामाजिक ज्ञान का अध्यापन निश्चित किया। सन् 1964 में **डॉ. डी. एस. कोठारी** की अध्यक्षता में गठित आयोग ने बताया कि—"सामाजिक ज्ञान का उद्देश्य छात्रों को उनके वातावरण का ज्ञान प्राप्त करने में सहायता देना, मानव सम्बन्धों की समझ उत्पन्न कराना और समुदाय, राज्य राष्ट्र और विश्व, के मामलों में विवेकपूर्ण ढंग से सम्मिलित हो सकने के लिए महत्त्वपूर्ण अभिमत एवं मूल्यों का निर्माण करना है।"

## सामाजिक विज्ञान के शिक्षण में विशिष्ट उपागम का एकीकृत अनुभाग (THE INTEGRATED SECTION OF TEH SPECIALISED APPROACH IN SOCIAL SCIENCES THEACHING)

सामाजिक विज्ञान शब्द का जब एक वचन में प्रयोग किया जाता है तब उसका अर्थ एक ऐसी विषय से होता हैं जिसमें सभी विषयों (इतिहास, राजनीतिकशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र समाजशास्त्र) की सामग्री को मानव तथा अन्य सामाजिक घटकों के सम्बन्ध को समन्वित ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया जाता है। सामाजिक विज्ञान शब्द का बहुवचन के रूप में अर्थ सामान्य रूप से सभी सामाजिक

विज्ञानों की सामग्री से होता है जो सामाजिक योग्यता प्रदान करने में सहायक हो।



**परीक्षापयोगी प्रश्न**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न—**

1. सामाजिक विज्ञान की अवधारणा स्पष्ट करते हुए इसके महत्व का वर्णन कीजिए।
2. सामाजिक विज्ञान से आप क्य समझते है? इसकी आवश्यता की उल्लेख कीजिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न—**

1. सामाजिक विज्ञान को परिभाषित कीजिए।
2. सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र का उल्लेख कीजिए।
3. सामाजिक विज्ञान तथा सामाजिक अध्ययन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

●●

NOTES

# 2 विद्यालय स्तर पर सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लक्ष्य एवं उद्देश्य

**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**


- उद्देश्य।
- प्राक्कथन।
- सामाजिक विज्ञान शिक्षण के सामान्य उद्देश्य
- सामाजिक विज्ञान शिक्षण के विशिष्ट उद्देश्य
- इतिहास शिक्षण के उद्देश्य
- नागरिक शास्त्र शिक्षण के उद्देश्य
- भूगोल शिक्षण के उद्देश्य
- सामान्य उद्देश्यों का व्यावहारिक रूप
- अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य
- भारत में अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य
- परीक्षपयोगी प्रश्न


**उद्देश्य**—इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समझ सकेंगे।

- सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य
- सामाजिक विज्ञान शिक्षण के विशिष्ट उद्देश्य
- इतिहास शिक्षण के उद्देश्य
- नागरिक शास्त्र शिक्षण के उद्देश्य
- भूगोल शिक्षण के उद्देश्य
- सामान्य उद्देश्यों का व्यावहारिक रूप
- अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य
- भारत में अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य

## प्राक्कथन

NOTES

शिक्षण एक सोद्देश्य प्रक्रिया है। प्रत्येक शैक्षणिक क्रिया के विशिष्ट उद्देश्य होते हैं। विद्यालों में अनेक विषय इतिहास, भूगोल, भाषा, वाणिज्य, अर्थशास्त्र तथा गणित आदि पढ़ाए जाते हैं। इन सभी विषयों का उद्देश्य बालकों में ज्ञान पैदा करना होता है, जिसका सम्बन्ध बालक के मानसिक ज्ञानात्मक, भावात्मक तथा क्रियात्मक पक्षों से समग्र रूप में होता है। विषयों का विभाजन विभिन्न शिक्षण उद्देश्यों की सुविधा के लिए किया गया है। **उदाहरणार्थ**-इतिहास, भूगोल के शिक्षण से ज्ञान उद्देश्य की पूर्ति की जाती है और भाषा के शिक्षण से कौशल उद्देश्य की पूर्ति होती है। विज्ञान शिक्षण द्वारा बालकों की आलोचनात्मक व परीक्षणात्मक शक्तियों का विकास किया जाता है। गणित शिक्षा द्वारा मानसिक एवं तार्किक-शक्ति का विकास होता है। इसी तरह इतिहास शिक्षण से निष्पक्ष विचार शक्ति, कल्पना-शक्ति या सर्जनात्मक शक्तियों का विकास किया जाता है।

## सामाजिक विज्ञान शिक्षण के सामान्य उद्देश्य (General Objective of Social Science Teaching)

प्रत्येक विषय के लक्ष्य सामान्य शिक्षा के लक्ष्यों के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। शिक्षा के लक्ष्यों की प्राप्ति किसी एक विषय के अध्ययन द्वारा नहीं हो सकती है। प्रत्येक विषय किसी-न-किसी रूप में उनकी प्राप्ति में सहायक होता है। इसी कारण उसको पाठ्यक्रम में स्थान प्रदान किया जाता है। सामाजिक अध्ययन प्रत्यक्ष रूप से रोटी तथा मक्खन देने वाला विषय नहीं है, परन्तु इसके द्वारा शिक्षा के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं नागरिक उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायता प्रदान की जाती है। इसके प्रमुख लक्ष्यों का विवरण निम्नलिखित है—

1. उत्तम नागरिकता का विकास करना
2. सामाजिक विरासत एवं समस्याओं का ज्ञान देना
3. विभिन्न वृत्तियों तथा कौशलों का विकास करना
4. वर्तमान को स्पष्ट करना।
5. अपने पन की भावना का विकास करना।
6. राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करना।
7. पारस्परिक सम्बन्धों की भावना का विकास
8. सामाजिक चरित्र का विकास करना।
9. पर्यावरण का ज्ञान।
10. तर्क एवं चिन्तन शक्ति का विकास करना

11. मानवीय मूल्यों का विकास

## सामाजिक विज्ञान शिक्षण के विशिष्ट उद्देश्य
## (Behavioral Objectives of Social Science Teaching)



सामाजिक विज्ञान शिक्षण के विशिष्ट उद्देश्य निम्न प्रकार से हैं—

(1) ज्ञान उद्देश्य,

(2) बौद्धिक योग्यताओं का विकास,

(3) व्यावहारिक कौशल अथवा प्रायोगिक कौशल का विकास

(4) व्यक्तिगत तथा सामाजिक गुणों का विकास।

### (1) ज्ञान उद्देश्य

सामाजिक अध्ययन में तथ्यों, पदों (terms), अवधारणों (concepts), परम्पराओं अथवा अभिसमयों (concentions), प्रवृत्तियों (tends), सिद्धान्तों तथा सामान्यीकरणों, पूर्व-धारणाओं, उपकल्पनाओं (hypothesis), समस्याओं, प्रक्रियाओं आदि का ज्ञान प्राप्त करना।

**व्यावहारिक रूप** (Behavioural form)–

1. तथ्यों, पदों, अवधारणाओं या संकल्पनाओं, सिद्धान्तों, प्रवृत्तियों आदि का प्रत्यास्मरण करेगा।
2. तथ्यों, पदों, अवधारणाओं, सिद्धान्तों, प्रवृत्तियों आदि को पहचानेगा।
3. विभिन्न प्रकार के संकेतात्मक स्वरूपों-मानचित्र, चार्ट, तालिकाएँ, ग्राफ आदि से सूचनाओं का अध्ययन करेगा।

### (2) बौद्धिक योग्यताएँ उद्देश्य

1. सामाजिक अध्ययन में तथ्यों, पदों अवधारणाओं, परम्पराओं तथा प्रवृत्तियों, सिद्धान्तों एवं सामान्यीकरणों, पूर्व-धारणाओं, परिकल्पनाओं, समस्याओं, प्रक्रियाओं आदि के लिए समझदारी विकसित करना।
2. अलभिज्ञ (Unfamiliar) परिस्थितियों में अर्जित ज्ञान एवं समझदारी का प्रयोग करना।

**उद्देश्य (1) व्यावहारिक रूप—**

1. विभेदीकरण करना,

NOTES

2. वर्गीकृत करना,
3. तुलना करना,
4. सम्बन्धों को पहिचानना,
5. तर्कों की प्रवृत्तियों का ज्ञान करना,
6. उदाहरण देना,
7. अशुद्धियों को निकालकर उनका सुधार करना,
8. विश्लेषण करना,
9. तर्क प्रस्तुत करना,
10. विभिन्न स्वरूपों में आँकड़ों अथवा प्रदत्तों (data) को प्रस्तुत करना।

**उद्देश्य (2) व्यावहारिक रूप—**

1. परिस्थिति या समस्या का विश्लेषण करना—
   (अ) दी हुई परिस्थिति तथा आवश्यक स्थिति (requred) क्या है? को निकालना या खोज करना,
   (ब) परिस्थिति के अनुकूल ज्ञान का प्रत्यास्मरण करना,
   (स) समस्या के समाधान हेतु प्रदत्तों या प्रमाणों की उपयुक्तता का निर्णय करना,
2. सम्बन्ध स्थापित करना।
3. समस्या-समाधान के लिए वैकल्पिक सुणव प्रस्तुत करना।
4. समस्या-समाधान के लिए सबसे उपयुक्त एंग का चयन करना।
5. निष्कर्ष निकालना तथा सामान्यीकरण करना।
6. एक दी हुई परिस्थिति के परिणाम के विषय में भविष्यवाणी करना।

**(3) व्यावहारिक कौशल अथवा प्रायोगिक कौशल का विकास करना**

1. सामाजिक अध्ययन के लिए व्यावहारिक कौशल अर्जित करना।

**उद्देश्य का व्यावहारिक रूप**

1. दिये हुए प्रदत्तों में मानचित्र, चार्ट, तालिकाएँ, रेखाचित्र, ग्राफ, आदि बना लेना।

2. प्रतिरूप (Model) बना लेना।
3. प्रदत्तों को दूसरे रूप में अभिव्यक्त करना।

**(4) व्यक्तिगत तथा सामाजिक गुणों का विकास करना**

NOTES

1. व्यक्तियों के जीवन से सम्बन्धित सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं धार्मिक समस्याओं एवं विषयों में रुचि विकसित करना।

**उद्देश्य का व्यावहारिक रूप**

1. सामाजिक वातावरण से सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन करना।
2. आर्थिक मामलों तथा समस्याओं को जानने हेतु अपने अवकाश का उपयोग करना।
3. स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक परिवर्तनों की अनुभूति करना। साथ ही सामाजिक प्रक्रिया का निरीक्षण करना।
4. सरस्वती यात्राओं, भ्रमण तथा क्षेत्रीय पर्यटनों (फार्म, कारखाने तथा मेलों आदि हेतु) में उत्साह के साथ भाग लेना।
5. विषय से सम्बन्धित प्रिय-व्यापारों में रुचि प्रदर्शित करना।

सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्यों का विशिष्ट रूप घटकों के अनुसार भी दिया गया है। इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र एवं अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य इस प्रकार है—

**(1) इतिहास शिक्षण के उद्देश्य (Objectives of History Teaching)**

इतिहास के शिक्षण उद्देश्यों का विवेचन करने से पूर्व इन शब्दों के अर्थ का स्पष्टीकरण जरूरी है, क्योंकि साधारणत: छात्राध्यापकों में इन शब्दों के प्रयोग में भ्रम रहता है।

**लक्ष्य** (Aim) एक दार्शनिक प्रत्यय है, जिसका सम्बन्ध शिक्षा की चेतनाशीलता से होता है। शिक्षण-उद्देश्यों से सम्बन्ध प्रत्यक्ष रूप से नहीं होता है। लक्ष्य का सम्बन्ध जीवन के उच्च आदर्शों से होता है, इनको शिक्षा की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जा सकता है और नहीं भी किया जा सकता है; जैसे—

(1) चरित्र निर्माण (2) आत्मानुभूति

(3) व्यक्तित्व का विकास (4) व्यावसायिक क्षमता का विकास

(5) नेतृत्व का विकास (6) राष्ट्रीय एकता का विकास

उद्देश्य (Objectives) एक मनोवैज्ञानिक प्रत्यय है, जिसका सम्बन्ध शिक्षण द्वारा उनको प्राप्त किया जा सकता हैं इनका सम्बन्ध मानसिक पक्षों से होता है। किसी कार्य को करते समय अपने मन में जो प्रयोजन रखते हैं, वह उस कार्य का उद्देश्य होता है, जैसे-

NOTES

(1) ज्ञान उद्देश्य

(2) कौशल उद्देश्य

(3) अभिरुचि एवं अभिवृत्ति विकास-उद्देश्य, मूल्य (value) एक सामाजिक प्रत्यय है।

उद्देश्य की पूर्ति के समय या पूर्ति हो जाने पर जो परिणाम होते हैं, वे मूल्य कहलाते हैं। उद्देश्य एक हो सकता है और मूल्य अनेक होते हैं। दानों में मौलिक भेद यह है कि प्रत्येक अपने-अपने स्थान पर स्वतन्त्र हैं; जैसे—

(1) नैतिक मूल्य (2) राष्ट्रीय मूल्य

(3) अनुशासनात्मक मूल्य (4) शैक्षिक मूल्य आदि।

इतिहास शिक्षण के ज्ञान उद्देश्य की पूर्ति करने पर इन अधिकांश मूल्यों की प्राप्ति हो सकती है। शिक्षा के सामान्य लक्ष्यों की प्राप्ति भी उद्देश्यों की पूर्ति से होती है। अत: शिक्षण उद्देश्यों का विशेष महत्व है।

**शिक्षण की प्रक्रिया में शिक्षण उद्देश्यों का महत्व**

विद्यालय के कई विषयों द्वारा बालक को विशेष प्रकार के सीखने के अनुभव प्रदान किए जाते हैं। इन अनुभवों से बालकों को ज्ञान-वृद्धि होती है, सोवन का तरीका बदलता है, कार्य शैली बदलती है और उनकी अभिरुचि तथा अभिवृत्ति का विकास होता है। इस सम्पूर्ण विकास को व्यवहार-परिवर्तन की संज्ञा दी जाती है। बालक के व्यवहार-परिवर्तन मं ज्ञानात्मक, भावात्मक तथा क्रियात्मक तीनों मानसिक पक्ष शामिल है।

अत: इतिहास शिक्षण के उद्देश्यों का विश्लेषण तथा निर्धारण उपरोक्त दृष्टि से होना चाहिए। परन्तु इतिहास-शिक्षण के उद्देश्य पुस्तकीय ज्ञान, अतीत की घटनाओं, राजाओं, युद्धों की कथाओं की सूचना तक ही सीमित मानते हैं। बालकों के व्यवहार में बदलाव लाना शिक्षकों की दृष्टि में नहीं होता हैं यह दोष शिक्षण तथा परीक्षण दोनों क्रियाओं में है परीक्षक प्रश्न-पत्र बनाते समय यह बिल्कुल ध्यान नहीं देते हैं कि बालकों के किन-किन व्यवहार-परिवर्तन का परीक्षण करना चाहते हैं। इन दोषों को मूल्यांकन विधि के प्रयोग से दूर किया जा सकता है, क्योंकि मनोवैज्ञानिक एवं शैक्षणिक परीक्षणों व प्रयोगों

द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि शिक्षण और परीक्षण की क्रियायें साथ-साथ सम्पन्न की जाएँ तथा दोनों क्रियायें उद्देश्य-केन्द्रित हों। इसका प्रभाव बालक, समाज एवं राष्ट्र के उत्थान पर पड़ता है। अतः इतिहास शिक्षण के उद्देश्यों के व्यावहारिक पक्ष पर ही अधिक जोर देना होता है। परन्तु यह खेद की बात है कि शिक्षक-उद्देश्य निर्धारण की चिन्ता भी नहीं करते हैं। जबकि शिक्षा में निरुद्देश्य क्रियाओं का कोई स्थान नहीं होता है। शिक्षण कला और विज्ञान दोनों ही है जिसके द्वारा छात्रों में मानवीय व्यवहार-परिवर्तन लाया जाता है। इससे शिक्षक को उद्देश्यों को स्पष्ट रूप में समझ लेना चाहिए। इतिहास शिक्षण उद्देश्यों का वर्गीकरण निम्नलिखित है—

**इतिहास शिक्षण उद्देश्यों का वर्गीकरण**

**(अ) बालक के मानसिक विकास की दृष्टि से**

1. ज्ञान-उद्देश्य,
2. कौशल-उद्देश्य,
3. ज्ञान प्रयोग उद्देश्य,
4. अभिरुचि तथा अभिवृत्ति विकास उद्देश्य।

**(ब) समाज तथा राष्ट्र के उत्थान की दृष्टि से**

1. स्वदेश प्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास।
2. विश्व-बन्धुत्व तथा अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का विकास।
3. सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास।
4. नैतिकता का विकास।
5. समयानुसार मानव-जीवन क अनुकूलन की क्षमता का विकास।
6. अवकाश के समय का सदुपयोग तथा ऐतिहासिक पर्यटन की इच्छा का विकास।
7. सुयोग्य नागरिक तैयार करना।
8. मानसिक अनुशासन तथा मानसिक अन्तरिक्ष के विचार हेतु प्रशिक्षण देना।

**(स) विद्यालय के विभिन्न स्तरों की दृष्टि से**

विद्यालय की दृष्टि से इतिहास शिक्षण उद्देश्यों को निम्नलिखित स्तरों पर बाँटा जा सकता है—

**(1) प्राथमिक स्तर पर इतिहास शिक्षण उद्देश्य—**

1. छात्रों में इतिहास के प्रति रुचि का विकास।
2. छात्रों में कल्पा-शक्ति का विकास।
3. समय, स्थान तथा समाज का बोध कराया जाए।
4. स्वदेश प्रेम की भावना का विकास।

NOTES

प्राथमिक स्तर पर इतिहास शिक्षण **कहानी-पद्धति** द्वारा किया जाना चाहिए।

**(2) माध्यमिक स्तर पर इतिहास शिक्षण के उद्देश्य—**

1. छात्रों में इतिहास के प्रति वास्तविक अभिरुचि का विकास।
2. छात्रों की स्मरण, कल्पना, तर्क, निर्णय आदि मानसिक शक्तियों का विकास।
3. 'सत्यमेव जयते' की भावना का विकास।
4. अतीत के आधार पर वर्तमान को समझने की योग्यता का विकास।
5. स्वदेश प्रेम तथा विश्व-बन्धुत्व की भावना का विकास।

**(3) उच्चतर माध्यमिक स्तर पर इतिहास शिक्षण के उद्देश्य—**

1. इतिहास के प्रति दृढ़, विश्वास का विकास करना।
2. छात्रों की तर्क, निर्णय, कल्पना, सर्जनात्मक, मानसिक शक्तियों का विकास एवं मानसिक अन्तरिक्ष का विस्तार करना।
3. राष्ट्रीय एकता एवं अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का विकास।
4. अतीत के आधार पर वर्तमान को समझना और भविष्य के बारे में अनुमान लगाने की योग्यता का विकास।
5. समय, स्थान, दूरी के प्रत्यय का विकास।
6. नैतिक और 'सत्यमेव जयते' की भावना का विकास।
7. सामाजिक तथा सांस्कृतिक समस्याओं को समझने तथा समाधान करने की योग्यता का विकास।

इतिहास एक गतिशील विषय है। अतीत काल से जीवन मूल्यों में बदलाव होते रहे, हमारी सभ्यता और संस्कृति भी बदलती रही है। इसी कारण इतिहास शिक्षण के उद्देश्य भी बदलते रहे हैं। शिक्षण उद्देश्यों का प्रतिपादन तत्कालीन सामाजिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु किया जाता है।

NOTES

**उदाहरणार्थ**–अतीत काल में स्वदेश तथा देश–भक्ति होने की अधिक आवश्यकता थी और आज भी है। परन्तु संकुचित राष्ट्रीयता अन्तर्राष्ट्रीयता सद्‌भावना में बाधक है। आज दोनों राष्ट्रीय एकता और अन्तर्राष्ट्रीय सद्‌भावना की जरूरत है। इसलिए इतिहास शिक्षण उद्देश्य में दोनों को ही महत्व दिया जाता है। अतः यहाँ तत्कालीन शिक्षण–उद्देश्यों का उल्लेख करना वांछनीय है। जो वर्तमान समाज की जरूरतों की पूर्ति कर सकते हैं।

**वर्तमान में इतिहास शिक्षण के उद्देश्य**

वर्तमान में इतिहास शिक्षण के उद्देश्यों को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है—

1. समय–दूरी और समाज के प्रत्यय का वास्तविक बोध करना।
2. मानसिक चिन्तन तथा समझ का विकास करना।
3. बौद्धिक अभिवृत्तियों का विकास करना।
4. बौद्धिक–अन्तरिक्ष का विस्तार करना।
5. बालकों का समाजीकरण करना।

(1) **समय-दूरी और समाज के प्रत्यय का वास्तविक बोध करना**—इतिहास एक ऐसा विषय है जो बालकों को समाज, स्थान तथा समय के प्रत्यय का भली प्रकार ज्ञान करता है। अतीत का इतिहास वर्तमान का प्रतिपादन करता है। क्योंकि अतीत का इतिहास निरपेक्ष अध्ययन होकर वर्तमान का सापेक्ष अध्ययन वर्तमान को भली प्रकार समझने के लिए अतीत का अध्ययन जरूरी है, क्यों कि वर्तमान कोइ निरपेक्ष कालखण्ड नहीं है।

इतिहास समय, दूरी और समाज के प्रत्यय के बिना बोधगम्य नहीं हो सकता है। इतिहास के अध्ययन के द्वारा ही समाज के भविष्य की गतिविधियों का अनुमान लगाया जा सकता है। अतः इतिहास का मौलिक सम्बन्ध वर्तमान और भविष्य से है, अतीत से नहीं।

(2) **मानसिक चिन्तन तथा समझ का विकास करना**—जब तक व्यक्ति में स्व–चिन्तन एवं समझ का विकास नहीं होता तब तक उसे पूर्ण व्यक्ति नहीं कह सकते हैं। इसके विकास हेतु ऐतिहासिक पृष्ठ–भूमि ही क्षेत्र प्रदान करती है। मानव की अभिरुचि, स्वभाव तथा अभिवृत्तियाँ अतीत की क्रियाओं तथा घटनाओं का परिणाम है। इसलिए अतीत का अध्ययन व्यक्ति में वर्तमान के लिए सोचने, समझने तथा निर्णय लेने के लिए योग देता है।

प्रत्येक व्यक्ति का अपना वंशानुक्रम होता है, इसलिए जब तक अपनी जाति,

राष्ट्रीय, संस्कृति तथा पारिवारिक परम्पराओं को नहीं जानता तब तक व अपने स्वयं के लिए एक अजनबी रहता हैं 'भारतीयता' का अर्थ है-इसके समझने के लिए सांस्कृतिक, राजनैतिक, सामाजिक स्तरों तथा मूल्यों को बोध होना आवश्यक है। इसके लिए इतिहास के अध्ययन की ही एक मात्र जरूरत होती है।

NOTES

इतिहास एक 'जीविकोपार्जन' का विषय नहीं है। फिर भी सोचने और समझने के लिए क्षेत्र प्रदान करता है। अतीत के महान, पुरुषों के साहसिक कार्यों तथा वीरगाथाओं के अध्ययन और सांस्कृतिक उपलब्धियों से बालकों में स्वयं चिन्तन तथा समझ का विकास होता है।

(3) **बौद्धिक अभिवृत्तियों का विकास करना**-इतिहास एक ऐसा साधन तथा माध्यम है, जिससे बालकों में अमूल्य बौद्धिक अभिवृत्तियों का विकास किया जा सकता है। इतिहास के अध्ययन से यह जानकारी होती है कि सामाजिक-प्रक्रिया अधिक जटिल है। परन्तु फिर भी मानव-व्यवहार और बौद्धिक-अभिवृत्तियों में किस प्रकार प्रगति हुई है इस विषय का अध्ययन निर्णय तथा प्रभावों के मूल्यांकन पर अधिक ध्यान देता है, जिससे बौद्धिक-अभिवृत्तियों का विकास होता है।

(4) **बालकों का समाजीकरण करना**—शिक्षा की आधुनिक प्रवृत्ति समाजीकरण की है। इसमें इतिहास का विशेष महतव है। इसलिए 'समाजीकरण' करना इतिहास शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य माना जाता है।

छात्रों को अपनी जाति के प्रयासों, युद्धों और बलिदानों का सही बोध होता है। छात्रों को शिक्षक यह बतला सकता है कि किस प्रकार सामाजिक-जीवन के लिए आदिकाल से मनुष्यों ने व्यक्तिगत रुचियों को दबाकर समाज तथा राष्ट्र प्रेम के लिए बलिदान किए। उन्होंने अपने हितों को पीछे रख और समाज एवं राष्ट्र के हितों को प्रधानता दी। इससे बालकों में पारस्परिक सम्बन्धों के लिए बढ़ावा मिलता है।

(5) **मानसिक प्रशिक्षण**—विद्यालय के पाठ्यक्रम में इतिहास ही एक विषय है जिसके अध्ययन से बालकों को मनोवैज्ञानिक एवं मानसिक अनुशासन का प्रशिक्षा को अपने हाथ में लेने के लिए किए थे। परन्तु उससे मानव तथा समाज का अहित ही होता रहा है। इस तरह इतिहास से बालकों में तर्क-शक्ति, निर्णय शक्ति तथा सर्जनात्मक विचार-शक्ति का विकास होता है। बालकों में वैज्ञानिक-अभवृत्ति का विकास होता है, तथ्यों तथा घटनाओं को वस्तुनिष्ठ रूप में विवेचन की वृत्ति हो जाती है।

NOTES

(6) **योग्य नागरिकों को तैयार करना**—इतिहास शिक्षा का मुख्य उद्देश्य, प्रजातन्त्र हेतु सुयोग्य नागरिकों को तैयार करना हैं भारतीय जनत् की सफलता के लिए यह प्राथमिक जरूरत है कि वे राष्ट्रीयता को समझें और जीवन में आचरण भी करें। इतिहास राजनैतिक घटनाओं को विषय है; अत: नागरिक शास्त्र तथा इतिहास शिक्षण द्वारा अच्छे नागरिक पैदा किए जा सकते हैं।

(7) **नैतिक सिद्धान्तों की शिक्षा देना**—इतिहास शिक्षण द्वारा बालकों को नैतिक-प्रशिक्षण दिया जाता है। इतिहास बालकों को 'सत्यमेव जयते' का पाठ पढ़ा है, जिससे नैतिक-जीवन का स्तर ऊँचा उठता है। महान पुरुषों ने अपने उच्च आदर्शों हेतु किस प्रकार हँस-हँसकर बलिदन किया इसके लिए वे अपने स्वार्थ, ध्येयप्रियता, न्याय, धर्म के कारण आज भी जीवित हैं और रहेंगे।

माध्यमिक तथा पूर्व माध्यमिक स्वत: कहानियों द्वारा बालकों को नैतिक-सिद्धान्तों का बोध कराया जा सकता है। शिक्षक के आदर्श भी उच्च होने चाहिए।

भारतवर्ष का तात्कालिक आवश्यकताओं की दृष्टि से इतिहास-शिक्षण के यह उद्देश्य होने आवश्यक हैं। परनतु शिक्षक की दृष्टि से शिक्षण-उद्देश्य मूल्यांकन विधि पर आधारित है। क्योंकि शिक्षण जगत में इस विधि ने एक क्रान्तिकारी बदलाव किया है। इसमें शिक्षण के उद्देश्यों के व्यावहारिक-पक्ष पर अधिक महत्व दिया जाता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् ने इतिहास के शिक्षण के जिन व्यावहारिक उद्देश्यों का निर्माण किया है, वे इस प्रकार हैं—

### इतिहास शिक्षण के व्यावहारिक उद्देश्य

1. शिक्षार्थी को विषय से सम्बन्धित पदों, प्रत्ययों, तथ्यों, घटनाओं, सिद्धान्तों एवं प्रक्रियाओं का ज्ञान प्राप्त करना।
2. विद्यार्थियों में इतिहास से सम्बन्धित प्रत्ययों, सिद्धान्तों एवं प्रक्रियाओं आदि के ज्ञान को नवीन परिस्थितियों में प्रयुक्त करने की क्षमता लाना।
3. विद्यार्थी में इतिहास के शिक्षण द्वारा अपेक्षित कौशल लाना।
4. विद्यार्थी में इतिहास के द्वारा तर्कपूर्ण चिन्तन लाना।
5. इतिहास के अध्ययन द्वारा सांस्कृतिक, सामाजिक तथा राष्ट्रीय सद्भावना की अभिरुचि तथा अभिवृत्तियों को पैदा करना।

### उद्देश्यों को व्यावहारिक रूप में लिखना

इन उद्देश्यों को माध्यमिक तथा उच्चतर-माध्यमिक स्तरों पर भली प्रकार सम्पादित किया जा सकता है, क्योंकि सामूहिक रूप में समस्त उद्देय इतिहास शिक्षण को

प्रगतिशील एवं प्रभावशाली बनाते हैं। इनको व्यावहारिक-पक्ष बालक ज्ञानामक, भावात्मक तथा क्रियात्मक मानसिक पक्षों से सम्बन्धित होते हैं जो शिक्षा के अन्तिम मूल्यों, सत्यम्, शिवम् तथा सुन्दरम् की प्राप्ति में योग देते हैं। इसलिए इतिहास शिक्षक को इन उद्देश्यों के विशिष्ट-व्यावहारिक रूप को समझ लेना अधिक जरूरी हैं इन उद्देश्यों के व्यावहारिक रूप की समीक्षा इस प्रकार है—

**प्रथम उद्देश्य**—ऐतिहासिक तथ्यों, पदों, प्रत्ययों, सिद्धान्तों एवं घटनाओं का बोध कराना। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए शिक्षार्थी में अधोलिखित विशिष्ट व्यवहार-परिवर्तन वांछनीय है—

1. वह ऐतिहासिक तथ्यों एवं सिद्धान्तों का प्रत्यास्मरण कर लेता है।
2. वह इन तथ्यों एवं सिद्धान्तों को पहिचान लेता है।
3. वह ऐतिहासिक तथ्यों, उदाहरणों को भी पहिचान लेता है।
4. वह सम्बन्धों को पहिचान लेता है; जैसे—

   (अ) भूतकाल एवं वर्तमान।

   (ब) प्रेरणा तथा क्रिया।

   (स) साधन एवं साध्य।

   (द) समय के क्रम आदि।
5. वह ऐतिहासिक तथ्यों का वर्गीकरण भी कर लेता है।
6. वह सांकेतिक रूप में सूचनाओं को अनुवाद भी कर लेता है।
7. वह ऐतिहासिक तथ्यों एवं विचारों का भी विभेदीकरण कर लेता है।
8. वह ऐतिहासिक मानचित्र, चार्ट, चित्र, समय रेखा को समझ लेता है।

**द्वितीय उद्देश्य**—शिक्षार्थी में इतिहास सम्बन्धी पदों, प्रत्ययों, सिद्धान्तों एवं प्रक्रियाओं आदि के ज्ञान को नई परिस्थितियों में प्रयुक्त करने की क्षमता लाना।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विशिष्ट व्यवहार परिवर्तन इस प्रकार है—

1. वह ऐतिहासिक परिस्थिति का विश्लेषण कर लेता है।
2. वह परिस्थिति सम्बन्ध महत्वपूर्ण तथ्यों का चयन कर लेता है।
3. वह परिस्थिति का वर्णन कर लेता है और सम्भाव्य समाधान का प्रतिपादन भी कर लेता है।

4. वह भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों कालों, कारण एवं प्रभाव, साधन एवं क्रिया तथा समयानुक्रम स्थापित कर लेता है।

5. वह ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर महत्वपूर्ण निष्कर्ष भी निकाल लेता है और मूल्यांकन कर लेता है।



6. वह ऐतिहासिक तथ्यों की परिस्थिति के वर्णन के लिए पर्याप्तता और अपर्याप्तता को समझ लेता है।

7. वह ऐतिहासिक घटनाओं के आधार पर वर्तमान को समझ लेता है तथा भविष्य की गतिविधियों के बारे में सम्भाव्य अनुमान भी लगा लेता है।

8. वह ऐतिहासिक तथ्यों के निष्कर्षों तथा परिणामों के आधार पर समाजीकरण भी कर लेता है।

**तृतीय उद्देश्य**—शिक्षार्थी में इतिहास के शिक्षण द्वारा अपेक्षित कौशल लाना है। इसके लिए विशिष्ट व्यवहार उद्देश्य इस प्रकार है—

1. वह ऐतिहासिक मानचित्रों, चार्टों, चित्रों एवं प्रदर्शनातमक साधनों का उपयोग सुचित रूप में कर सकें।

2. वह ऐतिहासिक मानचित्रों, समय-रेखा तथा रेखाचित्रों का निर्माण कर सकें।

3. वह सहायक इतिहास की पुस्तकों तथा सन्दर्भ ग्रन्थों की पुस्तकों को भी पढ़ सकें।

4. इतिहास के नियमों, सिद्धान्तों को सही तरीके से व्यक्त करने की कुशलता का होना।

**चतुर्थ उद्देश्य**—शिक्षार्थी में इतिहास के अध्यापन में अपेक्षित अभिरुचि एवं अभिवृत्ति पैदा करना। इस उद्देश्य का विशिष्ट व्यवहार-उद्देश्य इस प्रकार हैं—

1. वह इतिहास के पढ़ने, समझने तथा अपने शब्दों में प्रस्तुत करने के लिए आकर्षित हो।

2. वह इतिहास के विधि ग्रन्थों तथा मौलिक रचनाओं के प्रति रुचि लें।

3. आधुनिक घटनाओं को अतीत की घटनों के आधार पर वाद-विवाद में रुचि लें।

4. महान पुरुषों की जीवनियों तथा शहीदों की वीरगाथाओं के पढ़ने में रुचि लें।

**पंचम उद्देश्य**—शिक्षार्थी में इतिहास के शिक्षण से तर्कपूर्ण चिन्तन लाना।

इस उद्देश्य का विशिष्ट व्यवहार-उद्देश्य इस प्रकार हैं—

NOTES

1. वह ऐतिहासिक घटनाओं एवं तथ्यों का विश्लेषण तर्कपूर्ण तरीके से कर लेता है।
2. वह ऐतिहासिक प्रदत्तों के आधार पर तार्किक तरीके से निर्णय ले लेता है।
3. वह ऐतिहाकसक परिस्थितियों को अध्ययन वैज्ञानिक तरीके से कर लेता है।
4. वह ऐतिहासिक घटनाओं का विवेचन समय, दूरी तथा समाज के मानदण्डों के आधार पर तार्किक तरीके से कर लेता है।

आधुनिक समय में शिक्षण के क्षेत्र में इन उद्देश्यों को ही विशेष महत्व दिया जाता है, क्योंकि यह उद्देश्य शिक्षण की प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं है अपितु परीक्षण की प्रक्रिया में भी इनका प्रयोग किया जाता है। बालक के व्यवहार में बदलाव शिक्षण की प्रक्रिया द्वारा ही लाया जाता है। यह व्यवहार-परिवर्तन गुणात्मक तथा परिणात्मक दोनों ही प्रकार का होता है। इसलिए व्यवहार परिवर्तन के मूल्यांकन के लिए शिक्षण-उद्देश्यों को ही ध्यान में रखना होता है तथा शिक्षण के गुणात्मक और परिणात्मक विकास के लिए जरूरी है कि शिक्षण उद्देश्यों के ववहारिक पक्ष को ाली प्रकार सम समझना चाहिए, तभी शिक्षण एवं परीक्षण क्रियाओं में समन्वय स्थापित कर सकेगा। सीखने के अनुभवों तथा व्यवहारबदलाबों का प्रतिपादन शिक्षण-उद्देशों के आधार पर किया जा सकता है।

### (2) नागरिकशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य (Objectives of Civics Teaching)

लक्ष्य के स्वाभावादि तथा शिक्षा के लक्ष्यों के सम्बन्ध में थोड़ा-सा ज्ञान प्राप्त कर लेने के बाद अब हम देखेंगे कि वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकशास्त्र के शिक्षण द्वारा किन-किन लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकती है?

नागरिकशास्त्र शिक्षण के उद्देश्यों को विभिन्न विद्वानों ने पृथक्-पृथक् रूप से वर्णन किया है। इन लक्ष्यों के सम्बन्ध में बिनिंग तथा बनिंग (Bining and Bining) लिखते हैं—"**नागरिकशास्त्र शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य अचछे नागरिक पैदा करना है तथा छात्रों की इस प्रकार सहायता करना है जिससे उनमें नागरिकता के गुणों का विकास हो।**" इस प्रकार के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए छात्रों को समाज तथा शासन-व्यवस्था का पूरा-पूरा देना आश्यक है। आगे लक्ष्यों का ही वर्णन करते हुए यही दोनों विद्वान लिखते हैं-"नागरिकशास्त्र के शिक्षण के द्वारा छात्रों को इस योग्य बना दिया जाए कि वे सामाजिक समस्याओं की जटिलताओं

NOTES

को समझ सकें और उनके समाधान में महत्वपूर्ण योगदाना दे सकें।" इसी तरह विभिन्न विद्वानों ने पृथक्-पृथक् लक्ष्यों का वर्णन किया है। उन सबका यहाँ पर उल्लेख करने से पुस्तक का आकार अत्यधिक बढ़ जाने का भय है, किनतु उन सब के सार-रूप में हम कह सकते हैं कि वर्तमान युग में नागरिकशास्त्र शिक्षण के निम्नांकित उद्देश्य होने चाहिए—

(1) आदर्श नागरिकता की शिक्षा।

(2) सामाजिक जटिलताओं को समझाने की योग्यता का विकास।

(3) राष्ट्रीय सद्भावना का विकास।

(4) देश की शासन-प्रणाली का ज्ञान।

(5) विकसित दृष्टिकोण का निर्माण।

(6) सामाजिक व्यवस्था का ज्ञान।

(7) आदर्श नेतृत्व का विकास।

(8) चरित्र-निर्माण करना।

(9) तर्क एवं निर्णय-शक्ति का विकास।

इनका विस्तृत उल्लेख यहाँ दिया गया है—

(1) **आदर्श नागरिकता की शिक्षा**—नागरिकशास्त्र के शिक्षण द्वारा आदर्श नागरिकता की शिक्षा बड़ी सरलता से दी जा सकती है। नागरिकशास्त्र के शिक्षण के द्वारा हम छात्रों में प्रजातन्त्रात्मक गुणों का बड़ी सरलता से विकास कर सकते हैं। वैसे तो सभी सामाजिक विषयों का लक्ष्य ही बालकों को आदर्श नागरिक बनाना है, किन्तु नागरिकशास्त्र के द्वारा यह कार्य बड़ी सुगमता से किया जा सकता है। इसका प्रमख कारण है कि नागरिकशास्त्र हमें अनेक राजनैतिक तथा सामाजिक तथ्यों का सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है और एक अच्छे नागरिक को कुछ आवश्यक तथ्यों का ज्ञान प्राप्त करना अत्यन्त जरूरी है। बिना तथ्यों के ज्ञान के, न तो समस्याओं का समाधान ही हो सकता है और न छात्रों की चिन्ता-शक्ति का ही विकास हो सकता है। इसके अतिरिक्त नागरिकशास्त्र के द्वारा हम अपने छात्रों में उन अन्य गुणों का भी विकास अधिकसरलता से कर सकते हैं जो एक आदर्श नागरिक में हाने चाहिए। इन गुणों में सहिष्णुता, उदारता, सहानुभूति, सहकारिता, उत्तरदायित्व लेने की योग्यता एवं अन्य अनेक अच्छी आदतों का निर्माण तथा विकास प्रमुख हैं।

(2) **सामाजिक जटिलताओं को समझाने की योग्यता का विकास**—जैसे-जैसे सभ्यता का विकास होता जा रहा है और उद्योगों की प्रगति होती जा रही है, वैसे ही सामाजिक व्यवस्था तथा समस्याएँ दिन-प्रति-दिन जटिल होती जा रही हैं। गाँवों की आबादी घट रही हैं, नगरों में आबादी बढ़ रही है, नयी-नयी सामाजिक संस्थाएँ बन रही हैं। नये-नये समूहों का निर्माण होता जा रहा है। प्राचीन सामाजिक परम्पराओं का अन्त होता जा रहा है तथा नये-नये सामाजिक सम्बन्ध उभर रहे हैं। इन परिस्थितियों में सामाजिक व्यवस्था की जटिलता को समझना बड़ा कठिन हो गया है, किन्तु एक सफल नागरिक के लिए इन जटिलताओं को समझना जरूरी है, बिना इन्हें समझे वह अपने कर्तव्यों का न तो पालन ही कर सकता है औ न विभिन्न समस्याओं का समाधान ही कर सकता है और न समाज की प्रगति में किसी प्रकार का सहयोग ही दे सकता है। अत: नागरिकशास्त्र का दूसरा प्रमुख लक्ष्य छात्रों को इस योग्य बनाना है कि वे वर्तमान समाज की अपने जटिलताओं को समझ सकें, उनके समाधान के लिए प्रयास करें और इस प्रकार वे समाज के एक योग्य तथा उपकारी अंग बन सकें।

(3) **राष्ट्रीय सद्भावना का विकास**—अब हम एक प्रजातन्त्र देश के स्वतन्त्र नागरिक हैं। हमें अब अपने अन्दर पूर्ण राष्ट्रीय भाचना जागृत करनी है। जबतक हमें राष्ट्रीय भावना जागृ त नही होगी व जब तक हम हृदय से यह अनुाव नहीं करने लगेंगे कि यह मेरा अपना देश है, तब तक हम देश के राजनैतिक और सामाजिक उत्थान में कभी भी भाग नहीं ले सकेंगे और संकुचित विचारधारा के मरीज बने रहकर परम्परा से झगड़ते ही रहेंगें इन परस्पर झगड़ों को अन्य कोई विदेशी अनुचित लाभ उठाकर हम पर प्रशासन करेगा। अत: देश के अत्थान हेतु जरूरी है कि हम देश के प्रति उदासीन न रहें। इसलिए नागरिकशास्त्र के शिक्षण द्वारा हमें अपने छात्रों में पूरी-पूरी राष्ट्रीयता का विकास करना चाहिए। हमें नागरिकशास्त्र शिक्षण के द्वारा छात्रामें में यह भावना पैदा कर देनी चाहिए कि वह कम-से-कम यह अनुभव करने लगे कि यह मेरा अपना देश है।

(4) **देश की शासन-प्रणाली का ज्ञान**—देश के प्रत्येक नागरिक के लिए देश की शासन-व्यवस्था तथा सरकारी कार्य-प्रणाली का ज्ञान अत्यन्त जरूरी है। गणतन्त्रात्मक शासन-व्यवस्था के अन्तर्गत नागरिकों को इस प्रकार के ज्ञान की ओर आवश्यकता हो जाती है। जब तक नागरिकों को देश की शासन-व्यवस्था का पूरा-पूरा ज्ञान नहीं होगा, वह कभी भी शासन-व्यवस्था के अनुसार कार्य न कर पायेगा, और न शासन-व्यवस्था में सक्रिय रूप से कोई भाग ही ले पायेगा। गणतन्त्रात्मक शासन-व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक

को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष-रूप से शासन-व्यवस्था में भाग लेना पड़ता है। ुलतः शासन व्यवस्थाओं, के समुचित ज्ञान के अभाव में क्ाु अहित होने की सम्भावना है। नागरिकशास्त्र को इस उद्देश्य की प्राप्ति अवश्य करनी चाहिए।

NOTES

(5) **विकसित दृष्टिकोण का निर्माण**—वर्तमान युग में जबकि हम 'विश्व-बन्धुत्व' की भावना का विकास करने के उपदेश देते हैं, कई व्यक्तियों के संकुचित दृष्टिकोण को देखकर हमें मानसिक आघात होता है। जबलपुर के दंगे, असम के संघर्ष तथा सिक्खों एवं बंगालियों के कलकत्ते में ुए दंगे, भाषावादिता तथा प्रन्तीयता आदि हमारी संकुचित दृष्टिकोणों के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इससे हमारी सुनागरिकता की भाचना को ठेस लगती हैं इससे राष्ट्रीय भावना क्षीण होती है। हमें नागरिकशास्त्र शिक्षण के द्वारा छात्रों में ऐसी भाचना का विकास कर देना है कि वे यह समझ सकें कि हम सभी देशवासी एक हैं। सभी भाषा, प्रांत, धर्म आदि अपनी-अपनी सम्पत्ति हैं। उन्हें हमको आदर की दृष्टि से देखना चाहिए, तभी राष्ट्र का कल्याण सम्भव है।

(6) **सामाजिक व्यवस्था का ज्ञान**—मनुष्य एक सामाजिक प्राणी हैं समाज से अलग व्यक्ति का कोई भी अस्तित्व नहीं है। एक अकेला व्यक्ति कुछ भी नहीं होता है। उसे हर हालत में समाज में रहना पड़ेगा, किन्तु समाज में रहना भी एक कला है। इस कला के द्वारा व्यक्ति अपने समाज में समायोजित करता है। समाज में अपने को ठीक से समायोजित करने हेतु समाज की संचालन-प्रणाली तथा व्यवस्था का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है, जिस व्यक्ति को समाज की व्यवस्था का ज्ञान नहीं है, वह समाज में ठीक प्रकार से समायोजित नहीं कर सकता है। अतः छात्रों को इस प्रकार की शिक्षा की जरूरत है, जो छात्रों को समाज की व्यवस्था का ठीक-ठीक ज्ञान प्रदान करें। इस कार्य को जितनी सफलतापूर्वक नागरिकशास्त्र सम्पन्न कर सकता है, शायद अन्य सामाजिक विद्वानों द्वारा यह कार्य इतनी सफलतापूर्वक सम्पन्न करना सम्भव नहीं है। अतः नागरिकशास्त्र शिक्षण का एक उद्देश्य यह भी होना चाहिए कि वह छात्रों को अपनी सामाजिक व्यवस्था का बोध प्रदान करे।

(7) **आदर्श नेतृत्व का विकास**—किसी भी देश की प्रगति में सबसे प्रमुख हाथ देश के नेतृत्व का होता है। नेतृत्व पर न केवल देश की उन्नति ही निर्भर करती है वरन् जहाँ कहीं भी नेतृत्व की आवश्यकता पड़ती है, वहीं पर सफलता भी नेतृतव पर निर्भर कर जाती है। नेता ऐसा हो जिसमें उच्च चरित्र हो, दृढ़ता हो, तर्क, चिन्तन तथा विश्लेषण की शक्ति हो, परिस्थितियों को समझने एवं उनके अनुसार कार्य करने की क्षमता हो, जो आशावाी, ईमानदार,

दयालु तथा सहयोगी हो। देश, समुदाय, समाज तथा अन्य संस्थाओं की प्रगति के लिए हमें आदर्श नेता का निर्माण करना है। नागरिकशास्त्र इस कार्य को भली-भाँति कर सकता है। इसलिए नागरिकशास्त्र शिक्षण का एक उद्देश्य यह भी होना चाहिए कि वह देश में आदश नेतृत्व के निर्माण की पूर्ति करे।

NOTES

(8) **विश्व-बन्धुत्व की भावना का विकास**—द्रुतगामी यातायात के साधनों तथा युद्ध के आधुनिकतम भयंकर अस्त्र-शास्त्रों ने हमें यह सोचने के लिए विवश कर दिया है। कि अब हिटलर के समान 'अनध-राष्ट्रीयता' (Blind Nationalism) की भावना से काम नहीं चल सकता है। यदि वर्तमान में कोई भी शासन इस प्रकार की 'अन्ध-राष्ट्रीयता' की भावना के प्रवाह में आकर कोई अनुसूचित कदम उठा लेता है तो उसके फलस्वरूप करोड़ों प्राणियों को अपने जाने से हाथ धोना पड़ेगा। मानव जीवन तथा मानव-कल्याण हेतु यह जरूरी हो गया है कि हम समस्त मानव जाति को आदर की दृष्टि से देखें। इतिहास साक्षी है, जिस किसी भी देश ने जब कभी भी अन्ध राष्ट्रीयता का दृष्टिकोण अपनाया है, वह समाप्तप्राय: हो गया है। इसके अलावा वर्तमान में सभी राष्ट्र एक-दूसरे पर प्रत्यक्ष एवं परोक्ष से इतने सम्बन्धित हो गये हैं कि एक देश की राजनैतिक, सामाजिक तथा आर्थिक क्रियाओं का प्रभाव अनिवार्य रूप से विश्व के अन्य देशों पर पड़ता है। इन सब तथ्यों से स्पष्ट हो जाता है कि वर्तमान युग 'वसुधैव् टुम्बकम्' का युग है। फलत: इस विचारधारा का विकास हमें अपने छात्रों में करना चाहिए नागरिकशास्त्र के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वह एक सामाजिक प्राणी होने के नाते इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रयास करे।

(9) **चरित्र-निर्माण करना**—चरित्र किसी राष्ट्र की सबसे बड़ी सम्पदा होती है। व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र के जीवन में चरित्र का बड़ा महत्व है। मानव-जाति पर जब भी विपत्तियाँ आयी हैं, उनका मूल कारण केवल क ही रहा है कि मनुष्य चरित्रहीन हो गया था। चरित्रहीनता तो विपत्तियों की जड़ है। जीवन में चरित्र के इतने बड़े महत्व को देखते हुए ही शिक्षाशास्त्रियों ने शिक्षा के कई उद्देश्यों में चरित्र-निर्माण के उद्देशें को भी शामिल किया। नागरिकशास्त्र शिक्षण द्वारा बालकों में अनेक चारित्रिक गुणों का विकास बड़ी सरलता से किया जा सकता है। अत: नागरिकशास्त्र शिक्षण का अन्य लक्ष्यों के अतिरिक्त एक लक्ष्य दात्रों के चरित्र का निर्माण करना है।

(10) **तर्क एवं निर्णय-शक्ति का विकास**—नागरिकशास्त्र शिक्षण का अन्तिम उद्देश्य छात्रों में तर्क एवं निर्णय-शक्ति का विकास करना है। सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन में इनका बड़ा महतव है। सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन

NOTES

में अनेक समस्याएँ आती हैं। इनके समाधान के लिए उचित रूप से समस्या के विभिन्न पहलुओं पर तर्क करना पड़ता है एवं अन्त में एक निष्कर्ष पर पहुँचना पड़ता है। इस प्रकार सामाजिक तथा राजनैतिक समस्याओं के समाधान हेतु तर्क एवं निर्णय-शक्ति का विकास करना जरूरी है। नागरिकशास्त्र छात्रों के सम्मुख अनेक इसी प्रकार की समस्याएँ प्रस्तुत करे।

छात्रों को तर्क एवं निर्णय लेने के कई अवसर प्रदान कर सकता है। नागरिकशास्त्र का एक प्रमुख उद्देश्य छात्रों में उचित तर्क तथा निर्णय-शक्ति का विकास करना भी है।

## जनतन्त्रीय भारत में नागरिकशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य (Objectives of Teaching Civics in Democratic India)

वर्तमान जनतन्त्रीय भारत में नागरिकशास्त्र शिक्षण के उद्देश्यों को दो समूहों-व्यक्तिगत तथा सामाजिक में विभाजित कर सकते हैं। इन समूहों के अन्तर्गत कई उद्देश्यों का समावेश किया जा सकता है, किन्तु भारत की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए, जिन उद्देश्यों की विस्तृत व्याख्या किसी न किसी रूप में ऊपर की जा चुकी है। इसलिए इन उद्देश्यों की व्याख्या को पुनः दुहराना व्यर्थ ही होगा। नीचे केवल उद्देश्यों का वर्गीकरण मात्र ही दिया जा रहा है।

**(1) व्यक्तिगत उद्देश्य (Individual Objectives)**

1. चारित्रिक विकास
2. मानसिक विकास
3. तर्क एवं निर्णय शक्ति का विकास
4. व्यक्तित्व-विकास

**(2) सामाजिक उद्देश्य (Social Objectives)**

1. सामाजिक परिस्थिति का ज्ञान
2. शासन-व्यवस्था का ज्ञान
3. नेतृत्व का विकास
4. जनतान्त्रीय नागरिकता का विकास
5. राष्ट्रीयता का विकास
6. भावात्मक एकता का विकास

## विभिन्न स्तरों पर नागरिकशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य (Objectives of Different Levels of Civics Teaching)

NOTES

अभी तक हमने नागरिकशास्त्र शिक्षण के सामान्य उद्देश्यों की चर्चा की है। किन्तु कभी-कभी यह समय भी सामने आ जाती है कि शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर नागरिकशास्त्र-शिक्षण के क्या उद्देश्य होने चाहिए? शिक्षा के अनेक स्तर हैं, जैसे-प्राथमिक स्तर?, माध्यमिक स्तर, उच्च माध्यमिक स्तर तथा उच्च स्तर। भारतीय परिवेश के अन्तर्गत प्राय: समस्त राज्यों में नागरिकशास्त्र का शिक्षण केवल उच्चतर माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रहता है। अत: स्तरानुकूल उद्देश्यों की चर्चा केवल उच्चतर माध्यमिक स्तर तक ही सीमित रहेगी। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर नागरिकशास्त्र शिक्षण के क्या उद्देश्य होने चाहिए, इसकी चर्चा की गई है—

### (1) प्राथमिक स्तर (Primary Stage)

प्राथमिक स्तर में पहली से पाँचवीं कक्षा तक आती है। इन कक्षाओं में छात्र की आयु करीब छ: वर्ष से ग्यारह वर्ष तक रहती है। इस आयु के बालकों में भाव-बोध का विकास नहीं हो पाता है। फलस्वरूप, वे स्थूल ज्ञान ही प्राप्त करना पसन्द करते हैं। इसके लिए कहानी, रोचक विवरण, चित्रमय लघु-कथाएँ आदि अधिक पसन्द करते हैं। उनका भाषागत विकास भी इस आयु में सीमित ही होता है। अत: वे अधिक पढ़ भी नहीं सकते हैं। इसलिए उन्हें मौखक या व्यवहार में ही ज्ञान प्रदान करना चाहिए। इन तथ्यों को ध्यान में रखकर प्राथमिक स्तर पर नागरिकशस्त्र शिक्षण के निम्नांकित उद्देश्य निर्धारित किए जा सकते हैं—

1. बालकों में स्वस्थ आदतों का निर्माण करना।
2. बालकों में सामाजिकता, समाज-व्यवहार एवं सामाजिक कुशलता का विकास करना।
3. उनका चारित्रिक विकास करना।
4. उनमें देश-प्रेम तथा अन्तर्राष्ट्रीयता की भावना का विकास करना।
5. अनुशासन का व्यावहारिक ज्ञान तथा अभ्यास विकसित करना।
6. देश-विदेश की महान् विभूतियों से परिचित कराना।

### (2) जूनियर हाईस्कूल स्तर (Junior High School Stage)

जूनियर हाईस्कूल या उच्च प्राथमिक विद्यालयों में डठी से आठवीं तक की कक्षाएँ होती हैं। इन कक्षाओं में 13 से 15 वर्ष तक की आयु के वे बालक

पढ़ते हैं जो किशोरावस्था प्राप्त करना प्रारम्भ करते है। इस स्तर पर उनका शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक तथा नैतिक विकास काफी अच्छा हो गया होता है। उनमें स्मरण-शक्ति, भाषा-ज्ञान, अनुभव, तर्क-शक्ति आदि का भी पर्याप्त विकास हो चुका होता है। इन सब बातों को ध्यान मेंरे रखते हुए इस स्तर हेतु नागरिकशास्त्र शिक्षण के निम्नांकित उद्देश्य निर्धारित किए जा सकते हैं—

1. राष्ट्र की शासन-व्यवस्था का सामान्य ज्ञान प्रदान करना।
2. स्थानीय तथा राष्ट्रीय समस्याओं तथा उनके समाधान के उपयोग से अवगत कराना।
3. देश-विदेश और अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं का परिचय देना।
4. नागरिक गुणों का विकास करना।
5. नागरिकता का विकास करना।

### (3) माध्यमिक स्तर (Secondary Stage)

इस स्तर पर नवीं तथा दसवीं की कक्षाएँ आती हैं। इन कक्षाओं में आते-आते बालक पूरी तरह किशोर बन जाता है, जिसकी शारीरिक, मानसिक कल्पना, तर्क तथा निर्णय से सम्बन्धित शक्तियाँ अपनी चरम सीमा पर होती हैं। वह अपने उत्तरदायित्व तथा सूक्ष्म विचारों को भी समझने लगता है। उसमें दूरदर्शिता की भावना भी विकसित हो जाती है। भाषा का उसे अच्छा बोध हो जाता है। इन विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए माध्यमिक स्तर के लिए नागरिकशास्त्र शिक्षण के निम्न उद्देश्य निर्धारित किए जा सकते हैं—

1. राष्ट्र की राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं का ज्ञान प्रदान करना।
2. नागरिकशास्त्र के सामान्य पदों, प्रत्ययों तथा सम्बन्धों का ज्ञान प्रदान करना।
3. राष्ट्र-प्रेम तथा विश्व-बन्धुत्व की भावना का विकास करना।
4. वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना।
5. स्थानीय शासन का ज्ञान कराना।
6. नागरिक गुणों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना।
7. राजनैतिक दलों, उनक उद्देश्यों एवं सरकार का प्रदान प्रदान करना।

### (4) उच्च माध्यमिक स्तर (Higher Secondary Stage)

उच्चतर माध्यमिक स्तर पर आते-जाते बालकों की समस्त शक्तियाँ अपनी पूर्णता प्राप्त कर चुकी होती हैं। उसमें भाषा-ज्ञान, तर्क-शक्ति, निर्णय-शक्ति, सूक्ष्म-चिन्तन, विश्लेषण शक्ति तथा दूरदर्शिता का पर्याप्त विकास हो चुका होता है। अत: उसे इन विकसित शक्तियों के अनुसार शिक्षा प्रदान की जा सकती है। इस स्तर पर नागरिकशास्त्र शिक्षण के निम्नांकित उद्देश्य होने चाहिए—



1. नागरिकशास्त्र के व्यावहारिक पक्षों का ज्ञान कराना।
2. नागरिक कुशलता तथा दाँयित्वों का बोध कराना।
3. नैतिक चरित्र, अनुशासन तथा अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति समुचित एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना।
4. देश-प्रेम तथा विश्व-बन्धुत्व की भावना का विकास करना।
5. सामाजिक कुरीतियों का ज्ञान कराना तथा उन कुरीतियों के प्रति नकारात्मक भावना का विकास करना।
6. लोकतन्त्रात्मक शासन-व्यवस्था के अनुरूप जीवन-दर्शन विकसित करने की क्षमता पैदा करना।
7. देश के विभिन्न राजनैतिक दलों के सिद्धान्त, उद्देश्य तथा उनकी अच्छाइयों तथा बुराइयों से अवगत कराना।

### (3) भूगोल शिक्षण के उद्देश्य (Objectives of Geography Teaching)

भूगोल के शिक्षण उद्देश्यों का विश्लेषण करने पर उनको दो मुख्य भागों में विभाजित कर सकते हैं—

**(1) बालक के मानसिक विकास की दृष्टि से—**

1. ज्ञान-उद्देश्य
2. ज्ञान-प्रयोग का उद्देश्य
3. अभिरुचि तथा अभिवृत्ति विकास उद्देश्य
4. सामाजिक उद्देश्य।

**(2) भूगोल शिक्षण के सामान्य उद्देश्य—**

1. स्वदेश प्रेम तथा राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास।

NOTES

2. विश्व-बन्धुत्व एवं अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का विकास।
3. जीवकोपार्जन की क्षमता का विकास।
4. भूगोल की शिक्षा द्वारा व्यवसाय, कृषि तथा उद्याग धन्धों की उन्नति में सहयोग एवं जीवन परिस्थितियों के भौगोलिक तथ्यों के प्रति सूझ का विकास।
5. अवकाश के समय का सदुपयोग तथा पर्यटन की इच्छा की जागृति।
6. सुयोग्य नागरिक तैयार करना।

यहाँ इन उद्देश्यों का संक्षिप्त में विवेचन किया गया है—

(i) भूगोल के शिक्षण द्वारा बालक के ज्ञानकोश को विकसित करने का प्रयत्न किया जाता है। इसके द्वारा बालकों को भूगोल के तथ्यों, सिद्धान्तों के नियमों तथा विशिष्ट शब्दावली से परिचित कराते हैं। उदाहरणार्थ-भूगोल के पद (terms) जलवायु, वायुमण्डल, सौरमण्डल, महासागर, महाद्वीप, कछार, पहाड़, दैनिक गति, वार्षिक गति, आर्द्रता, मानचित्र, प्रक्षेप आदि।

**भूगोल के सिद्धान्त एवं नियम**—दिन-रात का छोटा बड़ा होना, ऋतु परिवर्तन, वायु भार की पेटियों का खिसकना, ध्रुवों पर छः माह का दिन तथा छः माह की रात, अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा। प्रमणिक समय, जलवायु एवं मानवीय निवास।

(ii) भूगोल शिक्षण का दूसरा उद्देश्य अधिक महत्वपूर्ण है; क्यांकि वह ज्ञान व्यर्थ है, जिसका जीवन में प्रयोग नहीं हो पाता है। भूगोल के तथ्यों, प्रत्ययों, सिद्धान्तों तथा नियमों का पुस्तकीय ज्ञान भले ही कर लें किन्तु जब तक हम उनको अपने व्यावहारिक जीवन में प्रयोग नहीं करेंगे तब तक उनका वास्तविक मूल्य कुछ भी नहीं है। भूगोल की शिक्षा का जीवन से गहन सम्बन्ध है। दैनिक जीवन में भूगोल के तथ्यों का विशेष महत्व हैं परन्तु वर्तमान शिक्षण परीक्षा-केन्द्रित है। अत: शिक्षकों का यह कर्तव्य है कि भूगोल की शिक्षा को सामाजिक महत्व देते हुए बालकों के व्यावहारिक जीवन से सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास करें। तभी भूगोल शिक्षण बालक के विकास की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

(iii) भूगोल के अध्ययन से कारण एवं प्रभाव में सम्बन्ध स्थापित करने की क्षमता का विकास होता है, जिससे बालकों में वस्तुनिष्ठ रूप में चिन्तन करने की शक्ति का विकास होता है और उनका व्यापक दृष्टिकोण हो जाता है। क्योंकि विश्व की मानव जातियों की विषमताओं का कारण

भौगोलिक तत्वों का प्रभाव है। मानवीय क्रियाओं का अध्ययन तुलानात्मक तरीके से करता है। इस प्रकार भूगोल के शिक्षण से बालकों तथा बालिकाओं की अवलोकनात्मक, तार्किक, विचारातमक शक्तियों का विकास होता है।

NOTES

(iv) भूगोल की विषय-वस्तु मानव एवं वातावरण है। इसलिए इसे सामाजिक विषय कहना अधिक उचित होगा। बालकों के इस विषय की शिक्षा द्वारा मानवता, सहकारिता, सहिष्णुता, उदारता, एकता व सद्व्यावहारिकता आदि गुणों का सृजन किया जाता है। भारतीय जनतंत्र के सामाजिक गठन में इन सामाजिक मूल्यों की अधिक जरूरत है। विश्व-नागरिकता का सृजन भूगोल की शिक्षा द्वारा ही सुगम है। भूगोल की व्यवस्थित शिक्षा द्वारा देश के नागरिकों में राष्ट्रीय एकता एवं अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का विकास सरलता से किया जा सकता है। अतः भूगोल शिक्षण के समय इस उद्देश्य पर जोर देना अत्यन्त आवश्यक है।

उपयुक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि भूगोल की शिक्षा का बालक के व्यक्तिगत जीवन में विशेष महत्व है। अब हम राष्ट्रीय स्तर की दृष्टि से भूगोल की शिक्षा के महत्व का अध्ययन करेंगे।

### (2) राष्ट्रीय स्तर के लक्ष्यों की दृष्टि से भूगोल शिक्षण के उद्देश्य

(i) भूगोल के अध्ययन के समय बालक व बालिकायें अपने देश के प्राकृतिक, दृश्यों, विशाल पर्वत, नदियाँ, वन, खनिज पदार्थ, पशु व मानव के सम्बन्ध में जानकारी करते हैं। इस भौगोलिक वातावरण में मानव ने किस प्रकार उन्नति की है तथा विश्व में किन-किन वसतुओं के उत्पादन में ख्याति प्राप्त कर ली है। इस प्रकार के अध्ययन से बालक व बालिकाओं में स्वदेश-प्रेम की भावना स्वतः ही जागृत हो उठती है। अध्यापक को यह भी ध्यान में रखना है कि यदि राष्ट्रीय एकता की भावना को संकुचित रूप में विकसित किया तो वह अपने अन्तिम लक्ष्य अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के प्राप्ति में सफल नहीं हो सकेगा। शिक्षक को विश्व-बन्धुत्व का आदर्श सामने रखना चाहिए।

(ii) भूगोल के अध्यापन के समय छात्रों को यह ज्ञान कराना चाहए कि कोई राष्ट्र विश्व में अकेला नहीं रह सकता है। कोई भी राष्ट्र आ आत्म-निर्भर नहीं है। प्रत्येक राष्ट्र को अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए दूसरे पर निर्भर रहना पड़ता है। अतः आधुनिक युग में दूसरे देशों के निवासियों से प्रेम एवं सहयोग की भावना रखना उचित है। मानवीय जैविक तथा सामाजिक विषमता होते हुए भी मानव स्वभाव में कोई भी अन्तर नहीं है। प्रत्येक

NOTES

विश्व का नागरिक जीवन शान्तिपूर्वक व्यतीत करना चाहता है। इस प्रकार की शिक्षा से विद्यार्थियों को अपने देश तथा विश्व का सुयोग्य नागरिक बनाया जा सकता है।

(iii) भूगोल के शिक्षण को ऐसा ज्ञान देना चाहिए जो कई भावी जीवनयापन में सहायक हो सके। भूगोल के अध्ययन में प्राकृतिक-साधनों की खोज तथा उनके उपयोग विधि का सुझाव देना है। इस प्रकार के ज्ञान के कृषि, खनिज, वन उद्योग तथा वाणिज्य आदि उद्योग-धन्धों के लिए प्रोत्साहन मिलता है। योग्य शिक्षक अध्यापन के समय ही ज्ञान-प्रयोग पक्ष पर भी जोर देता रहता है।

(iv) भौगोलिक परिस्थितियों के अध्यापन के समय शिक्षक को यह भी व्याख्या करना जरूरी है कि मानव ने अपने को इन परिस्थितियों में किस प्रकार समायोजित किया है। जापान निवासी भूकम्पों से बचने के लिए लकड़ी के मकान बना कर रहते हैं। वातावरण के साथ अनुकूल करने पर अपने जीवन को सुखी एवं प्रगतिशील बना सकते हैं। यद्यपि मानव प्राकृतिक बाधाओं पर विजय प्राप्त करने के लिए निरन्तर प्रत्यनशील है। इस प्रकार बालकों में उनकी कार्य-क्षमताओं की दृष्टि से अनुकूल शक्ति का विकास करना जरूरी है।

(v) भूगोल की शिक्षा द्वारा देश की कृषि, व्यवसाय तथा उद्योग धन्धों के बारे में बोध होता है कि किस प्रका मानव ने इस सबाक ।विकास किया है। भविष्य में किन-किन धन्धों के विकास के लिए अधिक क्षेत्र है। कोयला, लोहा एवं तेल शक्ति के भण्डार समाप्त होने वाले हैं। अतः कारखानों का भविष्य अन्धकार रूप है। इस रूप के कारण जल-विद्युत शक्ति के विकास पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस प्रकार के उदाहरणों से बालकों में रचनात्मक शक्ति के लिए सूत्र की क्षमता का विकास किया जा सकता है।

(vi) भूगोल की शिक्षा अवकाश के सद्पयोग के लिए विशाल क्षेत्र प्रदान करती है। प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन, विश्व विभिन्न जातियों के रहन-सहन रीति-रिवाज, विाह प्रणाली के अध्ययन से अधिक मनोरंजन होता है। प्राकृतिक दृश्यों के भ्रमण एवं पर्यटन से समय का सदुपयोग होता है। गर्मियों के लम्बे अवकाश में अध्यापक एवं छात्र पर्वतीय प्रदेशों में मनोरंजन के लिए तथा प्राकृतिक दृश्यों को देखने जाते है। सामान्य पत्रों के पढ़ने तथा विश्व घटनाओं को समझने के लिए भूगोल का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक हैं प्रातः एवं सायंकाल व्यायाम तथा टहलने के लिए

मानवीय वातावरण से परे प्राकृतिक वातावरण ही अधिक उपयोगी होता है।

NOTES

भूगोल शिक्षण के उद्देश्यों का विवेचन बालक तथा राष्ट्रीय दृष्टिकोण से किया गया, परन्तु अध्यापक की दृष्टि से शिक्षण उद्देश्य मूल्यांकन-प्रत्यय (Evaluation Concept) पर आधारित होना चाहिए। क्योंकि शिक्षण जगत में मूल्यांकन विधि ने एक महान बदलाव किया है। इसमें शिक्षण के उद्देश्यों के व्यावहारिक पक्ष को अधिक महत्व दिया जाता है। राष्ट्रीय शैक्षिक, अनुसन्धान एपं प्रशिक्षण परिषद् ने भूगोल के शिक्षण के लिए अधोलिखित सामान्य उद्देश्यों को प्रतिपादन किया है।

**भूगोल शिक्षण के सामान्य उद्देश्य**

1. भौगोलिक तथ्यों एवं सिद्धान्तों का बोध करना। (ज्ञान-उद्देश्य)
2. भौगोलिक तथ्यों के ज्ञान से दैनिक जीवन की समस्याओं का समाधन ढूंढना। (ज्ञान-प्रयोग का उद्देश्य)
3. भौगोलिक तथ्यों के प्रति निरीक्षण और जीवन के तथ्यों को भौगोलिक सिद्धान्त के रूप में समझना। (गुणों के विकास का उद्देश्य)
4. भौगोलिक वातावरण के प्रति रुचि एवं मानवीय क्रियाओं पर सांस्कृतिक प्रभाव को समझना (अभिरुचि विकास उद्देश्य)
5. भौगोलिक तथ्यों पर मानवीय निर्भरता की सराहना की क्षमता का विकास करना। (अभिवृत्ति विकास उद्देश्य)

**सामान्य उद्देश्यों का व्यावहारिक रूप**

उपर्युक्त सामान्य उद्देश्यों में प्रथम दो उद्देश्यों को जूनियर तथा माध्यमिक स्तर पर भली प्रकार सम्पादित किया जा सकता है, परनतु सामूहिक रूप से सभी उद्देश्य भूगोल शिक्षण को प्रगतिशील तथा प्रभावशाली बनाते हैं। इसलिए भूगोल शिक्षक को इन उद्देश्यों के विशिष्ट व्यावहारिक रूप को समझ लेना जरूरी है। तभी वह इनकी प्राप्ति करने में व्यावहारिक पक्ष का विवेचन किया गया है।

**प्रथम उद्देश्य**—भौगोलिक तथ्यों एवं सिद्धान्तों का बोध कराना।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बालक-बालिकाओं में अधोलिखित विशिष्ट व्यवहार परिवर्तन होने चाहिए—

1. भौगोलिक तथ्यों, सिद्धान्तों और परिस्थितियों को पहिचानने एवं उन्हें स्मरण रखने की क्षमता का विकास करना।

NOTES

2. प्राकृतिक दृश्यों एवं भौगोलिक तथ्यों के उल्लेख करने की क्षमता का विकास करना।
3. अपने भौगोलिक वातावरण का विश्लेषण तथा भिन्नता समझने की क्षमता का विकास करना।
4. कारण एवं प्रभाव को जानने और सम्बन्ध स्थापित करने की क्षमता का विकास करना।
5. भौगोलिक विषमता या भौगोलिक तथ्यों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन की क्षमता का विकास करना।
6. भौगोलिक तथ्यों के वर्गीकरण तथा श्रेणीबद्ध की क्षमता का विकास करना।

**द्वितीय उद्देश्य**—भौगोलिक तथ्यों, सिद्धान्तों, शब्दावली, प्रत्ययों एवं धारणाओं को समझकर अपने दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने की योग्यता का विकास करना।

शिक्षा की दृष्टि से इस उद्देश्य का विशेष महत्व है क्योकि इसका सम्बन्ध प्रत्यक्ष रूप से ज्ञान–प्रयोग उद्देश्य है। अतः इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु बालक बालिकाओं में निम्नलिखित व्यवहार–परिवर्तन होने चाहिए—

**द्वितीय उद्देश्य का व्यावहारिक रूप**

1. भौगोलिक परिस्थिति के विश्लेषण की क्षमता का विकास करना।
2. परिस्थिति सम्बन्ध तथ्यों तथा सिद्धान्तों को पहिचानना और उनकी स्मरण–शक्ति का विकास करना।
3. समस्या सम्बन्धी तथ्यों के चुनाव की क्षमता का विकास करना।
4. समस्या सम्बन्ध कारण एवं प्रभाव का सम्बन्ध स्थापित करने की क्षमता का विकास करना।
5. विशेष तथ्य तथा सिद्धान्त समस्या के समाधान में पूर्ण रूप में या आंशिक रूप में सहायक हैं, इसकी पर्याप्ता की क्षमता का विकास करना।

**तृतीय उद्देश्य**—शिक्षार्थी में भूगोल–शिक्षण द्वारा अपेक्षित कौशल लाना है।

इस उद्देश्य के लिए विशिष्ट व्यवहार–उद्देश्य इस प्रकार है—

1. वह भूगोल के मानचित्रों, चार्टो, चित्रों, प्रदर्शनात्मक साधनों का प्रयोग समुचित रूप में कर सकें।

2. वह भूगोल के मानचित्रों, रेखाचित्रों, मॉडल आदि का निर्माण कर सके।
3. वह भूगोल के सन्दर्भ ग्रन्थों, पत्रिकाओं को भी पढ़ सके।
4. वह भूगोल के नियमों एवं सिद्धान्तों को सही तरीके से व्यक्त करने की कुशलता प्राप्त कर सके।
5. वह भौगोलिक परिस्थितियों को शीघ्र समझ सके।

NOTES

**चतुर्थ उद्देश्य**—शिक्षार्थी में भूगोल के शिक्षण से अपेक्षित अभिरुचि एवं अभिवृत्ति पैदा करना।

इस उद्देश्य को विशिष्ट-व्यवहार-उद्देश्य इस प्रकार हैं—

1. वह भूगोल के पढ़ने, समझने एवं अपने शब्दों में प्रस्तुत करने के लिए रुचि हो।
2. वह भूगोल के मौलिक ग्रन्थों, विविध पत्रिकाओं के पढ़ने में रुचि ले।
3. भौगोलिक घटनाओं तथा परिस्थितियों के समझने में रुचि ले।

**पंचम उद्देश्य**—शिक्षार्थी में भूगोल के अध्यापन से तर्कपूर्ण चिन्तन का विकास कराना।

इस उद्देश्य के विशिष्ट व्यवहार रूप इस प्रकार है—

1. वह भौगोलिक परिस्थितियों एवं तथ्यों का विश्लेषण तर्कपूर्ण तरीके से कर सके।
2. वह भौगोलिक प्रदत्तों के आधार पर तार्किक ढंग से निर्णय ले सके।
3. वह भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन वैज्ञानिक ढंग से कर लेता है।
4. वह भौगोलिक परिस्थितियों को कारण एवं प्रभाव के रूप में तार्किक ढंग से समझ लेता है।

आधुनिक समय में शिक्षण के क्षेत्र में इन उद्देश्यों को ही विशषे महत्व दिया जाता है, क्योंकि यह उद्देश्य शिक्षण की प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं है। अपितु परीक्षण की प्रक्रियाओं में भी इनका प्रयोग होता है। बालक को व्यवहार में बदलाव शिक्षण की प्रक्रिया द्वारा ही लाया जाता है। यह व्यवहार परिवर्तन गुणात्मक तथा परिणात्मक दोनों प्रकार का होता है। इसलिए व्यवहार परिवर्तन के मूल्यांकन में शिक्षण उद्देश्यों को ही ध्यान में रखना होता है; तथा शिक्षा के गुणात्मक विकास एवं परिणात्मक विकास के लिए यह जरूरी है कि शिक्षण एवं परीक्षण की क्रियायें साथ-साथ

सम्पादित हो। परीक्षण शिक्षण पर ही आधारित हो इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक को शिक्षण-उद्देश्यों के व्यावहारिक पक्ष को भली प्रका समझना चाहिए। तभी शिक्षण एवं परीक्षण में समन्वय स्थापित कर सकेगा। सीखने के अनुभवों, तथा व्यवहार-परिवर्तनों का निरूपण इन्हीं शिक्षण उद्देशें के आधार पर किया जा सकता है।

### (4) अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य (Objectives of Economics Teaching)

शिक्षण का निर्देशन करने के लिए उद्देश्यों का निर्माण किया जाता है। अर्थशास्त्र शिक्षण एक प्रक्रिया है। इसमें भी पथ का निर्देशन कराने हेतु उद्देश्यों का निर्माण किया जाता है। दूसरे, अर्थशास्त्र शिक्षण एक सविचार तथा सोद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है, फलतः इसके उद्देश्य भी होने जरूरी हैं। अर्थशास्त्र क्योंकि सामाजिक शास्त्र है इसलिए इसके उद्देश्य भी सामाजिक आदर्शों के अनुकूल होंगे। यहाँ हम अर्थशास्त्र शिक्षण के कुछ इसी प्रकार के उद्देश्यों का वर्णन करेंगे।

अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए **बिनिंग** तथा **बिनिंग** (Bining and Bining) ने लिखा है, ''माध्यमिक विद्यालयों में अर्थशास्त्र शिक्षण का उद्देश्य अर्थशास्त्र के आधुनिक सूत्रों का अध्ययन, निरीक्षण तथा प्रचलित पद्धतियों के अनुसार करना होना चाहिए।''

अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्यों का ही आगे वर्णन करते हुए उक्त विद्वान लिखते हैं कि अर्थशास्त्र शिक्षण के द्वारा ''छात्रों को इस योग्य बनाया जाए कि वे आर्थिक सिद्धान्तों को अपने व्यावहारिक जीवन में प्रयोग कर सकें।''

इस प्रकार लेखक द्वारा अर्थशास्त्र शिक्षण के व्यावहारिक पक्षों पर ही अधिक जोर देते हैं।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मार्शल (Marshall) ने अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए लिखा है-''अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य प्रथम ज्ञान के लिए ज्ञान प्राप्त करना हैं और द्वितीय विशेषतः सामाजिक जीवन में मनुष्य को व्यावहारिक जीवन व्यतीत करने के लिए निर्देशन देना है।''

अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्यों का विवेचन करते हुए **मुफात** (M.P. Moofatt) ने स्पष्ट रूप से अर्थशास्त्र शिक्षण के निम्नांकित पाँच उद्देश्यों का उल्लेख किया हैं—

(1) बालक तथा बालिकाओं का कुशल उपभोक्ता बनाना।

(2) उन्हें राष्ट्रीय आय में वृद्धि करने के उपायों से अवगत कराना।

(3) उन्हें बजट के सम्बन्ध में उचित ज्ञान देना।

(4) छात्रों को विभिन्न आर्थिक साधनों से अवगत कराना।

इसी प्रकार सी **सी.ई.एम. जाड** (C.E.M. Zoad) ने अर्थशास्त्र शिक्षण के तीन उद्देश्यों का वर्णन किया है—

(1) प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपनी जीविकोपार्जन करने योग्य बनाना।

(2) उन्हें गणतन्त्रात्मक राज्य को सफल नागरिक बनाना।

(3) उन्हें प्रकृति प्रदत्त साधनों तथा शक्तियों के विकास करने तथा प्रयोग करने योग्य बनाना।



**पीगू** (Pigou) ने अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए लिखी है कि अर्थशास्त्र में से दो उद्देश्यों का प्रमुख महत्व हैं—(1) ज्ञान प्राप्त करना तथा (2) व्यावहारिक जीवन की कई समस्याओं का सुलझाना।

इस प्रकार विभिन्न विद्वानों ने अर्थशास्त्र-शिक्षण के विभिन्न उद्देश्यों को वर्णन किया हैं। सारांश रूप में, हम यहाँ मुख्य उद्देश्यों का स्पष्ट रूप से उल्लेख कर सकते हैं-

(1) छात्रों को देश से अवगत कराना।

(2) छात्रों को जीविका-निर्माण योग्य बनाना।

(3) छात्रों को कुशल उपभोक्ता बनाना।

(4) आर्थिक-समस्याओं का समाधान प्रदान करना।

(5) सहयोग एवं सहकारिता की भावना जागृत करना।

(6) आर्थिक नागरिकता का विकास करना।

(7) तर्क एवं निर्णय-शक्ति का विकास करना।

(8) आर्थिक व्यवस्थाओं का बोध करना।

(9) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास।

(10) उत्तरदायित्व की भावना का विकास।

**(1) छात्रों को देश से अवगत कराना—**अर्थशास्त्र शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य छात्रों तथा छात्राओं को देश की आर्थिक स्थिति से अवगत कराना है। देश में प्रकृति प्रदत्त साधन एवं शक्तियाँ क्या हैं, कहाँ-कहाँ उपलब्ध हैं, देश की आर्थिक व्यवस्था में उनका क्या महत्व है, उनका उपयोग किस तरह किया जा रहा है, उन्हें किस प्रकार विकसित किया जा सकता है आदि बातों का ज्ञान हम

NOTES

अर्थशास्त्र शिक्षण के द्वारा अपने छात्रों को प्रदान कर सकते हैं। देश की भौगोलिक स्थिति पहाड़, वन, नदी, खनिज, इत्यादि का ज्ञान उनका हमारी अर्थव्यवस्था में स्थान व महत्व अर्थशास्त्र ही दे सकता है। अतः अर्थशास्त्र शिक्षण का प्रथम उद्देश्य छात्रों को देश के आर्थिक विकास से अवगत कराना है।

(2) **छात्रों को जीविका-निर्माण योग्य बनाना**—प्रत्येक शिक्षा तथा शिक्षण में कुछ-न-कुछ उपयोगिता जरूरी होती है। अर्थशास्त्र की उपयोगिता यह है कि वह छात्रों को जीविका निर्माण करने योग्य बनाता है। यदि अर्थशास्त्र का अध्ययन करके भी छात्र अपनी जीविका का निर्माण नही कर सकता है तो अर्थशास्त्र व्यर्थ है। इसलिए अर्थशास्त्र शिक्षण के द्वारा छात्रों को इस योग्य अवश्य बना दिया जाए कि वे अपनी जीविका का उपार्जन कर सकें। इसके लिए अर्थशास्त्र शिक्षक के द्वारा छात्रों को देश के विभिन्न उद्योग धन्धों, यातायात के साधनों, बाजार, बाजार भाव आदि से अवगत कराना चाहिए।

(3) **छात्रों को कुशल उपभोक्ता बनाना**—अर्थशास्त्र का उद्देश्य जहाँ छात्रों को कुशल उत्पादक बनाना है, उसी के साथ ही साथ उन्हें कुशल उपभोक्ता भी बनाना है, क्योंकि जब तक वे कुशल उपभोक्ता नहीं बनेंगे तब तक वे अपनी कमाई का सर्वोत्त विधि से प्रयोग हीं कर सकेंगे। अर्थशास्त्र शिक्षण के द्वारा उन्हें इस योग्य बनाना जरूरी है कि वे अपने सीमित साधनों से अधिक उपयोगिता प्राप्त कर सकें। उन्हें इस योग्य बनाना है कि वे अपने उपभोग को सन्तुलित रख सकें।

(4) **आर्थिक-समस्याओं का समाधान प्रदान करना**—व्यक्ति विशेष, समाज तथा देश के सम्मुख समय-समय पर कई आर्थिक समस्यायें आ खड़ी होती हैं। इन समस्याओं को सही रूप में जानना आवश्यक होता है। जब तक हम इन समस्याओं को उनके सही रूप में नहीं जानेंगे तब तक उनका समाधान भी कठिन हो जाता है। अतः छात्रों को विभिन्न आर्थिक समस्याओं का ज्ञान देना जरूरी है। अर्थशास्त्र इस कार्य को भली प्रकार सम्पन्न कर सकता है। इसलिए अर्थशास्त्र शिक्षण का एक उद्देश्य छात्रों को देश तथा समाज की आर्थिक समस्याओं का ज्ञान देना भी होना चाहिए।

(5) **सहयोग एवं सहकारिता की भावना जागृत करना**—अर्थशास्त्र शिक्षण के द्वारा छात्रों में सहयोग तथा सहकारिता को भावना की अधिक सरलापूर्वक जागृत कर सकते हैं। अर्थशास्त्र में कई ऐसे स्थल आते हैं जो छात्रों में सहयोग तथा सहकारिता की भावना बड़ी सुगमता से जागृत कर सकते हैं। वर्तमान युग में मिलजुल कर कार्य करने तथा जीवन व्यतीत करने की अति आवश्यकता

है, फलत: सभी उपर्युक्त स्थलों तथा विषय-वस्तु का सहयोग तथा सहकारिता की भावना जागृत करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए।

NOTES

**(6) आर्थिक नागरिकता का विकास करना**—अर्थशास्त्र शिक्षण का एक उद्देश्य आर्थिक नागरिकता के सिद्धान्तों से अवगत करवा कसते हैं और उनमें एक अच्छे आर्थिक नागरिक के गुणों का विकास कर सकते हैं।

**(7) तर्क एवं निर्णय-शक्ति का विकास करना**—मनुष्य के आर्थिक जीवन में कई आर्थिक समस्यायें पैदा होती हैं। इनके समाधान हेतु उचित रूप से समस्या के विभिन्न पहलुओं पर चिन्तन, मनन एवं तर्क करना पड़ता हैं प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण तथा व्याख्या करनी पड़ती है और अन्त में निष्कर्ष निकालने पड़ते हैं। इस प्रकार इन विभिन्न आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए हमें तर्क तथा निर्णय शक्ति का विकास करना पड़ता है। अर्थशास्त्र छात्रों के इसी प्रकार की अनेक समस्यायें प्रस्तुत करके छात्रों में तर्क तथा तथा निर्णय-शक्ति का विकास कर सकता है।

**(8) आर्थिक व्यवस्थाओं का बोध करना**—अर्थशास्त्र के अध्ययन से छात्रों को विभिन्न आर्थिक व्यवस्थाओं तथा उनके सिद्धान्तों का ज्ञान कराया जा सकता हैं अर्थशास्त्र आर्थिक व्यवस्थाओं के स्वरूप को स्पष्ट कर सकता है। इस ज्ञान को वह अपने दैनिक व्यावहारिक जीवन में प्रयोग कर सकता है। इस तरह अर्थशास्त्र का सैद्धान्तिक महत्व ही न होकर व्यावहारिक महत्व भी हो जाता है।

**(9) वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास**—अर्थशास्त्र शिक्षण का एक उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना भी हैं छात्र इसके अध्ययन से आर्थिक व्यवस्थाओं, क्रियाओं, नीतियों, आर्थिक निर्णयों का समुचित विश्लेषण कर उपयुक्त निर्णय लेने में सक्षम होते हैं।

**(10) उत्तरदायित्व की भावना का विकास**—अर्थशास्त्र-शिक्षण का एक उद्देश्य छात्रों में उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है जिससे वे अपने भावी जीवन में उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से आर्थिक क्रियायें कर अपनी आर्थिक प्रगति कर सकें। अर्थशास्त्र-शिक्षण को व्यावहारिक बनाने तथा छात्रों में उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने के लिए विद्यालय को चाहिए कि वह छात्रों को न केवल अर्थशास्त्र का सैद्धान्तिक ज्ञान ही कराये अपितु साथ ही साथ व्यावहारिक कार्यों के द्वारा इसे छात्रों के जीवन से भी सम्बन्धित करें। इसके लिए विद्यालय को अपने प्रांगण में विद्यालय, बैंक, छात्र-उपभोक्ता मंच, सहकारी दुकान, सहकारी कैन्टीन, सहकारी उपभोक्ता भण्डार जैसी सहगामी क्रियाओं का संचालन करें जिससे छात्रों की अधिकाधिक सहभागिता है।

NOTES

## अर्थशास्त्र शिक्षण के अनुदेशात्मक उद्देश्य (Instructional Objectives of Teaching Economics)

अर्थशास्त्र के अध्ययन की आवश्यकता, महत्व तथा उसके अध्ययन के उद्देश्यों का उल्लेख किया। विद्यालयों में अर्थशास्त्र पढ़ाई जाती है। अनुदेशनात्मक उद्देश्य इस प्रकार औपचारिक रूप से विद्यालयों में पढ़ाने के उद्देश्य को अनुदेशात्मक उद्देश्य कहते हैं। **कार्टर वी. गुड** के शब्दों में ''अनुदेशात्मक उद्देश्य वह स्तर अथवा लक्ष्य मानदण्ड है जिसे छात्रों द्वारा विद्यालय कार्य की समाप्ति पर प्राप्त किया जाना है।'' शिक्षण का कार्य छात्रों के व्यवहारों में वांछित परिवर्तन करना होता है। समाज जिस प्रकार के व्यक्तियों को चाहता है शिक्षण द्वारा उसी प्रकार के व्यवहारों का विकास किया जाता है। इस प्रकार शिक्षण का कार्य छात्रों में समाज द्वारा वांछित व्यवहारों का विकास किया जाता है। इस दृष्टिकोण से शिक्षण का अनुदेशात्मक उदेश्यों से तात्पर्य छात्र व्यवहारों का विकास किया जाता है। इस दृष्टिकोण से शिक्षण का अनुदेशात्मक उद्देश्यों से तात्पर्य छात्र व्यवहारों में पूर्व-निर्धारित बदलाव लाने से है।

**ब्लूम** ने शैक्षिक उद्देश्यों की परिभाषा देते हुए लिखा है कि ''शैक्षिक उद्देश्यों से हमारा तात्पर्य उन व्यवहार निर्माण से है जिनमें शैक्षिक प्रक्रिया द्वारा छात्रों को लाना होता है।'' परिवर्तित व्यवहारों से हमारा तात्पर्य छात्रों की चिन्तन, मनन अनुभव करने तथा कार्य करने की विधियों में जरूश्री तथा वांछनीय परिवर्तन करने से है। छात्रों के व्यवहार में परिवर्तन उनके ज्ञान, कौशल, रुचि तथा अभिरुचियों के बदलाव के रूप में हो सकते हैं। दूसरे शब्दों में, जो छात्र कौशल, रुचि तथा अभिरुचियों में परिवर्तन वांछित दिशा में होता है तो हम कह सकते हैं कि शैक्षिक उद्देश्य की प्राप्ति हो चुकी है। यदि शिक्षा प्रभावशाली विधि से दी जाती है तो छात्र पहले से विभिन्न व्यवहार करेगा।

अब छात्र ऐसे कई ज्ञान, कौशल, रुचि तथा अभिरुचियों से मुक्त हो गय ाहै जिनका शिक्षा से पूव छात्र के पास अभा वहै। इस प्रकार अर्थशास्त्र-शिक्षण छात्रों के आर्थिक व्यवहारों में वांछित परिवर्तन लाना है।

### भारत में अर्थशास्त्र शिक्षण के उद्देश्य (Objectives of Teaching Economics in India)

अर्थशास्त्र की भारत में आवश्यकता तथा पूर्व-अवधारणाओं को ध्यान में रखते हुए आज के भारत के लिए अर्थशास्त्र-शिक्षण के मुख्य उद्देश्य निर्धारित किये जो सकते हैं–

(1) **छात्रों में आर्थिक नागरिकता का विकास करना**—आर्थिक नागरिकाता के विकास के कारण वे अपने आर्थिक अधिकारों तथा कर्तव्यों को समझ सकेंगे और उनमें आर्थिक अधिकारों तथा कर्तव्यों को समझ सकेंगे और उनमें आर्थिक क्षेत्र में उत्तरदायित्व की भावना का विकास होगा।

(2) **देश की आर्थिक समस्याओं से अवगत करना**—छात्रों को जब देश की आर्थिक समस्याओं तथा उनकी गम्भीरता एवं कारणों का ज्ञान हो जाएगा तभी वे उनके समाधान तथा निवारण के लिए प्रयत्न कर सकेंगे।

(3) **देश की प्राकृतिक सम्पदाओं का ज्ञान देना**—छात्र देश की आर्थिक उन्नति में अपना योगदान तभी दे सकते हैं जब उन्हें देश की व्यापक तथा विविध प्राकृतिक सम्पदाओं का ज्ञान हो। इनका ज्ञान होने पर ही वे उनका सही प्रकार से दोहन कर सकते हैं।

(4) **आर्थिक चेतना का विकास करना**—आज भारत में चेतना का अभाव है। आज भी भाग्य के भरोसे बैठकर निष्काम बैठे रहते हैं। हम कई कार्य राम के भरोसे छोड़ देते हैं। आलस, भ्रष्टाचार तथा सहज ही सौभाग्य से बिना कुछ किये लखपति बनने की कल्पना करते हैं। यही कारण है कि आज प्रत्येक शाम लोटरियों की दुकानों पर अपार भीड़ दिखाई देती हैं यह आर्थिक चेतना के अभाव के कारण हैं। आर्थिक चेतना

(5) **अच्छा उपभोक्ता बनाना**—अर्थशास्त्र-शिक्षण आज के भारत में एक उद्देश्य छात्रों को अच्छा उपभोक्ता बनाना है। अइच्छा उपभोक्ता के रूप में वे माँग व पूर्ति के नियमों, समसीमान्त उपयोगिता नियम आदि के आधार पर अपने सीमित आर्थिक साधनों से अपनी अधिकतम जरूरतां की तुष्टिठ कर सकेंगे तथा अधिकतम उपयोगिता सृजित कर सकें। यही मितव्ययता का नियम है।

(6) **आर्थिक सिद्धान्तों, नियमों तथा व्यवस्थाओं का ज्ञान कराना**—आर्थिक प्रगति के लिए अर्थशास्त्र के अनेक सिद्धान्त, नियम तथा व्यवस्थाएँ हैं। नका व्यावहारिक ज्ञान देना भी जरूरी है क्यों इनका प्रयोग करके ही वह आर्थिक उन्नति कर सकता है।

(7) **देश की आर्थिक व्यवस्था का बोध कराना**—छात्रों को देश की आर्थिक व्यवस्था, उत्पादन-प्रणाली, अनेक सिद्धान्त, नियम तथा व्यवस्थाएँ हैं। इनका व्यावहारिक ज्ञान देना भी जरूरी है क्यों कि इनका प्रयोग करके ही वह आर्थिक उन्नति कर सकता है।

(8) **देश की आर्थिक नीतियों का ज्ञान**—भारत के छात्रों को इस योग्य बनाना है कि वे देश की आर्थिक, औद्योगिक, व्यापारिक एवं मुद्रा नीतियों का ज्ञान कर उनके अनुरूप अपने आर्थिक निर्णय तथा क्रियाकलाप कर सकें।

(9) **विश्व के अन्य प्रमुख राष्ट्रों की अर्थ**—व्यवस्था का ज्ञान कराना—आज का व्यापार अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार है। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए विश्व के प्रमुख देशों की अर्थव्यवस्था का बोध कराना अनिवार्य है, जिससे वे अपने उत्पादन के अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों का पता लगासकें तथा अपने लिए उपयोगी आयात कर सकें। इससे वे दूसरे राष्ट्रों की आर्थिक व्यवस्थाओं के अच्छे बुरे

NOTES

पक्षों से दूर रहने के उपाय कर सकेंगे। इससे उनमें सहयोग, सहानुभूति एवं विश्व बन्धुत्व की भावना का भी विकास होगा।

**(10) आर्थिक उन्नति के उपायों से अवगत कराना**—भारत में अर्थशास्त्र शिक्षण का एक उद्देश्य यह भी होना चाहिए कि छात्रों को उन उपायों से अवगत कराया जाए जिनसे वे भावी जीवन में अपनी आर्थिक प्रगति कर सकें। इस हेतु पूंजी व्यवस्था, श्रम व्यवस्था, वैधानिक व्यवस्थायें आदि का ज्ञान देना जरूरी है।

**(11) अर्थशास्त्रीय प्रत्ययों का ज्ञान कराना**—अर्थशास्त्र शिक्षण का एक उद्देश्य यह भी होना चाहिए। कि छात्रों को अर्थशास्त्र से सम्बन्धित विभिन्न प्रत्ययों का बोध कराया जाए। इस प्रकार के प्रत्ययों में आवश्यकता, कर, शुल्क, भूमि, उपयोगिता, बाजार, व्यापार सन्तुलन, राजस्व, उपयोगिता, ह्रास नियम, समसीमान्त उपयोगिता नियम, बजट आदि का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता है।

**(12) राष्ट्रीय व प्रति व्यक्ति आय का ज्ञान**—भारतीय छात्रों को अर्थशास्त्र-शिक्षण के द्वारा राष्ट्रीय तथा प्रति व्यक्ति आय का तुलनात्मक ज्ञान कराना जरूरी है जिससे प्रेरित होकर वे देश की राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति को उन्नत करने के प्रयास कर सकें। देश के आर्थिक स्तर का बोध राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय से ही होता है।

## परीक्षापयोगी प्रश्न

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. सामाजिक विज्ञान शिक्षण के सामान्य उद्देश्यों को समझाइए तथा इसके घटकों के सम्बन्धी भी बताइए।
2. सामाजिक विज्ञान शिक्षण के व्यावहारिक उद्देश्यों की आवश्यकता समझाते हुए इसके व्यावहारिक रूप का उल्लेख कीजिए।
3. नागरिकशास्त्र के सामान्य एवं विशिष्ट उद्देश्यों का वर्णन कीजिए तथा उनका सामाजिक पक्ष भी बताइये।

### लघु उत्तरीय प्रश्न

1. सामाजिक विज्ञान शिक्षण के प्रमुख सामान्य उद्देश्य बताइए।
2. भूगोल के प्रमुख शिक्षण उद्देश्य बताइए।
3. इतिहास शिक्षण के प्राथमिक स्तर के उद्देश्यों को समझाइए।
4. अर्थशास्त्र शिक्षण के माध्यमिक स्तर के उद्देशें को समझाइए।

# 3 मुख्य विषय के रूप में सामाजिक विज्ञान का महत्व

NOTES

**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**

- उद्देश्य।
- प्राक्कथन।
- सामाजिक विज्ञान एक दर्शन
- दर्शन तथा सामाजिक विज्ञान
- प्रगति तथा पूर्वानुमान
- समझना तथा बोधगम्यता
- मानव व्यवहार के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण
- सामाजिक विज्ञान की आवश्यकता
- परीक्षपयोगी प्रश्न

**उद्देश्य**—इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समझ सकेंगे।

- सामाजिक विज्ञान एक दर्शन
- दर्शन तथा सामाजिक विज्ञान
- प्रगति तथा पूर्वानुमान
- समझना तथा बोधगम्यता
- मानव व्यवहार के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण
- सामाजिक विज्ञान की आवश्यकता

NOTES

## प्राक्कथन

गणित शिक्षा की तुलना में सामाजिक विज्ञान शिक्षा बराबर का महत्व है। इसलिए, यह प्राथमिक शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में भी उतना ही महत्वपूर्ण स्थन लेने के लिए है। D.Ed कार्यक्रम के दोनों पहले वर्ष और दूसरे वर्ष के दौरान पाठ्यक्रम पेश किया है, ताकि विद्यापीठ ज्ञान, कौशल और सभी हितधारकों के पूरा करने के लिए, दोनों सामग्री और अध्यापन से अधिक महारत हासिल करने के लिए आवश्यक नजरिए से लैंस हैं ईवीएस शिक्षा और सामाजिक विज्ञान शिक्षा के रूप में दूसरे वर्ष के रूप में पहली साल। व्यावहारिक कार्य से संबंधित गतिविधियों अन्य सभी स्कूल विषयो के बराबर होना चाहिए।

## सामाजिक विज्ञान एक दर्शन

2. चूंकि किसी विषय में अनेक पहलुओं को शामिल किया जा सकता है, निचले वर्गों में विद्यार्थियों के संगठनात्मक दक्षता से परे हो सकता है विषय का एक पूरा अध्ययन मानसिक रूप से वांछनीय नहीं होगा।

उपरोक्त कारणों से सीखने की अधिक खोज की संभावना संभव होगी।

**निष्कर्ष**—हालांकि, पाठ्यक्रम पूरे शैक्षिक उद्यम का मूल है। सामाजिक विज्ञान को प्रभावी तरीके से शिक्षण दे ने के उद्देश्यों को समझने हेतु सबसे मनोवैज्ञानिक और तर्कसंगत रूप से दृढ़तापूर्वक तरीके से पाठ्यक्रम को व्यवस्थित करने के लिए अनिवार्य है। सांद्रिक दृष्टिकोण शिक्षण के अधिकतम सिद्धांतों को पूरा करता है, जैसे कि पूरे से भाग के लिए, सरल से जटिल, कठिन आदि के लिए आसान। सर्पिल दृष्टिकोण कुद भी नहीं बल्कि एक रणनीति तैयार करना है जा शिक्षा के विभिन्न चरणों के माध्यम से सामाजिक विज्ञान के विषय में निरंतर सीखने को बढ़वा देता है। सामयिक दृष्टिकोण में, अध्ययन मेकअप के कुछ विषय पूरे पाठ्यक्रम यह पृथक दृष्टिकोण एक व्यवस्थित तरीके से पाठ्यक्रम के

निर्माण में मदद करता है।

## परीक्षापयोगी प्रश्न

NOTES

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. सांस्कृतिक दृष्टिकोण की समीक्षा कीजिए।
2. लोकल कम्युनिटी, नाइटबोर कम्यूनिटी तथा परिवार कम्यूनिटी के बच्चों पर प्रकाश डालिए।
3. सर्पिल दृष्टिकोण से आप क्या समझते है? स्पष्ट कीजिए।

### लघु उत्तरीय प्रश्न

1. लोकल कम्यूनिटी के लाभ एवं सीमाएं लिखिए।
2. सामयिक दृष्टिकोण को संक्षेप में समझाइए।

●●

# 11 सामाजिक विज्ञान शिक्षणकी विधियाँ

NOTES

**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**

- उद्देश्य
- प्राक्कथन
- व्याख्यान विधि
- वाद-विवाद विधि
- समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि
- स्रोत पद्धति का अर्थ एवं प्रकार
- योजना पद्धति
- परीक्षापयोगी प्रश्न

**उद्देश्य**—इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समझ सकेगें।

- व्याख्यान विधि
- वाद-विवाद विधि
- समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि
- स्रोत पद्धति का अर्थ एवं प्रकार
- योजना पद्धति

NOTES

## प्राक्कथन

बिना किसी योजना तथा पूर्व तैयारी के किसी कार्य को सम्पादित करने हेतु प्रयास करना असफलता का द्योतक है। किसी कार्य में सफलता प्राप्त करने हेतु कार्य को सम्पादित करने से पूर्व योजना बना लेना आवश्यक है। बीच में विघ्न न पड़े, इसके लिये पूर्व तैयारी आवश्यक है। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रारम्भ करने से पूर्व योजना बना लेना तथा वाद-विवाद हेतु आवश्यक तैयारी कर लेना सफलात का द्योतक है। अत: अध्यापक को इस सम्बन्ध में पहले ही सभी आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कर लेनी चाहिये एवं पूर्व योजना बना लेनी चाहिये।

### (अ) सामाजिक विज्ञान शिक्षण हेतु सामान्य विधियाँ

सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लिए प्रमुख सामान्य विधियों का विस्तृत विवरण निम्नलिखित हैं—

### (1) व्याख्यान आव्यूह (Lecture Strategy)

यह शिक्षण की सबसे प्राचीन विधि है। यह आदर्शवादी विचारधारा की देन है। विद्यालयों में आज भी इस विधि का शिक्षण की दृष्टि से कम महत्व नहीं है। शिक्षा में वैज्ञानिक प्रवृत्ति के परिणाम स्वरूप इसका अर्थ अधिक व्यापक हो गया है। इसे शिक्षा का प्रभुत्ववादी आव्यूह भी मानते हैं, क्योंकि इसके द्वारा अधिगम के विशिष्ट उद्देश्यों की प्राप्ति की जाती है। सामाजिक विषयों के शिक्षण में इसका प्रयोग सबसे अधिक होता है।

**स्वरूप**—इसमें पाठ्यवस्तु के प्रस्तुतीकरण पर अधिक जोर दिया जाता है। शिक्षक को अधिक क्रियाशील रहना पड़ता है। छात्रों के ध्यान को केन्द्रित करने के लिए कभी-कभी शिक्षक प्रश्न प्रविधि की भी सहायता लेता है। शिक्षक को अधिक तैयारी करनी पड़ती है। छात्र केवल श्रोता का कार्य करते हैं।

**शिक्षण सिद्धान्त**—व्याख्यान आव्यूह के अधोलिखित सिद्धान्त हैं—

1. पाठ्यवस्तु को पूर्णरूप से प्रस्तुत किया जाता है।
2. पाठ्यवस्त के प्रस्तुतीकरण पर अधिक बल दिया जाता है।
3. छात्र सुनकर अधिक सुगमता से सीखते हैं।
4. अन्य विषयों के साथ सह-सम्बन्ध स्थापित किया जाता है।

**उपयोग**—इसके द्वारा प्रस्तुतीकरण अधिक प्रभावशाली बनाया जा सकता है, परन्तु इसके उपयोग में सावधानी अधिक रखनी होती है। पाठ्यवस्तु के प्रस्तुतीकरण के

समय उसके स्पष्टीकरण हेतु अध्यापक को सहायक सामग्री, चार्ट, रेखाचित्र का भी समुचित प्रयोग करना होता है। प्रत्येक बालक के पास अपनी जरुरत की सामग्री होनी चाहिए। विकासात्मक प्रश्नों की सहायता से व्याख्यान में सजीवता लायी जा सकती है।

NOTES

**विशेषताएँ**—इसकी निम्न मुख्य विशेषताएँ हैं—

1. इससे बालकों को ध्यान केन्द्रित करने की आदत पड़ती है।
2. इसमें समय की बचत होती है। थोड़े समय में अधिक विषय-वस्त का ज्ञान सुगमता से कारया जाता है।
3. पाठ्यवस्तु के प्रस्तुतीकरण पर अधिक जोर दिया जाता है।
4. बालकों को मौलिक चिन्तन तथा सराहना की क्षमताओं के विकास का अवसर मिलता है।
5. अध्यापक के व्यक्तित्व को विशेष प्रभाव रहता है। स्पष्टीकरण की सजीवता से बालकों को अध्ययन के लिए प्रेरणा मिलती है।
6. नये विषय की पृष्ठ-भूमि प्रस्तुत करने के लिए उत्तम पद्धति है।

**सीमाएँ**—इसकी निम्न मुख्य सीमाएँ हैं—

1. इस विधि का सबसे बड़ा दोष यह है कि इसमें प्रस्तुतीकरण पर अधिक जोर दिया जाता है और छात्र की क्रियाशीलता को स्थान नहीं दिया जाता है। अधिगम की प्रक्रिया को ध्यान में नहीं रखा जाता है।
2. इस विधि का प्रयोग उच्च कक्षाओं में ही किया जा सकता है। प्राथमिक कक्षाओं हेतु इसका कोई महत्व नहीं है।
3. बालक की अपेक्षा अध्यापक को अधिक महत्व दिया जाता है। शिक्षक का एकाधिकार रहता है।
4. यह पद्धति अमनोवैज्ञानिक है। इसमें व्यक्तिगम भित्रता को ध्यान में नहीं रखते तथा बालकों की अभिरुचियों तथा अभिवृत्तियों का भी कोई ध्यान नहीं रखा जाता है।
5. शिक्षण के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए यह विधि उपयोगी नहीं है। बालक भौतिक तथ्यों के सम्बन्ध में ज्ञान भले ही प्राप्त कर ले किन्तु वास्तविक ज्ञान, अभिरुचि तथा अभिवृत्ति की दृष्टि से अन्य विधियों की सहायता लेनी पड़ती है।

NOTES

6. इस विधि द्वारा शिक्षण बिन्दु पर सन्तुलित बल नहीं दिया जाता है। प्रायः अध्यापक व्याख्यान विधि में विषयान्तर बातें करने लगते हैं। इसलिए बालक का परीक्षा के समय निर्णय भी न्यायोचित नहीं हो पाता है।
7. केवल कुशल एंव योग्य अध्यापक ही व्याख्यान पद्धति का अनुसरण कर पाते हैं। योग्य शिक्षकों का शिक्षण इस विधि द्वारा प्रभावशाली होता है, इसमें विषयवस्तु का पूर्ण ज्ञात होना अत्यन्त जरूरी है।

**सुझाव**—इसका प्रयोग करते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए—

1. योग्य शिक्षकों को ही व्याख्यान विधि का उपयोग करना चाहिए।
2. शिक्षकों को बालकों के मानसिक स्तर एवं रुचियों का ध्यान रखना चाहिए। उदाहरण उनके स्तर तथा जीवन से सम्बन्धित होने चाहिए।
3. व्याख्यान की भाषा सरल तथा बोधगमय होनी चाहिए। व्याख्यान की गति अति तीव्र होनी चाहिए।
4. व्याख्यान के समय विकासात्क प्रश्न भी पूछने चाहिए जिससे बालकों का ध्यान केद्रिति हो सके।
5. इस विधि का प्रयोग पूर्व माध्यमिक कक्षाओं से शुरु करना चाहिए। कॉलिज तथा विश्वविद्यालय के स्तर पर प्रयोग अधिक किया जाना चाहिए।
6. व्याख्यान में कक्षा का वातावरण नीरस एवं गम्भरी हो जाता है, इसलिए बीच-बीच में हास्य-विनोद का भी समावेश करना चाहिए।
7. व्याख्यान के समय विषयान्तर वार्ता नहीं होनी चाहिए क्योंकि छात्र उसका सम्बन्ध भी पाठ्यवस्तु से कर देते हैं।

### वाद-विवाद विधि (Discussion Method)

यह विधि सामाजिक विज्ञान शिक्षण की महत्वपूर्ण पद्धति मानी जाती है। किसी समस्या के समाधान के लिए सामाजिक क्रियाओं का शुद्ध रूप है। इसमें विचारों का आदान-प्रदान होता है और समस्या के लिए बहुमत से समाधान ज्ञात किया जाता है। इससे छात्रों में कौशल का विकास होता है। छात्र का समाजीकरण होता है स्वन्तत्र चिन्तन एवं अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है।

**स्वरूप**—उच्च कक्षाओं के छात्र वाद-विवाद में अधिक रुचि लेते हैं। जिनसे वह कुछ निर्णय भी निकालते हैं। इस विधि को सामाजिक प्रवृत्ति ने अधिक प्रभावित किया है। यह प्रजातन्त्र सिद्धान्तों पर आधारित है। सभी को विचारने एवं कहने का

समान अवसर दिया जाता है। शिक्षक का स्थान गौण माना जाता है। वाद-विवाद एक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा सामूहिक रूप से निर्णय लिया जाता है।

NOTES

**शिक्षण-सिद्धान्त**—प्रमुख शिक्षण निम्नांकित हैं—

(1) यह मनोविज्ञान के सिद्धान्तों पर आधारित है। छात्र ही क्षमताओं के विकास का पूर्ण मौका दिया जाता है।

(2) यह विधि प्रजातान्त्रिक सिद्धान्तों पर आधारित है। प्रत्येक बालक को समान अधिकार होता है।

(3) इसमें छात्र की क्रियाशीलता पर विशेष बल दिया जाता है। शिक्षक का स्थान एक सहायक के रूप में रहता है।

## वाद-विवाद हेतु तैयारी (Prepration for the Discussion)

बिना किसी योजना तथा पूर्व तैयारी के किसी कार्य को सम्पादित करने हेतु प्रयास करना असफलता का द्योतक है। किसी कार्य में सफलता के लिए कार्य को सम्पादित करने से पूर्व योजना बना लेना जरुरी है। बीच में बाधा न पड़े, इसके लिए पूर्व तैयारी करना आवश्यक होता है। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रारम्भ करने से पूर्व योजना बना लेना तथा वाद-विवाद हेतु आवश्यक तैयारी कर लेना सफलता का द्योतक है, अतः अध्यापक को वाद-विवाद कराने से पहले एक सुनियोजित व्यवस्था कर लेनी चाहिए।

वाद-विवाद प्रारम्भ करने से पूर्व अध्यापक को कक्षा का वातावरण ऐसा बना देना चाहिए जिसमें सभी छात्र स्वतन्त्रपूर्वक अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकें। वातावरण जितना सुखदायी (Pleasant) होगा, परिणाम भी उतने ही अच्छे निकलेंगे। अध्यापक को छात्रों के बैठने की उचित व्यवस्था करनी चाहिए। सर्वोत्तम व्यवस्था वह है जिसमें समस्त छात्र एक-दूसरे को देख सकें। इसके लिए अर्द्ध-चन्द्राकार रूप में छात्रों के बैठने की व्यवस्था करनी चाहिए और अध्यापक को ऐसे स्थान पर बैठना चाहिए जहाँ से वह सभी छात्रों पर दृष्टि रख सके।

वाद-विवाद प्रारम्भ करने के लिए यह भी आवश्यक है कि विषय-वस्तु छात्रों को स्पष्ट हो अतः अध्यापक का विषय-वस्तु प्रस्तुत करते समय ही एक प्रस्तावनात्क भाषा द्वारा छात्रों को समस्या का रूप बता देना चाहिए।

समस्या का निर्माण किसी क्रिया से सम्बन्धित होना चाहिए। यदि समस्या किसी से सम्बन्धित हैं तो छात्र उसमें अधिक रुचि लेगें।

वाद-विवाद हेतु पहले से तैयारी करना जिस प्रकार अध्यापक के लिए जरुरी है ठीक उसी प्रकार छात्रों के लिए तैयारी करना भी आवश्यक है। छात्र दी हुई

NOTES

समस्या का जब तक भली प्रकार अध्ययन करके नहीं आते वह वाद-विवाद में भली प्रकार भाग न ले सकेंगे, अत: छात्रों को पहले से ही समस्या दे देनी चाहिए और छात्रों को उस समस्या का अध्ययन करके वाद-विवाद हेतु तैयारी कर लेनी चाहिए। वाद-विवाद के लिए छात्र किस प्रकार अध्ययन करें, इस सम्बन्ध में वेस्ले (Wesley) तथा रॉन्स्की (Wronski) महोदय ने निम्नांकित सुझाव दिये हैं —

1. विषय-वस्तु तथा समस्या का हर समय ध्यान रखो,
2. प्रत्येक सर्वोत्तम साधन से सूचनाएँ एकत्रित करो,
3. मासिक पत्रिकाएँ तथा पुस्तिकाएँ आदि पढ़ो,
4. समाचार-पत्रों का अध्ययन करो,
5. पाठ के महत्त्वपूर्ण अंगों को ध्यान से पढ़ो,
6. सोद्देश्य रूप से पढ़ो, निरर्थक तथ्यों को छोड़ दो,
7. आलोचनात्मक रूप से पढ़ो,
8. वस्तुनिष्ठ रूप से पढ़ो,
9. तथ्यों तथा विवादों में स्तर करके पढ़ो,
10. लेखक के विचारों को समझने हेतु धैर्यपूर्वक पढ़ो,
11. पढ़ने से अपनी सूचनाओं के भण्डार में वृद्धि करो,
12. पढ़कर निष्कर्ष निकालिए एवं सामान्यीकरण कीजिए,
13. अन्त में गठ का सारांश निकालिए,
14. मुख्य बिन्दुओं को तार्किक रूप से समझाइए,

### वाद-विवाद का संचालन (Organisation of Discussion)

वाद-विवाद का प्रारम्भ छात्र तथा अध्यापक दोनों में से कोई भी कर सकता है। वाद-विवाद का प्रारम्भ छात्र या अध्यापक कोई कहानी कहकर, कोई समस्या खड़ी करके, कोई चित्र दिखाकर, कोई वस्तु दिखाकर या किसी घटना का उल्लेख करके कर सकते हैं। किस प्रकार वाद-विवाद प्रारम्भ किया जाए, यह वाद-विवाद के उद्देश्यों पर निर्भर करता है। वाद-विवाद प्रारम्भ हो जाने पर उसे आगे अपने उद्देश्यों तक पहुँचाने की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए योग्य संचालन जरूरी है। संचालन इस प्रकार किया जाए कि वाद-विवाद में भाग लेने वाले सभी छात्र अपने विचारों को सरलता, स्वतन्त्रता तथा इच्छानुसार व्यक्त कर

सकें। संचालन को वाद-विवाद द्वारा पूर्व-निर्धारित उद्देश्यों की तरफ सदैव ध्यान रखना चाहिए।

NOTES

वाद-विवाद को उद्देश्यों की तरफ ले जाने हेतु के बीच-बीच में प्रश्नों का सहारा लिया जा सकता है और अन्त में सम्पूर्ण वाद-विवाद का सारांश भी निकाला जा सकता है। इस प्रकार वाद-विवाद के संचालन में अग्रलिखित चार सोपान सम्मिलित होते हैं –

1. प्रारम्भ (Orientation);
2. विश्लेषण (Analysis);
3. व्याख्या (Explanation);
4. सारांश (Summary)।

वाद-विवाद के संचालन की व्यवस्था का जहाँ तक प्रश्न है, वाद-विवाद के लिए कक्षा को या तो विभित्र उप-समूहों में विभाजित किया जा सकता है या सम्पूर्ण कक्षा एक साथ ही वाद-विवाद कर सकती है। यदि कक्षा उप-समूहों में विभाजित की जाती है, तो प्रत्येक उप-समूह में चार-पाँच से अधिक छात्र नहीं रखने चाहिए। प्रत्येक उप-समूह दी हुई समस्या के सम्बन्ध में परस्पर वाद-विवाद कर एक निष्कर्ष पर पहुँचेगा और अन्त में अपनी रिपोर्अ समस्त कक्षा के सम्मुख प्रस्तुत करेगा।

**मूल्यांकन (Evaluation)**

वाद-विवाद का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वांछनीय परिवर्तन लाना है। यदि वाद-विवाद किसी भी प्रकार के परिवर्तन नहीं लाता है, तो निरर्थक माना जायेगा और यदि परिवर्तन लाता है, तो प्रश्न उठता है कि छात्रों में कितना परिवर्तन हुआ ? उस वांछित परिवर्तन का मूल्यांकन करना आवश्यक हो जाता है। वांछित परिवर्तनों का मूल्यांकन छात्र स्वयं आ अध्यापक कोई भी कर सकता है। मूल्यांकन के लिए हम विभित्र प्रकार की प्रश्नावलियों (Questionnaries) का प्रयोग कर सकते हैं और ज्ञात कर सकते हैं कि विभित्र क्षेत्रों में क्या परिवर्तन हुए ? उदाहरणस्वरूप विषय वस्तु के ज्ञान में कितनी वृद्धि हुई, कितना बौद्धिक विकास हुआ, कितनी बौद्धिक क्षमताएँ बढ़ीं, रुचियों में क्या बदलाव हुए, अभियोग्यता तथा मूल्यों में क्या परिवर्तन हुए आदि-आदि।

**चित्र—वाद-विवाद पार्श्व-चित्र**

1. वाद-विवाद निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने में कहाँ तक सफल रहा ?

NOTES

2. वाद-विवाद में कहाँ-कहाँ कठिनाइयाँ एवं कमियाँ आयीं और इनके क्या कारण
3. क्या प्रत्येक छात्र ने भाग लिया ?
4. क्या कुछ एक छात्र की वाद-विवाद पर छाये रहे ?
5. अन्तिम दो प्रश्नों के उत्तर के लिए हम एक वाद-विवाद पार्श्व रेखाचित्र बनाते हैं।

इसमें दिखाए गए तीर इंगित करते हैं कि किसने कितने प्रश्न पूछे। एक छात्र से दूसरे छात्र तक दिखाए तीर परस्पर पूछे गये प्रश्नों की संख्या इंगित करते हैं, जैसे सावित्री ने पाँच प्रश्न सामान्य रूप से पूछे, तीन प्रश्न राम से पूछे तथा राम ने तीन प्रश्न सावित्री से पूछे।

**पद्धति के गुण (Merits of the Method)**

वाद-विवाद पद्धति में निम्नालिखित गुण पाये जाते हैं—

1. पद्धति व्यक्तिगत विभिन्नताओं पर निर्भर है,
2. पद्धति स्वतन्त्र अध्ययन पर बल देती है,
3. पद्धति छात्रों में तर्क-शक्ति का विकास करती है,
4. पद्धति छात्रों के सिद्धान्त पर आधारित है,
5. पद्धति स्वाध्याय का विकास करती है,
6. पद्धति छात्रों को विषय-वस्तु का चयन करना सिखाती है,
7. पद्धति छात्रों में सहयोगपूर्ण प्रतियोगिता का विकास करती हैं

**पद्धति के दोष (Demerits of the Method)**

1. निरर्थक वाद-विवाद में समय नष्ट किया जा सकता है,
2. सम्पूर्ण विषय-वस्तु का अध्यापन सम्भव नहीं है,
3. सभी अध्यापक कुशलतापूर्वक वाद-विवाद का संचालन नहीं कर सकते,
4. पद्धति अधिक समय चाहती है,
5. वाद-विवाद में कुछ ही छात्र प्रमुख रूप से भाग लेकर अन्य छात्रों को अवसर प्राप्त नहीं करने दे सकते हैं,

**कुछ सुझाव (Some Suggestions)**

वाद-विवाद पद्धति को अपनाते समय अध्यापक को नीचे लिखे सुझावों को ध्यान में रखना चाहिए–

NOTES

1. समस्या को भली प्रकार निर्माण किया जाए,
2. वाद-विवाद प्रारम्भ होने से पूर्व सभी जरूरी तैयारियाँ कर ली जाएँ,
3. वाद-विवाद का संचालन नियमानुसार जनतान्त्रिक विधि से किया जाए,
4. निरर्थक एंव असम्बन्धित वाद-विवाद को चुतराई से रोका जाए,
5. सभी छात्रों को समान रूप से भाग लेने के अवसर प्रदान किए जाएँ,
6. मूल्यांकन बिना किसी पक्षपात के किया जाए।

### (3) समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि (Socialized Recitation Method)

आधुनिक युग में कक्षा-कक्ष में समाजीकृत प्रक्रियाओं के प्रयोग की विधि दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिसके फलस्वरूप शिक्षण में एक नवीन एवं गत्यात्मक विधि (Dymaic Method) को प्रमुख स्थान दिया गया, जो समाजीकृत अभिव्यक्ति के नाम से प्रसिद्ध है। वेस्ले का मत है कि समाजीकृत अभिव्यक्ति के नाम से प्रसिद्ध है। वेस्ले का मत है कि समाजीकृत अभिव्यक्ति एक आदर्श है जो, शिक्षण में ऐसे प्रयोग की कल्पना है, जिससे कक्षा के सभी बालक सहयोग तथा सद्‌भावना से ज्ञानार्जन कर सकें। इसके द्वारा कक्षा के वातावरण की कृत्रिमता को समाप्त किया जाता हैं और उसके स्थान पर स्वाभाविकता पैदा की जाती है, जिससे बालक अपने स्वभाव एवं रुचि के अनुसार स्वतन्त्रापूर्वक सहयोगी ढंग से ज्ञानार्जन करता है।

**समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि का अर्थ (Meaning of Socialized Recitation Method)**—बाइनिंग एवं बाइनिंग ने लिखा है, "समाजीकृत अभिव्यक्ति को सामाजिक वाद-विवाद (Social Discussion) कहा जा सकता है। समाजीकृत अभिव्यक्ति की शुद्ध परिभाषा के सम्बन्ध में मतभेद है। कुछ इसके अर्थ को संकुचित रूप में व्यक्त करते हैं। उनका विचार है कि समाजीकृत अभिव्यक्ति वह प्रक्रिया है, जिसमें शिक्षक अपना भर सम्पूर्ण कक्षा अथवा छात्रों की समिति को सौंपकर स्वयं को कक्षा की कार्यवाही से भार-मुक्त कर लेता है। कुछ विद्वान इसको उदाहरण की दृष्टि से देखते हैं। उनके दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति करते हुए बाइनिंग व बाइनिंग ने लिखा है, "कोई भी कक्षा-सूत्र जो एक वर्ग के एक कक्ष में सामूहिक चेतना तथा वैयक्तिक उत्तरदायित्व का प्रदर्शन करे, समजीकृत अभिव्यक्ति है।"

NOTES

मुफात ने इसके अर्थ को स्पष्ट करते हुए लिखा है, "समाजीकृत अंभिव्यक्ति व्याख्यान पद्धति की अपेक्षा छात्रों के सहयोग हेतु अधिक अवसर प्रदान करती है। यह एक सामान्य सामूहिक वाद-विवाद विधि है, जिसमें सभी बालक अपना योगदान देकर, प्रश्न पूछकर तथा समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करके सहयोगी ढंग से भाग लेते हैं। यह विधि किसी प्रकार के प्रस्तावना, किसी महत्वपूर्ण घटना पर बातचीत करके तथा किसी समस्या के अध्ययन में प्रयुक्त की जा सकती है।"

**समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि का प्रयोग**-बाइनिंग व बाइनिंग ने इस पद्धति के प्रयोग के निम्नलिखित रूप बताये हैं—

(1) **औपचारिक वर्ग योजना (Formal Group Plan)**—इसके अन्तर्गत छात्र अपने को व्यवस्थित करके कार्य प्रारम्भ करते हैं। जिस प्रकार प्रौढ़ अपने क्लब, कौंसिल तथा सीनेट बनाकर किसी समस्या का व्यवस्थित तरीके से हल करते हैं, उसी प्रकार छात्र भी अपने को संगठित करके निर्धारित समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हैं। इस रूप में छात्र निर्धारत नियमों के अनुसार अपनी कार्यवाही करते हैं। इसमें छात्र अध्यक्ष की आज्ञा प्राप्त किए बिना अपने प्रस्ताव, विचार तथा सुझाव नहीं रखते हैं। साथ ही उसी को सम्बोधित करके बोलते हैं।

(2) **अनौपचाकिर वर्ग-योजना**—इसके अन्तर्गत कोई व्यवस्थित योजना नहीं होती है। छात्र तथा अध्यापक स्वतन्त्र रूप से किसी भी समस्या पर विचार कर सकते हैं।

(3) **आत्म-निर्देशन वर्ग योजना**—यह उच्च कक्षाओं हेतु बहुत लाभदायक है। इसमें शिक्षक को बहुत कम बोलना पड़ता है। छात्र समस्याओं पर वाद-विवाद करके उनका स्वयं हल निकालते हैं। यह छोटी कक्षाओं के लिए उपयोगी नहीं है।

(4) **सेमीनार वर्ग योजना**—यह अधिकतर कॉलेज स्तर पर प्रयोग में लायी जाती है। इसमें एक वर्ग की एक समस्या दी जाती है। यह वर्ग उसके विषय में पूर्ण अन्वेषण करके वाद-विवाद तथा आलोचना हेतु सेमीनार में रखता है। उस पर सब अपने-अपने विचार प्रकट करते हैं। कुछ उसके पक्ष में बोलते हैं और कुछ विपक्ष में। उन समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिए जाते हैं। अन्त में सामूहिक रूप से रिपोर्ट तैयार की जाती है।

**समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि के गुण**—इसकी निम्नलिखित विशेषताएँ हैं—

1. छात्र योजना बनाना सीखे जाते हैं।

2. छात्रों की प्रेरणा-शक्ति को प्रोत्साहित किया जाता है।
3. छात्रों की समान उद्देश्य एवं रुचियों की खोज की जाती है।
4. छात्र आत्म-निर्णय करना सीख जाते हैं।
5. छात्र वाद-विवाद में भाग लेना सीख जाते हैं।
6. छात्रों में स्वतन्त्र विचरण की नींव डाली जाती है।
7. छात्रों में आत्म-विश्वास पैदा किया जाता है।
8. छात्र अपने विचारों तथा निर्णयों को संगठित तथा लिखित रूप में रखना सीख जाते हैं।
9. छात्रों में सहयोग की भावना विकसित की जाती है।

**समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि का दोष**—इसकी प्रमुख सीमाएँ इस प्रकार हैं-

1. यह विषय-वस्तु पर समुचित अधिकार (Adequate Mastery) करने हेतु उपयुक्त नहीं है।
2. इसके विपक्ष में कहा जाता है कि कुछ छात्र ही सम्पूर्ण कार्य को संचलित करते हैं। अन्य छात्रों को इससे कोई लाभ नहीं होता है।
3. इसके प्रयोग से छात्र कार्य के वाद-विवाद में समय को नष्ट करते हैं।

## 9. स्त्रोत पद्धति (SOURCE METHOD)

स्त्रोत पद्धति का विकास मुख्य रूप से इतिहास पढ़ाने के लिए किया गया। इतिहास अन्य विषयों की भाँति सामाजिक विज्ञान का एक अंग है। इसलिए स्त्रोत पद्धति का प्रयोग सामाजिक विज्ञान में भी विभिन्न विषयों के शिक्षण ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के शिक्षण करने हेतु किया जाता है।

स्त्रोत पद्धति इतिहास-शिक्षण की एक प्रभावशाली, सशक्त तथा महत्वपूर्ण पद्धति है। इस पद्धति का मुख्य आधार स्त्रोत है। इसलिए पद्धति के अन्य पक्षों का अध्ययन करने से पूर्व हम स्त्रोत के अर्थ का अध्ययन करेंगे।

### स्त्रोत का अर्थ

इतिहास अतीत क घटनाओं तथा तथ्यों का सत्यापित अध्ययन है। अतीत में जो घटनायें घटित हुई हैं या जो तथ्य रहे हैं, उनका पता लगाना एक कठिन कार्य हैं क्योंकि जब ये घटनायें अथवा तथ्य घटित हुए तब हम जीवित नहीं थे, इसलिए इनका सही अध्ययन करने के लिए हम कुछ ऐसे अवशेष अभिलेख एवं अन्य

NOTES

ठोस प्रमाणों का सहारा लेकर ही सत्य ही ओर अग्रसित होते हैं। वर्तमान में रहने वाला इतिहासकार इस बात की सही जानकारी कैसे करे कि शताब्दियों पूर्व इस विश्व में क्या घटित हुआ था। यह बात वह अपनी कल्पना, लोकोक्तियों य कहानियों के आधार पर तो कहने से रहा, क्योंकि इतिहास एक वैज्ञानिक विषय है इसलिये अतीत की घटनाओं को वैज्ञानिक तरीके से तथा रूप में प्रस्तुत करना उसका कर्त्तव्य है। इसके लिये उसे उस समय के ठोस वैज्ञानिक तथा विश्वसनीय प्रमाणों को आधार मानकर घटनाओं की सत्यता ज्ञात करनी होती है। अतीत की घटनाओं की सत्यता की जाँच वह उन प्रतीकों की सत्यता ज्ञात करनी होती है। अतीत की घटनाओं की सत्यता की जाँच वह उन प्रतीकों तथा चिन्हों के आधार पर करता है जो अतीत द्वारा शेष छोड़े गये हैं। इन चिन्हों तथा प्रतीकों को ही इतिहास में स्त्रोत कहते हैं।

स्त्रोत की परिभाषा में देते हुए एस. बी. सी. ऐथा (S. B. C. Etha) ने लिखा है, "स्त्रोत अतीत की घटनाओं द्वारा छोड़े गये अवशेष हैं। माना कि इतिहास की घटनाएँ वास्तविक रूप में घटित होती हैं, किन्तु वे दीर्घ काल तक अपने वास्तविक स्वरूप में नहीं रह पाती हैं किन्तु इन घटनाओं द्वारा छोड़े गये अवशेष चिन्ह ही इन्हें वास्तविकता प्रदान करते हैं। इतिहास उन्हीं अवशेष चिन्हों पर कार्य करते हैं, और इन्हीं अवशेष चिन्हों की सहायता से अतीत की घटनाओं का ताकिर्क तथा क्रमबद्ध ज्ञान प्रस्तुत करते हैं।"

**स्त्रोतों का वर्गीकरण**—वैसे तो इतिहास द्वारा छोड़े गये शेष चिन्ह कई प्रकार के होते हैं और उन सबका वर्गीकरण करना कठिन अवश्य है, फिर भी अध्ययन की सुविधा के लिए हम उन्हें तीन वर्गों में विभाजित कर सकते हैं—

1. पुरातात्विक स्त्रोत।
2. साहित्यिक स्त्रोत।
3. मौखिक परम्परायें।

इन तीनों ही प्रकार के स्त्रोतों का संक्षिप्त परिचय आगे दिया गया है—

1. **पुरातात्विक स्त्रोत (Archaeological Sources)**

इस वर्ग के अन्तर्गत हम अग्रलिखित स्त्रोंतो को शामिल करते हैं—

**(अ) स्मारक सम्बन्धी स्त्रोत (Monumental Sources)**—इतिहास द्वारा छोड़े गये प्राचीन भवन, खण्डहर, बर्तन, मूर्तियाँ, सिक्के आदि को इसमें शामिल करते हैं। भारत में नदी-घाटी सभ्यता का अध्ययन प्रमुख रूप से इसी स्त्रोत द्वारा किया जा रहा है।

**(ब) अभिलेख (Epigraphic Sources)**—प्राचीन समय में चट्टानों, पत्थरो, भवनों, दीवारों एवं शिलालेखों पर लिखे हुए लेख भी अतीत की घटनाओं का अध्ययन करने हेतु ठोस प्रमाण है। स्तम्भ तथा ताम्रपत्र इत्यादि इसी वर्ग में आते हैं।

NOTES

**(स) मौखिक स्त्रोत (Numilitic Sources)**—प्राचीन समय के सिक्के उस युग की विशेषताओं का ज्ञान कराते हैं। मुद्राओं से उस समय में धातु प्रचलन, लिपियों प्रतीक चिन्हों तथा काल इत्यादि की अच्छी जानकारी होती है।

**2. साहित्यिक स्त्रोत (Literary Sources)**

इस वर्ग के अन्तर्गत हम निम्नलिखित स्त्रोतों को सम्मिलित करते हैं—

**(अ) धार्मिक साहित्य (Religious Literature)**—इस प्रकार के साहित्य के अन्तर्गत हम धार्मिक ग्रन्थों को शामिल करते हैं। ये ग्रन्थ उस समय की धार्मिक स्थिति, धार्मिक मान्याताओं तथा धार्मिक विधियों के अलावा लोगों की आस्था, रहन-सहन, जीवन-दर्शन, जीवन-शैली का तो अध्ययन करते ही हैं, साथ ही ये धर्म-ग्रन्थ तत्कालीन राजनैतिक, आर्थिक तथा सामाजिक जीवन पर भी महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हैं। रामायण, रामचरितामानस तथा महाभारत इसके उदाहरण हैं।

**(ब) लौकिक साहित्य (Secular Literature)**—प्राचीन समय का ऐसा साहित्य जो किसी धर्म से सम्बन्धित नहीं हैं, लौकिक अथवा धर्म निरपेक्ष साहित्य कहलाता है। इस प्रकार के साहित्य को हम दो वर्गों में विभाजित कर सकते हैं—

(i) **निजी साहित्य**—यह वह साहित्य है जिसकी रचना किसी व्यक्ति विशेष ने लेखक या कवि के रूप में की है, जैसे-कालिदास की शकुन्तला, कौटिल्य का अर्थशास्त्र, पाणिनी का अष्टाध्यायी, बाबर की बाबरनामा, अबुल फजल का अकबरनामा आदि रचनायें इसी श्रेणी में आती हैं।

(ii) **सार्वजनिक साहित्य (Official Literature)**—सार्वजनिक साहित्य में अतीत में राजा, महाराजाओं या उनके अधिकारियों द्वारा जारी किये गये फरमान, आदेश, सनद, सन्धियाँ, पत्र तथा न्यायालय के निर्णय आदि को शामिल करते हैं।

**(स) विदेश प्रमाण साहित्य (Foreign Testimony)**—इस वर्ग के अन्तर्गत हम विदेशी यात्रियों, इतिहासवेत्ताओं, अनुसन्धानकर्ताओं आदि

NOTES

द्वारा प्रस्तुत विवरण आदि को शामिल करते हैं। इस सम्बन्ध में अलबरूनी, ह्वेनसांग, फाहियान, मैगस्थनीज तथा पेट्रोकिल्स के नाम विशेष रूप से लिया जा सकते हैं जिनहोंने भारतीय इतिहास का पर्याप्त विवरण दिया है।

3. **मौखिक परम्परायें (Oral Traditions)**

मौखिक परम्परायें भी इतिहास की अच्छी जानकारी देती हैं। कर्नल टाड द्वारा लिखित 'राजस्थान का इतिहास' मुख्यत: मौखिक परम्पराओं पर आधारित है। ऐतिहासिक महत्त्व की कई बातें या तो परम्परायें बन जाती हैं या लोक-कहानियों तथा रीति-रिवाजों का अंग बन जाती हैं। ये कम-से-काम स्थानीय इतिहास की जानकारी के तो बड़े ही उपयोगी स्त्रोत हैं।

कुछ विद्वानों ने स्त्रोतों को दूसरे प्रकार से वर्गीकृत किया है। इनके अनुसार स्त्रोत दो प्रकार के होते हैं—

(1) मौलिक स्त्रोत

(2) सहायक स्त्रोत

भवन, सिक्के, नगर-योजनायें, स्मारक, अवशेष, मूलरूप में आज्ञा-पत्र, फरमान, पत्रादि समस्त मौलिक स्त्रोत हैं, किन्तु ग्रन्थ, कहानियाँ, विवरण, जीवन-चरित्र आदि सभी सहायक या गौण स्त्रोत की श्रेणी में आते हैं।

## स्त्रोतों का प्रयोग कब ?

स्त्रोतों का प्रयोग कब किया जाय ? यह एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है। वैसे इतिहास के अध्ययन के प्रत्येक अवसर पर इनका प्रयोग किया जा सकता है, किन्तु जहाँ तक इतिहास-शिक्षण का प्रश्न है, स्त्रोतों का प्रयोग हम पाठोपस्थान, पाठ के विकास एवं शिक्षण की समापन अवस्था पर कर सकते हैं।

(1) **प्रारम्भ में—**इतिहास के पाठ (प्रकरण) का शिक्षण शुरू करने से पूर्व पाठोपस्थान या प्रस्तावना स्तर पर किया जा सकता है। इस स्तर पर स्त्रोतों का प्रयोग छात्रों के पूर्व ज्ञान का पता लगाने, छात्रों में जिज्ञासा तथा रुचि जाग्रत करने तथा कक्षा के वातावरण को इतिहास-शिक्षण वेह लिए उपयुक्त बनाने के लिए किया जा सकता है।

(2) **पाठ का विकास—**पाठ के विकास की अवस्था में ऐतिहासिक स्त्रोतों का प्रयोग और भी अच्छी प्रकार किया जा सकता है। इस स्तर पर स्त्रोतों का प्रयोग विषय-वस्तु को बोध-गम्य बनाने, शिक्षण को प्रभावी बनाने, छात्रों के

ध्यान को बनाये रखने, छात्रों को नया ज्ञात देने तथा छात्रों की जिज्ञासा शान्त करने के लिए किया जा सकता है।

**(3) पाठ के समापन पर**—पाठ को पूरा कर लेने के उपरान्त ऐतिहासिक स्त्रोतों का प्रयोग पुनरावृत्ति, ज्ञान के दृढ़ीकरण, सार-लेखन तथा गृह-कार्य हेतु किया जा सकता है। इस स्तर पर इनका प्रयोग प्रतिभावना छात्रों के लिये अपेक्षाकृत अधिक उपयोगी रहता है।

NOTES

### स्त्रोत विधि के गुण (Merits of Source Method)

इतिहास-शिक्षण की स्त्रोत पद्धति में नीचे लिखे गुण या उपयोगितायें हैं—

1. यह पद्धति इतिहास का व्यावहारिक तथा वास्तविक ज्ञान प्रदान करती है।
2. यह पद्धति इतिहास-शिक्षण के लिए उपयुक्त वातावरण निर्मित करती है।
3. यह पद्धति छात्रों की जिज्ञासा बढ़ाने एवं जिज्ञासा शान्त करने के लिए उत्तम है।
4. यह पद्धति छात्रों को इन्द्रिय-ज्ञान देती है। वे विभित्र साक्ष्यों को देखकर, छूकर तथा पढ़कर उसके सम्बन्ध में वास्तविक ज्ञान प्राप्त कर सकते है।
5. यह पद्धति शिक्षण को रोचक तथा प्रभावी बनाती है।
6. यह पद्धति छात्रों की सक्रियता बढ़ाती है। वे निष्क्रिय श्रोतामात्र नहीं रहते है।
7. यह पद्धति शिक्षण की परम्परागत शिक्षण विधियों (भाषण तथा पाठ्य-पुस्तक पद्धति) के दोषों को दूर करती हैं।

### स्त्रोत पद्धति के दोष (Demerits of Source Method)

स्त्रोत पद्धति इतिहास-शिक्षण की एक प्रमुख पद्धति है। इसमें इतिहास-शिक्षण को प्रभावी बनाने के कई गुण हैं, किन्तु साथ-ही-साथ इस पद्धति में कुछ कमियाँ भी नजर आती हैं जिसमें से कुछ निम्नलिखित हैं—

1. यह पद्धति समय अधिक लेती है।
2. अध्यापक के लिए पर्याप्त स्त्रोतों की व्यवस्था करना न केवल कठिन ही है अपितु खर्चीला भी है। सभी विद्यालय स्त्रोतों की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं।
3. छात्र विभित्र स्त्रोतों तथा घटनाओं में सम्बन्ध स्थापित करने में कठिनाई का अनुभव करते हैं।

4. हर कोई अध्यापक इस पद्धति का प्रयोग नहीं कर सकता है। इस पद्धति का प्रयोग केवल निपुण अध्यापक ही कर सकते है।

5. छात्रों को भाषा सम्बन्धी कठिनाई आ सकती है। जिस समय का स्त्रोत है उस समय भी भाषा आजकल के छात्रों की समझ में नहीं आती है।

6. यह पद्धति छोटी कक्षाओं में इतिहास पढ़ाने हेतु उपयुक्त नहीं है। इसका प्रयोग माध्यमिक कक्षाओं से ही प्रारम्भ किया जा सकता है।

7. भारत जैसे देश में जहाँ सम्पूर्ण शिक्षा-प्रणाली परीक्षा-केन्द्रित है, यह पद्धति अधिक अनुकूल नहीं है।

**कुल सुझाव (Some Suggestions)**

स्त्रोत पद्धति का प्रयोग करते समय नीचे लिखे सुझावों को ध्यान में रखना चाहिये –

1. इस पद्धति का प्रयोग छोटी कक्षाओं में न किया जाए।
2. उपलब्ध स्त्रोत की शिक्षक पहले ही अच्छी जानकारी कर ले।
3. इसका प्रयोग निपुण अध्यापक ही करे।
4. इसके साथ अन्य पद्धतियों का भी प्रयोग किया जाए।
5. स्त्रोतों का प्रयोग बड़ी सावधानी से करना चाहिये।

उपर्युक्त सुझावों को ध्यान में रखकर यदि हम इतिहास-शिक्षण हेतु स्त्रोत पद्धति का प्रयोग करते हैं तो यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि यह पद्धति इतिहास-शिक्षण के लिए अति उत्तम है।

## 2. योजना पद्धति (PROJECT METHOD)

विभित्र शिक्षण-पद्धतियों में योजना-पद्धति सबसे अधिक विवादग्रस्त एवं प्रचलित पद्धति है। योजना पद्धति का जन्म दार्शनिक विचारधाराओं के प्रयोजनवादी सम्प्रदाय (Pragmatic School) के प्रयासों के परिणामस्वरूप हुआ। योजना पद्धति को शिक्षा के क्षेत्र में और विशेष रूप से सामाजिक विषयों के शिक्षण के क्षेत्र में लाने का श्रेय प्रमुख प्रयोजनवादी तथा शिक्षाशास्त्री जान ड्यूवी (John Dewey) को है।

योजना पद्धति को समझने के लिए पहले 'योजना' का अर्थ जानना जरूरी है। 'योजना' की विभित्र विद्वानों ने पृथक्-पृथक् परिभाषाएँ दी है, किन्तु किलपैट्रिक तथा स्टीवेन्सर द्वारा दी गयी परिभाषाएँ वर्तमान समय से अधिक प्रचलित हैं। डॉ.

डब्ल्यू. एच. किलपैट्रिक योजना की परिभाषा देते हुए कहते हैं, "योजना एक ऐसी सोद्देश्य क्रिया है, जो सामाजिक वातावरण में पूर्ण तन्मयता के साथ सम्पत्र की जाती है।" इस परिभाषा को और अधिक स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करते हुए जे. ए. स्टीवेन्सन ने लिखा है, "योजना एक ऐसा समस्यात्मक कार्य है, जो प्राकृतिक व्यवस्थाओं में पूरा किया जाता है।"

NOTES

प्रारम्भिक अवस्था में योजना पद्धति कक्षा के बाहर किये गये कार्यों तक ही सीमित थी, किन्तु वर्तमान कक्षा के बाहर एवं अन्दर के समस्त कार्य इस पद्धति से होने लगे हैं। अब योजना का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक बना दिया गया है और सम्पूर्ण शिक्षण-कार्य वास्तविक एवं प्रयोगात्मक अवस्थाओं में सम्पत्र किया जाता है। अवस्थाओं को वास्तविक एवं प्रयोगात्मक बनाने के लिए सदैव ध्यान में सम्पत्र किया जाता है। अवस्थाओं को वास्तविक एवं प्रयोगात्मक बनाने के लिए सदैव ध्यान में रखा जाता है। दूसरे शब्दों में योजना केवल उन्हीं अवस्थाओं के लिए बनायी जाती है, जो व्यावहारिक तथा वास्तविक होती हैं, जैसे—साइकिल-स्टैण्ड बनाना, पार्सल से माल मँगाना इत्यादि।

**योजनाओं के प्रकार (Types of Projects)**

योजनाएँ चार प्रकार की हो सकती हैं—

1. **उत्पादक-योजनाएँ (Producer's Type Projects)**—वे योजनाएँ जिनमें छात्र कुछ उत्पादन-कार्य करें, उत्पादक योजनाएँ कहलाती है। इस प्रकार की योजनाओं में हम मकान बनाना, बाग लगाना आदि योजनाएँ शामिल करते हैं।
2. **उपभोक्ता योजनाएँ (Consumers' Type Projects)**—कुछ योजनाएँ ऐसी होती हैं, जिनसे छात्र कुछ प्राप्त करता है, कुछ अनुभव लेता है, कुछ सीखता है अथवा मनोरंजन करता है। इस प्रकार की योजनाओं में हम यात्रा करने की योजना, दावत की योजना, नाटक की योजना आदि योजनाएँ सम्मिलित करते हैं।
3. **समस्या-योजनाएँ (Problem Type Projects)**—इस प्रकार की योजनाओं में नवीन अनुभव प्रदान करने वाली योजनाओं की व्यवस्था नहीं की जाती है, वरन् ये योजनाएँ पूर्वानुभवों के दृढ़ीकरण के लिए अपनायी जाती हैं। यहाँ हम पुनः उसी ज्ञान को सीखते हैं, जिसे हम पहले ही अन्य किसी योजना के माध्यम से सीख चुके हैं।

**सामाजिक विज्ञान शिक्षण में योजना पद्धति (Project Method is Social Science Teaching)**—अब तक के विवेचन से योजना पद्धति का रूप पर्याप्त मात्रा में स्पष्ट हो जाता है। नीचे हम अध्ययन करेंगे कि योजना पद्धति से सामजिक

NOTES

विज्ञान विषय का शिक्षण किस प्रकार किया जात सकता है। समस्या निर्माण करने का कार्य बड़ी सावधानी से किया जाता है। समस्या-निर्माण इस विधि से किया जाता है कि समस्या कृत्रिम तथा काल्पनिक मालूम न होकर वास्तविक एवं सजीन मालूम पड़े। कभी-कभी एक साथ ही अनेकों समस्याओं का निर्माण कर लिया जाता है और उनमें से कोई एक सर्वोत्तम समस्या चुन ली जाती है। समस्या का चयन हो जाने के उपरान्त योजना का कार्याविन्त करने की व्यवस्था की जाती है। यहाँ पर हम अपनी योजना को पूरी करने की योजना बनाते हैं। इसी योजना के अन्तर्गत हम अपनी कार्य-विधि का निर्धारण करते हैं। तदोपरान्त योजना को कार्याविन्त किया जाता है। योजना का यह प्रमुख सोपान है। कार्य की समाप्ति पर योजना का मूल्यांकन किया जाता है और अन्त में छात्र अपने कार्यों का लिखित रूप मर्र्व लेखा प्रस्तुत करते है। इस प्रकार सामाजिक विज्ञान शिक्षण की योजना में निम्नांकित छः सोपान होते हैं।

1. परिस्थिति का निर्माण
2. योजना का चुनाव
3. समस्या की योजना बनाना
4. कार्य का मूल्यांकन
5. योजना का कार्यान्वित करना
6. लेखा-प्रस्तुतीकरण

सामाजिक विज्ञान विषय हमें योजना पद्धति अपनाने के कई अवसर प्रदान करता है। इन्हीं अनेक अवसरों में से हम एक अति सुन्दर उदाहरण ले सकते हैं। यह सर्वविदित है कि भारतीय माध्यमिक विद्यालयों की आर्थिक स्थिति अत्यन्त खराब है। इस तथ्य के आधार पर हम कई व्यावहारिक तथा वास्तविक समस्याएँ खड़ी कर सकते है। उदाहरण के लिए हम समस्या ले सकते हैं कि छात्र-संघ के लिए पृथक कक्ष के निर्माण हेतु अर्थाभाव को कैसे दूर किया जाए। इस समस्या के समाधान के लिए योजना बनायी जा सकती है और उसको नाम दिया जा सकता है, "छात्र-संघ के कक्ष के निर्माण हेतु धन संग्रह करना।" समस्या-निर्माण के पश्चात् छात्रों के अनेक दल बना दिये जायेंगे। प्रत्येक दल को समाज का एक-एक समूह दे दिया जायेगा, प्रत्येक दल अपने सामाजिक समूह का अध्ययन करेगा और अपने समूह की चन्दा देने वाली, उपकारी तथा सामाजिक संस्थाओं का पता लगायेगा, दल चन्दा प्राप्त करने के विभिन्न साधनों का पता लगायेगा। तदोपरान्त प्रत्येक दल अपने लिए निर्धारित सामाजिक समूह में जायेगा और चन्दा प्राप्त करने की चेष्टा करेगा। बाद में छात्र हिसाब लगाकर शुद्ध आय का पता लगायेंगे और अन्त में, छात्र

अपने अनुभवों को लिखकर लेखा प्रस्तुत करेंगे। इस योजना से छात्र बहुत कुछ सीखे सकते हैं। उनमें उत्तरदायित्व ग्रहण करने तथा निर्णय लेने की शक्ति का विकास होगा तथा वे समाज-संगठन और सामाजिक संस्थाओं का विस्तृत ज्ञान प्राप्त करेंगे।

NOTES

समाज तथा सुमदाय हमें सामाजिक विज्ञान पढ़ने हेतु अनेक योजनाओं का चयन करने के अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय में पढ़ाये गये कई सामाजिक गुणो का अभ्यास इन योजनाओं के माध्यम से छात्र कर सकते हैं। स्व-सरकार (Self-government) भी वास्तव में सामाजिक विज्ञान की ही एक योजना है। इसके माध्यम से छात्रों में आदर्श नेतृत्व का विकास होता है, उत्तरदायित्व की भावना उत्पन्न होती है, शासन-प्रणाली का ज्ञान होता है तथा जनतन्त्र के सिद्धान्तों एवं तत्त्वों से वे अवगत होते हैं। यहाँ पर हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि छात्रों में विभित्र सामाजिक गुणों का विकास करना केवल सामाजिक विज्ञान विषय का ही कार्य नहीं है हालाँकि यह सत्य है कि इन गुणों का विकास सामाजिक विज्ञान विषय द्वारा सरलता से किया जा सकता है।

सामाजिक गुणों के विकास के लिए किसी सामान्य योजना से काम नहीं चलेगा।

इन गुणों के विकासार्थ हमें अत्यन्त सोच-समझकर अच्छी योजनाएँ बनानी पड़ेगी। एक अच्दी योजना में अनेकों विशेषताएँ होती हैं। नीचे इनका हम अध्ययन करेंगे—

### अच्छी योजनाओं की विशेषताएँ (Characteristics of Good Project)

एक अच्छी योजना में निम्नांकित विशेषज्ञताएँ होती हैं—

1. अच्छी योजना व्यावहारिक एवं वास्तविक होती है। योजना के अन्तर्गत चुनी गयी समस्या ऐसी हो, जिस पर सरलता से प्रयोग किया जा सके। समस्या पूर्णरूपेण सैद्धान्तिक नहीं होनी चाहिए।
2. अच्छी योजना में उपयोगिता नहीं होती है। उपयोगिता के अभाव में योजना कभी भी अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकती है।
3. भारतीय दृष्टिकोण से योजना मितव्ययी होनी चाहिए।
4. अच्छी योजना हमेशा छात्रों के पूर्वानुभवों पर आधारित होती है तथा वह छात्रों को नये-नये अनुभव प्रदान करती है।
5. अच्छी योजना छात्रों के मानसिक स्तर के अनुकूल होती है।

NOTES

### योजना पद्धति के गुण (Merits of the Project Method)

व्यावहारिक शिक्षा की दृष्टि से योजना पद्धति अत्यन्त गुणवान पद्धति है। योजना पद्धति में सामान्यत: निम्नांकित गुण पाये जाते हैं—

1. योजना पद्धति क्रियाशीलता, उपयोगिता, वास्तविकता एवं स्वतन्त्रता के सिद्धान्तों पर आधारित होने के कारण अधिक मनोवैज्ञानिक होती है।
2. योजना पद्धति में सभी क्रियाएँ सोद्देश्य होती है। फलत: यहाँ छात्र अधिक लगन के साथ कार्य करते है।
3. योजना पद्धति छात्रों को व्यावहारिक तथा प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करती है।
4. यह पद्धति 'करके सीखने' के सिद्धान्त पर आधारित है।
5. योजना पद्धति व्यक्तिगत विभित्रता के सिद्धान्त को स्वीकार करती है। इसलिए यह प्रत्येक छात्र को अपना विकास करने के समान अवसर प्रदान करती है।
6. पद्धति में शारीरिक तथा मानसिक क्रियाओं का सुन्दी समन्वय होने के कारण यह पद्धति अधिक रोचक होती है।
7. योजना पद्धति थार्नडाइक के सीखने के तीन महान् सिद्धान्तों पर आधारित है। थार्नडाइक का पहला सिद्धान्त है 'प्रभाव का सिद्धान्त' (Law of effect)। सीखने में प्रभावों का होना जरूरी है। सीखने में सन्तोष एवं सफलता मिलनी चाहिए। पद्धति में शारीरिक कार्य होने के करण छात्रों को स्थूल रूप में सफलात प्राप्त होती है, जो छात्रों को सन्तोष प्रदान करती है। सफलता एवं सन्तोष योजना पद्धति के प्रभाव हैं। इस तरह यह पद्धति थार्नडाइक के प्रभाव के नियम पर आधारित है। थार्नडाइक का दूसरा सिद्धान्त तत्परता का सिद्धान्त (Law of Readiness) है। इस सिद्धान्त के अनुसार छात्रों के सम्मुख विषय-वस्तु प्रस्तुत करने से पूर्व छात्रों को विषय-वस्तु ग्रहण करने हेतु पूरी तरह तैयार कर लेना आवश्यक है। दूसरे शब्दों में छात्रों को पहले से ही ज्ञात होना चाहिये कि उन्हें क्या सीखना है। योजना में छात्रों को पहले से ही ज्ञात रहता है कि उन्हें क्या करना है। तीसरा सिद्धान्त अभ्यास का सिद्धान्त (Law of exercise) है। योजना पद्धति छात्रों को अभ्यास करने के कई अवसर प्रदान करती है।
8. योजना पद्धति में छात्रों में सहयोग, सहानुभूति, सहिष्णुता तथा पारस्परिक प्रेम की भावना जाग्रत होती है। इस प्रकार के सद्गुण जनतन्त्र की

सफलता के लिये अत्यन्त जरूरी होते है। योजना पद्धति हमें जनतन्त्रात्मक जीवन व्यतीत करना सिखाती है।

9. योजना पद्धति शारीरिक श्रम के महत्त्व का ज्ञान कराती है।

10. योजना पद्धति छात्रों को पर्याप्त स्वतन्त्रता प्रदान करनी है।

NOTES

## योजना पद्धति के दोष (Demerits of the Project Method)

उपर्युक्त गुणों के होते हुए भी योजना पद्धति पूर्णरूपेण दोषमुक्त नहीं हैं। योजना पद्धति में अनेक गम्भरी दोष पाये जाते हैं। इन दोषों में अग्रांकित दोष उल्लेखनीय हैं—

1. योजना पद्धति शिक्षण की एक अत्यन्त जटिल एवं यान्त्रिक पद्धति है, फलतः यह पद्धति कष्टसाध्य है। प्रत्येक छात्र इस पद्धति से सफलता प्राप्त नहीं कर सकता है।
2. इस पद्धति से अधिकांश ज्ञान अव्यवस्थित, शृंखलाविहीन तथा अक्रमबद्ध रूप में प्राप्त होता है।
3. योजना पद्धति के अन्तर्गत धन की अधिक मात्रा में जरूरत पड़ती है।
4. सामाजिक विज्ञान विषय की सम्पूर्ण विषय-वस्तु का शिक्षण इस पद्धति से नहीं किया जा सकता है।
5. यह पद्धति अध्यापक के महत्त्व एवं स्थान को कम कर देती है।
6. योजना पूरी करने में काफी श्रम तथा समय की आवश्यकता पड़ती है।
7. योजना के संचालन हेतु पर्याप्त अनुभवी एवं कुशल अध्यापकों की आवश्यकता पड़ती है।
8. योजना निर्माण में छात्रों की क्षमताओं के गलत मूल्यांकन का डर रहता है।
9. निर्धारित समय में योजना पूरी करने की शर्त कभी-कभी योजना को अपने भूल उद्देश्यों से विचलित कर देती है।
10. शिक्षा के उच्च स्तर पर योजनाएँ सफल नहीं रहती है।

## कुछ सुझाव (Some Suggestions)

योजना पद्धति से पढ़ाते समय अध्यापक को निम्नांकित सुझांवों को ध्यान में रखना चाहिए—

**NOTES**

1. योजना का चुनाव छात्रों के अनुकूल हो,
2. योजना का प्रस्तुतीकरण वास्तविक एवं व्यावहारिक हो,
3. अनुभवी एवं योग्य अध्यापकों को व्यवस्था की जाए,
4. योजना ऐसी हो जिसमें छात्र संलग्नता से कार्य कर सके,
5. योजना उपयोगी तथा उद्देश्यपूर्ण होनी चाहिए,
6. योजना प्रारम्भ करने के पूर्व योजना सम्बन्धी सभी आवश्यक तैयारियाँ कर लेनी चाहिए,
7. जहाँ तक सम्भव हो, सामाजिक तथा प्राकृतिक वातावरण बनाया जाए,
8. योजना को अधिक-से-अधिक मितव्ययी बनाने की जेष्टा करनी चाहिए।

**परीक्षापयोगी प्रश्न**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न—**

1. व्याख्यान पद्धति की विस्तृत विवेचना कीजिए।
2. वाद-विवाद पद्धति का संचालन कैसे होता है ? इसके गुण-दोष भी बताइए।
3. स्रोत पद्धति का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न—**

1. योजना पद्धति की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
2. स्रोत पद्धति के दोष संक्षेप में लिखिए।
3. समाजीकृत अभिव्यक्ति विधि का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

# 12 सामाजिक विज्ञान शिक्षण की उपकरण एवं तकनीकियाँ

NOTES

**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**

- प्राक्कथन
- सामाजिक अध्ययन शिक्षण के तरीके
- सिमुलेशन विधि
- प्रयोगशाला विधि
- प्रश्न और उत्तर विधि
- चर्चा विधि
- नाटकीय रूपांतर विधि
- सामाजिक अध्ययन में शिक्षण के लिए संसाधन
- पाठ्यपुस्तक तथा समाचार पत्र
- संसाधन केन्द्र
- दृश्य-श्रव्य उपकरण
- चॉक बोर्ड
- परीक्षा पयोगी प्रश्न

**उद्देश्य—** इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समझ सकेगें:—

- सामाजिक अध्ययन शिक्षण के तरीके
- सिमुलेशन विधि
- प्रयोगशाला विधि
- प्रश्न और उत्तर विधि
- चर्चा विधि
- नाटकीय रूपांतर विधि
- सामाजिक अध्ययन में शिक्षण के लिए संसाधन
- पाठ्यपुस्तक तथा समाचार पत्र
- संसाधन केन्द्र
- दृश्य-श्रव्य उपकरण
- चॉक बोर्ड

## प्राक्कथन

पिछले एक दशक से सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम सामग्री और कार्यप्रणाली में बदल गया है। संस्कृति की मान्यता, विभिन्न जातीय समूहों के अंतर सीधे सामग्री प्रभावित और सामाजिक अध्ययन के लिए दृष्टिकोण गया है। सामाजिक अध्ययन की प्रकृति है कि यह एक अध्ययन जहाँ मनुष्य के स्वभाव ध्यान के अपने प्रमुख केंद्रीय ध्यान केंद्रित है सामाजिक अध्ययन इसलिए प्रासंगिक ज्ञान मूल्यों तथा कौशल है कि आदमी की व्यापक क्षेत्र का गठन चारों ओर अपनी सामग्री आयोजन करता है। विषय भी हमारे युवा और समारोह मुख्य सामाजिक शिक्षा के लक्ष्यों कि जोर देने के लिए पहचान की गई है की दिशा में प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप मेलजोल के लिए अपनाया एक मुख्य विषय के रूप में देखा गया है—नागरिक कर्त्तव्यों या नागरिकों की भागीदारी कौशल के विकास वांछनीय व्यवहार के अधिग्रहण तथा मूल्यों, अनुशासित जीवन आदिसामाजिक अध्ययन इसलिए जाना नामुमकिन है, के स्तर का एक कवर करने के लिए चाहता है पर निर्भर करता है। इसके दायरे क्या विभिन्न घटक सामग्री के पहलुओं सामाजिक अध्ययन के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सबसे ज्यादा मूल्यवान होगा की ''दृढ़ संकल्प सम्मिलित है। इसलिए यह स्पष्ट है कि सामाजिक अध्ययन अपने स्वभाव से एक गतिशील अनुशासन जो चौड़ा है और उम्मीद नहीं की जा सकती है अति सुंदर और ज्ञान के हस्तांतरण की आवश्यकता होती है कुछ निर्देशात्मक रणनीतियों भिन्न सीमाओं का होना आवश्यक। गुंजाइश निश्चित रूप से सामग्री और कार्यप्रणाली में दोनों तत्काल और दूर पर्यावरण को सम्मिलित किया गया। सामाजिक अध्ययन शिक्षक सामाजिक अध्ययन के शिक्षण के लिए अपने दृष्टिकोण में दक्षता प्राप्त करने के लिए की सम्मिलित है। ये competences सामग्री क्षमता शामिल हैं; शिक्षार्थी और क्षमता निर्देशात्मक रणनीतियों की विविधता के उपयोग में तथा क्षमता अनुदेश का मूल्यांकन करने में करने के लिए सामग्री को प्रसारित करने में दक्षता। शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया कुछ तरीकों और अनुदेशात्मक संसाधनों के उपयोग के माध्यम से सार्थक शिक्षण बढ़ाने के साधन सम्मिलित है।

## शिक्षण सामाजिक अध्ययन के 3.2. तरीके

शिक्षण एक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एक है कि व्यक्ति की शिक्षा को प्रभावित करने के इरादे से अन्य मनुष्य के साथ सूचना का आदान प्रदान है। यह शिक्षक और शिक्षार्थियों के मध्य परस्पर क्रिया है। शिक्षण के रूप में एक उपयोगी तथा व्यावहारिक कला अंतर्ज्ञान, रचनात्मकता, कामचलाऊ व्यवस्था और अभिव्यक्ति के लिए कहता है।

,हालांकि कई शिक्षण विधियों और एकीकृत सामाजिक अध्ययन के साथ जुड़े तकनीक है, वहाँ जो समस्त सीखने स्थितियों फिट बैठता शिक्षण का कोई एक तरीका है। सामाजिक अध्ययन के एक शिक्षक शिक्षण विधियों में नवाचारों से अवगत हो गया है। आदेश प्रभावी होने के लिए, सामाजिक अध्ययन के एक शिक्षक जानकार का एक स्रोत है, तथा एक गाइड, सीखने के लिए अवसरों के एक आयोजक और एक मनुष्य जो निम्नलिखित शिक्षण साधनों का उपयोग, दूसरों के मध्य प्रभावी शिक्षण के लिए किसी भी वातावरण को प्रोत्साहित कर सकते हैं, उपलब्ध हो गया है सामाजिक अध्ययन शिक्षकों को।

NOTES

## 1. सिमुलेशन विधि

यह एक वास्तविक दुनिया की स्थिति का एक सरलीकृत मॉडल है। सिमुलेशन सामान्य पर शिक्षण अवधारणाओं और सिद्धांतों कि नहीं आसानी से सैद्धांतिक अवधारणाओं के रूप में मानने योग्य हैं के लिए प्रयोग किया जाता है। वे हमारे अतीत तथा वर्तमान समाज में विचारों, समस्याओं, मुद्दों और वास्तविकताओं को प्रस्तुत करने का गतिशील और जीवन तरीके हैं। सिमुलेशन लैटिन शब्द "Similis" जिसका अर्थ है, की तरह कार्य करने के लिए, समान से आता है। इसलिए यह उम्मीद है इस विधि के द्वारा एक स्थिति बना दिया जाएगा जैसे कि वे वास्तविक जीवन कर रहे हैं, जिसमें गतिविधियों प्रस्तुत कर रहे हैं।

सिमुलेशन तरीकों के तीन मुख्य प्रकार होते हैं। इन ऐतिहासिक सिमुलेशन, सिमुलेशन गतिविधियों और सिमुलेशन खेल से मिलकर बनता है। ऐतिहासिक सिमुलेशन dramatizations जिसमें, अतीत की घटनाओं राहत कर रहे हैं तथा वास्तविक पात्रों का चित्रण कर रहे हैं। उदाहरण पहले स्वतंत्रता दिवस पर नाइजीरिया ध्वज के उत्थापन, एक Oba के लोग खुश अथवा एक एमिर के truanting सम्मिलित हैं।

सिमुलेशन गतिविधियों व्यावहारिक अभ्यास जिसमें छात्रों भूमिका निभाते हैं अथवा काम करते हैं क्या वास्तव में संगठन जैसे विधानसभा, इकोवास बैठक, OAU बैठक, बैंक आदि सिमुलेशन खेल अथवा अनुदेशात्मक खेल का एक नकली राज्य घर का एक अवसर में होता है शैक्षिक उद्देश्य के लिए उपयोग किया जाता है शामिल हैं।

वे गतिविधियों है कि सम्मिलित नियम, प्रतियोगिताओं और खिलाड़ी हैं। खेल के अंत में खिलाड़ियों द्वारा किए गए निर्णय से संयोग से कम और अधिक निर्धारित होते हैं। इस तरह सिमुलेशन खेल व्यावसायिक तौर पर बेचा बोर्ड-खेल कर रहे हैं, जिनमें से ''एकाधिकार'' बहुत सामान्य है।

NOTES

अन्य खेल जो मॉडल सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक घटनाओं रहे हैं, लेकिन ''एकाधिकार'' के विकास व संपत्तियों की किराये पर, खरीदने के अनुकरण है। अन्य खेल है कि आर्थिक संचालन अनुकरण कर सकते हैं, चुनाव प्रक्रियाओं, ऐतिहासिक युद्धों, लघु शेयर बाजार संचालन, कैरियर विकल्प इत्यादि कर रहे हैं।

इस बात का सबूत है कि इन खेलों के शिक्षार्थियों के नजरिए से निपटने में प्रभावी रहे हैं लगता है। सिमुलेशन अत्यधिक छात्रों को प्रेरित करने होते हैं तथा वे जब वे उपयोग किया जाता है में वृद्धि हुई ब्याज के बारे में लाने के लिए। वे शिक्षण कौशल जैसे युद्ध रणनीतियों में किया गया है। वे समूह (रों) एक सामान्य और साझा अनुभव है कि अधिक सार्थक और प्रभावी सीखने बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता के साथ खेल में सम्मिलित हैं। विषय है कि बहुत मुश्किल या सार जैसे नैतिकता, लोकतंत्र, देशभक्ति, followership, नेतृत्व, संघर्ष पूर्वाग्रह आदि देखने अगर अनुकरण गतिविधियों के द्वारा प्रदर्शन किया समझा जा सकता है।

है कि यह समय के एक महान सौदा लेता है द्वारा छात्रों को बहुत शोर है, उच्छृंखल होने के लिए और कभी कभी नियंत्रण करने के लिए बहुत मुश्किल साबित करते हैं अनुकरण पद्धति का उपयोग करके शिक्षक बारे में पता होना चाहिए। छात्र इसलिए तैयार किया तथा कैसे अनुकरण गतिविधियों के समय खुद को संचालन करने के लिए पर प्रबुद्ध किया जाना चाहिए।

यह शिक्षक तथा पाठ्यक्रम के गतिविधियों के मूल्य और प्रासंगिकता की स्थापना से पर्याप्त तैयारी मांग करती है।

## 2. प्रयोगशाला विधि

सामाजिक अध्ययन में प्रयोगशाला विधि स्रोत सामग्री, अनुपूरक संदर्भ, यात्रिक उपकरणों, दृश्य-श्रव्य एड्स और अनेक अन्य जीवन की तरह की गतिविधियों के रोजगार पाठ्यपुस्तक निर्देश के पूरक के लिए और प्रस्तुति और महारत की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए सम्मिलित है।

शिक्षण की प्रयोगशाला मोड एक विशेष स्थान अथवा एक विशेष वर्ग की अवधि का उल्लेख नहीं है, लेकिन एक गतिविधि के लिए। गतिविधि एक नियमित रूप से कक्षा में हो सकता है, कक्षा के बाहर अथवा एक विशेष रूप से डिजाइन कमरे में। इस पद्धति में नोट करना महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि छात्रों को शिक्षक के निर्देशन में ठोस वस्तुओं, उपकरण, आदि में हेरफेर है।

चूंकि दोनों प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूलों में सामाजिक अध्ययन के शिक्षण इकाइयों में किया जाता है, प्रयोगशाला विधि ज्ञान व कौशल के आवेदन के लिए अवसर प्रदान करता है। इस विधि के लाभ पूरी तरह से सुविधाओं की कमी और उपकरणों के लिए इस विधि के प्रभावी उपयोग के लिए जरूरी की वजह से नहीं किया जा सकता है। इस विधि सामाजिक अध्ययन में लगभग सभी विषयों के लिए उपयोग किया जा सकता है। साक्षात्कार तथा मुद्दों पर विचार विमर्श के वीडियों टेप पर दर्ज किया जा सकता है और वापस वर्ग के लिए खेला जा।

### 3. जांच विधि

पूछताछ या खोज विधि द्वारा स्वयं जानकारी पता लगाने के लिए भिन्न-भिन्न सोच को प्रोत्साहित करती है की अनुमति देता है छात्रों और यह तार्किक मामलों की जांच में छात्रों के उत्साह पैदा करता है। जांच विधि की प्रक्रिया आदेश संभव समाधान पर पहुँचने के लिए और समाधान का उपयोग कर सामान्यीकरण करने में एक समस्या की पहचान, इन जानकारी का विश्लेषण सम्मिलित है। छात्र देश में ईंधन की कमी, बिजली की विफलता, कुछ माल की कमी आदि जाँच तकनीक का एक बहुत वांछनीय पहलू सोच के उच्च स्तर के उपयोग पर जोर देने के है के लिए कारणों का पता लगाने के लिए जरूरी हो सकता है।

### 4. परियोजना विधि

एक परियोजना अपने अंतिम उत्पाद के लिए अथवा छात्रों के एक समूह द्वारा एक व्यक्ति के छात्र के माध्यम से किया जा सकता है एक व्यक्ति के छात्र की परियोंजना से भी ज्यादा बड़ा कुछ का उत्पादन करने वाले सह-संचालन। परियोजना विधि ठोस काम करने सम्मिलित है और यह आत्म प्रेरित है।

परियोजना विधि शिक्षक द्वारा अत्यंत सावधान योजना की आश्यकता है लेकिन उद्देश्य छात्रों के लिए एक बुद्धिमान ढंग से उसकी जानकारी समन्वय, जानकारी के समस्त स्रोतों छात्रों के लिए उपलब्ध का उपयोग पाने के लिए है। ''सीखने सीखने के लिए'' करने के लिए मौलिक है।

सामाजिक अध्ययन में क्षेत्रों के उदाहरण जहाँ परियोजनाओं क्रियान्वित किया जा सकता है, एक समूह कहानी लिखने की व्याख्या तथा नक्शे के निर्माण, एक घटना जैसे शादी या स्थापना समारोह के लिए एक एल्बम का निर्माण सम्मिलित है। परियोजना विधि भी ''मनुष्य और अपनी मान्यताओं'', ''राष्ट्र

NOTES

के निर्माता'' आदि शिक्षक की भूमिका मार्गदर्शन और छात्रों जो सामाजिक अध्ययन में अवधारणाओं को स्पष्ट करने में सहायता कर सकते प्रेरित करने के लिए है जैसे विषयों के लिए उपयोग किया जा सकता है। एक परियोजना छात्रों को हतोत्साहित करने के लिए मुश्किल नहीं होना चाहिए और इसे पूर्ण करने के लिए ज्यादा समय नहीं लेना चाहिए।

**5. प्रदर्शनों**

प्रदर्शनों निश्चित घटना का वर्णन करने के लिए डिजाइन की योजना बनाई कामों की श्रृंखला की पुनरावृत्ति कर रहे हैं। प्रदर्शनों छात्रों अथवा शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रदर्शन के उपयोग के बारे में कुछ जानकारी स्पष्ट करना है।

प्रदर्शन भी कुछ ज्वलंत चित्र पेश करके अध्ययन के लिए एक निश्चित विषय शुरू करने के लिए उपयोग किया जा सकता। यह या तो सामाजिक अध्ययन में शिक्षा की एक इकाई के लिए प्रारंभिक बिंदु के रूप में अथवा एक ठासे निष्कर्ष प्रदान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता।

प्रदर्शन के कई फायदे सामाजिक अध्ययन उपकरणों की कमी है, खासकर जब कर रहे है, विषय इस तरह के एक निश्चित जनजाति के ड्रेसिंग के मोड़ संगीत, नृत्य आदि के रूप में सांस्कृतिकद पैटर्न की तरह प्रभावी तरीके से प्रदर्शन द्वारा सिखाया जा सकता है।

एक अच्छा सामाजिक अध्ययन शिक्षक सावधानी से योजना बनाई प्रदर्शनों के द्वारा कर सकते हैं वह किसी अन्य विधि के माध्यम से कर सकता है की तुलना में छात्रों की एक बड़ी संख्या को पढ़ाने। यह शिक्षण घंटे और सामग्री के मामले में किफायती है। हालांकि प्रदर्शन एक उपयोगी शिक्षण उपकरण है, यह अंधाधुंध नहीं किया जाना चाहिए अथवा अन्य शिक्षण तकनीकों का बहिष्कार करने के।

**6. प्रश्न और उत्तर विधि**

यह एक आम शिक्षण शिक्षकों द्वारा उपयोग किया विधि है। इस पद्धति में शिक्षक एक प्रश्न पूछता है और फिर छात्र है जो सवाल का उत्तर पहचानता है। शिक्षक तो छात्र की जवाबी कार्रवाई के लिए मौखिक रूप से प्रतिक्रिया करते हैं। अनुक्रम एक समय मे शिक्षक प्रश्न पूदे तथा एक छात्र सवाल का जवाब देने के साथ जारी रख सकते हैं। एक स्थिति पैदा हो सकती है जहाँ एक और छात्र पहले से दिए गए जवाब पर प्रतिक्रिया करने के लिए कहा जा सकता है। सवाल तथा जवाब इसलिए, एक प्रक्रिया है जिसके तहत शिक्षक

एक प्रश्न पूछता, एक छात्र प्रतिक्रिया करता है शिक्षक तो प्रतिक्रिया करता है और एक और प्रश्न जो एक अन्य छात्र के माध्यम से उत्तर दिया और इतने पर है पूछता है सवाल-जवाब विधि पाठ के लिए एक सबक या भाग भर में उपयोग किया जा सकता है। इस विधि हद तक और छात्रों के ज्ञान की गहराई का परीक्षण करने में सहायता है ।

विधि दोनों और शिक्षकों के अध्याय मे सक्रिय रहता है। सामाजिक अध्ययन के एक शिक्षक इस विधि को रोजगार नोट करना चाहिए कि यह पर्याप्त योजना तथा हैंडलिंग की जरूरत है। एक सावधान निर्देशित पूतछात तकनीक छात्रों की तत्काल पर्यावरण के बारे में जवाब दृष्टि में लाना कर सकते हैं।

इसलिए आदमी और उसके पर्यावरण, आदमी और उसकी आर्थिक गतिविधियों आदि जैसे विषयों को प्रभावी तरीके से सवाल और जवाब विधि के माध्यम से सिखाया जा सकता है उपयोग किया सवाल, स्पष्ट सटीक और स्पष्ट होना चाहिए।

## 7. फील्ड-यात्राएँ

फील्ड यात्राएँ का निरीक्षण करने और कक्षा के बारह स्थितियों की जांच के लिए विद्यार्थियों के साथ यात्रा सम्मिलित है। इस तरह के अभियानों में से कई स्कूल के गलियारे स्कूल भवन या खेल के मैदान से आगे नहीं जा सकता। स्कूल के भीतर ही शिक्षक के लिए निदर्शी उदाहरण मिल सकता है। अपने छात्रों। स्कूल के तत्काल आसपास के क्षेत्र में परीक्षा और प्रेक्षण भिन्न मिट्टी, वनस्पति, एक नदी आदि के रूप में ऐसी बातों के लिए उपलब्ध हो सकता है।

शिक्षक कभी-कभी स्थानीय उद्योग अथवा सार्वजनिक सेवाओं के सहयोग आमंत्रित करते हैं और Ota के महल की तरह स्थानों की यात्रा कर सकते हैं, संग्रहालय आदि अनुभवों क्षेत्र यात्राएं से प्राप्त, ज्वलंत हैं छात्रों के लिए समय तक चलने और अधिकतर अधिक सार्थक है क्योंकि वे वास्तविक जीवन स्थितियों रहे हैं वहाँ तीन चरणों क्षेत्ररक्षण ट्रिप करने के लिए कर रहे हैं, तैयारी, क्षेत्र ट्रिप ही है और सार-कथन चरणों। जाहिर है, इस विधि की सफलता के छात्रों की आयु पर एक महान सौदा निर्भर करता है। तैयारी चरण शिक्षक जानकर कि वह वास्तव में क्या क्षेत्र की यात्रा के दौरान प्राप्त करने की उम्मीद के साथ अत्यंत के द्वारा किया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि इस स्तर पर चाहिए, क्षेत्र का दौरा किया जा करने के लिए के बारे में सभी जानकारी संभव इकट्ठा।

NOTES

**आवास के लिए पात्रता**—छात्रों के आवास के लिए पात्र होने के पश्चात् वे ठीक से मूल्यांकन किया गया है और सेवाओं के लिएण पात्र निर्धारित कर रहे हैं IEP टीम या टीम है कि छात्र की जरूरतों को निर्धारित करता है और योजना पुनर्वास अधिनियम की धारा 540 के तहत जरूरी विकतिस शैक्षणिक उपलब्धि और कार्यात्मक प्रदर्शन के वर्तमान स्तर के साथ ही विकलांगता के प्रभाव को समझता है। टीम निर्धारित करता है क्या आवास आवश्यक हैं। टीम एक IEP या धारा 540

NOTES

योजना में आवास के लिए की जरूरत के बारे में सब निर्धारण दर्ज होते है। साक्ष्य दिखाना चाहिए कि छात्र इन योजनाओं में से एक के आवश्यक सेवाओं के लिए योग्य पाया गया है।

**विकलांग की श्रेणियाँ**—फ्लोरिडा में प्रयोग किया जाता विकलांग की श्रेणियाँ का एक संक्षिप्त विवरण अगले चार पेजों पर इस प्रकार है। एक छात्र है जो असाधारण छात्र शिक्षा के लिए पात्र है (ESE) सेवाओं के लिए एक या इन श्रेणियों में से ज्यादा से पहचाना जाता है। ये संक्षिप्त विवरण शब्दावली और परिवर्णी स्पष्ट।

**विशिष्ट सीखसने विकलांग (SLD)**—एक विशिष्ट विकलांगता समझ में या बोले या लिखित भाषा के उपयोग में सम्मिलित बुनियादी शिक्षा प्रक्रियाओं में से एक या एक से ज्यादा में एक विकार है। छात्रों को सुनने के लिए बात करने हैं, पढ़ते हैं, लिखते हैं, वर्तनी या गणित कर उनकी क्षमता को प्रभावित कर गंभीर परेशानियों का हो सकता है। (नियम 6A-६.०३, ०१८, एफएसी)

**बौद्धिक रूप से विकलांग (IND)**—एक बौद्धिक विकलांगता के साथ छात्रों को काफी नीचे औसत सामान्य बौद्धिक तथा अनुकूली कामकाज कि (18 वर्ष के माध्यम से जन्म) विकास की अवधि के दौरान प्रकट होता है ये छात्रों शैक्षिक कौशल में महत्वपूर्ण विलंब होता है। (नियम 6A-६.०३, ०११ एफएसी)

**भावानात्मक/व्यवहार विकलांग (ई/BD)**—लगातार और लगातार भावनात्मक तथा व्यवहार प्रतिक्रियाओं कि प्रतिकूल शैक्षिक वातावरण है कि उम्र, संस्कृति, लिंग या जातीयता के लिए नहीं ठहराया जा सकता में प्रदर्शन को प्रभावित के साथ छात्रों को (नियम 6A-६.०३, ०१६, एफएसी)

**बाधिर या कम सुनने (DHH)**—कि भाषाई सूचना के प्रसंस्करण को प्रभावित पर्याप्त सुनवाई impairments के साथ छात्रों बधिर या कम सुनने के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। छात्रों को सांकेतिक भाषा अथ्यावा कुल संचार का उपयोग कर सकते हैं विभिन्न छात्रों ऐसे एम्पलीफायरों के रूप में, सहायक तकनीक की जरूरत है या श्रवण यंत्र का उपयोग कर सकते हैं। जो बधिर या की-सुनवाई कर रहे हैं छात्रों को अक्सर कि उनकी सुनने नुकसान से जुड़े हुए हैं पढ़ना, लिखना, तथा संचार कौशल के साथ कठिनाइयों है। (नियम 6A-६.०३, ०१३, एफएसी) दिखने में खंडित (VI) जो अंधे हैं या नेत्रहीनों दृष्ठि से उपयोग की एक महत्वपूर्ण नुकसान छात्र। छात्रों सहायता के लिए उन्हें जानकारी प्राप्त पढ़ने और लिखने अथवा सहायक तकनीक के लिए ब्रेल का उपयोग कर सकते हैं। (नियम 6A-६.०३, ०१४, एफएसी)

**दोहरी संवेदी बिगड़ा (डी एस आई)**—जो है, या जो एक अपक्षयी शर्त यह है कि इस तरह के एक नुकसान को बढ़ावा मिलेगा। दोनों दृष्टि और सुनवाई को प्रभावित करने वाले दोहरे संवेदी दोष है छात्रों को दोहरी संवेदी बिगड़ा के रूप में वर्गीकृत कर रहे हैं। इस संयोजन के वातावरण में, जानकारी प्राप्त करते हैं, या समारोह करने की क्षमतों में एक गंभीर हानि की वजी बनती है। (नियम 6A-६. ०३, ०२२, एफएसी)

NOTES

## आवास के 4.17 प्रभाव

आवास सीखने की उम्मीदों को कम नहीं करते। अनुदेश अथवा मूल्यांकन गतिविधि में बदलाव विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए उम्मीदों को कम करती है, तो वह एक संशोधन माना जाता है। वाक्यांश पाठ्यक्रम संशोधन कभी-कभी सीखने की उम्मीदों पर प्रभाव पर बल देना प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, एक प्राथमिक छात्र जो सीखता कैसे पाँच शब्द प्रत्येक सप्ताह के बजाय अपने साथियों करने के लिए आवंटित 25 शब्दों प्रत्येक सप्ताह के बजाह अपने साथियों करने के लिए आवंटित 25 शब्दों के सीखने के लिए उम्मीदों में संशोधन किया है वर्तनी। सीखने के लिए परिणामों काफी हद तक कम रहे हैं पाठ्यक्रम संशोधनों के उदाहरण में वर्णित है—

- इस तरह के कम उद्देश्यों, छोटे पाठ, या शब्दावली शब्दों का एक छोटी संख्या के रूप में कम सामग्री की जरूरत होती है।
- सबसे आसान समस्याओं का कार्य और आंकलन सीमित टास्क स्पांतरों लंबाई या अभ्यास या परीक्षण आइटम की जटिलता को कम तथा कार्य या परीक्षण आइटम अधिक बनाने के। सामान्य तौर पर, शिक्षकों केवल शिक्षा का प्रारम्भिक चरणें के कार्य रूपांतरों का उपयोग करें और फिर उन्हें फीका ताकि छात्र दक्षता का अपेक्षित स्तर पर अवधारण अथवा कौशल सीखने का अवसर है चाहिए। टास्क स्पांतरों के आवास माना जाता है। क्योंकि वे अस्थायी हैं और वे सीखने की उम्मीदों को कम नहीं करते। कार्य रूपांतरों के उदाहरण में वर्णित हैं—

  ताकि एक छात्र सिर्फ चार के बजास तीन विकल्पों में से चुनने के लिए है। एक बहुविकल्प प्रश्न पर विकल्पों में से एक बाहर पार करने के इस प्रकार के रूप कार्य या आंकलन कम जटिल, बनाना।
- उपलब्ध कराना संकेत या सुराग ऐसी किताव जहाँ प्रथम का जवाब पाया जा सकता है मैं पृष्ठ संख्या के रूप में काम और परीक्षण पर प्रक्रियाओं को दूर करने के।

अनुदेश अथवा आंकलन के दौरान सीखने की उम्मीदों को बदलने से छात्र की महत्वपूर्ण सामग्री सीखने का अवसर कम कने के अनपेक्षित परिणम हो सकता है। यह एक डिप्लोमा के लिए स्नातक स्तर की पढ़ाई जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं होने के लिए जोखिक में छात्र डाल सकता है। यहाँ प्रश्न जब आवास से परे जा रहा है और एक छात्र की सीखने की उम्मीदों को संशोधित करने पर विचार के बारे में सोचना है।

(1) इस विशेष ग्रेड स्तर पर छात्रों के लिए शैक्षिक सामग्री मानक क्या हैं ?

(2) वहाँ ग्रेड–स्तर मानक है कि एक छात्र को जानने के लिए की उम्मीद नहीं की जाएगी हैं ?

(3) उम्मीदों में इन संशोधनों को राज्य के मूल्यांकन पर एक छात्र के प्रदर्शन को प्रभावित करेगा ?

(4) कैसे इन संशोधनों को एक छात्र की भविष्य में सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने की क्षमता को प्रभातिव करेगा ? छात्र के अवसर छूट जाते ग्रेड–स्तर की सामग्री को जानने के लिए के कारण से आगे और आगे पीछे गिर जाएगी ?

(5) अन्य निर्देशात्मक रणनीतियों और आवास छात्रों ग्रेड–स्तर की सामग्री गुरु और ग्रेड–स्तर के मूल्यांकन पर प्रवीणता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी ?

## 4.18 सारांश

अगली पीढ़ी के सनशाइन राज्य मानकों को अपनाने चुनौतीपूर्ण ग्रेड स्तर शैक्षिक मानकों को प्राप्त समस्त छात्रों के लक्ष्य तक पहुँचने के लिए मंच सेट। नि: शक्त छात्रों को शिक्षा और मूल्यांकन के दौरान आवश्यक आवास होना जरूरी है। सभी छात्रों के लिए मानकों के समान पहुँच प्रदान करने के लिए दोनों सामान्य और विशेष शिक्षकों राज्य और जिला स्तर और जिला स्तर पर शैक्षिक उम्मीदों और जवाबदेही प्रणाली के गहन ज्ञान होना जरूरी है। ''सादे सच्चाई यह है कि विकलांगता सीखने के लिए और पूर्ण रूप से ज्ञान और क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए एक गंभीर चुनौती कर सकते हैं।

आवास में मदद कर सकते छात्रों का काबू पाने के लिए अपने विकलांग द्वारा प्रस्तुत बाधाओं को कम।। ''आवास अनुदेश और मूल्यांकन में परिवर्तन विकलांग छात्रों के लिए आवश्यक हो सकता है कि प्रदान करते हैं। आवास छात्रों को भाग लेने तथा सामान्य पाठ्यक्रम में प्रगति करने में सहायक।

# परीक्षापयोगी प्रश्न

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(1) कालेज नीतियों से परिचित होना क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए।

(2) कोर्स की क्षमता में सुधार पर एक विस्तृत निबन्ध लिखो।

(3) विकलांग की श्रेणियों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

(1) एक सक्रिय दृष्टिकोण से लाभ से आपका क्या अभिप्राय है ?

(2) टेप रिकॉर्डिंग पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(3) परीक्षण मुद्दे को संक्षेप में समझाइए।

NOTES

NOTES

# 14 सामाजिक विज्ञान शिक्षण के लिए निर्देशात्मक सामग्री

**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**

- उद्देश्य
- प्राक्कथन
- दृश्य-श्रव्य शिक्षण सामग्री
- दृश्य-श्रव्य सामग्री के कार्य
- श्रव्य-सहायक शिक्षण सामग्री
- दृश्य-सहायक शिक्षण सामग्री
- चित्र विस्तारक यंत्र
- विस्तारक की उपयोगिताएँ
- चित्र विस्तारक के उपयोग में सावधानियाँ
- सिरोत्तर प्रक्षेपण के उपयोग की विधि
- पारदर्शिता बनाने की प्रक्रिया
- कक्षा शिक्षण में दूरदर्शन तथा चलचित्रों का प्रयोग
- दृश्य-श्रव्य सामग्री की विशेषताएँ
- परीक्षापयोगी प्रश्न

**उद्देश्य**—इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समझ सकेंगे।

- दृश्य-श्रव्य शिक्षण सामग्री
- दृश्य-श्रव्य सामग्री के कार्य
- श्रव्य-सहायक शिक्षण सामग्री
- दृश्य-सहायक शिक्षण सामग्री
- चित्र विस्तारक यत्र
- विस्तारक की उपयोगिताएँ
- चित्र विस्तारक के उपयोग में सावधानियाँ
- सिरोत्तर प्रक्षेपण के उपयोग की विधि
- पारदर्शिता बनाने की प्रक्रिया
- कक्षा शिक्षण में दूरदर्शन तथा चलचित्रों का प्रयोग
- दृश्य-श्रव्य सामग्री की विशेषताएँ

NOTES

## प्राक्कथन

अधिगम की परिस्थितियों (Learning Situations) का सृजन करने तथा अधिगम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सम्प्रेषण शिक्षण-युक्तियाँ तथा आव्यूह का चयन किया जाता है। इनको प्रभावशाली बनाने में दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री के प्रयोग से अधिगम की परिस्थितियों (Learning Conditions) को अधिक प्रभावशाली रूप में उत्पन्न किया जा सकता है और उद्देश्यों की अधिकतम प्राप्ति की जा सकती है। इसलिए शैक्षिक तकनीकी (Education Technology) में दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री के उपयोग को हार्डवेयर-आयाम (Hardware approach) माना जाता है। परम्परागत विचारधारा के अनुसार दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री का उपयोग पाठ को रोचक बनाने के लिए किया जाता है, क्योंकि इनके द्वारा सीखने में एक से अधिक ज्ञानेन्द्रियाँ कार्य करती हैं। दृश्य-श्रव्य सामग्री के प्रयोग से छात्र पाठ में अधिक रुचि लेते हैं और सीखने के लिए तैयार रहते हैं। शैक्षिक तकनीककी के आविर्भाव से दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री को अधिक सार्थक रूप में प्रयुक्त किया जाता है और इनका यथार्थपन (Interpretation) भी बदल गया है। शोध कार्यों द्वारा यह निष्कर्ष निकाले गये हैं कि विशिष्ट सहायक सामग्री को विशिष्ट उद्देश्य और अधिगम के स्वरूप के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। इसका उल्लेख यहाँ किया गया है।

## दृश्य-श्रव्य शिक्षण सामग्री (AUDIO-VISUAL TEACHING AIDS)

### श्रव्य-दृश्य सामग्री का अर्थ

श्रव्य-दृश्य सामग्री का तात्पर्य शिक्षण के उन साधनों से है, जिनके प्रयोग से बच्चों की श्रव्य तथा दृश्य की ज्ञानेन्द्रियाँ क्रियाशील हो जाती हैं और वे पाठ के सूक्ष्म से सूक्ष्म और कठिन से कठिन प्रकरणों को सरलतापूर्वक समझ जाते हैं। स्मरण रहे कि जिस समय शिक्षण के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न विधियाँ तथा प्रविधियाँ असफल होती दिखायी देने लगती हैं तो ऐसी स्थिति में श्रव्य-दृश्य सामग्री को प्रयोग किया जाता है। इस दृष्टि से श्रव्य-दृश्य सामग्री न सिर्फ शिक्षण को ही अपितु शिक्षण की प्रविधियों अथवा युक्तियों को भी प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। श्रव्य-दृश्य सामग्री के अन्तर्गत चलचित्र अथवा सिनेमा (Cinema) समाचार सम्बन्धी फिल्म (Documentary film) तथा दूरदर्शन (Television) एवं अभिनय (Drama) आदि उन समस्त साधनों को सम्मिलित किया जाता है, जिनकी मदद से बालकों की पाठ में रुचि बनी रहे तथा वे उसे सरलतापूर्वक समझ जायें।

**ई. सी. डेन्ट** के अनुसार–"श्रव्य-दृश्य सामग्री का अर्थ उस समस्त सामग्री से है, जो कक्षा में अथवा अन्य शिक्षण परिस्थितियों में लिखित अथवा मौलिक रूप में पाठ्य-सामग्री को समझाने में मदद देती है।"

**दृश्य-श्रव्य सामग्री के कार्य (Functions of Audio-Visual Aids)**

श्रव्य-दृश्य के अनेक कार्य हैं तथा समस्त बालकों की शिक्षा के लिए उपयोगी हैं। छोटे बालकों की शिक्षा में तो इसके महत्व को प्रत्येक शिक्षा शास्त्री ने एक मत होकर स्वीकार किया है। निम्नलिखित पंक्तियों में दृश्य-श्रव्य सामग्री के कार्यों तथा महत्व पर विस्तृतत रूप से वर्णन किया गया है।

(1) **प्रेरणा**—श्रव्य-दृश्य साधनों बालकों को ध्यान आकर्षित करके ज्ञान को मूर्त रूप में प्रस्तुत करते हैं। इससे बालकों को सीखने की क्रिया में प्रेरणा तथा उत्सुकता मिलती है। दूसरे शब्दों में दैनिक शिक्षण विधि की अपेक्षा श्रव्य-दृश्य सामग्री द्वारा पढ़ाने से बालक पाठ को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और आसानी से शीघ्र सीख जाते हैं।

(2) **क्रिया का सिद्धान्त**—श्रव्य-दृश्य सामग्री के उपयोग से बालकों को विविध प्रकार की क्रियायें करने के अवसर पर मिलते हैं। वे उसमें बोलते- लिखते हैं, प्रश्न पूछते हैं एवं वाद-विवाद करते हैं। इससे उनकी विभिन्न इन्द्रियाँ क्रियाशील हो जाती हैं, जिनक परिणामस्वरूप उनकी पाठ में रुचि बनी रहती है और वे खेलते ही खेलते कठिन से कठिन बातों को बिना किसी मुश्किल के स्वाभाविक रूप से सीख जाते हैं।

(3) **स्पष्टीकरण**—श्रव्य-दृश्य सामग्री के उपयोग से बालकों को कठिन से कठिन पाठ्य-सामग्री का स्पष्टीकरण हो जाता है। इसका एकमात्र कारण यह है कि बालक जो कुछ सुनते हैं उसी को आँख से भी देख लेते हैं। आँख से देख लेने पर उनकी सभी शंकायें दूर हो जाती हैं, जिनके परिणामस्वरूप वे ज्ञान को स्पष्ट रूप से ग्रहण कर लेते हैं।

(4) **सार्थक अनुभव**—श्रव्य-दृश्य सामग्री द्वारा बालकों को पाठ मूर्त रूप से पढ़ाया जाता है। प्रत्येक बालक वस्तु को देख कर, छूकर तथा पूछकर हर प्रकार से ठीक-ठीक समझने की कोशिश करता है। इससे पाठ सरल, रोचक तथा मनोरंजक बन जाता है और सभी बालक ज्ञान को प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण कर लेते हैं। दूसरे शब्दों में, श्रव्य-दृश्य सामग्री के प्रयोग से बच्चों के अनुभव अर्थयुक्त हो जाते हैं। इससे कक्षा में मौलिक चिन्तन को प्रोत्साहन मिलता है। संक्षेप में, श्रव्य-दृश्य सामग्री द्वारा प्रत्यक्ष अनुभव का प्रतिनिधित्व सम्भव है (The symbolic representation of direct experience is possible by means of Audio-Visual Aids)।

(5) **रटने को कम करना—**श्रव्य-दृश्य सामग्री के उपयोग से बालक पाठ के विकास में रुचि लेते हैं तथा ज्ञान को खुद क्रिया करके ग्रहण करते हैं। इससे सीखा हुआ ज्ञान निश्चित और स्थायी बन जाता है और उन्हें किसी चीज को रटने की जरूरत नहीं पड़ती।

NOTES

(6) **शब्दावली में वृद्धि—**श्रव्य-दृश्य सामग्री के द्वारा बालकों की शब्दावली में वृद्धि होती है। इसका कारण यह है कि वे रेडियो, टेलीफोन तथा चलचित्र का प्रयोग करते समय नवीन शब्द सुनते हैं तथा ग्रहण करते हैं।

(7) **शिक्षण में कुशलता—**श्रव्य-दृश्य सामग्री के उपयोग करने से शिक्षण में कुशलता आती है, साथ ही शिक्षण और अधिक प्रभावशाली बन जाता है। दूसरे शब्दों में, जिन सूक्ष्म बातों तथा कठिन भागों को बालक चाक और बोलने (Chalk and Talk) की मदद से नहीं समझ सकते, उन्हें वे श्रव्य-दृश्य सामग्री के प्रयोग से सफलतापूर्वक समझ जाते हैं। कहने का अर्थ यह है कि श्रव्य-दृश्य सामग्री के प्रयोग से शुष्क से शुष्क तथा अरुचिकर विषयों अथवा उपविषयों को अन्य प्रविधियों की अपेक्षा अधिक सरल, रोचक तथा स्पष्ट बनाया जा सकता है।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि श्रव्य-दृश्य सामग्री के कई कार्य हैं तथा इसका बालकों की शिक्षा में महत्वपूर्ण स्थान है। हर्ष का विषय है कि हमारी केन्द्रीय तथा प्रदेशीय सरकारों ने भी अन्य देशों की तरह शिक्षण की क्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए श्रव्य-दृश्य सामग्री के महत्व को स्वीकार किया है। इससे अब देश के विभिन्न भागों में श्रव्य-दृश्य सामग्री के निर्माण तथा प्रयोग की शिक्षा देने के लिए अनेक विभाग तथा प्रशिक्षण केन्द्र तेज गति के साथ स्थापित किये जा रहे हैं।

## दृश्य-श्रव्य सामग्री का वर्गीकरण (Classification of Audio-Visual Aids)

इन्द्रियों के प्रयोग के आधार पर श्रव्य-दृश्य सामग्री को मोटे तौर पर तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है—

(अ) श्रव्य सहायक सामग्री (Audio Aids)

(ब) दृश्य सहायक सामग्री (Visual Aids) तथा

(स) दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री (Audio-Visual Aids)।

शिक्षण की सहायक सामग्री का वर्गीकरण **प्रक्षेपित माध्यम तथा अप्रक्षेपित माध्यमों** के रूप में भी किया जा सकता है। सामान्यतः दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री ही इस वर्गीकरण के अन्तर्गत आती हैं फिर भी छात्रों के अध्ययन की दृष्टि से इसका वर्गीकरण इस तरह किया जा सकता है—

NOTES

**प्रक्षेपित तथा अप्रक्षेपित माध्यम**
**(Projected & Non-porjected Media)**

**1. प्रक्षेपित**

1.1 स्लाइडें तथा फिल्म-पट्टियाँ
1.2 चल-चित्र (Motion Picture)
1.3 विडियो-टेप
1.4 सिरोत्तर प्रक्षेपक (ट्रान्सप्रेन्सी)
1.5 अपारदर्शी सामग्री
1.6 रिकॉर्डिंग

**2. अप्रक्षेपित माध्यम**

2.1 बुलेटिन-बोर्ड
2.2 चाक-बोर्ड
2.3 फ्लेने-बोर्ड
2.4 ग्राफ (Graph)
2.6 चार्ट (Charts)
2.6 मॉडल (Models)
2.7 मानचित्र (Maps)
2.8 रेखाचित्र तथा आकृति

**दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री का वर्गीकरण**
**(Classification of Audio-Visual Aids)**

| **(अ) श्रव्य सामग्री** | **(ब) दृश्य सामग्री** | **(स) श्रव्य-दृश्य सामग्री** |
|---|---|---|
| (1) रेडियो | (1) वास्तविक वस्तुएँ | (1) चलचित्र अथवा सिनेमा |
| (2) ग्रामोफोन व लिंग्वफून | (2) प्रतिमान नमूने | (2) समाचार सम्बन्धी फिल्म |
| (3) टेलीकान्फ्रेंसिंग | (3) चित्र | (3) दूरदर्शन |
| (4) टेप-रिकॉर्डर | (4) मानचित्र | (4) नाटक |

(5) रेखाचित्र तथा खाके (6) ग्राफ (7) चार्ट (8) बुलेटिन बोर्ड (9) फ्लेनेल बोर्ड (10) संग्राहलय (11) जादू की लालटेन (12) चित्र विस्तारक यन्त्र (13) स्लाइड, फिल्म पट्टियाँ, चित्रदर्शक (14) मूक चित्र तथा (15) सिरोत्तर (Overhead Projector {OHP})।

## (अ) श्रव्य-सहायक शिक्षण सामग्री (AUDIO-TEACHING AIDS)

श्रव्य सामग्री का तात्पर्य उन साधनों से है, जिनमें केवल श्रव्य इन्द्रियों का प्रयोग होता है अर्थात् जिनसे ज्ञान प्रमुखत: कान द्वारा प्राप्त होता है। निम्नलिखित

पंक्तियों में हम प्रमुख श्रव्य साधनों पर प्रकाश डाल रहे हैं—

NOTES

(1) **रेडियो (Radio) :** रेडियो के जन्म की कहानी सन् (1885) ई. से प्रारम्भ हुई है। आधुनिक जीवन में रेडियो का विकास इतना ज्यादा हो गया है कि अब यह हमारे लिये आवश्यकता की वस्तु बन गया है। रेडियो द्वारा दूर-दूर रहने वाले बालकों को एक ही साथ आधुनिकतम घटनाओं तथा नवीनतम सूचनाओं का ज्ञान प्राप्त होता है। इससे बालकों में नई-नई बातें सीखने की उत्सुकता पैदा होती हैं। रेडियो द्वारा बालकों को उच्च कोटि के शिक्षा-शास्त्रियों से राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं के विषय में अनेक वार्ताएं तथा भाषण सुनने को मिलते हैं। इससे उनमें राष्ट्रीयता की भावना का विकास होता है। साथ ही वे दैनिक जीवन की समस्याओं को समझने तथा सुलझाने के योग्य बन जाते हैं। रेडियो पर प्रसिद्ध कलाकारों तथा संगीतज्ञों के प्रोग्राम भी प्रसारित किये जाते हैं। इन प्रोग्रामों में उन्हें गाने और बजाने की शिक्षा मिलती है। संक्षेप में, रेडियो द्वारा बालकों को संसार के प्रत्येक राष्ट्र तथा उसमें निवास करने वाले सभी लोगों की क्रियाओं में रुचि पैदा हो जाती है। इससे उनका सामान्य ज्ञान विस्तृत होता रहता है। संक्षेप में, आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में रेडियो का विशेष महत्व है। इसीलिए लगभग समस्त स्कूलों के पास अपने-अपने रेडियो सेट हैं।

आकाशवाणी द्वारा रेडियो पर प्रसारित होने वाले पाठों की विस्तृत सूचना समय से बहुत पहले उनके प्रकाशनों के द्वारा दी जाती है। इन प्रकाशनों में कक्षा, प्रकरण के सम्बन्ध में संक्षिप्त सूचना, दिनांक और समय आदि दिये रहते हैं। शिक्षक को इन प्रकाशनों की लगातार जानकारी रखनी चाहिए तथा अपनी योजनानुसार प्रसारित पाठों का उपयोग करना चाहिए। रेडियो का विस्तृत विवरण 'शिक्षा दूरदर्शन एवं रेडियो' नामक अध्याय में दिया गया है।

(2) **ग्रामोफोन तथा लिंग्वाफून (Gramophone and Linguaphone) :** ग्रामोफोन तथा लिंग्वाफून भी रेडियो की तरह शिक्षण के महत्वपूर्ण उपकरण हैं। ग्रामोफोन द्वारा बालकों को भाषण तथा गाने की शिक्षा दी जाती है तथा लिंग्वाफून द्वारा बालकों के उच्चारण शुद्ध कराके भाषा की शिक्षा दी जाती है। अत: शिक्षक की उक्त दोनों उपकरणों की शिक्षण के समय जरूरत के अनुसार प्रयोग करना चाहिए। ध्यान देने की बात यह है कि यद्यपि आधुनिक शिक्षा में ग्रामोफोन तथा लिंग्वाफून का प्रयोग काफी बढ़ता जा रहा है फिर भी यह दोनों उपकरण शिक्षक का स्थान किसी भी स्थिति में नहीं ले सकते। ऐसी स्थिति में शिक्षक को

NOTES

चाहिए कि वह इन उपकरणों का प्रयोग करने के पश्चात् बालकों क सामने विषय का स्पष्टीकरण जरूर कर दें। इससे वे ज्ञान को सफलतापूर्वक ग्रहण कर लेंगे।

(3) **टेलीकान्फ्रेन्सिंग (Teleconferencing)** : दूरवर्ती-शिक्षा के लिए शैक्षिक टेलीकान्फ्रेन्सिंग एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है। इसमें कई प्रकार के द्वारा प्रयोग किया जाता है और पारस्परिक समूह के द्वारा द्वि-पक्षीय प्रसारण सम्प्रेषण की सुविधा होती है। टेलीकान्फ्रेन्सिंग के तीन मुख्य रूप होते हैं—(i) श्रव्य टेलीकान्फ्रेन्सिंग (ii) दृश्य टेलीकान्फ्रेन्सिंग, (iii) कम्प्यूटर टेलीकान्फ्रेन्सिंग की तकनीकी दूरवर्ती-शिक्षा के लिए बहुत ही उपयुक्त प्रकार की तकनीकी मानी जाती है।

सन् (1880) तक टेलीकान्फ्रेन्सिंग अपनी प्रयोगात्मक अवस्था में थी तथा इसका प्रयोग कभी-कभी किया जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह दूरवर्ती-शिक्षा संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन इनका प्रयोग किया जाने लगा है, लेकिन इसके प्रयोग द्वारा यह पाया गया कि इसमें लागत की कमी आई है एवं शिक्षार्थी की सेवा में गुणात्मक सुधार हुआ है। सुगमता एवं कम लागत की पूँजी के द्वारा यह दूरवर्ती शिक्षा संस्थानों एवं शिक्षार्थियों के द्वारा यह आकर्षण का मुख्य केन्द्र बन गया। इस माध्यम का शैक्षिक संस्थानों में अधिक विकास हुआ है। टेलीकान्फ्रेन्सिंग का विस्तृत विवरण 'शिक्षा तकनीकी की नवीन प्रवृत्तियाँ' नामक अध्याय में दिया गया है।

(4) **टेप-रिकॉर्डर (Tape-Recorder)** : शैक्षिक उपकरण के रूप में टेप-रिकॉर्डर एक नवीन उपकरण है। इसके अन्दर कोई भी व्यक्ति अपनी ध्वनि को किसी भी समय भर कर पुनः सुन सकता है। इस दृष्टि से टेप-रिकॉर्डर का प्रयोग जहाँ एक ओर महापुरुषों के प्रवचन, नेताओं के भाषण एवं प्रसिद्ध कलाकारों की कवितायें एवं संगीत आदि के सुनाने में किया जाता है। वहाँ दूसरी ओर बालक तथा शिक्षक भी इसमें अपनी ध्वनि को भरकर पुनः सुन सकते हैं। इससे उन्हें बोलने की गति तथा स्वर, प्रभाव सम्बन्धी समस्त त्रुटियों एवं उच्चारणों को सुधारने में आश्चर्यजनक सहायता मिलती है। आज टेप-रिकॉर्डर एक आवश्यक उपकरण हो गया है, इसलिए इसका प्रयोग अब विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में किया जाने लगा है।

## (ब) दृश्य सहायक शिक्षण सामग्री (VISUAL-TEACHING AIDS)



**दृश्य सामग्री का अर्थ**—दृश्य सामग्री का तात्पर्य उन साधनों से है, जिनमें सिर्फ दृश्य-इन्द्रियों का प्रयोग होता है अर्थात् जिनमें ज्ञान मुख्यतः दृश्य-इन्द्री के द्वारा प्राप्त होता है। दृश्य-सहायक शिक्षण सामग्री के दृश्य साधनों का यहाँ सूक्ष्म रूप में वर्णन किया गया है, जो निम्न प्रकार हैं—

(1) **वास्तविक पदार्थ (Real Objects) :** वास्तविक पदार्थों का अर्थ मूल वस्तुओं से है। वास्तविक पदार्थ बालकों की इन्द्रियों को प्रेरणा देते हैं तथा उन्हें निरीक्षण एवं परीक्षण के अवसर प्रदान करके उनकी अवलोकन शक्ति का विकास करते हैं। ध्यान देने की बात है कि जब बालक वास्तविक पदार्थों को देखते हैं, छूते और चखते हैं तो उनकी क्रमशः दृष्टिक, स्पर्शावण ततथा रसप्रतिभायें निर्मित होती हैं। ये प्रतिभायें बालकों की कल्पना-शक्ति को विकसित करने में सहयोग प्रदान करती हैं। कहने का अर्थ यह है कि वास्तविक पदार्थों के प्रयोग से बालकों को विभिन्न प्रकार के अनुभव प्राप्त होते हैं, जो दूसरों के द्वारा दिए गए अनुभवों की अपेक्षा कहीं अधिक उत्तम होते हैं। स्पष्ट है कि बालकों को मेज, कुर्सी, कपड़ा, फल, फूल तथा थर्मामीटर एवं भौतिक तुला आदि का ज्ञान देने के लिए जितना स्पष्ट ज्ञान उक्त समस्त वास्तविक पदार्थों को दिखाकर दिया जा सकता है उतना और किसी विधि से असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। अतः शिक्षक को चाहिए कि वह अधिक से अधिक वास्तविक पदार्थों को विद्यालय के संग्रहालय (Museum) में संग्रह करे, जिससे उन्हें बालकों के सम्मुख आवश्यकतानुसार प्रदर्शित किया जा सके।

(2) **मॉडल (Models) :** मॉडल वास्तविक पदार्थों या मूल वस्तुओं के छोटे रूप होते हैं। इनका प्रयोग उस समय किया जाता है, जब वास्तविक पदार्थ या तो उपलब्ध न हों अथवा इतने बड़े हों कि उन्हें कक्षा में दिखाना ही सम्भव न हो। उदाहरण के लिए हाथी, घोड़े, रेल का इन्जन और जहाज आदि इतने बड़े नाम, शीर्षक, दिशा एवं संकत आदि अवश्य लिखना चाहिए तथा उनमें रंगों का प्रयोग कल्पना, अनुभव तथा कलात्मक भाव से करना चाहिए अन्यथा मानचित्र भद्दे, भौंड़े तथा व्यर्थ हो जायेंगे।

(5) **रेखाचित्र तथा आकृतियाँ (Sketches and Diagrams) :** कभी-कभी ऐसा भी होता है कि शिक्षक को वास्तविक पदार्थ, नमून

और चित्र एवं मानचित्र उपलब्ध नहीं हो पाते। ऐसी स्थिति में शिक्षक को भाव- प्रकाशन के लिए श्यामपट्ट पर रंगीन चॉक से रेखाचित्र तथा खाके खींचने चाहिए। ध्यान रहे कि रेखाचित्र तथा खाकों का प्रयोग भाषा, भूगोल, इतिहास तथा गणित एवं विज्ञान आदि सभी विषयों में किया जा सकता है। अत: शिक्षक में शीघ्रता तथा तत्परता के साथ रेखाचित्रों तथा खाकों को बनाने की योग्यता होनी परम आवश्यक है। चूँकि रेखाचित्रों तथा खाकों को बनान में कुछ व्यय नहीं होता, इसलिए ज्ञान को स्पष्ट करने के लिए प्रत्येक शिक्षक को सुन्दर और आकर्षक रेखाचित्र खींचने तथा आकृतियाँ बनाने का अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

(6) **ग्राफ (Graph) :** ग्राफ का अपना निजी महत्व होता है। ग्राफ के प्रयोग से बच्चों को भूगोल, इतिहास, गणित तथा विज्ञान आदि कई विषयों का ज्ञान सरलतापूर्वक दिया जा सकता है। स्मरण रहे कि ग्राफ की सहायता से भूगोल के पाठ में जलवायु, उपज तथा जनसंख्या आदि का ज्ञान दिया जा सकता है तथा इतिहास के शिक्षण में इसका उपयोग स्वतन्त्रता संग्राम की प्रगति तथा धार्मिक अथवा राजनैतिक विकास की प्रगति का ज्ञान देने के लिए किया जाता है। ऐसे ही गणित तथा विज्ञाान का शिक्षण करते समय भी ग्राफ का प्रयोग करते हुए कई प्रश्नों को हल किया जा सकता है। अत: शिक्षक को विभिन्न विषयों का शिक्षण करते समय आवश्यकतानुसार ग्राफ खुद भी बनाने चाहिए तथा बालकों से भी बनवाने चाहिए।

(7) **चार्ट (Charts) :** चार्टों के प्रयोग से शिक्षक को शिक्षण का उद्देश्य प्राप्त करने में बड़ी मदद मिलती है। ध्यान दने की बात है कि चार्टों का प्रयोग भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र तथा गणित एवं विज्ञान आदि समस्त विषयों में सफलतापूर्वक किया जा सकता है। अत: शिक्षक को पाठ की आवश्यकताओं की दृष्टि में रखते हुए अधिक से अधिक चार्ट स्वयं ही तैयार करके उचित ढंग से प्रयोग करने चाहिए। स्मरण रहे कि चार्ट द्वारा प्रदर्शित की हुई विषय-वस्तु इतनी सुन्दर, सुडौल एवं मोटी होनी चाहिए कि कक्षा के प्रत्येक बालक का ध्यान उसकी ओर आकर्षित हो जाये और शिक्षक अपने प्रयोजन को सरलता से स्पष्ट कर सके।

(8) **बुलेटिन-बोर्ड (Bulletin-Board) :** बुलेटिन बुलेटिन-बोर्ड शिक्षा का एक उपयोगी उपकरण है। इस पर देश की राजनैतिक, आर्थिक तथा सामाजिक समस्याओं के सम्बन्ध में चित्र, ग्राफ, आकृति तथा

लेख एवं जरूरी सूचनाओं को प्रदर्शित करके बालकों की जिज्ञासा को इस प्रकार से उकसाया जाता है कि उनके ज्ञान में लगातार वृद्धि होती रहे। अतः बुलेटिन-बोर्ड भी शिक्षक के बड़े काम की वस्तु है। बुलेटिन-बोर्ड से लाभ उठाने के लिए शिक्षक को निम्नलिखित बातें ध्यान में रखनी चाहिए—

NOTES

1. बुलेटिन-बोर्ड पर प्रदर्शित की जाने वाली सामग्री बालकों की रुचि, मानसिक स्तर एवं आयु एवं योग्यता के अनुसार होनी चाहिए।
2. बुलेटिन-बोर्ड पर दिखाने वाली सूचनायें एक निश्चित क्रम में व्यवस्थित होनी चाहिए।
3. बुलेटिन-बोर्ड पर प्रदर्शित की हुई सामग्री इतनी बड़ी होनी चाहिए कि प्रत्येक बच्चा उसे दूर से ही देख सके।
4. बुलेटिन-बोर्ड स्कूल में किसी इतने ऊँचे तथा उपयुक्त स्थान पर रखना चाहिए कि औसत ऊँचाई के समस्त बालक प्रदर्शित की हुई सामग्री से सरलतापूर्वक लाभान्वित हो सकें।
5. बुलेटिन-बोर्ड स्वयं भी इतना सुन्दर होना चाहिए कि वह बालकों के आकर्षण का केन्द्र बन जायें।
6. बुलेटिन-बोर्ड पर बालकों को भी अपनी एकत्रित की हुई सामग्री को प्रदर्शित करने के अवसर मिलने चाहिए।

**(9) फ्लेनेल-बोर्ड (Flannel-Board) :** आधुनिक युग में फ्लेनेल-बोर्ड का भी विशेष महत्व है। इसको बनाने में 36" × 48" के एक प्लाईवुड अथवा हार्ड-बोर्ड के टुकड़े पर इतने ही नाप क एक फ्लेनेल के कपड़े को खींचकर बाँध दिया जाता है। तत्पश्चात् उस पर विभिन्न विषयों से सम्बन्धित चित्र, मानचित्र, रेखाचित्र तथा ग्राफ आदि प्रदर्शित किये जाते हैं। ध्यान रहे कि फ्लेनेल बोर्ड पर प्रदर्शित किये जाने वाले चित्रों तथा मानचित्रों आदि को खुरदरे कागज (सेण्ड-पेपर) पर गोंद से चिपकाया जाता है। इससे ये टुकड़े फ्लेनेल बोर्ड पर चिपके रहते हैं और प्रयोग करने के पश्चात् सरलतापूर्वक हटा लिये जाते हैं। ध्यान देने की बात है कि फ्लेनेल बोर्ड का प्रयोग छोटी कक्षाओं में भाषा एवं अंकगणित एवं बड़ी कक्षाओं में इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र तथा गणित एवं विज्ञान आदि विषयों के शिक्षण के लिए आसानी से किया जा सकता है। अतः प्रत्येक शिक्षक को इस महत्वपूर्ण

NOTES

उपकरण का जरूरत के अनुसार प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

**(10) संग्रहालय (Museum) :** संग्रहालय भी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण उपकरण है। इसमें सभी वस्तुओं को इकट्ठा करके रखा जाता है। इन वस्तुओं की सहायता से पाठ रोचक तथा सजीव बन जाता है एवं बच्चा उसे सरलतापूर्वक समझ लेते हैं। अत: शिक्षक को संग्रहालय का सदुपयोग जरूर करना चाहिए। शिक्षक द्वारा संग्रहालय में एकत्रित की हुई वस्तुओं का प्रयोग भूगोल, इतिहास, गणित तथा विज्ञान आदि विषयों के शिक्षण में सरलतापूर्वक किया जा सकता है। अत: शिक्षक को चाहिए कि वह बालकों को स्कूल के संग्रहालय में भिन्न-भिन्न प्रकार के डाक टिकट सिक्के, पुराने अस्त्र-शस्त्र तथा कीड़े-मकोड़े एवं यन्त्रों को एकत्रित करने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे बिना कुछ व्यय किये हुए ही स्कूल के संग्रहालय में विभिन्न प्रकार की वस्तुयें सहज में ही इकट्ठी हो जायेंगी।

**(11) जादू की लालटेन (Magic Lantern) :** जादू की लालटेन एक चित्र प्रदर्शक यन्त्र है। यह यन्त्र शिक्षण को सजीव तथा प्रभावशाली बनाने में इतना सफल सिद्ध हुआ है कि इसकी उपयोगिता को प्राय: समस्त शिक्षा-शास्त्रियों ने स्वीकार किया है। स्मरण रहे कि जादू की लालटेन को प्रयोग में लाने के लिए स्लाइडों (Slides) की आवश्यकता पड़ती है। अत: यदि बालकों को दिन में विभिन्न विषयों की शिक्षा देने के बाद उन्हीं के सम्बन्ध में रात्रि को स्लाइडें दिखा दी जायें तो उनको ज्ञान के ग्रहण करने में आसानी हो जायेगी और वे उसे कभी नहीं भूलेंगे। कहने का तात्पर्य यह है कि जादू की लालटेन अमूर्त तथ्यों तथा गूढ़ विचारों को महत्वपूर्ण बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है। पर ध्यान देने की बात है कि जादू की लालटेन का प्रयोग करते समय शिक्षक को निम्नलिखित सावधानियाँ बरतनी चाहिए—

1. स्लाइडें दिखाने से पूर्व शिक्षक को प्रस्तावना के रूप में विषय से सम्बन्धित छोटी सी टिप्पणी देनी चाहिए।
2. स्लाइडें दिखाते समय उनको स्पष्ट करने के लिए शिक्षक को कुछ स्पष्टीकरण करना चाहिए।

**(12) श्यामपट्ट (Black Board) :** कक्षा अध्यापन में दृश्य साधन के रूप में श्यामपट्ट सबसे अधिक प्रयोग में आता है। श्यामपट्ट का उचित, सही एवं विधिपूर्वक उपयोग पाठ को प्रभावशाली बनाने में बहुत मददगार

होता है। अध्यापक को श्यामपट्ट कार्य में पारंगत होना चाहिए ताकि वह इस साधन का कुशलतापूर्वक उपयोग का पाठ को सफल बना सके। अच्छा अध्यापक श्यामपट्ट का सही तथा प्रभावी उपयोग करता है। श्यामपट्ट कार्य में तीन पक्षों का विशेष ध्यान रखा जाता है–

NOTES

1. लेख स्पष्ट हो एवं पढ़ा जा सके।
2. श्यामपट्ट कार्य स्वच्छ व विधिवत् हो।
3. यह कार्य उपयुक्त एवं पाठ से सम्बन्धित हो और पाठ विकास में मददगार हो।

इस प्रकार श्यामपट्ट कार्य पाठ को रोचक बनाता है और छात्रों को पाठ्य-विषय को समझने में सहायक सिद्ध होता है।

(13) **चित्र विस्तारक यन्त्र (Epidiascope) :** इस उपकरण में पारदर्शियों की जरूरत नहीं होती है। पुस्तकों की मुद्रित पाठ्यवस्तु तथा आकृतियों को सीधे पर्दे पर प्रक्षेपित किया जाता है, चित्र का विस्तार भी कर लिया जाता है। इसलिए उसे अपारदर्शी प्रक्षेपक (Opaque-Projector) भी कहते हैं, जबकि सिरोत्तरी प्रक्षेपक (Overhead Projector) में पारदर्शियों का ही प्रयोग किया जाता है। इन दोनों ही उपकरणों में अचल चित्रों (Still prictures) को प्रक्षेपित किया जाता है। इस प्रकार दोनों ही उपकरण शिक्षण सामग्री को प्रक्षेपित करने में एक-दूसरे के पूरक हैं। पारदर्शी तथा अपारदर्शी चित्रों को इनके उपयोग से पर्दे पर बड़े आकार में प्रक्षेपित किया जाता है।

**विस्तारक उपकरण (Apparatus of Epidiascope)**

'इपीडाइस्कोप' शब्द दो उपकरण से बना है–**एपीस्कोप** (Episcope) तथा **डाइस्कोप** (Diascope)। एपीस्कोप का आशय है अपारदर्शक वस्तु का पर्दे पर बहुत साफ प्रक्षेपण तथा डायस्कोप से आशय है स्लाइड का प्रक्षेपण। एपीडायस्कोप के माध्यम से पारदर्शक तथा अपारदर्शक दोनों तरह की वस्तुओं की छवि (Image) पर्दे पर प्रक्षेपित की जाती है। इस उपकरण की मदद से पाठ-सामग्री के प्रक्षेपण में दोनों ही उपकरण कार्य करते हैं। पुस्तकों से पाठ्य-सामग्री का प्रक्षेपण समतल दर्पण (Plane Mirror) होता है, जिस पर निगेटिव चित्र बनता है जो 45° पर लगा होता है। ऊपरी यन्त्र में लैन्स द्वारा पुनः प्रक्षेपण निगेटिव प्रतिबिम्ब होता है, जो पर्दे पर मूल आकृति (Positive Image) में प्रतिबिम्ब प्रक्षेपित होता है। इस यन्त्र से आकार का विस्तार एवं

NOTES

समायोजन आवश्यकतानुसार करते हैं। एपीस्कोप फोटो कैमरा की तरह निगेटिव आकृति बनाता है और डाइस्कोप निगेटिव को पोजिटिव में बदल कर पर्दे पर प्रक्षेपित करता है।

इस उपकरण द्वारा समस्त प्रकार के अचल चित्रों, आकृतियों मानचित्रों, मुद्रित सामग्री, मॉडल, पदार्थों, ऐतिहासिक, भौगोलिक सामग्री को बड़े आकार में बदल दिया जाता है। इसका उपयोग अचल चित्रों के प्रक्षेपण में किया जाता है। इसका उपयोग अचल चित्रों (Still Pictures) को दो पक्षीय आकृति को प्रक्षेपित करने के लिए भी किया जाता है।

इस उपकरण में डाइस्कोप का कार्य सिरोत्तर प्रक्षेपक (OHP) जैसा होता है। यदि पारदर्शियों (Transparencies) पर पाठ्य-सामग्री को मारकर से अंकित कर लिया जाए या फोटो स्टेट पर पारदर्शियाँ बना ली जाए तब सिर्फ एपीडाइस्कोप से सीधे पर्दे पर प्रक्षेपित किया जा सकता है, परन्तु एपीडाइस्कोप में अपारदर्शी पाठ्य-सामग्री को ही प्रयुक्त किया जा सकता है। सिरोत्तरी प्रक्षेपक से इस उपकरण का उपयोग अधिक मितव्ययी तथा सुगम है।

**चित्र विस्तारक यन्त्र (Epidiascope)**—चित्र विस्तारक यन्त्र से पाठ को अधिक स्पष्ट और रोचक बनाने के लिए जादू की लालटेन (Magic Lanten) की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली यन्त्र है। इसका कारण यह है कि जादू की लालटेन में चित्रों को दिखाने से पूर्व स्लाइडें बनाने की आवश्यकता पड़ती है। यह बात चित्र-विस्तारक यन्त्र के साथ नहीं है। चित्र-विस्तारक यन्त्र में छोटे-छोटे चित्रों, मानचित्रों, पोस्टरों तथा पुस्तक के पृष्ठों को कमरे में अन्धेरा करके चित्रपट या पर्दे (Screen) पर बिना स्लाइड बनाये हुए ही बड़ा करके दिखाया जा सकता है। दूसरे शब्दों में जिन छोटे चित्रों को कलाकार भी विस्तृत रूप देने में विफल हो जाता है, उनको चित्र-विस्तारक यन्त्र सरलतापूर्वक बड़े रूप में प्रक्षेपित करता है। यही कारण है कि चित्र-विस्तारक यन्त्र ने आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास तथा भूगोल आदि समस्त विषयों को पढ़ाने के लिए अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। अमेरिका तथा इंग्लैंड आदि धनवान देशों के स्कूलों में पाठ को रोचक तथा स्पष्ट बनाने के लिए चित्र-विस्तारक यन्त्र का प्रयोग बहुत अधिक किया जाता है। किन्तु आर्थिक कठिनाइयों के कारण हमारे देश के बालक इस उपकरण के लाभों से वंचित रह जाते हैं। चित्र विस्तारक यन्त्र का प्रयोग करते समय शिक्षक को निम्नलिखित बातें ध्यान में रखनी चाहिए—

NOTES

1. चित्र-विस्तारक उपकरण का प्रयोग करने से पूर्व चित्रपट (Screen) की व्याख्या करनी चाहिए।
2. जिस कमरे में इस उपकरण का प्रयोग किया जाये, उसमें अन्धेरा होना चाहिए।
3. दिखाये जाने वाले चित्रों का आकार चित्र-विस्तारक के अनुरूप होना चाहिए।
4. कक्षा का वातावरण शान्त होना चाहिए।
5. चित्र-विस्तारक उपकरण का उपयोग करते समय टिप्पणियाँ देते रहना चाहिए, जिससे बालकों को विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट ज्ञान हो सके।

**चित्र विस्तारक की उपयोगिताएँ—**कक्षा शिक्षण में इस उपकरण का उपयोग सबसे अधिक किया जाता है, क्योंकि इस उपकरण के लिए किसी पारदर्शियों का निर्माण नहीं करना होता है। अपितु एक अच्छी पुस्तक की पाठ्यवस्तु को तथा पाठ्य-सामग्री को इस उपकरण की मदद से कक्षा में पर्दे पर प्रक्षेपित किया जाता है। इसके अलावा इसकी प्रमुख उपयोगिताएँ निम्नलिखित हैं—

(1) इस उपकरण में दोनों प्रकार की पाठ्य-सामग्री पारदर्शियों तथा अपादर्शियों सामग्री; जैसे—चित्रों, मानचित्रों एवं आकृतियों एवं अन्य विविध प्रकार की पाठ्य-सामग्री का प्रक्षेपण पर्दे पर करके उपयोग किया जाता है।

(2) इस उपकरण में मुख्य रूप से अचल चित्रों (Still Pictures) का उपयोग किया जाता है। इसका चलचित्रों (Motion Pictures) में उपयोग नहीं किया जा सकता है।

(3) इसका उपयोग प्रकाशयुक्त कक्ष में करते हैं, जिससे शिक्षण की परिस्थितियों में छात्र-शिक्षक की अन्ततःप्रक्रिया समुचित तरीके से होती रहती है।

(4) कक्षा शिक्षण में इस उपकरण का प्रयोग सहायक प्रणाली के रूप में सामाजिक विषयों के शिक्षण में अधिक किया जाता है।

(5) वैज्ञानिक विषयों के पाठ्यवस्तु के सूक्ष्म प्रकरणों को बड़े आकार में प्रक्षेपित करके शिक्षक को समझाने में अधिक सुविधा होती है

और छात्रों को सूक्ष्म प्रकरणों का सरलता से बोध हो जाता है; जैसे—अमीबा, कीट-पतंग, पेड-पौधों के सूक्ष्म भागों को बड़े आकार में बदल लेते हैं।

(6) रेखागणित में रेखीय प्रदर्शन, मानचित्रों की रचना करके उन्हें बड़े आकार में छात्रों के सम्मुख प्रस्तुत करके समझाने में सरलता होती है।

(7) अन्य अध्ययन विषयों की जटिल पाठ्य-सामग्रियों, आकृतियों, चित्रों के लिए भी इस उपकरण का उपयोग किया जाता है। इसके माध्यम से दो पक्षीय की आकृतियों को ही प्रस्तुत किया जा सकता है। बहु-पक्षीय आकृतियों का प्रक्षेपण नहीं होता है।

**चित्र विस्तारक के उपयोग में सावधानियाँ**—कक्षा शिक्षण में इस उपकरण को उपयोग करते समय शिक्षक को निम्नलिखित सावधानियाँ बरतनी चाहिए—

(1) कक्षा शिक्षण के आरम्भ से पूर्व इस उपकरण तथा पर्दे को समुचित तरीके से लगाना चाहिए। और विद्युत के तारों को जोड़कर बिजली की जाँच कर लेनी चाहिए कि उपकरण सक्रिय है या नहीं।

(2) कक्षा शिक्षण में प्रक्षेपित आकृति को समझाने के लिए संकेतक (पाइन्टर) का प्रयोग करना चाहिए, जिससे प्रतिबिम्ब पर शिक्षक की परछायी न पड़े।

(3) शिक्षक को पर्दे के दाहिनी ओर खड़ा होकर के पढ़ाना चाहिए, जिस तरह वह श्यामपट्ट का प्रयोग करता है।

(4) शिक्षण के समय शिक्षक काके छात्रों की ओर ध्यान रखते हुए आकृति की ओर संकेत करते हुए पढ़ाना चाहिए।

(5) इस उपकरण का प्रयोग जरूरी पाठ्य-सामग्री को प्रक्षेपित करने के लिए किया जाना चाहिए। पहले से प्रक्षेपितत करके न रखा जाए। जब पाठ्य-सामग्री का प्रकरण नष्ट हो जाए तो इसड़े बन्द कर देना चाहिए अथवा अगली पाठ्य-सामग्री को प्रक्षेपित किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों का ध्यान पाठ्यवस्तु की सार्थकता पर ही रह सके।

(6) इस उपकरण का प्रयोग दो पक्षीय के अचल चित्रों के प्रक्षेपण में करना चाहिए। बहु-पक्षीय की पाठ्यवस्तु में इस उपकरण का प्रयोग सम्भव नहीं होता है।

(7) कक्षा के आकार के अनुसार या छात्रों की संख्या के अनुरूप प्रक्षेपित प्रतिबिम्ब का समायोजन किया जाना चाहिए। प्रक्षेपित प्रतिबिम्ब की आकृति पर्दे पर ही रहनी चाहिए।

(8) शिक्षक को इस उपकरण के प्रयोग करने का पहले अभ्यास करना चाहिए या इसका प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए, तभी शिक्षक कक्षा में इस उपकरण का प्रक्षेपण अथवा उपयोग समुचित ढंग से कर सकता है।

(9) शिक्षक को इस उपकरण की साधारण तकनीकी का बोध और कौशल भी होना चाहिए जिससे वह प्रक्षेपित प्रतिबिम्ब को आवश्यकतानुसार समायोजित कर सके।

**(14) स्लाइडें, फिल्म-पट्टियाँ तथा प्रक्षेपक (Slides, Film Strips and Projector)**

स्लाइडों के द्वारा विभिन्न विषयों के सूक्ष्म से सूक्ष्म बातों को पर्दे (Screen) पर बड़ा करके दिखाया जा सकता है। स्लाइडें दिखाते समय शिक्षक पाठ की कठिन और बारीक बातों को अपने कथन द्वारा स्पष्ट करता जाता है। इससे पाठ सरल तथा रोचक बन जाता है और बालक ज्ञान को आसानी से ग्रहण कर लेते हैं। ध्यान रहे कि स्लाइडें शीशे की बनाई जाती हैं। अत: इनके टूटने का भय रहता है। साथ ही यह भारी भी होती है। इसलिए अब स्लाइडों को फिल्म के ऊपर भी बनाया जाने लगा है। इन फिल्म पर बनी हुई स्लाइडों को फिल्म पट्टी (Film Strip) की संज्ञा दी जाती है। फिल्म पट्टी को बनाने के लिए प्राय: किसी पाठ से सम्बन्धित 15 अथवा 20 स्लाइडों को 35 मिलीमीटर की फोटोग्राफी की फिल्म पर बनी हुई स्लाइडों की फिल्म पट्टी को कक्षा के सम्मुख चित्रदर्शक (Projecctor) द्वारा पर्दे के ऊपर करके दिखाया जाता है। इससे पाठ में सजीवता आ जाती है। अत: चित्र विस्तारक यंत्र (Epidiascope) की अपेक्षा चित्रदर्शक (Projector) का महत्व कहीं अधिक बढ़ गया है। इसका कारण यह है कि चित्र विस्तारक यंत्र द्वारा तो बालकों को स्लाइडें सिर्फ अलग-अलग ही दिखाई जा सकती हैं, जबकि चित्रदर्शक द्वारा चित्रों की स्लाइडों अथवा फिल्म पट्टियों को एक क्रम से दिखाया जा सकता है। संक्षेप में, जिस प्रकार सिनेमा में विज्ञापन (Advertisement) दिखाये जाते हैं, ठीक उसी तरह से बालकों को चित्रदर्शक से फिल्म पट्टियों द्वारा विभिन्न विषयों से सम्बन्ध रखने वाले चित्रों को आवश्यकतानुसार लगातार अथवा रुक-रुक कर हर तरह से दिखाया जा सकता है।

NOTES

## (15) मूक-चित्र (Soundless Motion Pictures)

मूक-चित्र चलचित्र का पहला रूप है। इससे क्रियायें तो पूर्णरूप दिखाई जाती हैं परन्तु ध्वनि नहीं होती। दूसरे शब्दों में मूक-चित्र द्वारा विभिन्न विषयों तथा क्रियाओं जैसे—सफाई के साधन, विभिन्न रोगों से बचने के उपाय तथा प्राकृतिक दृश्यों तथा वर्णनों को क्रिया रूप में आसानी से स्पष्ट किया जाता है। अत: चित्र विस्तारक यन्त्र तथा प्रक्षेपक यन्त्रों की अपेक्षा मूक-चित्रों का शिक्षण में विशेष महत्व है।

## (16) सिरोत्तर प्रक्षेपक (Overhead Projector-OHP)

प्रस्तुतीकरण का एक नवीन उपकरण विकसित हुआ है जिसे 'सिरोत्तर प्रक्षेपक' (Overhead Projector) कहते हैं। इसकी उपयोगिता के कारण यह ज्यादा प्रचलित हुआ है। प्रक्षेपक के उपकरण में (7" × 7" या 1" × 1") का बड़ा एपेरचर होता है। यद्यपि यह अपारदर्शी प्रक्षेपक (Opaque Projector) के समान ही होता है किन्तु इसमें प्रकरण में अनेक अनुदेशनात्मकक सामग्री; जैसे-चार्ट, चित्र, मानचित्र, आकृतियों तथा शिक्षण प्रपत्रों को पर्दे पर प्रक्षेपित किया जाता है। साथ-साथ शिक्षक कक्षा में उनका विवरण प्रस्तुत करता रहता है तथा सहायक सामग्री के रूप में प्रयुक्त करता है। अनुदेशन सामग्री को पारदर्शियों (Transparencies) करके उनका उपयोग लगातार होता रहता है। शिक्षक मारकर पैन से स्वयं भी पारदर्शियाँ बना लेता है। पाठ्यवस्तु को लिख लेता है, जिनका वह कक्षा में उपयोग करने के बाद अपनी फाइल में रख लेता है और आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग पुन: कर लेता है। यदि पुन: उपयोग की जरूरत न हो तो उसे मिटा कर अन्य अनुदेशन सामग्री को अंकित कर लेता है।

**सिरोत्तर का उपकरण** (Apparatus of Overhead Projector {OHP})—इस प्रक्षेपक में मुख्य निम्नलिखित यंत्र होते हैं—

(1) इसके अन्तर्गत प्रक्षेपण के लिए ऊपरी हिस्से में एक दर्पण तथा प्रक्षेपण दर्पण (Lens) लगा होता है।

(2) पारदर्शियों (Transparencies) को रखने के लिए 1" × 1" का बड़ा एपेरचर लगा होता है। अनुदेशन सामग्री को पारदर्शियों पर अंकित कर लिया जाता है। यह इस तकनीकी का अदा (Input) पक्ष होता है। इसे सॉफ्टवेयर भी कह सकते हैं।

(3) इस प्रक्षेपक में अध्ययन सामग्री तथा आकृतियों को छोटा तथा बड़ा करने की सुविधा भी होती है, जिसे आवश्यकतानुसार छोटा अथवा बड़ा कर लिया जाता है।

(4) इसमें सर्वप्रथम लम्बवत् प्रक्षेपण क्षेत्र होता है, इसके बाद ऊपर भाग के पर्दण से पर्दे पर प्रक्षेपण होता है। इसमें आकृति को सही प्रक्षेपण के लिए आगे और पीछे करने का यंत्र भी होता है। इसे समायोजित करते हैं।

NOTES

**सिरोत्तर प्रक्षेपक के उपयोग की विधि** (Procedure for Using Overhead Projector)—इस सिरोत्तर प्रक्षेपक के उपयोग की विधि में निम्नांकित सोपानों का अनुसरण किया जाता है–

(1) कक्षा शिक्षण से पहले पाठ्यवस्तु सम्बन्धी अनुदेशन सामग्री का नियोजन किया जाता है। महत्त्वपूर्ण तथा अपेक्षित सहायक सामग्री हेतु पारदर्शियों (Transparences) की व्यवस्था की जाती है। यदि आवश्यक पारदर्शियाँ उपलब्ध न हों तब शिक्षण उन्हें खुद मारकर पैन से तैयार कर लेगा तथा उन्हें क्रमानुसार व्यवस्थित करता है।

(2) सिरोत्तर प्रक्षेपक को शिक्षक श्यामपट्ट अथवा पर्दे के सामने रख लेगा, प्रक्षेपक का लैन्स पर्दे की ओर रखा जाता है।

(3) प्रक्षेपक के तारों को बिजली के बोर्ड से जोड़कर स्विच को खोल दिया जायेगा। प्रक्षेपित प्रकाश को पर्दे के बीच में समायोजित किया जाता है।

(4) अपेक्षित पाठ्य-सामग्री की पारदर्शी (Transparency) को एपश्चर के ऊपर दाहिने हाथ की तरफ रखते हैं।

(5) प्रक्षेपक के लैन्स को इस प्रकार समायोजित करते हैं, जिससे आकृति का प्रतिबिम्ब शुद्ध रूप में छात्रों को दिखलाई दे। प्रतिबिम्ब बड़ा होने पर उसे छोटा कर लिया जाता है।

(6) पारदर्शियों पर लिखते समय शिक्षक के हाथ की परछाई प्रतिबिम्ब पर नहीं पड़नी चाहिए। इसका पूर्ण ध्यान रखा जाए।

(7) कक्षा शिक्षण के समय उन्हीं आकृतियों को प्रक्षेपित किया जाए, जिनका शिक्षक विवरण प्रस्तुत कर रहा है। इसके बाद पारदर्शी को बदल देना चाहिए।

(8) कक्षा शिक्षण के पश्चात् पारदर्शियों को पुनः उपयोग के लिए रख लिया जाता है। पारदर्शियों की कमी में उन्हें साफ भी कर लेते हैं और पाठ्य-सामग्री को मारकर पैन से अंकित कर लेते हैं।

सिरोत्तर प्रक्षेपक एक नए प्रकार का उपकरण है, इसका प्रयोग प्रकाश-युक्त कक्षा में किया जाता है। अन्धेरे कक्ष में प्रक्षेपण में सुधार आता है। इसके लिए 7" × 7" का पर्दा प्रयुक्त करना चाहिए।

**पारदर्शियाँ बनाने की प्रक्रिया** (Procedures of Preparing Transparencies)—सिरोत्तर प्रक्षेपक (OHP) के लिए पारदर्शियाँ तैयार की जाती हैं, जिन्हें अचल चित्र (Still picture) भी कहते हैं। इन्हें तैयार करने की कई विधियाँ हैं। मुख्य विधियाँ इस प्रकार हैं—

**(1) हाथ से पारदर्शी बनाने की विधि** (Hand drawn Transparencies)—हाथ से पारदर्शियाँ बनाने के लिए 25" × 25" आकार अथवा A4 आकार की पारदर्शियों की व्यवस्था करके परमानैण्ट मारकर पैन से अपेक्षित पाठ-सामग्री को स्वच्छ तथा स्पष्ट रूप में बनाते हैं। सुलेख एवं आकृतियाँ स्पष्ट होनी चाहिए, क्योंकि पारदर्शियों का उपयोग स्थायी रूप में किया जाता है। इनके लिए रेखाचित्र विशेष प्रकार को होना चाहिए।

**(2) फोटोग्राफ द्वारा तैयार पारदर्शियाँ** (Photographic Transparencies)—अधिक जटिल आकृतियों को जिन्हें हाथ से नहीं बनाया जा सकता उन्हें फोटोग्राफ द्वारा पारदर्शियाँ तैयार करा जी जाती है। निगेटिव से पोजेटिव आकृति बनाई जाती है। इन आकृतियों में रंगों का भी प्रयोग किया जाता है। आकृतियों को बड़ा या छोटा भी करा लिया जाता है। इनका उपयोग स्थायी रूप से कक्षा शिक्षण में करते हैं।

**(3) डियाजो प्रक्रिया पारदर्शियाँ** (Diazo Process Transparencies)—डियाजो रसायन पदार्थ से पालिस की गई पारदर्शियों से कई प्रतिलिपियाँ तैयार की जाती हैं। दो प्रतिलिपियों को एक साथ सूर्य के प्रकाश में रख दिया जाता है। दो मिनट से 3 मिनट में प्रतिबिम्ब बन जाता है। इस विधि से रंगीन पारदर्शियाँ तैयार कर ली जाती हैं।

**(4) पारदर्शियाँ फोटो कापी मशीन द्वारा तैयार करना** (Copying Machine Transparencies)—प्रक्षेपण में सिरोत्तर प्रक्षेपक का

हृदय होता है और पारदर्शियाँ उसको भोजन देती है। इस विधि द्वारा जल्दी से प्रतिलिपियाँ तैयारी कर ली जाती हैं। मूल प्रति से मशीन द्वारा कई प्रतिलिपियों बना ली जाती हैं।

NOTES

**सिरोत्तर प्रक्षेपक की उपयोगिता तथा लाभ** (Advantages of Overhead Projector OHP)—इस प्रक्षेपक के निम्नलिखित उपयोग हैं–

(1) **बड़ा प्रतिबिम्ब** (Large Image)—इस प्रक्षेपक से छोटी आकृति को बड़े प्रतिबिम्ब में प्रदर्शित किया जाता है, जिससे शिक्षक को समझाने में सुगमता होती है। इसका उपयोग अचल चित्रों (Still Pictures) के प्रक्षेपण में किया जाता है।

(2) **छात्र के सामने शिक्षक** (Face the Students)—इस प्रक्षेपक को प्रकाश-युक्त कक्ष में प्रयुक्त किया जाता है, छात्र के सम्मुख शिक्षक रहता है जिससे कक्षा में अनुशासन भी रहता है। इस प्रक्षेपक का उपयोग श्यामपट्ट के रूप में होता है। किन्तु आकृतियों की पारदर्शि तैयार की जाती हैं।

(3) **प्रकाश-युक्त कक्ष** (Lighted Room)—इस प्रक्षेपक का उपयोग प्रकाशयुक्त कक्ष में किया जाता है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया तथा छात्र शिक्षक अन्तः प्रक्रिया का सम्पादन सुगमता और सामान्य रूप से होता है।

(4) **शिक्षक की पहचान** (Identity of Teacher)—छात्र कक्षा में शिक्षक द्वारा प्रक्षेपक से प्रस्तुतीकरण किया जाता है अथवा तकनीकी मदद लेता है और अपने प्रस्तुतीकरण में प्रक्षेपित पाठ सामग्री का उपयोग करता है, इससे उसकी पहिचान होती है।

(5) **सिरोत्तर प्रक्षेपक का भारी न होना** (Light Weight)—यह प्रक्षेपक अपेक्षाकृत भारी नहीं होता है, इसलिए उसे एक कक्षा से दूसरी कक्षा में सुगमता से ले जाते हैं।

(6) **प्रस्तुतीकरण में लचीलापन** (Flexibility in Presentation)—पाठ्यवस्तु के प्रस्तुतीकरण के साथ प्रक्षेपित आकृतियों को सुगमता से समन्वित तथा एकीकृत कर लिया जाता है। शिक्षक का कक्षा पर पूरा नियंत्रण रहता है। छात्र पाठ से अधिक रुचि लेते हैं। उन्हें सीखने में भी सरलता होती है।

NOTES

(7) **व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण** (Personalized Persentation)—इसमें शिक्षक पारदर्शियों (Transparncies) को स्वयं तैयार करता है। उनका उपयोग आवश्यकतानुसार खुद करता है, उसे स्पष्टीकरण में कठिनाई का एहसास नहीं होता है। अपने प्रस्तुतीकरण में दृश्य-सामग्री क्रमबद्ध रूप में प्रयुक्त करता है, जिससे पाठ छात्रों के लिए अधिक रुचिकर हो जाता है।

(8) **घर बनाई सामग्री** (Home made Material)—इस प्रक्षेपक के लिए पाठ सामग्री-मानचित्र, आकृतियों, चित्र आदि की पारदर्शियों को घर पर ही किया जाता है। इसके लिए पाठ-सामग्री में अधिक व्यय की जरूरत नहीं होती है।

(9) **पाठ्य-सामग्री का पुनः उपयोग** (Reuse the Transparences)—शिक्षक अपने शिक्षण हेतु जिन पारदर्शियों को प्रक्षेपित करने के लिए तैयार करता है, उनका उपयोग पुनः कर सकता है। उन्हें संभाल कर रख लिया जाता है।

(10) **पारदर्शियों का उपयोग** (Use of Transparancies)—पारदर्शियों को विभिन्न पाठ्य-सामग्री हेतु भी प्रयोग करते हैं। पारदर्शियों की पाठ्य-सामग्री को मिटाकर अन्य पाठ सामग्री को अंकित कर लेते हैं और उन्हीं पारदर्शियों का शिक्षण में उपयोग कर लेते हैं। इस प्रकार पारदर्शियों को तैयार करने की यह मितव्ययी प्रविधि है।

## (स) दृश्य-श्रव्य शिक्षण सामग्री (AUDIO-VISUAL TEACHING AIDS)

**दृश्य श्रव्य सामग्री का अर्थ—**दृश्य-श्रव्य सामग्री का तात्पर्य उन साधनों से है, जिनमें श्रव्य तथा दृश्य दोनों इन्द्रियों का प्रयोग होता है अर्थात् जिनमें ज्ञान श्रव्य तथा दृश्य दोनों इन्द्रियों के द्वारा प्राप्त होता है। निम्नलिखित पंक्तियों में हम कुछ ऐसे प्रमुख साधनों पर दृष्टि डाल रहे हैं, जिनके द्वारा बालकों को श्रव्य तथा दृश्य दोनों ही इन्द्रियों के साथ-साथ प्रयोग करने से ज्ञान प्राप्त होता है।

(1) **चलचित्र अथवा सिनेमा (Cinema) :** चलचित्र अथवा सिनेमा मूक-चित्र का दूसरा रूप है। इसमें मूक-चित्र की तरह क्रियायें भी दिखाई जाती हैं, साथ ही ध्वनि की व्यवस्था भी होती। इस प्रकार चल-चित्र अथवा सिनेमा बीसवीं शताब्दी की शिक्षा का सस्ता, सुलभ तथा यंत्रीकृत महत्वपूर्ण साधन है। इसका प्रयोग रेडियो और टेलीविजन

NOTES

से अधिक प्रभावशाली होता है तथा इसके कई लाभ हैं, जैसे—(1) चल-चित्र द्वारा प्राप्त किया हुआ ज्ञान अन्य उपकरणों की अपेक्षा अधिक स्थायी होता है, क्योंकि इसमें देखने तथा सुनने की दो इन्द्रियाँ सक्रिय रहती हैं। (2) चलचित्र औद्योगिक तथ्यों तथा उनके प्रभावों तथा ऐतिहासिक घटनाओं और वैज्ञानिक अनुसंधानों का साक्षात्कार कराने में मदद देता है। (3) चल-चित्र द्वारा बालकों को विभिन्न देशों की स्थितियों, परिस्थितियों तथा मानव और उसके कार्य-कलापों का ज्ञान सरलतापूर्वक करा दिया जाता है, (4) चलचित्र द्वारा बालकों की कल्पना-शक्ति को विकसित करके उनकी निरीक्षण शक्ति का विकास भी सरलतापूर्वक किया जा सकता है तथा (5) चलचित्र द्वारा समस्त बालक सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं नैतिक सभी प्रकार से विकसित होते हैं। संक्षेप में, चल-चित्र द्वारा मन्द एवं तीव्र बुद्धि के सभी बालकों को जहाँ एक ओर मनोरंजन होता है वहाँ दूसरी ओर वे हर प्रकार की शिक्षा भी ग्रहण करते हैं। ध्यान देने की बात है कि मनोरंजन होता है वहाँ दूसरी ओर वे हर प्रकार की शिक्षा भी ग्रहण करते हैं। ध्यान देने की बात है कि मनोरंजन की दृष्टि से दिखाये जाने वाले चित्रों से शैक्षिक चित्र भिन्न होते हैं। मनोरंजन वाले चित्रों में कहानियाँ होती हैं किन्तु शैक्षिक चित्रों में भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र तथा विज्ञान आदि विषयों की सामग्री का समावेश होता है। दूसरे शब्दों में, चल-चित्र द्वारा सिनेमा में प्रयोग किये जाने वाले 35 मिलीमीटर के प्रोजेक्टर के स्थान पर स्कूल में सिर्फ 16 मिलीमीटर के प्रोजेक्टर द्वारा बालकों को प्रत्येक विषय का ज्ञान सरलतापूर्वक दिया जा सकता है। हर्ष का विषय है कि भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार तथा इंग्लैण्ड तथा अमेरिका के दूतावासों से शैक्षिक फिल्में नि:शुल्क मिलती हैं लेकिन खेद की बात है कि हमारे स्कूल आर्थिक परेशानियों के कारण अभी तक प्रोजेक्टर नहीं खरीद पाये हैं। इस कारण छात्र इस महत्वपूर्ण उपकरण के शैक्षिक लाभों से परे ही रह जाते हैं।

(2) **समाचार सम्बन्धी फिल्म (आलेख सम्बन्धी) (Documentary Films) :** समाचार सम्बन्धी फिल्मों का अर्थ उन फिल्मों से है, जिनके द्वारा बालकों को सामाजिक विषयों की शिक्षा दी जाती है। ऐसी फिल्मों द्वारा जनता को देश के राजनैतिक, आर्थिक तथा सामाजिक जीवन से सम्बन्धित परिस्थितियों, घटनाओं तथा योजनाओं के सम्बन्ध में समाचार भी दिए जाते हैं। यही कारण है कि आजकल प्रत्येक देश में अधिकांश समाचार सम्बन्धी फिल्में तैयार हो रही हैं। ऐसी फिल्में स्कूलों में

बालकों को तथा सार्वजनिक स्थानों पर जनता को दिखाई जाती हैं। इससे देश के प्रत्येक नागरिक को अपने देश के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण समाचार हासिल हो जाते हैं। स्मरण रहे कि समाचार सम्बन्धी फिल्मों क द्वारा बालकों को सामाजिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक तथा धार्मिक शिक्षा भी बड़े सरल तथा रोचक ढंग से की जा सकती है। अतः इस प्रकार की फिल्मों द्वारा बालकों का जहाँ एक ओर मनोरंजन होता है, वहाँ दूसरी ओर उनके कई शैक्षिक लाभ भी हैं।

(3) **दूरदर्शन (Velevision) :** टेलीविजन भी रेडियो की भाँति बीसवीं शताब्दी की वैज्ञानिक उपलब्धियों में शिक्षा का एक महत्वपूर्ण उपकरण है। रेडियो द्वारा तो हम उच्च कोटि के शिक्षाशास्त्रियों तथा कलाकारों की सिर्फ वाणी ही सुन सकते हैं, किन्तु टेलीविजन पर उन सबकी शक्लें तथा उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए भी देख सकते हैं। दूसरे शब्दों में टेलीविजन द्वारा बालकों के कान और आँख दोनों ही ज्ञानेन्द्रियाँ सक्रिय होती हैं। इस दृष्टि से जो गुण चल-चित्र के हैं वही गुण टेलीविजन में भी हैं। यद्यपि टेलीविजन अभी शैशवावस्था में हैं फिर भी इसके शैक्षिक महत्व को देखते हुए देहली प्रदेश में भिन्न-भिन्न विषयों से पाठों को समय-समय पर प्रसारित किया जाता है। आशा है कि रेडियो की भाँति टेलीविजन सेट भी इतने ही सस्ते हो जायेंगे कि हमारे स्कूलों के सभी बालक इसके द्वारा बात-चीत करना, भाषण देना तथा अभिनय आदि कई बातों को सरलतापूर्वक सीख पायेंगे।

**कक्षा शिक्षण में दूरदर्शन तथा चलचित्रों का प्रयोग** (Use of Television and Movies in Classroom Teaching)—कक्षा-शिक्षण में इस श्रव्य-दृश्य सहायक सामग्री का प्रयोग किया जाने लगा है तथा भारत वर्ष में भी इनकी प्रभावशीलता के मूल्यांकन केक लिए शोध कार्य किये गये हैं। यह सहायक सामग्री सबसे अधिक प्रभावशाली सिद्ध हुई है। कक्षा शिक्षण में इनके प्रयोग के लिए छः सोपानों का अनुसरण किया जाता है। इन सोपानों का वर्णन यहाँ पर दिया गया है—

**प्रथम सोपान—**इकाई योजना बनाते समय यह निश्चित कर लिया जाता है कि कौनसा प्रकरण किस परिस्थिति में तथा किस समय पर छात्रों को दिखलाया जाये। चलचित्र की उपलब्धि को भी ध्यान में रखना होता है। प्रत्येक राज में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत श्रव्य-दृश्य शिक्षण विभाग होता है, जो अपने यहाँ उपलब्ध चलचित्रों के सम्बन्ध में सूचीपत्र प्रकाशित करता है। ये सूचीपत्र विद्यालय-पुस्तकालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। अतः चलचित्रों को प्राप्त करना प्रथम चरण है।

**द्वितीय सोपान—**चलचित्र का कक्षा में उपयोग करने से पूर्व शिक्षक को स्वयं चलचित्रों को दो-तीन बार देखना होता है और बिन्दुओं को ध्यान में स्थिर करना होता है, जिनको कि प्रस्तावना के रूप में प्रस्तुत करना हो, द्वितीय चरण हुआ।



**तृतीय सोपान—**चलचित्र दिखाने से पहले चलचित्र की प्रस्तावना के रूप में शिक्षार्थियों को निम्नांकित बिन्दुओं की दृष्टि से स्पष्टता होनी चाहिए—

(1) चलचित्र के माध्यम से मूलत: क्या दिखाया जाने वाला है?

(2) चलचित्र देखते समय किन बिन्दुओं को ध्यानपूर्वक देखना है?

शिक्षार्थियों को उक्त बिन्दुओं की दृष्टि से उत्प्रेरित करने के लिए शिक्षक स्वयं चलचित्र के सम्बन्ध में विवरण प्रस्तुत कर सकता है या प्रश्नोत्तर का सहारा ले सकता है। इस चरण का मूल प्रयोजन यह है कि चलचित्र देखने से पूर्व शिक्षार्थियों को यह ज्ञान होना चाहिए कि वे क्या देखने वाले हैं।

**चतुर्थ सोपान—**इस सोपान में शिक्षक यह ज्ञात करता है कि चलचित्र शिक्षार्थियों को विषयवस्तु का ज्ञान कराने में किस सीमा तक प्रभावी हुआ है। वह प्रश्नों का प्रयोग करता है, विचार-विमर्श आयोजित करता है तथा शिक्षार्थियों को चलचित्र के सम्बन्ध में अस्पष्ट बिन्दुओं पर सवाल पूछने के लिए निमन्त्रित करता है।

**उद्देश्य**—इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समक्ष सकेंगे—

- सामाजिक अध्ययन में मूल्यांकन के उद्देश्य
- इकाई परीक्षण
- सामाजिक विज्ञान शिक्षण में मूल्यांकन प्रक्रिया का प्रयोग
- नवीन परीक्षण
- वस्तुनिष्ठ परीक्षण के प्रश्नो के प्रकार
- वस्तुनिष्ठ परीक्षण की विशेषताएँ
- परीक्षण योजना

NOTES

## प्राक्कथन

मूल्यांकन अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है जो शिक्षा के साथ ही आरम्भ हो जाती है। शिक्षा के सभी रूपों के साथ (औपचारिक/अनौपचारिक) मूल्यांकन भी चलता रहता है। मूल्यांकन का अपना उद्देश्य होता है जो शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने की सीमा को बताता रहता है। यही तो प्रतिपुष्ट व पुनर्बलन को भी बल प्रदान करता है जिनके द्वारा शिक्षण तथा अधिगम की प्रक्रियाएँ चलती हैं। सामाजिक विषयों (इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र व अर्थशास्त्र) में विद्यार्थी इनके उद्देश्यों की प्राप्ति किस सीमा तक करता है इसकी जानकारी मूल्यांकन से ही मिलती है। मूल्यांकन की जितनी विधि या प्रविधि अब तक खोजी जा चुकी हैं सभी इन विषयों में लागू होती हैं। मापन द्वारा निर्मित उपलब्धि परीक्षण पर एक मात्रात्मक विवरण विद्यार्थी का प्राप्त किया जाता है जबकि मूल्यांकन द्वारा इसके साथ-साथ गुणात्मक विवरण भी प्राप्त हो जाता है। जबकि मूल्यांकन द्वारा इसके साथ-साथ गुणात्मक विवरण भी प्राप्त हो जाता है। अत: छात्र अपने जीवन में किमना आत्मसात कर सकेगा इसके भी अनुमान उनके परिणामों से लग जाते हैं। सामान्य उद्देश्य पूरे जीवन से देश की नागरिकता, राजनैतिकता एवं संस्कृति के अनुरूप होते हैं जिनके निर्धारण के समय ही मूल्यांकन प्रविधि भी शिक्षाविद् निश्चित कर लेते हैं कि किस मापनी पर इनकी प्राप्ति मापी जा सकेगी ? जब यह सभी विषय अलग-अलग शिक्षण के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को पढ़ाये जाते थे तब इनकी प्राप्ति अलग-अलग विषय के अनुरूप मापी जाती थी किन्तु जब इनका समावेश साथ में करके सामाजिक विज्ञान शिक्षण के रूप में कर दिया गया है तो इनकी समावेश साथ में बढ़ जाती है, क्योंकि ये विषय क्यों समाहित किये गये ? कैसे सम्बन्धित हैं ? और क्यों इन्हें मिलाकर सामाजिक विज्ञान कहा गया ? इत्यादि प्रश्नों का उत्तर ही इकट्ठे करना विषय शिक्षण का अधिगम हैं। इन्हीं से जुड़े हुए उद्देश्यों की प्राप्ति की सीमा का मापन ही इनका मूल्यांकन है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विद्यार्थी सामाजिक विज्ञान के शिक्षण से अपने ज्ञान को कहाँ तक फैला सका। पहले भिन्न-भिन्न विषयों के शिक्षण का ज्ञान रखता था। अब तो उसे सभी को मिलाकर ही देखना है जिसका श्रेणीकारक मूल्यांकन है।

**सामाजिक अध्ययन में मूल्यांकन के उद्देश्य** (Purposes of Evaluation is Social Studies)—सामाजिक विज्ञान के शिक्षण हेतु मूल्यांकन क्यों जरूरी है? इसी को निर्धारण करने के लिए मूल्यांकन के उद्देश्यों पर विचार समाचीन लगता है वैसे लेखक के विचार से मूल्यांकन वेह उद्देश्य सामाजिक विज्ञान में अग्रलिखित होते हैं—

(1) **वृद्धि तथा विकास की जानकारी**—मूल्यांकन की मदद से यह ज्ञात किया जाता है कि विद्यार्थी निर्धारित पाठ्यक्रम को कितना प्राप्त कर लिया है। अत:

उसके ज्ञान में कितनी वृद्धि हुई और उस ज्ञान को व्यवहार में ले आने में कहाँ तक सफल होगा इत्यादि जानकारी मूल्यांकन की प्रापत होती है।



(2) **अवरोध का ज्ञान**—मूल्यांकन यह जानकारी भी देता है कि विद्यार्थी को ज्ञानार्जन में कहाँ-कहाँ अवरोध पैदा हो रहा है जिसके निदान में हम उपचार प्रदान कर सकते हैं।

(3) **वैयक्तिक विभिन्नता**—सामाजिक विज्ञान में इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र तथा अर्थशास्त्र विषयों का अध्ययन किया जाता है अब देखना है कि हमारा विद्यार्थी चारों विषयों में अपनी पकड़ समान दर से बनाये हुए है अथवा कोई विशेष क्षेत्र ही उसकी पकड़ में हैं। इस प्रकार मूल्यांकन से हमें यह ज्ञात हो जाता है कि विद्यार्थी की अपने तथा अपने समूह में क्या स्थिति है जिसके हिसाब से उसे उपचारित किया जा सकता है।

(4) **अधिगम प्रेरण**—विद्यार्थी के सन्दर्भ मूल्यांकन सामाजिक विषयों की उपलब्धि को व्यक्त करता है जिससे उसकी अधिगम की दरज्ञात होती है और वह प्रेरित होकर अपने अधिगम को अग्रिम बढ़ाता है।

(5) **शिक्षण प्रभावशीलता का ज्ञान**—अध्यापक अपने पाठ को कक्षा में जाने से पूर्व पाठ योजना बनाकर एक व्यूह रचना कर लेता है जिसके अनुसार कहा शिक्षण करता है जिसके प्रभावशीलता कहाँ तक बनी रहती है इसका ज्ञान भी मूल्यांकन के माध्यम से होता है।

(6) **शिक्षण के सुधार**—शिक्षण प्रभावशीलता के स्तर का ज्ञ्ज्ञन मूल्यांकन करता है जिससे उसके शिक्षण में सुधार होता है, क्योंकि प्रभावशीलता की मात्रा ही अध्यापक को अपने व्यूह के परिवर्तन या समूह हेतु बाध्य करती है।

(7) **पाठ्यक्रम में सुधार**—मूल्यांकन द्वारा पाठ्यक्रम की सार्थकता भी प्रमाणित की जाती है। जिससे समय की माँग की अनुसार पाठ्यक्रम में बदलाव या सुधार किया जा सकता है।

(8) **सहायक सामग्रियों की प्रभावशीलता का ज्ञान**—अध्यापक द्वारा कक्षा में शिक्षण के दौरान जिन शिक्षण सहायक सामग्रियों का प्रयोग किया गया वे कहाँ में शिक्षण के प्रभावशाली बना सका इसका ज्ञान भी मूल्यांकन द्वारा होता है। जिसकी मदद से सहायता सामग्रियों में परिवर्तन किया जा सकता है।

(9) **व्यावसायिक निर्देशन में सहायक**—मूल्यांकन की सहायता से व्यवसाय के स्तर पर कौन से निर्देशन की जरूरत होती है। इसका निर्धारण भी विभिन्न तकनीकों द्वारा किया जा सकता है तथा यह भी स्पष्ट हो जाता है कि शिक्षण

व्यवसाय कह सफलता छात्र किस स्तर तक पर सकेंगे यह निर्देशन भी मूल्यांकन द्वारा अनुमानित किया जा सकता है।



**(10) मानकों का निर्धारण**—मूल्यांकन की मदद से व सन्दर्भित बिन्दु निश्चित किये जा सकते हैं। जिनके आधार पर परीक्षण से प्राप्त परिणामों की व्याख्या की जा सकती है वे मानक कक्षा, आयु अथवा स्टैन्डर्ड प्रकार के हो सकते हैं। वैसे अधिकतर इनके प्रतिशत मानव ही आज तैयार किये जाते हैं।

**संरचनात्मक तथा योगात्मक मूल्यांकन** (Formative and Summative Evatuation)—मिचैल स्क्रीवेन (Michel Scriven) ने 1967 में मूल्यांकन के प्रमुख उद्देश्य (शैक्षिक निर्णय लेने में मदद करना है तथा मूल्यांकनकर्ता के अन्तिम लक्ष्य शिक्षा में सुधार लाना है को ध्यान में रखकर मूल्यांकन को दो प्रमुख भागों में विभक्त है।

**(1) संरचनात्मक** (Formative) **मूल्यांकन**—संरचनात्मक मूल्यांकन किसी भी शैक्षिक कार्यक्रम, योजना, प्रक्रिया, सामग्री की प्रभावशीलतागुणवत्ता वांछनीयता एवं योग्यता तथा उपयोगिता का मूल्यांकन अन्तिम रूप देने के पूर्व ही किया जाता है जिससे उसकी संरचना की कमियों को दूर किया जा सके। जैसे छात्राध्यापक को पूरी पाठ-योजना पढ़ाने से पूर्व कौशलों का प्रशिक्षण माइक्रोटीचिंग के रूप में कराया जाता है जिससे उसकी कक्षा शिक्षण की संरचना अच्छी हो सके। सामाजिक विज्ञज्ञन में शिक्षण के पूर्ण करायी जाने वाली ड्रिल टीचिंग उसकी भविष्य में की जाने वाली कक्षा शिक्षण हेतु प्रमुख रूप से तीन बातों पर ध्यान दिया जाता है। (1) शैक्षिक कार्यक्रम या सामग्री के विभिन्न अंगों के गुण व दोषों के सम्बन्ध से स्पष्ट प्रमाण प्राप्त करना है। (2) इन प्रमाणें के आधार पर कार्यक्रम या सामग्री की कमियों को सम्मुख रखना। (3) इन कमियों को दूर करके कार्यक्रम या सामग्री को अधिक प्रभावपूर्ण बनाने के लिए सुझाव प्रस्तुत करना।

**संरचनात्मक मूल्यांकन के कार्य**—संरचनात्मक मूल्यांकन के मुख्य कार्य निम्नलिखित हैं—

(1) शिक्षा सत्र के दौरान समय-समय पर छात्रों की उपलब्धि का मूल्यांकन करना।

(2) छात्रों एवं अध्यापकों को प्रतिपुष्टि प्रदान करना।

(3) छात्रों को व्यवस्थित करने के लिए प्रेरित करना।

(4) अध्यापकों को अपनी शिक्षण विधियों के सुधार करने में।

(2) **योगात्मक मूल्यांकन** (Summative Evaluation)—सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के बाद या सत्रोपरान्त किया जाने वाला मूल्यांकन योगात्मक मूल्यांकन कहलाता है। योगात्मक मूल्यांकन से अभिप्रतिय पूर्वनिर्मित शैक्षिक कार्यक्रम, योजना अथवा सामग्री की समग्र वांछनीयता ज्ञात करने की प्रक्रिया से है। अत: योगात्मक मूल्यांकन विगत वर्षो में चल रही प्रवेश विधि, पाठ्यक्रम आदि को आने वाले समय में जारी रखने अथवा न रखने की दृष्टि से किया जा सकता है, जैसे—पूर्वाचन, विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा एक सेमिनार राजा हरपाल सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिंगरामऊँ, जौनपुर में आयोजित की गयी जिसका शीर्षक था कि 'यू.जी.सी. द्वारा प्रस्तावित बी. एड/एम.एड पाठ्यक्रम पर विचार विमर्श' जिस पर विद्वतावृन्दों ने कुछ अनावश्यक तथ्यों को बाहर किया और कुछ जरूरी तथ्यों को उनके स्थान पर जोड़ा और इस प्रकार एक अन्तिम रूप देपे से जुड़ी थीं जो कि योगात्मक मूल्यांकन कही जायेगी। इस प्रकार योगात्मक मूल्यांकन उपलब्ध विकल्पों के गुण-दोषों का आंकलन करके किसी एक सबसे अधिक उपयुक्त विकल्प को ज्ञात करने की प्रक्रिया है।

**योगात्मक मूल्यांकन के कार्य**—योगात्मक मूल्यांकन के कार्य अग्रलिखित हैं—

(1) पाठ्यक्रम की समाप्ति पर मूल्यांकन करता है।

(2) वार्षिक परीक्षा प्रणाली का रूप है।

(3) विकल्पों की उपयुक्तता को बताता है।

(4) सामाजिक विज्ञान के प्रभावी शिक्षण विधि का निर्धारण करता है।

इस प्रकार योगात्मक मूल्यांकन दीर्घकालीन निर्णयों के लेने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

**इकाई परीक्षण** (Unit Test)—सामाजिक विज्ञान का शिक्षण अपने पाठों को कुछ इकाइयों में विभाजित लेता है जिन्हें इकाई योजना के तहत छोटे-छोटे प्रकरणों में बाँटता है और प्रत्येक प्रकरण से सम्बन्धित विशिष्ट उद्देश्यों का निर्धारण करता है जा पहले ज्ञान से सम्बन्धित होती हैं। इन विशिष्ट उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु विभिन्न शिक्षण विधियों में से एक या दो प्रमुख शिक्षण विधि का प्रयोग करता है एवं साथ ही सहायक सामग्रियों (चित्र फाइल) इत्यादि तैयार करता है और इनकी सहायता से प्रकरणों पर पाठ-योजना बनाता है तथा कक्षा शिक्षण करे हुए पुनरावृत्ति के प्रश्नों द्वारा मूल्यांकन करता है कि विशिष्ट उद्देश्यों की प्राप्ति किस सीमा तक हुई ? इस प्रकार प्रकरणों पर पुष्टिकरण मूल्यांकन है और आखिर में एक परीक्षण पूरी इकाई के शिक्षाणोपरान्त बनाता है जो योगात्मक मूल्यांकन है। इस प्रकार इकाई परीक्षण

अपने इकाई का योगात्मक मूल्यांकन है जबकि पूर्ण पाठ्यक्रम हेतु संरचनामक मूल्यांकन हो जाता है।

NOTES

**Role Play Action**—सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के छात्राध्यापक/छात्राध्यापिकाएँ अपने पाठ का निर्माण प्रति कौशल घटकों को ध्यान में रखकर भिन्न-भिन्न करती हैं जो अपने ही विषय के 7, 8 छात्रों के समूह को पढ़ाते हैं जिस पर पूरी प्रक्रिया कक्षा की चलायी जाती है और 5 से 7 मिनट में यह देखा जाता है कि विद्यार्थी कहाँ तक अपने कौशल में सफल रहता है इसी के आधार पर वह अपने को अभ्यास कराता है और अन्तिम रूप से तैयार होकर वास्तविक कक्षा में जाता है। इस प्रकार पूरा पाठ ड्रिल करने के बाद छात्राध्यापक अपने आपकों पूरी तरह से सन्तुष्ट कर लेता है।

**सामाजिक विज्ञान शिक्षण में मूल्यांकन प्रक्रिया का प्रयोग** (Use of Evaluation Process in Social-Science teaching)—सामाजिक विज्ञान को अपने विषय में मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाने हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं का अनुसरण करना पड़ता है।

**A. सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उद्देश्यों का निर्धारण**—मूल्यांकन प्रक्रिया के इस सोपान के अन्तगर्त शिक्षक को सामाजिक शिक्षण के उद्देश्यों को निर्धारित करना पड़ता है।

**जैसे**—प्रकरण—सामाजिक विज्ञान के महत्त्व

**शिक्षण-उद्देश्य**—इस प्रकरण के जुड़े हुए निम्नलिखित उद्देश्य ही सकते हैं। जिनका मूल्यांकन करना है—

**B. ज्ञान (Knowledge)**—

(i) विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल व नागरिक शास्त्र विषयों का भिन्न-भिन्न ज्ञान प्रदान करना।

(ii) अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र के विषय क्षेत्र व सीमाओं का ज्ञान प्राप्त करना।

(iii) विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल एवं नागरिकशास्त्र के आपसी सम्बन्धों का ज्ञान प्रदान करना।

(iv) विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल एवं नागरिकशास्त्र के अध्ययनों का समय-समय पर हुए सुधारों से परिचित करना।

(v) सामाजिक विज्ञान से सम्बन्धित अन्य जानकारी प्रदान करना।

**C. कौशल** (Skill)—(i) विद्यार्थियों में अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल एवं नागरिकशास्त्र की साक्षात्कार प्रविधियों का कौशल विकसित करना।

(i) छात्रों को सामाजिक विज्ञान से सम्बन्धित आँकड़ों के संगठन और विश्लेषण करने के कौशल प्रदान करना।

(ii) छात्रों में सामाजिक विज्ञान से सम्बन्धित आँकड़ों के संकलन तथा उनसे परिणाम प्राप्त करने का कौशल विकसित करना।

(iv) अर्थशास्त्र से सम्बन्धित नियमों इत्यादि के ग्राफीय निरूपण के कौशल को विकसित करना।

(v) भौगोलिक नक्शे, चित्र मॉडल इत्यादि को तैयार करने तथा विश्लेषण करने का कौशल विकसित करना।

**D. अभिवृत्ति** (Attitude)—विद्यार्थियों में सामाजिक विज्ञान के प्रति नियोजन से दृष्टिकोण का विकास करना।

(ii) अर्थशास्त्र की प्रणालियों के प्रति दृष्टिकोण का विकास करना।

(iii) भौगोलिक परिदृश्य के प्रति दृष्टिकोण पैदा करना।

(iv) जलवायु इत्यादि से सम्बन्धित फसलों एवं इत्यादि के महत्व से परिचित कराना।

(v) नागरिकशास्त्र के अध्ययन की जरूरत से परिचय कराना।

**E. रूचि** (Interest)—

(i) विद्यार्थियों सामाजिक विज्ञानों के अध्ययन के प्रति रुचि पैदा करना।

(ii) विद्यार्थियों में अर्थशास्त्र, भूगोल व इतिहास तथा नागरिकशास्त्र से सम्बन्धित विषय सामग्री में रुचि पैदा करना।

(iii) भौगोलिक नक्शे इत्यादि का सचित वर्णन करने तथा नक्शे, चित्र इत्यादि बनाने की कला में रुचि उत्पन्न करना।

(iv) विद्यार्थियों में प्राकृतिक फसलों व वनों के प्रति लगाया पैदा करना।

(v) नागरिक के कर्त्तव्यों तथा अधिकार इत्यादि जानकारी के प्रति विद्यार्थियों में रुचि पैदा करना।

**उद्देश्य आधारित शिक्षण क्रियाओं का निर्धारण**—इस सोपन में मूल्यांकनकर्ता उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रयोग किये जाने ाले संरचना, व्यूह एवं योजना से सम्बन्धित

NOTES

NOTES

उपकरणों, तरीकों इत्यादि का मूल्यांकन करता है जैसे—

(1) शिक्षण पद्धतियों का अनुकूलन
(2) उचित शिक्षण सहायक सामग्री के प्रयोग
(3) एकत्रित आँकड़ों के प्रयोग
(4) सहायक सामग्रियों की प्रासंगिकता
(5) शैक्षिक उपकरणों के प्रयोग
(6) शिक्षण चरणों का निर्धारण
(7) पुनर्बलक के प्रयोग का समय
(8) कक्षा स्थिति का निर्धारण
(9) अन्तर्क्रिया का विश्लेषण
(10) श्यामपट्ट का प्रयोग आदि।

**व्यवहार परिवर्तन का मूल्याकन**—शिक्षक चूँकि अपने पाठ का विकास विद्यार्थी के पहले ज्ञान को आधारित करते हुए आगे बढ़ा था अब वह देखना चाहता है कि उसके पूर्व व्यवहार का पथ अन्त्य-व्यवहार तक पहुँचा या नहीं, यदि पहुँचा तो किसी स्थान तक ? इसका मूल्यांकन इस सोपान के अन्तगर्त किया जाता है। जिसके लिए शिक्षक निम्नलिखित प्रविधियों का उपयोग कर सकता है—

(1) निरीक्षण (Observation),
(2) मौखिक परीक्षा (Oral Test),
(3) लिखित परीक्षाएँ (Written Test),
(4) प्रयोगात्मक परीक्षा (Practical Examination)
(5) निदानात्मक परीक्षा (Diagnostic test),
(6) उपचारात्मक परीक्षण (Treatment Test)

**सामाजिक विज्ञान व परीक्षण**—सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के बाद जाँच के निए अधोलिखित प्रकार के परीक्षणों का प्रयोग किया जात है।

(i) मौखिक परीक्षा (Oral test),
(ii) लिखित परीक्षण (Written test),
(iii) वस्तुनिष्ठ परीक्षण (Objecticve test),
(iv) निबन्धात्मक परीक्षण (Essay type test),
(v) उपचारात्मक परीक्षण (Remedial teaching)

(i) **मौखिक परीक्षण**—इस परीक्षा की सहायता से विद्याथ्री की सामाजिक विज्ञान में दक्षता कुशलता एवं शब्दों में अपने भावों को व्यक्त करने की योग्यता तथा भाषा सम्बन्धी त्रुटियों का आंकलन किया जाता है। जिससे उनकी मानसिक प्रक्रिया और सोचने की शक्ति का मूल्यांकन हो सकता है। इस परीक्षा की सहायता से कठिनाइयों का निदान किया जाता है जिन्हें दूर करने के लिए उपचार की व्यवस्था की जा सकती है। इसके द्वारा अन्तर्मुखी छात्रों का मूल्यांकन सही नहीं हो पाता है। साथ ही परीक्षक मनमानी तरीके से अंक प्रदान कर सकता है, क्योंकि यह मूल्यांकन प्रक्रिया आत्मनिष्ट प्रकार की है।

(ii) **लिखित परीक्षा**—सामाजिक विज्ञान के शिक्षण के उपरान्त, अतः सत्रीत पर एक वार्षिक परीक्षा का आयोजन होता है जिसके द्वारा पूर्ण वर्ष में पढ़ाये गये ज्ञान की अर्जन सीमा को मापा जाता है। विद्यार्थी ने कितना अर्जन किया है, यह प्रमुख है कि यह परीक्षा दोनों प्रकार की हो, (वस्तुनिष्ठ व आत्मनिष्ठ), क्योंकि दोनों की मदद से ही ज्ञान व समझा दोनों का परीक्षण सम्भव है।

(iii) **परम्परागत परीक्षण या निबन्धात्मक परीक्षण**—पढ़ाये गये ज्ञानसर्जन की माप हेतु प्रयोग किया जाने वाला परम्परागत परीक्षण यी बताता है कि विद्यार्थी तथ्यों को अपनी समझ से अपने शब्दों में अभिव्यक्ति कर लेता है। विद्यार्थी द्वारा लेखन में होने वाली गलतियों का मूल्यांकन भी आसानी से हो जाता है। छात्रों की रचनात्मक शक्ति व तर्कशक्ति का मूल्यांकन हो जाता है। इससे समय व श्रम की बचत होती है जिसके आधार पर सफलता की भविष्यवाणी भी की जा सकती है। इसके प्रमुख दोष हैं कि विद्यार्थी अनावश्यक तथ्यों का मरने में लग जाता है और अधिकांश अनाप-शनाप तथ्यों को लिखकर कार्य करता है। विद्यार्थी का उत्तर भर वैसा ही है तो वह अधिक अंक देता है। यदि अलग है तो कम अंक प्रदान करता है। अतः परीक्षक अंकन में समानता नहीं रखते हैं जिससे विद्यार्थियों का मूल्यांकन सही-सही नहीं हो पाता है।

(iv) **नवीन-परीक्षण या वस्तुनिष्ठ परीक्षण**—पराम्परागम परीक्षण में आने मुख्य दोष परीक्षकों के अंकन को देखते हुए जार्ज फिसर ने 1864 में पहला वस्तुनिष्ठ परीक्षण प्रयोग किया। जिन्हें 1894 में डॉ. जे. एम. राइस के व्यवहार में लाकर उसके महत्त्व को बताया। भारत में भी प्रवेश परीक्षाएँ और अन्य कुछ परीक्षाओं में वस्तुनिष्ठ परीक्षण का प्रयोग किया जा रहा है, परन्तु निबन्धात्मक परीक्षण को पूर्णरूप से हटाया नहीं जा सकता है, क्योंकि इनके द्वारा जिन तथ्यों या गुणों का मूल्यांकन होता है उनका मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ परीक्षण से सम्भव नहीं है। वस्तुनिष्ठ परीक्षण के प्रयोग से (Personal error) व्यक्तिगत गलती

को हटाया जा सकता है क्योंकि कोई भी परीक्षक अंक प्रदान करेगा सभी के अंकों में समानता होगी। वस्तुनिष्ठ परीक्षण का निर्माण कठिन है, क्योंकि उसकी तकनीकी कसौटियाँ हैं जबकि निबन्धात्मक परीक्षण आसानी से तैयार किये जा सकते हैं।

**वस्तुनिष्ट परीक्षण के प्रश्नों के प्रकार**—वस्तुनिष्ठ के प्रश्नों को निम्नलिखित प्रकारों में विभक्त किया जा सकता है।




**चयन के प्रश्न**—वस्तुनिष्ठ परीक्षण में चयन के प्रश्नों में विभक्त कई सम्भावित उत्तर दयि जाते हैं जिनमें से सही उत्तर का चयन विद्यार्थियों को करना पड़ता है। इन्हें 4 वर्गों में विभक्त किया।

**(1) सत्य/असत्य प्रश्न**—इसमें प्रश्न के सम्मुख सत्य/असत्य लिखा रहता है विद्यार्थी को सही अनुक्रिया हेतु (√) का निशान सत्य या असत्य पर लगाना पड़ता है।

**जैसे**—(i) सामाजिक विज्ञान विद्याथियों को नहीं पढ़ाया जाना चाहिए। सत्य/असत्य

(ii) नागरिकशास्त्र तथा भूगोल में सह–सम्बन्ध बहुत कम होता है। सत्य/असत्य आदि।

**(2) बहुवैकल्पिक प्रश्न**—इस प्रकार के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में एक ही प्रकार के कई उत्तर दिये जाते हैं जिनमें से एक ही सही का निशान लगाना पड़ता है।

जैसे— (i) भारत की जलवायु है—

(अ) मानसूनी (ब) आर्द्र

(स) उष्ण (द) उपोष्ण।

(ii) अर्थशास्त्र के जनक हैं—

(अ) कौटिल्य (ब) एडम स्मिथ

(स) चाणक्य (द) कोई नहीं।

NOTES

**(3) मिलान प्रश्न**—मिलान प्रकार के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में दो स्तम्भ भिन्न-भिन्न होते हैं। जिसमें सही जोड़े बनाने पड़ते हैं।

जैसे—

| **प्रथम स्तम्भ** | **द्वितीय स्तम्भ** |
|---|---|
| अर्थशास्त्र | भूगोल |
| राष्ट्रपति | वैज्ञानिक |
| रिटर | कौटिल्य |
| बीरबल साहनी | ए.पी.जे.कलाम |

**(4) वर्गीकरण के प्रश्न**—इस प्रकार के वस्तुनिष्ट प्रश्नों में एक संगत शब्दों का समूह दिया जाता है जिनमें से एक शब्द असंगत होता है जिसे छाँटना पड़ता है।

जैसे—(1) मार्शल, पीगू, राबिन्सन, रिटर; (2) लेखपाल, कानूनगो, तहसीदार, अध्यापक की सहायंत से देना पड़ता है अथवा खाली स्थान के वाक्स दिये जाते हैं जिन्हें भरना पड़ता है।

(1) भारत के राष्ट्रपति इससे पूर्व क्या थे ?

(2) ग्रेशम का नियम किसने दिया आदि।

(3) गन्ने की जलवायु ....... होती है।

(4) रजिया सुल्तान ........ की पुत्री थी।

**वस्तुनिष्ठ परीक्षण की विशेषताएँ**—वस्तुनिष्ठ परीक्षण की निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं—

(1) वस्तुनिष्ठ प्रकृति का परीक्षण होता है जिससे व्यक्तिगत गलती नहीं होती है।

(2) वैधता ज्यादा होती है जिससे मापन की स्थिर गलती नहीं होती है।

NOTES

## ब्लूप्रिण्ट (त्रिदिश सूचक चार्ट)

ब्लूप्रिन्ट (त्रिदिश सूचक चार्ट)

| उद्देश्य | उद्देश्य | | | | | | | | | | | | योग 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्नों के प्रकार | ज्ञान 36% | | | | बोध 34% | | | | प्रयोग 30% | | | | |
| प्रकरण | T.F. | M.T. | M.C. | R.T. | T.F. | M.T. | M.C. | R.T. | T.F. | M.T. | M.C. | R.T. | |
| मुद्रा | 1 | — | 1 | — | 1 | 1 | — | — | 1 | 1 | 1 | 1 | 8 |
| बैंकिंग | 1 | 2 | — | — | 1 | 1 | 1 | 2 | — | 1 | 1 | — | 10 |
| प्रबन्धन | 1 | — | 1 | 1 | — | 2 | — | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 10 |
| विनिमय | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | — | — | 10 |
| प्रतिफल | 1 | 2 | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 20 |
| उत्पादन | 1 | 2 | 2 | 2 | 1 | — | 3 | 3 | 4 | — | — | 2 | 20 |
| गतिशीलता | 2 | 3 | 4 | 2 | 1 | — | 2 | 1 | 1 | — | 1 | 4 | 22 |
| योग | 2 | 10 | 10 | 8 | 8 | 6 | 10 | 10 | 10 | 5 | 5 | 10 | 100 |

(3) विश्वसनीयता अधिक होता है, क्योंकि चरों द्वारा होने वाली गलतियाँ कम होती है।

(4) मानक तैयार करना आसान होता है जिससे व्याख्यात्मक गलती कम हो जाती है।

(5) प्रश्नों की संख्या अधिक हाने पर समस्त पाठ्यक्रम पर पूछे जाते हैं।

(6) भाषा व सुलेख महत्त्वहीन होता है।

(7) परीक्षण का निर्माण कठिन होता है किन्तु अंकन सरल होता है।

[**नोट**—सबसे बड़ा दोष है कि ''नकल कराना आसान होता है।'' वैसे दोनों परीक्षाएँ अपूर्ण हैं इसलिए मूल्यांकन हेतु दोनों का प्रयोग मिला-जुलाकर करना चाहिए।]

**वस्तुनिष्ठ परीक्षण निर्माण के पद**—वस्तुनिष्ठ परीक्षणों के निर्माण में कुल 4 पद अपनाये जाते हैं जिन्हें जे. एस. रॉस ने अपनी मापन उवं मूल्यांकन की किताब में दिया है। उन्हीं पदों के अनुरूप ही परीक्षण तैयार किया जाता है।

**(1) परीक्षण योजना** (Planning the Test)—इस पद में परीक्षण से सम्बन्धित विषय वस्तु, शिक्षण उद्देश्य, प्रश्नों के प्रकार एवं संख्या समयावधि व अंकन विधि इत्यादि के आधार पर एक ब्लू प्रिंट का निर्धारण कर लिया जाता है।

[नोट—

T.F = सत्य/असत्य

M.T. = मिलान प्रकार के प्रश्न

M.C. = बहुवैकल्पिक प्रश्न

R.T. = प्रत्यास्मरण के प्रश्न

संशोधित प्राप्तांक $= R - \frac{W}{K-1}$

R = विद्यार्थियों के सही उत्तरों की संख्या

W = विद्यार्थियों के गलत उत्तरों की संख्या

K = प्रश्न में दिये गये विकल्पों की संख्या]

NOTES

NOTES

**(2) प्रश्नों की रचना करना** (Preparing the Items)—परीक्षण के ब्लूप्रिंट बन जाने के पश्चात् प्रश्नों का निर्माण किया जाता है जो ब्लूप्रिंट पर आधारित होते हैं। जिसमें द्विअर्थो के




शब्दों तथा संकेतकों से बचना चाहिए वैसे निर्धारित प्रश्नों की संख्या से दोगुने सवालों को तैयार किया जाता है जिसके लिए R. H. Dave (आर. एच. दवे) का मॉडल प्रयोग किया जा सकता है।

| आधार | आधार के सृजनात्मक विश्लेषण का परिणाम विचार के रूप में |
|---|---|
| *Bases* | (*Product of Creative Synthesis of the bases* in *the form of Idea*) |

| विचार को प्रश्न का रूप देने का कौशल |
|---|
| (*skill of transformIng the Idea* in *the form of a test Item*) |

**(3) प्रश्नों का चयन करना** (Selecting the Items)—तैयार किये गये सवालों की जाँच हेतु पदों का विश्लेषण किया जाता है। जिसके लिए दो अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है—

(1) प्रारम्भिक जाँच स्तर (Pre-Tryout Stage) (2) वास्तविक जाँच स्तर (Tryout Stage) सम्बन्धी त्रुटियों को दूर कर लिया जाता है। कभी-कभी विद्याथियों पर प्रशासित करके ही इन कमियों को दूर कर लेते हैं फिर वास्तविक जाँच स्तर पर तकनीकी विशेषताओं को ज्ञात किया जाता है जिन्हें पद विश्लेषण कहते हैं। जिसमें पद विश्लेषण हेतु कठिन स्तर

(Difficulty value), विभेदन क्षमता (Description Power) की गणना की जाती है जिससे पद वैधता स्पष्ट हो जाती है कि परीक्षण के एकांश कमजोर तथा अच्छे छात्रों में कहाँ तक विभेद कर पाते हैं। पद विश्लेषण हेतु परीक्षण को प्रतिदर्या समूह पर प्रशासित करके अंकन किया जाता है फिर अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित करते हैं और ऊपर से 27% एवं नीचे से 27% छात्रों की पुस्तिकाओं को लेकर उच्च्व एवं निम्न समूह बनाते हैं जिनके अंकों के आधार पर प्रत्येक एकांश का विश्लेषण करते हैं।



$$\text{D.V.} = \frac{(R_H + R_L)}{2n} \times 100$$

$R_H$ = प्रश्न के लिए उच्च्व समूह के सही उत्तरों की संख्या

$R_L$ = प्रश्न के लिए निम्न समूह से सही उत्तरों की संख्या

$n$ = प्रत्येक समूह के छात्रों की संख्या जो समान होनी चाहिए।

D.V. = कठिनाई स्तर

$$\text{D.P.} = \frac{R_H - R_L}{n}$$

D.P = विभेदन शक्ति

[नोट—40 से 60% कठिनाई स्तर के सवाल अच्छे माने जाते हैं और विभेदन के प्रश्न 0.50 से ऊपर के अच्छे माने जाते हैं। जो कथन करीब-करीब आते हैं उनमें सुधार किया जाता है और बहुत कठिन तथा बहुत सरल सवालों को छोड़ दिया जाता है। इस प्रकार परीक्षण को तैयार कर लिया जाता है।]

**(4) परीक्षण का मूल्यांकन** (Evaluating the test)—पद विश्लेषण के बाद चयनित प्रश्नों को व्यवस्थित करके अन्तिम प्रारूप तैयार करते हैं और इनके आधार पर विश्वसनीयता, वैधता सुनिश्चित किया जाता है तत्पश्चात् परीक्षण निर्देशिका तैयार कर ली जाती है।

## परीक्षापयोगी प्रश्न

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(1) सामाजिक अध्ययन में मूल्यांकन की अवधारणा स्पष्ट करते हुए इसके उद्देश्य का वर्णन कीजिए।

(2) सामाजिक विज्ञान शिक्षण में मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए।

(3) वस्तुनिष्ठ प्रश्नो के परीक्षण के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

### लघुउत्तरीय प्रश्न

(1) नवीन परीक्षण से आप क्या समझते हैं ?

(2) परीक्षण योजना किसे कहते हैं ?

(3) संरचनात्मक मूल्यांकन किसे कहते हैं ?

# 19 अध्यापक निर्मित परीक्षा का निर्माण



**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**


- प्राक्कथन
- अधिगम के उद्देश्य
- इन्टरनेट के माध्यम से ज्ञान में वृद्धि
- संगोष्ठी एवं सम्मेलन में शिक्षक की सहभागिता
- ऑन-लाइन सहभागिता
- क्रियात्मक अनुसंधान
- पत्रिका, अखबार एवं जूडी पिरोडिकल में लेख-लिखना
- पाठ्य-पुस्तक की संकल्पना एवं विश्लेषण
- परीक्षा का विश्लेषण
- परीक्षापयोगी प्रश्न


**उद्देश्य**—इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समक्ष सकेंगे—

- अधिगम के उद्देश्य
- इन्टरनेट के माध्यम से ज्ञान में वृद्धि
- संगोष्ठी एवं सम्मेलन में शिक्षक की सहभागिता
- ऑन-लाइन सहभागिता
- क्रियात्मक अनुसंधान
- पत्रिका, अखबार एवं जूडी पिरोडिकल में लेख-लिखना
- पाठ्य-पुस्तक की संकल्पना एवं विश्लेषण
- परीक्षा का विश्लेषण

## प्राक्कथन

शिक्षक का वृत्ति विकास शिक्षक के जीवन का अभिन्न अंग है और यह जीवन भर होता है। अधिकांश शिक्षक वृत्ति विकास के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण प्रोग्राम में भागीदारी लेकर अपने वृत्ति का विकास करते हैं, किन्तु सरकार के अतिरिक्त भी ऐसे कई तरीके हैं जिससे शिक्षक अपनी वृत्ति विकास कर सकता है। आज का युग तकनीकी सम्प्रेषण का युग है तथा इन्टरनेट एक बहुत बड़ा साधन है जिसका प्रयोग करके शिक्षक अपने क्षेत्र में हो रहे नए ज्ञान का सृजन तथा जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकता है। इन्टरनेट की सुविधा का लाभ उठाकर वह भिन्न-भिन्न वेबसाईट में दी हुई सूचना को अर्जित कर अपने शिक्षण-अधिगम में प्रयोग कर सकता है। ऑनलाइन अधिगम द्वारा विभिन्न प्रकार के कोर्स में प्रवेश लेकर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकता है तथा इसके अपने ज्ञान को इन्टरनेट की दुनिया के द्वारा दूसरों को लाभ पहुँचा सकता है। ऑनलाइन के द्वारा सहयोगामक समूह तैयार करके ज्ञान का आदान-प्रदान किया जा सकता है संगोष्ठियों का आयोजन तथा भगीदारी करके भी शिक्षक अपने वृत्ति में विकास कर सकता है। इसके अलावा अखबारी शोध-पुस्तिका इत्यादि में लेखन शोध पत्र लिखकर भी वृत्ति विकास किया जा सकता है। इस इकाई में हम विभिन्न ढंगों की चर्चा करेंगे कि एक शिक्षक कैसे अपनी पात्रता को विकसित कर सकें।

**अधिगम के उद्देश्य**—छात्र इस इकाई के अधिगम के बाद

(1) वृत्ति विकास के नवीन तरीकों के बारे में परिचित हो सकेंगे।

(2) वृत्ति विकास के तरीकों का उपयोग करके अपनी योग्यता तथा क्षमता को विकसित कर सकेंगे।

(3) वृत्ति विकास का प्रयाग करके अपने शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बना सकेंगे।

(4) वृत्ति विकास की जरूरत को जान सकेंगे।

(5) वृत्ति विकास के ऑनलाइन तरीकों के बारे में जान सकेंगे।

(6) ऑनलाइन तरीकों का प्रयोग करके कम समय में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

## इन्टरनेट के माध्यम से ज्ञान में वृद्धि

NOTES

बहुत से राष्ट्रों में स्कूलों की भूमिका व कार्यों में बदलाव आया है एवं इसी कारण शिक्षकों के कार्य में भी परिवर्तन आया है। आज के शिक्षकों से यह उम्मीद की जाती है कि वह बहु-संस्कृतीय कक्षाओं में शिक्षण कार्य सम्पन्न करें, समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत विशिष्ट छात्रों को शिक्षा प्रदान करें, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का प्रभावी रूप से कक्षा में शिक्षण के उपयोग करें, मूल्यांकन एवं जवाबदेही ढाँचे के योजना बनाने में अधिकांश संलग्न रहे एवं स्कूलों को समाज के साथ जोड़ने की कोशिश करते रहें। शिक्षकों की पूर्व-सेवा प्रशिक्षण कितनी भी अच्छी क्यों न हो, किन्तु यह उम्मीद करना कि शिक्षकों को आने वाले व्यवसाय में सभी तरह की चुनौतियाँ का सामना करने की प्रशिक्षण दी जा सकती है यह असम्भव है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था में शिक्षण के स्तर को बनाए रखने के लिए व उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों को व्यवस्था में बनाए रखने के लिए यह अत्यन्त जरूरी है कि उन्हें समय-समय पर सेवाकालीन व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।

**सेवाकालीन प्रशिक्षण के मुख्य उद्देयश्य—**

(1) अपने विषय-वस्तु पर हुए नवीन ज्ञान के बारे में जानकारी रखना।

(2) शैक्षिक अनुसंधानों में हुई नवीन शिक्षण तकनीकी कौशलों, दृष्टिकोणों एवं उद्देश्यों के बारे में ज्ञान अर्जित करना।

(3) पाठ्यक्रम शिक्षण पद्धति के विभिन्न आयामों में किए गए बदलाव की प्रयोग करने के लिए शिक्षकों में क्षमता का निर्माण करना।

(4) अपने विषय-वस्तु में अर्जित ज्ञान, कौशल शिक्षण पद्धति एवं तकनीक इत्यादि का कक्षा में विद्यार्थी के लिए उपयोग करना।

आज के युग में जहाँ नए ज्ञान का सृजन एवं प्रसार सूचना एवं प्रसार के द्वारा त्वरित होते है वहाँ सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए निर्भर रहना ठीक नहीं है। शिक्षक को चाहिए कि इन्हीं सूचना तथा प्रसार तकनीक का प्रयोग करके वह समय-समय पर अपना व्यवसायिक विकास करता रहे अन्यथा जिन छात्रों को वह पढ़ा रहे हैं वह इसी सूचना तथा प्रसार का प्रयोग करके शिक्षक के कष्ट को गौढ़ बना सकते है।

**NOTES**

इन्टरनेट संचार तथा प्रसारण तकनीक का अभिन्न अंग है। यह कहना असत्य नहीं होगा कि सूचना एवं प्रसारण तकनीक इन्टरनेट का ही पर्यायवाची शब्द बन गया है। आज विभिन्न प्रकार की सेवाऐं इसी इन्टरनेट के उपयोग से लोगों तक पहुँचाई जा रही है। चाहे वह बैंक में खाता खोलना हो या रूपयों का स्थानान्तरण करना हो या घर बैठे सामान की खरीदारी करना हो या रेलवे या हवाई जहाज का टिकट खरीदना हो इन समस्त एवं विभिन्न प्रकार के सेवाओं के लिए इन्टरनेट का प्रयोग होता है। शिखा के क्षेत्र में भी इन्टरनेट का प्रयोग लम्बे समय से हो रहा है। मुक्त विश्वविद्यालय एवं मुक्त विद्यालय इन्टरनेट का प्रयोग करके छात्रों तक भिन्न-भिन्न तरह की सेवायें प्रदान कर रहे हैं जैसे—नाना प्रकार के प्रोग्राम में प्रवेश देना, परीक्षा लेना, परिणाम घोषित करना इत्यादि। पिछले एक दशक में शिक्षा में इन्टरनेट का प्रयोग हित तेजगति से हुआ है। फलस्वरूप अब सभी प्रकार की किताबें, शोध लेख, सहकारी आलेख, इत्यादि अब इन्टरनेट की दुनिया में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो रही है। इसका मुनाफा यह हुआ है कि ज्ञान का विस्फोट होने लगा है और अब हम इन्टरनेट को एक सशक्त अधिगम का माध्यम मानने लगे हैं। इन्टरनेट की दुनिया में अनेक ऐसे वेबसाइट हैं जिनका काम शिक्षा में आए हुए नवीन परिवर्तनों को प्रकाशित करना एवं लोगों तक प्रसार करना ही एक सूत्र कार्यक्रम है।

शिक्षक को शिक्षक प्रक्रिया का एक स्तम्भ माना जाता है। अगर वह अपने आप को इस नवाचार से दूर रखेगा अथवा इन्टरनेट की दुनिया से दूर रहेगा तो अपने ज्ञान, कौशल में वृद्धि नहीं कर पायेगा एवं छात्रों को होने वाले लाभ से वंचित रखेगा। अत: शिक्षक के लिए अत्यन्त जरूरी है कि अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए इन्टरनेट का प्रयोग करें, इन्टरनेट का प्रयोग करके शिक्षक निम्नलिखित व्यावसायिक विकास में मुनाफा उठा सकता है—

(1) बहुत सारे शिक्षण संस्थान विभिनन विषय-वसतुओं पर कोर्स तैयार करके इसे कम-कीमत या मुफ्त में आनलाइन दे रहे हैं, शिक्षक इन कोर्स में प्रवेश लेकर अपना ज्ञानवर्धन कर सकते है।

(2) बहुत सारे विषय-विशेषज्ञों ने विभिन्न विषय-वस्तुओं पर दिए हुए अपने व्याख्यानों को यू-टयूब अथवा किसी वेब पोर्टलों में रखा है जिसे देख एवं सुनकर शिक्षक न सिर्फ अपना ज्ञान-वर्धन कर सकते वरन् उसे अपने शिक्षण कार्य में भी प्रयोग कर सकते है।

(3) विषय-वस्तुओं से जुड़े हुए समस्त नवाचार एवं अनुसंधान भी इन्टरनेट में उपलब्ध है जिन्हें पढ़कर शिक्षक अपना व्यावसायिक विकास कर सकता है।

(4) शिक्षण-पद्धति, सम्प्रेषण कौशल, समावेशी शिक्षा, सूचना एवं प्रसारण तकनीक में नवाचार, तकनीक का शिक्षा में प्रयोग एवं अन्य विभिन्न विषयामें में आ रहे बदलाव एवं नवाचार के बारे में ज्ञान अर्जित करना एवं उसका प्रयोग शिक्षण संस्थान, छात्रों एवं सह-शिक्षकों के हेतु को लाभ पहुँचाने हेतु शिक्षक काम कर सकते है।

(5) इन्टरनेट की दुनिया में कई सारे संस्थान है जो कठिन प्रकरण को छात्रों को कैसे पढ़ाये इसके बारे में भी जानकारी देते है जिसे शिक्षक आत्मसात करके अपनी कक्षा में सफलतापूर्वक उपयोग कर सकता है।

(6) शिक्षकों की दक्षता एवं क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रोग्राम का वीडियो में तैयार करके इन्टरनेट में उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे अधिकांश शिक्षक लाभन्वित हो सकें।

(7) इन्टरनेट की मदद से शिक्षक अर्जित किया ज्ञान का प्रचार एवं प्रसार दूसरे शिक्षकों को भी कर सकता है जिससे शिक्षक को कई प्रकार के लाभ हो सकते है।

इन्टरनेट की दुनिया एक आभासी दुनिया है जहाँ शिक्षक समय तथा स्थान की पाबन्दी से मुक्त शिक्षा के विभिन्न स्रोतों व सेवाओं का उपागमन बिना अवरोध एवं आवश्यकता के अनुसार अपनी ज्ञान की वृद्धि के लिए कर सकते है।

## संगोष्ठी एवं सम्मेलन में शिक्षक की सहभागिता

व्यावसायिक विकास किसी भी व्यवसाय के लिए अनिवार्य होता है। शिक्षक-शिक्षा क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्णता और ज्यादा हो जाती है क्योंकि शिक्षक अपने ज्ञान एवं कौशल से छात्र के भविष्य का निर्माण करता है और वहीं छात्र देश के निर्माण तथा सृजन के लिए जिम्मेदार होता है, यह कहना असत्य नहीं होगा कि शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता होता है, इस बात का प्रमाण हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में लिखे हुए इस कथन से मिलता है कि—कोई भी राष्ट्र अपने शिक्षकों के स्तर से उच्च नहीं हो सकता है शिक्षक की सतत् व्यावसायिक विकास का मुद्दा आज से करीब 50 वर्ष पहले कोठारी कमिशन की रिपोर्ट में कहा गया था उसके बाद शिक्षक सम्बन्धी राष्ट्रीय आयोग (1983-85) की रिपोर्ट ने इस ओर ध्यान दिलाया कि सेवाकालीन शिक्षा को लेकर ठोस नीति और प्राथमिकता की कमी है और साथ ही शिक्षक भी आवश्यकताओं को व्यवस्थित ढ़ग से नहीं पहचान पाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति

**NOTES**

(1986) जो शिक्षा के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई, इस के अनुसार सेवाकालीन शिक्षक-शिक्षा का सेवारत शिक्षा से सतत् रूप से जोड़ा जाए, भारत में प्रमुखत: शिक्षक का व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण प्रोग्राम द्वारा किया जाता है जो कि कम से कम एक सप्ताह से लेकर, अधिकांश तीन सप्ताह के होते है। इन प्रशिक्षण प्रोग्रामों को कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित किया जाता है। यह अधिकतर राज्य एवं केन्द्र सरकार विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए आयोजन करती है, इनमें मुख्यत: जिन विषय-वस्तुओं का चुनाव किया जाता है व समकालीन विषयों से जुड़ा हुआ होता है, जैसे समावेशी शिक्षा-शिक्षण पद्धति, सूचना तथा प्रसारण प्रौद्योगिकी का शिक्षा में प्रयोग, रचनात्मक शिक्षण पद्धति, सतत एवं व्यापक मूल्यांकन इत्यादि, यह सभी प्रशिक्षण प्रोग्राम मानकीकृत शिक्षक व्यावसायिक विकास प्रतिमान के अन्तर्गत किये जाते है जहाँ कुछ शिक्षक को प्रशिक्षण देकर उन्हें मास्टर ट्रेनर बनाकर बाकी विद्यालयों में भेजा जाता है जहाँ ये स्थानीय शिक्षकों को प्रशिक्षण देते है। इसके अलावा व्यावसायिक विकास के लिए शिक्षक संगोष्ठी व सम्मेलन में सहभागिता लेकर भी अपना विकास कर सकता है। आइए इनके बारे में व्यापकता से सीखते है—

**संगोष्ठी**—सरल शब्दों में अगर इसे परिभाषित किया जाए तो संगोष्ठी लोगों के समूह की एक सभा है जहाँ किसी एक विषय पर विचार-विमर्श तथा विचार विनिमय किया जाता है। संगोष्ठी, समाचार संगोष्ठी, शैक्षणिक संगोष्ठी इत्यादि इस तरह के समारोह में प्रतिभागियों को चित्रित विषय में विचार-विमर्श में जुड़ना होता है जो अधिकतर संवादात्मक होते हैं।

संगोष्ठी के एक या अनेक उद्देश्य हो सकते है जैसे कई संगोष्ठियों का आयोजन इसलिए कियाजाता है कि उसका उद्देश्य प्रतिभागियों की विशेष विषय-वस्तु पर अधिक जानकारी प्राप्त हो जिससे उसे उस विषय को समझने में आसानी हो, कुछ संगोष्ठी का यह उद्देश्य होता है कि वह प्रतिभागियों में ज्ञान एवं कौशल का वर्णन करें। कभी-कभी संगोष्ठी का उद्देश्य लोगों में प्रेरणा जागरूक करना होता है जिससे वह ज्ञान और कौशल जो संगोष्ठी में अर्जित कए है उन्हें कार्यान्वित कर सकें या संगोष्ठी का यह भी उद्देश्य होता है कि समान विचारधारा वाले लोगों में एक दूसरे से मिले और एक दूसरे की प्रगति में सहायता करें। संगोष्ठी एक उत्तम जगह है जहाँ पर शिक्षक अपने किये हुए अनुसंधान नवाचार की दूसरे शिखकों के सम्मुख प्रस्तुत कर सकते है। जिससे दूसरे शिक्षक भी लाभान्वित हो सकते है संगोष्ठी के मंच का उपयोग करके शिक्षक अपने ज्ञान और कौशल का प्रस्तुतीकरण कर

सकता है जो न केवल उसको लाभदायक है वरन् संगोष्ठी में आये हुए प्रत्येक प्रतिभागी लाभान्वित हो सकते है।



## आनलाइन सहभागिता



आनलाइन सहभागिता पिछले कुछ दशकों में सूचना व संचार प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व परिवर्तन आने के कारण नवीन ज्ञान का सृजन जो किताबों, पत्रिकाओं, अखबारों एवं विभिन्न प्रिंट मीडिया तक सीमित रहता था वह अब इलेक्ट्रॉनिक एवं सामाजिक मीडिया में तेज गति से आ रहा है एवं लोगों तक आसानी से पहुँच रहा है ऐसे में शिखा एवं उसकी प्रक्रिया में उसका प्रभाव पड़ना निश्चित है। इसके लिए समस्त व्यक्तिगत एवं सरकारी संस्थानों ने इसके ताकत, क्षमता एवं प्रभाव को ध्यान में रखते हुए अब आनलाइन अधिगम पर जोर दिया जा रहा है। सूचना एवं संचार तकनीक के बदलते स्वरूप उसके असर का शिक्षण अधिगम किया पर ही होने लगा है जिससे शिक्षक के व्यावसाय में पहले से ज्यादा चुनौतियों देखी जा सकती हैं। आज का छात्र इन तकनीक को प्रयोग करने में शिक्षक से बहुत आगे है जिससे उसके पास विषय-वस्तु पर कभी-कभी शिक्षक से ज्यादा ज्ञान होता है, ऐसे में शिक्षक की जिम्मेदारी है वह भी इन तकनीकों को सहारा लेकर अपने ज्ञान एवं कौशल की वृद्धि करे जिससे वह अपने छात्र के सामने अथवा उनके स्तर से अधिक ज्ञान अर्जित करके कक्षा में शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाए। आनलाइन सहभार्गिता शिक्षक व्यावसायिक विकास का नवीन आयाम है। इसमें शिक्षक जो अपने अनुभवों का प्रयोग करके नवीन ज्ञान का सृजन करते है अथवा जो ज्ञान आनलाइन की दुनिया में उपलब्ध है उसे अपने शिक्षक समूह के साथियों के मध्य प्रचार प्रसार करते है जिससे शिक्षक भी उसका लाभ अपने लिए कर सकते है आनलाइन सहभागिता एक प्रकार का सहयोगात्मक अधिकतम होता है जहाँ शिक्षक एक दूसरे से आनलाइन जुड़े हुए होते हुए ज्ञान का सहभाजन एक दूसरे के मध्य एवं ज्ञान का सहभजन एक दूसरे के बीच एवं अन्य शिक्षकों के मध्य किया जाता है। इसमें लाभ की बात यह है कि विभिन्न विषयामें में हो रहे बदलाव या नए ज्ञान का सृजन एक सामाजिक मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर इत्यादिन न केवल आपके विचारों को त्वरित गति से दूसरों तक पहुँचाता है अपितु इन आनलाइन मीडिया में इस बात की भी सुविधा है की वीडियो, अभिलेख शोध-पत्र इत्यादि को भी दूसरे शिक्षकों तक पहुँचाया जा सकता है जिसके शिक्षक को विषय वस्तु से नवीन जानकारी प्राप्त होगी एवं उससे व्यावसायिक विकास में लाभ होगा। इसके अतिरिक्त आनलाइन सहभागिता के निम्नलिखित लाभ है—

(1) छात्रों के अधिगम में भी सुधार होता है।

(2) मौजूदा व्यावसायिक विकास अधिकतर कार्यशाला या प्रशिक्षण-सत्र के रूप में आयोजन किया जाता है जहाँ प्रतिभागी का उपस्थित होना अनिवार्य है, किन्तु आनलाइन प्रोग्रामों में यह सुविधा होती है कि वह प्रतिभागी की आवश्यकता, क्षमता एवं सुविधा को देखकर तैयार किया जाता है इसलिए एक साथ लाखों लोगों को एक बार में मुनाफा पहुँचाया जा सकता है।

(3) आनलाइन प्रोग्राम अधिकतर शिक्षक की विभिन्न जरूरतों जैसे उनके विषय, पिछले अनुभव, व्यक्तिगत वरीयताओं, अधिगम शैली, छात्रों की प्रकृति इत्यादि को ध्यान में रखते हुए संरचित किया जा सकता है।

(4) आनलाइन व्यावसायिक विकास प्रोग्राम एक समुदाय तैयार करता है जहाँ शिक्षक आनलाइन मीडिया पर वास्तविक समय पर या अल्पकालिक समय पर अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

(5) आनलाइन में यह भी लाभ है कि जो शिक्षक अधिक अनुभवी होता है वह नवीन शिक्षकों को अपना मागदर्शन दे सकता है जिससे उसके व्यवसाय में आने वाली कठिनाइयों का समाधान आसानी से हो सकता है।

(6) आनलाइन प्रोग्राम शिक्षक को अधिक, उत्तरदायी बनाते है क्योंकि इससे लाखों शिक्षक एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा दिये हुए अनुभव व ज्ञान का प्रयोग अपनी जिन्दगी एवं कार्यस्थल पर कर सकते है।

(7) आनलाइन प्रोग्राम प्रतिभागी की सहभागिता को अधिक क्रियाशील बनाता है क्योंकि सीखे हुए ज्ञान तथा कौशल को त्वरित कक्षा में प्रयोग किया जा सकता है, जबकि कार्यशाला एवं प्रशिक्षण सत्र में प्रतीक्षा करनी होती है कि वह जब लौटकर विद्यालय में जाएगा तभी उसका प्रयोग किया जा सकता है।

आनलाइन व्यावसायिक विकास एक नया द्वार है जहाँ शिक्षक अपने व्यवसाय में प्रगति कर सकता है इसके लिए चाहिए कि वह अपनी सोच सकारात्मक रखें एवं दृष्टिकोण को सही दिशा दे तब उसे व्यवसाय में उन्नति मिलती रहेगी।

## क्रियात्मक अनुसंधान

अनुसंधान एवं उद्देश्यपूर्ण और सविचार प्रक्रिया है इसका मुख्य उद्देश्य ज्ञानवर्धन करना परिमार्जित कर उपयोगी बनाना है। यह एक वैज्ञानिक एवं बौद्धिक प्रक्रिया

है। क्रियात्मक अनुसंधान द्वारा समस्याओं का अध्ययन निर्णय एवं क्रियाओं में निर्देशन सुधार एवं मूल्यांकन किया जाता है। अधिकांश क्रियात्मक अनुसंधान कक्षा कक्ष की विभिन्न स्थितियों की समस्याओं का निराकरण, निदानात्मक मूल्यांकन एवं उपचारात्मक उपाय करने में अत्यन्त महत्वपूर्ण उपयोगी तथा सामाजिक सिद्ध होता है। क्रियात्मक अनुसंधान शिक्षा से सम्बन्धित समस्याओं के तात्कालिक परिणाम खोजने की एक प्रक्रिया है। यह मौलिक अनुसंधान से भिन्न है, इसके परिणाम को सामान्यीकरण करना सही नहीं होता है, क्योंकि भले ही कठिनाई एक जैसी हो परन्तु समस्या के कारक, समस्या को पैदा करने वाला परिवेश, समस्या को प्रभाव करने वाले कारक इत्यादि एक जैसे नहीं होते है। क्रियात्मक अनुसंधान कर प्रारम्भ अमेरिका के शिक्षा शास्त्रीयों कोलार, लुईन, हेरिकन एवं स्फीन ने किया। क्रियात्मक अनुसंधान का आशय विद्यालय में कि कई उस सम्पादित क्रिया से है। जिसके द्वारा विद्यालय की कार्य प्रणाली में सुधार, संशोधन एवं प्रगति के लिए प्राचार्य, प्रबन्धक एवं निरिक्षक विद्यालय की समस्याओं का वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन करके है क्रियात्मक अनुसंधान विद्यालय से जुड़ी प्रतिदिन की समस्या तथा उसके निराकरण से है शिक्षक एवं शोधकर्ता के रूप में शिक्षा जगत में शोध को अपने विशेष दृष्टिकोण विशिष्ट शिक्षण प्रक्रियाओं एवं कक्षा शिक्षण में सुधार करने के लिए उपयोग करते है।

अतः स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में शोध का उद्देश्य अथवा तो शिक्षकों द्वारा अपनी शिक्षण पद्धतियों में महत्वपूर्ण बदलाव लाना या सीखने में बच्चों की प्रतिभागिता को बढ़ावा देना होता है। शिक्षक एंव शोधकर्ता के रूप में इन्हीं बातों का ध्यान में रखते हुए अधिकांश अपनी कक्षाओं और विद्यालय में शोध करते भी रहते है। शिक्षा जगत में शिक्षक शोधकर्ताओं ने क्रियात्मक शोध को अपने विशेष दृष्टिकोण, विशिष्ट शिक्षण प्रक्रियाओं तथा कक्षा शिक्षण में सुधार करने के लिए प्रयोग किया है।

## कुछ प्रमुख क्रियात्मक शोधकर्ताओं के विचार

जोहन इलियट के अनुसार क्रियात्मक शोध एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें अध्यापक अपनी शिक्षण कला की प्रक्रियाओं का आकलन करता है तथा इसके द्वारा नवीन व बेहतर कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं की खोज करता है। ऐसा करके, न सिर्फ यह कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं को बेहतर बनाता है अपितु वह इस सम्बन्ध में कुछ अपने स्तर के नवीन सिद्धान्त भी बनाता है। यही सिद्धान्त प्रभावी होने पर पुराने सिद्धान्तों का स्थान ले लेते है।

स्टेनहाउस के अनुसार अध्यापक एक माली के रूप में होता है, जो हर पौधे को उसकी आवश्यकता के अनुसार सहेजता है, न कि किसान की तरह जिसका हर पौधे की तरफ समान व्यवहार होता है। स्टेनहाउस विद्यालय कक्षा को एक प्रयोगशाला के रूप में देखते है।

NOTES

### बर्नस के अनुसार क्रियात्मक शोध

- क्रियात्मक शोध प्रक्रियाओं के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान अथवा परिस्थितियों में सुधार का एक सशक्त साधन है।
- शिक्षक को सीखने-सिखाने के दौरान अपनी दक्षता में सुधार करने के अवसर प्रदान करता है ताकि सीखने-सीखाने की प्रक्रियाएं समस्त बच्चों के लिए उपयोगी हो सके।
- शिक्षक को अपनी सीखने-सीखाने की प्रक्रियाओं सम्बन्धी विश्लेषणात्मक क्षमता बढ़ाने में मददगार होता है।
- यह एक माध्यम है जो शोधकर्ता शिक्षकों को परम्परागत प्रक्रियाओं के प्रभावहीन होने पर उनके निराकरण के लिए उपयुक्त उपाय देता है।

### मिल्स के अनुसार क्रियात्मक शोध

- विद्यालय में अपेक्षित परिवर्तन को प्रोत्साहित करता है।
- शिक्षा में लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।
- व्यक्तिगत पेशेवर विकास में बढ़ोत्तरी करता है।
- शिक्षकों को प्रोत्साहित करता है कि वे स्वयं पर व अपनी कार्यप्रणाली पर रिफ्लेक्ट करें।
- नवीन विचार के परीक्षण की प्रक्रिया को बढ़ावा देता है।

  गेय एवं एयरसैन के अनुसार शैक्षिक आयामों के अन्तर्गत क्रियात्मक अनुसंधान के कई प्रमाणित लाभ दिखाई पड़ते है :

- शिक्षक अपने अध्यापन की जाँच व्यवस्थित ढंग से कर सकते है, गहन खोज कर सकते है कि वास्तव में ये तथा उनके छात्र क्या बेहतर तरीके से कर पाते है और क्या कर पाने में असफल रहते हैं ?

NOTES

- शिक्षक अपने और अपने छात्रों के बारे में गहरी समद्ध बना पाते है, जैसे सीखने की प्रक्रिया और सीखने-सीखाने में शिक्षक तथा बच्चे दोनों की भूमिका।
- शिक्षक क्रियात्मक शोध के द्वारा उन क्षेत्रों की पहचान कर सकते है जो उन्हें समस्या के रूप में दिखती है और जिनमका वे समाधान चाहते है।

  हॉपकिन्स शिक्षकों के लिए कक्षा में अनुसंधान करते समय कुछ मुख्य बातों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है।
- शिक्षक की प्राथमिक भूमिका सीखना-सिखाना है और यह प्रक्रिया किसी भी शोध से बाधित नहीं होनी चाहिए।
- शोध के लिए आँकड़ों को इकट्ठा करने में शिक्षक को अधिक समय न देना पड़े।
- शोध में प्रयुक्त पद्धति विश्वसनीय होनी चाहिए ताकि शिक्षक पूर्ण विश्वास के साथ अपनी परिकल्पपनाओं को तैयार कर कक्षा की स्थिति के अनुसार उचित शोध रणनीति विकसित कर सकें।
- शोध करते समय शिक्षक नैतिक प्रक्रियाओं को जरूर ध्यान में रखें।
- कक्षा शोध यथासम्भव स्कूल समुदाय के समस्त सदस्यों में एक आम दृष्टि और परिप्रेक्ष्य का निर्माण करें।

## क्रियात्मक शोध अन्य शोध से भिन्न कैसे ?

यह एक ऐसा विषय है जिस गहराई से समझने की जरूरत है। इसकी समझ होने से केवल इनके मध्य के मौलिक अन्तर को समझने में सक्षम होंगे यह भी जान रहे होंगे कि क्रियात्मक शोध कौन कर सकता है और किन-किन परिस्थितियों में इसे किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर—

**शीर्षक-1 :** "कक्षा तीन में भाषा को लेकर सीखने-सीखाने सम्बन्धी अनुभवों के आधार पर पाठ्यक्रम में परिवर्तन करना।"

**शीर्षक-2 :** "विद्यालय गतिविधियों में समुदाय की प्रतिभागिता सुनिश्चित करना।"

**शीर्षक-3 :** "विद्यालय में कक्षा पहली से कक्षा पाँचवीं तक अध्ययनरत समस्त बच्चों का गणित, विज्ञान एवं भाषा विषय में उपलब्धि स्तर।"

अगर आप शीर्षक 1 और 2 को गहराई से सोचें यह दोनों कठिनाईयाँ क्रियात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत नहीं आते हैं क्योंकि दोनों शीर्षकों ने न तो अपनी कार्यशैली में सुधार कर सकता है एवं न ही कार्य की गुणवत्ता की वृद्धि हो सकती है। जबकि तृतीय शीर्षक समस्या शिक्षक के कार्यशैली से सीधा जुड़ा हुआ है। इसलिए तृतीय शीर्षक क्रियात्मक अनुसंधान के क्षेत्र में आता है।

**क्रियात्मक शोध - चरण तथा प्रक्रियाएँ**

क्रियात्मक शोध समस्त परिभाषाओं के पाँच मूलभूत बिन्दु पर बात की गई है। ये चरण है:—

1. समस्या का पता लगाना
2. आंकड़ो का संचयन और उनको व्यवस्थित करना
3. आंकड़ो की विवेचना
4. आंकड़ो के विवेचन से प्राप्त जानकारी पर कार्य करना।
5. चिंतन करना।

**समस्या का पता लगाना**

शिक्षण करते हुए शिक्षक को कई प्रकार की समस्याओं से गुजरना पड़ता है। प्रश्न यह उठता है कि क्या प्रत्येक समस्या पर क्रियात्मक शोध किया जा सकता है?

- समस्या ऐसी हो जिसका समाधान आपके स्वयं के हाथ में हो जैसे, शिक्षकों के लिए बालकों के द्वारा मात्रा पहचानने में गलती क्रियात्मक शोध के संदर्भ में समस्या हो सकती है न कि कोई अन्य प्रशासनिक समस्या तत्पश्चात् शैक्षिक समस्या को अनुसंधान का आधार बनाया जा सकता है।
- समस्या का वर्णन करते समय उस समस्या को कैसे, कब, कहाँ, कौन, क्या, क्यों की कसौटी पर जाँच लें।
- समस्या शिक्षण के द्वारा खुद पहचानी गई हो न कि किसी अन्य द्वारा सुझाई गई तत्पश्चात् कोई ऐसी समस्या जिसे शिक्षक ने अपना कार्य करते हुए महसूस किया हो और यह पाया हो कि इस समस्या का उपाय करना बहुत आवश्यक है।

## आंकड़ो को संचयन और उनका व्यवस्थित करना



आंकड़ो कां संचित करके बाद में उनको व्यवस्थित करना क्रियात्मक शोध का एक अहम हिस्सा है। ये आंकड़े रिपोर्ट कार्ड, परीक्षा की कापी, बच्चों की नोटबुक, क्लस का वीडियो, बालकों की समस्या को जांचने के लिए प्रयोग किए गए प्रारूप आदि हो सकते है। इन आंकड़ो को क्रमबद्ध किया जाना आवश्यक है। अच्छा यह होगा कि आप किसी समस्या के लिए आंकड़ो संचित करते हुए विभिन्न अलग स्त्रोतों का उपयोग करें।

## आंकड़ो की विवेचना

आंकड़ो दो प्रकार के होते है। पहला वे आंकड़े होते है जिन्हें आसानी समझा जा सकता है अथवा फिर अंको में बदला जा सकता है जैसे— आप आसानी से यह जाँच सकते है कि कितने बच्चों को मात्रा में समस्या है? कितने बच्चों को 'ओ' की मात्रा पहचानने में कठिनाई है? प्रत्येक बच्चे द्वारा लिखे गए वाक्यों में मात्रा की कितनी गलतियाँ है आदि।

दूसरी तरह के आंकड़े ऐसे होते है जिन्हें आप अंको में नहीं बदल सकते जैसे कक्षा का कोई बालक जो घर के व्यवसाय जैसे दुकान चलाना (जिसमें पैसो का लेन-देन होता हो) में परिवार की सहायता करता है वह भले ही लिखित गणना न कर पाए लेकिन मौखिक गणना की लेता है। आगर आप समस्या की कसौटी देखें तो अक्सर 'क्यों' वाले सवाल इस श्रेणी के होते है। जैसे कुछ अन्य बालकों की तुलना में धीरे क्यों सीखते है।

इस तरह के आंकड़ो का विश्लेषण करने के लिए यह जरूरत होती है कि उन्हें सही से व्यवस्थित किया जाए तथा वर्गीकृत किया जाए। इन आंकड़ो की व्यख्या करके उनसे कुछ निष्कर्ष निकाले जाँए।

## आंकड़ो के विवेचन से प्राप्त जानकरी पर कार्स करना

एक बार समस्या का प्रकार एवं विस्तार तय हो जाए तो अलग कार्य है समस्या के समाधान के लिये काम योजना करना। एक क्रियात्मक शोधकर्ता को तथ्यों तथा साक्ष्यों के आधार पर कोई एक कार्य योजना बनाकर और उस पर अमल करना चाहिए। इस काम योजना पर अमल करते हुए यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि जो कुछ किया जा रहा है उसका अच्छी तरह से दस्तावेजीकरण किया जाए।

**चिंतन करना:—** कार्ययोजना को क्रियान्वित करते समय यह चिंतन करना आवश्यक है कि इस योजना से समस्या के समाधान ढूँढना में क्या सहायता मिल रही है? समय-समय पर यह सवाल पूछना ठीक रहता है कि क्या आप उन उद्देश्यों को प्राप्त कर पा रहे हैं अथवा नहीं जिनके लिए अपने क्रियात्मक शोध को चूना है। विश्लेषण करें कि क्या समस्या का समाधान हो गया है या फिर केवल ऊपरी तौर पर ऐसा लग रहा है।

**अगला चरण:—** अगा समस्या का समाधान हो गया हो तो क्रियात्मक शोध पूर्ण हो गया। अगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया तो आप फिर से एक नयी विधि के अनुसार नई काम योजनाएँ बनाएँ। जैसे पूर्व में दिए गए उदाहरण में अगर मात्रा कार्ड अथवा अक्षरित खेल के माध्यम से सभी बालक मात्रा को ठीक से पहचान कर उसको पढ़ या लिख पाते है तो हमें मान लेना होगा कि समस्या का समाधान हो गया है। लेकिन अधिकतर बच्चे यदि यह नहीं कर पाते है तो शिक्षक को शुरू से आंकड़ो का विश्लेषण कर सही समस्या का पता लगाना चाहिए और किसी अन्य विधि जैसे बारहखड़ी के खेल आदि के माध्यम से कोशिश करनी चाहिए। इस तरह तब तक क्रियात्मक शोध के चक्र को दोहराना होगा जब तक कि बालक मात्रा नहीं सीख जाते

## पत्रिका, अखबार एवं जूड़ी पिरोडिकल में लेखा लिखना

शिक्षक के कार्य से वृद्धि या व्यावसाय विकास के अनेको तरीके है जैसे संगोष्ठी अथवा में सहभागिता करना कार्यशाला और प्रशिक्षण सत्र में भागीदारी करना, शैक्षिक पहल पर व्याख्यान देना अथवा सुनना, अनुसंधान करना इत्यादि।

पत्रिकाओं तथा अखबारों में लेख लिखाना एक बहु चिर्चित और पुराना वृति विकास का तरीका है, शिक्षक द्वारा किए गए सफलतापूर्वक शोध अथवा नवावार लेखन द्वारा शिक्षा में ही शैक्षित जगत में अनेक बातों पर अपने विचार लेखन द्वारा व्यक्त करते है परन्तु लेखन का उद्देश्य अगर लोगों तक अपने विचार लेखन द्वारा व्यक्त करते है परन्तु लेखन का उद्देश्य अगर लोगों तक अपने विचार पहुँचाने हो तो उसमें साहस और समय की जरूरत होती है जो कि बहुत कम अवसर में ही ऐसा हो पाता है। लेखन एक कठिन माध्यम जिसका शिक्षक उसका प्रयोग करके अपने विचारों की राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय शैक्षिक पटल पर रख सकता है। इससे न केवल शिक्षक को व्यक्तिगत लाभ हो सकता है किन्तु दूसरें को भी वृत्ति विकास में मदद मिल सकती है। लेखन हमेशा शिक्षक को संतुष्टि देता है कि उसने भी अपने

समुदाय के लिए कुछ काम किया है एवं यह विशेषता अगर पठन–पाठन, अधिगम कक्षा में किए गए नवाचार से हो जहाँ छात्रों को मुनाफा पहुँचता हो तो शिक्षक उसे समाज के सामने दर्शाता करता है। इससे विभिन्न वर्गो के लोग के लोग जैसे परीक्षणकर्ता, शोधकर्ता, शिक्षाविद नीति निर्माता और शिक्षक अपने स्तर पर उसे प्रयोग करके शिक्षा में आमूल–चूल परिवर्तन कर सकते है। लेखन से शिक्षकों को अनेक प्रकार के मुनाफा मिल सकते है:—

NOTES

1. अच्छे लेखन के द्वारा उसे शिक्षक जगम में एक विशेष स्थान प्राप्त हो सकता है।
2. लेखन द्वारा वह स्वयं की कक्षा में किए गए नवाचरों की प्रतिबिबित करके उनमें सुधार ला सकता है।
3. अपने अनुसंधान के कौशल को तथा विकसित कर सकता है।
4. अपने विचारो को लेखन द्वारा व्यक्त करके वह दूसरों को उन पर सोचने, विमर्श करने एवं क्रियान्वित करने पर उत्सुक कर सकता है।
5. शिक्षक अपने लेखन द्वारा अपने सहभागियों तथा सहकर्मियों को ज्ञान वर्धन का अवसर प्रदान कर सकता है।
6. विभिन्न तरह के उपयोग को सफलतापूर्वक करके एवं उसे प्रकाशित करके दूसरों को अवसर प्रदान कर सकता है जिससे दूसरे शिक्षक भी उस उपयोग को करके लाभान्वित हो सकें।

## पाठ्यपुस्तक की संकल्पना एवं विश्लेषण

पाठ्यपुस्तक किसे कहते है? राष्ट्रीय पाठयचर्या रूपरेखा 2005 में पाठयपुस्तक को एक शिक्षण अधिगम सामग्री के पैकेज का भाग माना है और कहा है "पाठयपुस्तक एक मार्गदर्शिका के रूप में उपयोग की जाने वाली सहायक सामग्री है जिससे विद्यार्थि सक्रिय रूप से पाठ, विचारों, वस्तुओं, वातावरण और लोगों से जुड़ता है तथा उसके अन्दर अपनी समझ का निर्माण करता है यह ऐसी चीज नहीं जो ज्ञान को अंतिम उत्पाद के रूप में बालकों के दिमाग में भरने का कार्य करें"।

राष्ट्रीय पाठयचर्या रूपरेखा (2005) और बिन बोझ के 1953 ने माना कि भारत के अधिकांश स्कूलों में पाठयपुस्तक कक्षा में हावी है, उन्होंने यह भी माना पाठयपुस्तक के सूचनाओं का भण्डार है और शिक्षक इन सूचनाओं को विद्यायार्थी

तक इन पाठ्यपुस्तक के द्वारा पहुँचा रहे है। शिक्षा प्रणाली में पाठय पुस्तकों को वही स्थान हासिल है जो कि हमारे धर्मों में पवित्र पुस्तकों का है। यह कहना गलत है यहाँ तक की शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया का प्रारंम्भ तथा अंत पाठयपुस्तक से ही होता है यहाँ यहाँ तक की अनेक प्रकार के क्रियाकलापों का आयोजन शिक्षक विद्यार्थियों के मध्य अंत क्रिया परीक्षा इत्यादि सभी पाठ्यपुस्तक केन्द्रित है। इसकी आवश्यकता ज्यादा महत्व के कारण पाठ्यपुस्तक ने एक गौरवशाली तथा मानक रूपरेखा को अपना लिया है पाठ्पुस्तक एक प्रभुत्व का प्रतीत बन गई है जिन्हें अवमानित कठिन है।

राष्ट्रीय पाठयचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार पाठ्यपुस्तक भारत में मूल सिद्धान्तों के आधार पर रचीं गई है परन्तु विद्यालय और शिक्षक को स्वायतता प्रदान करें जिससे वह कक्षा के स्तर पर आकर विभिनन प्रकार के उपयोग जैसे सीखने के गति, सामग्री तथा मूर्त उदाहरण शिक्षण, पद्धति विषय-वस्तु से जूड़ी हुई अनुभव आदि का चुनाव कर सके राष्ट्रीय पाठयचर्यी रूपरेखा ने माना कि पाठयपुस्तकों का निर्माण इस तरह से हो जिसमें शिक्षक और विद्यार्थी को सृजनात्मक काम करने की प्रेरणा मिले। शिक्षक एवं छात्र पाठ्यपुस्तक के अधीन न हो जाए। पाठयपुस्तक का निर्माण करते समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि वह ज्यादा से ज्यादा विकेन्द्रित हो एवं राज्य, जिला ब्लाक स्तर पर विद्ययार्थी से जुड़े क्रियाकलापों को सम्मिलित किया जायें जिससे लचीलापन की नीति अपनाई जा सकें। पाठयपुस्तक में विषय-वस्तु को बोझ न बनाकर किन्तु समझ कर सीखने एवं सीखने से अधिगन पर जोर दे तथा छात्रों के व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर समझने की क्षमता बढ़ा कर उनकी सहायता करें।

शिक्षक क्योंकि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार होता है एवं यह उसकी स्वतन्त्रता और स्वायतता पर निर्भर करता है कि वह पाठय-पुस्तक की पठन-पाठन सामाग्री का अंग-बनाता है अथवा वह उसे एक मात्र स्त्रोत मानता है।

पाठ्यपुस्तक के मूल्यांकन हेतु शैलडन (1998) ने अनेक प्रमुख कारण बतायें है। उन्होनें कहा है कि पाठय-पुस्तक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रशासनिक तथा शैक्षिक फैसले लेने में अपनी भूमिका अदा करता है। जिसमें सम्मिलित होता है व्यावसायिक, वित्तीय एवं राजनैतिक। पाठयपुस्तक के मूल्यांकन से शिक्षक को यह तय करने में सहायता मिलती है कि विभिन्न प्रकार की जो पाठ्य-पुस्तके मौजूद है उनमें से बेहतर कौन सी है, इसके अतिरिक्त विषय-वस्तु से परिचित करना एवं

पाठय-पुस्तक के गुण-दोष से भी अवगत करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि पाठय-पुस्तक का विशलेषध शिक्ष्ज्ञक के वृति-विकास में मदद प्रदान करता है। कनिंगवर्थ (1995) तथा एलिस (1997) से सुझाव दिया कि पाठयपुस्तक का मूल्याकन शिक्षक को शुद्ध, उपयोगी, व्यवस्थित एवं परिपेक्ष्य अंर्तदृष्टि को अधिग्रहरण करने में सहायता करता है। पाठय-पुस्तक के मूल्यांकन के द्वारा शिक्षक क्रियात्मक अनुसांधन तथा व्यावसायिक सशक्तिकरण कर सकता है। दुनिया राष्ट्र तथा समाज में होने वाले बदलावों एवं नये ज्ञान के सृजन को पाठय पुस्तकों ने समाहित कैसे एवं किन बिन्दुओं से इनका मूल्यांकन शिक्षक करें। पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन कई बिंदुओं पर निर्भर करता है। जिनमें से प्रमुख बिन्दुओं निम्नलिखित है–

NOTES

1. **शिक्षा का उददेश्य**—शिक्षा का महत्वपूर्ण उददेश्य यह है कि वह ज्ञान मीमांसा को पूर्ण करे एवं राष्ट्रीय मूल्यों और आदर्शो को धारोहर समझकर उन्हें समाज में बढ़ाए तथा सामाजिक आकांक्षाओं की पूर्ण करें। पाठ्य पुस्तक क्योंकि पाठयचर्या का दर्पण होता है इसलिए पाठ्य-पुस्तक में दिए गए शिक्षण क्रियाओं के माध्यम से विद्यायार्थी के अन्दर राष्ट्रीय मूल्य एवं आदर्शों को उत्पन्न किया जा सकता है। पाठ्यपुस्तक का मूल्यांकन राष्ट्रीय मूल्यों, सामाजिक आंकक्षाओं उसके प्रतिबिम्ब और विकास के आधार पर किया जाना चाहिये। शिक्षा के उद्देशय शिक्षा के स्तर एवं विषय के अनुसार भी तैयार किया जाता है इसलिए यह आवश्यक है कि पाठ्य पुस्तक का विशलेषण करते समय इन दोनों स्तरों के उद्देश्यों की पूर्ति हुई है अथवा नही उस का भी मूल्यांकन किया जाता है उदाहरण के तौर पर शिक्षा का उदेशय चरित्र तथा जिम्मेदार नागरिक तैयार करना होता है एवं वही पर विषय संबंधी उददेश्य हो सकते है जैसे विद्ययार्थी की अभिव्यक्ति की क्षमता, अभिवृत्तियों का विकास करना एवं विषय-वस्तु संबंधी जैसे चिंतन शक्ति, तर्क शक्ति, मूर्त एवं अमूर्त चितंन आदि का विकास करना। इन सभी का मूल्यांकन करना पाठ्य-पुस्तक शिक्षा से जूड़े उदेश्यों का विशलेषण के अंतर्गत आता है।

2. **विषय-वस्तु की रचना एवं प्रस्तुतीकरण**—पाठय पुस्तक की रचना तथा प्रस्तुतीकरण विषय-वस्तु से जुड़ी हुई होती है। भाषा संबंधी पाठय-पुस्तक की संरचना एवं प्रस्तुतीकरण, विज्ञान संबंधी पाठयपुस्तक की संरचना तथा प्रस्तुतीकरण से बिल्कुल भिन्न होगी क्योंकि दोनो विषयों की प्रकृति एक दूसरे से भिन्न है। जहां भाषा की पाठय-पुस्तक की रचना और प्रस्तुतीकरण में विद्यार्थियों में भाषा कौशल के विकास पर बल दिया जाएग वही विज्ञान की

पाठ्यपुस्तक में प्रयोगात्मक विकास पर बल होगा। पाठ्य-पुस्तक का विशलेषण करते समय इस बात पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है कि विषय-वस्तु की संरचना सरल से प्रारम्भ करके कठिन अवधारणों तक हो, इन अवधाराणओं का ज्यादा से ज्यादा उदाहरण की मदद से समझाया गया हो उदाहरण विद्यार्थियों की जिन्दगी से जुड़ा हुआ हो और इसके अतिरिक्त एक अवधारणा दूसरी अवधारणा को समझने में मददगार साबित हो, पाठय पुस्तक विशलेषण में इस बात पर ध्यान देना चाहिये कि पाठ का प्रस्तुतीकरण रोचक ढ़ग से किया गया हो जैसे किसी कहानी के द्वारा, चित्रण द्वारा या उपयोग द्वारा। आज के समाज में ज्ञान का विस्फोट है और प्रतिदिन नए ज्ञान का सृजन हो रहा है एवं पाठय-पुस्तकों में इन्हें शामिल किया जाना चाहिए। इस आधार पर भी पाठ्यपुस्तक का मूल्यांकन होना चाहिए जो नई अवधारधा सम्मिलित की गई है उनमें आपस में संबंध है अथवा नहीं।

3. **बच्चे का मानसिक विकास**—पाठ्य-पुस्तक की संरचना अधिकतर बालक के मानसिक विकास के स्तर के आधार पर की जानी चाहिये, बालक जिस मानसिक स्तर के होते है पाठ्य-पुस्तक में विषय-वस्तु का चुनाव उसी उसी तरह किया जाना चाहिये। यह कहना गलत नही होगा कि पाठ्य-पुस्तक बच्चों के मानसिक विकास का सहभागी होना चाहिए, पाठय पुस्तक में बच्चों के मूर्त-अमूर्त तर्क करने की शक्ति को बढ़ावा मिलना चाहिये। पाठय पुस्तकों को बच्चे के सृजनात्मक और रचनात्मक विकास के लिए बीज का काम करना चाहिये। इसके अलावा भाषायी क्षमता, सामाजिक परिपक्वता, शरीर की दक्षता इत्यादि के विकास में पाठयपुस्तक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। एक शिक्षक को चाहिये कि इन बिंदुओं पर पाठय-पुस्तक का वह मूल्यांकन करें।

4. **अभिन्यास एवं रचना**—पाठ्य-पुस्तक की अभिन्यास और संरचना मूल्यांकन का एक महत्वूपर्ण बिंदु है। अभिन्यास तथा रचना से हमारा मलतब पाठ्यपुस्तक की बनावट से है पाठ्य-पुस्तक की बनावट में उसका वजन, छपाई लेखन के अक्षर, आकार इत्यादि सम्मिलित होते है शिक्षक जब पाठ्य-पुस्तक का मूल्यांकन करें तो इस बात पर ज्यादा ध्यान दे कि पाठ्य-पुस्तक बहुत भारी न हो, छपाई सुन्दर हो, अक्षर छात्रों के आयु अनुसार हो और आकार सामान्य हो जिससे छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। हाल के दिनों में यह बात सामने आई है कि स्कूलों में किताबों का बोझ बढ़ता जा रहा है जिससे

विद्यार्थी में शारीरिक समस्याऐं उत्पन्न हो रही है। प्रोफेसर यशपाल ने अपने रिपोर्ट "बोझ के बिना सीखने" में कहा है कि विद्यायार्थी पर दोहरा बोझ बढ़ रहा है एक तो दिमागी दूसरा शारीरिक जिसके कारण विद्यायार्थी में शिक्षा के प्रति अरूचि बढ़ी है। इसलिए जितना हो सके पाठ्य-पुस्तक को कम वजनदार, और अधिक आकर्षण का केन्द्र बनाया जाए।

5. **मानसिक स्तर का विकास—**विषय-वस्तु का विशलेषण विद्यार्थियों को मानसिक स्तर के आधार पर होनी चाहिये। मानसिक स्तर से यह अभिप्राय है है कि वह विषय-वस्तु जो छात्रों के मानसिक क्षमता को योग्य हो अथवा उनको समझने में कठिनाई न हो ऐसे विषय-वस्तु को पाठयपुस्तक में शमिल किया जाना चाहिए। पियाजे के अनुसार मानसिक स्तर की वृद्धि चार चरणों में होती है एवं स्तर के उपयुक्त छात्रों के भीतर उस तरह के क्षमता अथवा योग्यता का विकास होता है उदाहरण की तौर पर बाल्यकाल में मूर्त चिंतन ज्यादा प्रबल होता है इसलिए पाठ्य-पुस्तक में उन विषय-वस्तुओं को रखा जाना चाहिये जिससे विद्यार्थी मूर्त चिंतन को विकास होने का अवसर प्राप्त हो इसके अतिरिक्त पाठ्यपुस्तक छात्रों की सामाजिक आर्थिक परिवेश को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना। विद्यार्थी के मानसिक स्तर को बढ़ाने में मदद मिले।

6. **उपयुक्त भाषा एवं शैली—**एक अच्छी पाठ्य-पुस्तक हमेश विचारों तथा सामगियों को प्रयुक्त भाषा एवं शैली में अपने पाठकों तक पहुँचाता है। पाठ्य-पुस्तकों में भाषा एवं लेखन शैली छात्रों के आयु मानसिक स्तर एवं रूचि के अनुसार होनी चाहिये। यदि पाठ्य-पुस्तक छोटी कक्षाओं के लिए है तो उसे कहानी, वार्ता, कार्टून इत्यादि के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिये। पाठ्य पुस्तक लिखते समय सरल भाषा को उपयोग हो जिससे बालक आसानी से समझ सकें एवं वह उनके भाषायी क्षमता के अनुसार हो शब्दों तथा वाक्यों का चुनाव बालक के मानसिक स्तर के आधार पर हो। पाठ्य-पुस्तकों में अधिक चित्रण आलेखन इत्यादि का उपयोगी किया जायें। जिससे विद्यार्थी को समझने से सरलता हो, प्रत्येक विषय की अपनी प्रकृति एवं संरचना होती है और इसको ध्यान में रखकर पाठ्य-पुस्तकें लिखी होनी चाहिये। उदाहरण रूवरूप विज्ञान विषय का आधार तथ्य, सिद्धांत, नियम, प्रयोग, परिक्षण तथा परिणाम पर आधारित होते इसलिए पाठ्य-पुस्तक में ज्यादा से ज्यादा इनकी जगह होनी चाहिये। यहाँ तक उस विषय में उपयोग में होने वाले चिन्ह,

परिभाषा, शब्दावली जो सर्वमान्य हो उसे ही पाठय पुस्तक लिखते समय उपयोग किया जाना चाहिए। शिक्षक इन बिन्दुओं पर भी पाठ्यपुस्तक का मूल्यांकन करके पाठ्यपुस्तकों की उपयोगिता बढ़ा सकता है।

**NOTES**

शिक्षा आयोग (1964-66) ने अपने रिपोर्ट में लिखा है कि पाठ्य-पुस्तक को लिखने वाला व्यक्ति अपने विषय में विशेषज्ञ हो एवं निर्माण करते समय निम्न बातों का अत्याधिक ध्यान दें जैसे लेखन, छपाई, चित्रण इत्यादि जो छात्रों को प्रोत्साहित करें शिक्षक को उससे पढने के लिए शिक्षण अधिगम में सहायता मिलें।

## परीक्षा का विशलेषण

शिक्षा में मूल्यांकन का महत्वपूर्ण स्थान है मूल्यांकन शिक्षा की वह धुरी है जिसके आस पास शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया की संरचना की जाती है। बिना मूल्यांकन के हमें शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दोष-गुण गलतियों के बारे में पता नही लगता है। मूल्यांकन का महत्वपूर्ण कार्य यह है कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सुधार छात्रों के अधिगम में वृद्धि एवं वृद्धि का स्तर का पता लगाना होता है। अधिकतर मूल्यांकन के इन कार्यो को हम छात्रों के परीक्षा व उसके परिणामों से जोड़ते है। अगर परीक्षा का परिणाम अच्छा है तो यह दर्शाता है कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सही दिशा की तरफ है और छात्रों में ज्ञान की उपलब्धि हुई है। अगर ऐसा नही है तो यह अभिप्राय है कि दोनों ही काम ढंग से नही चल रहे है। परन्तु यह यथार्थ है परीक्षा का परिणाम बहुत हर तक परीक्षा में तैयार किया गया परीक्षा पत्र तय करता है। परीक्षा पत्र तैयार करना कोई साधारण काम नही है परीक्षा पत्र तैयार करना ठीक वैसे ही है जैसे छात्रों के चरित्र का निर्माण करना। परीक्षा पत्र तैयार करने के लिए उसे अनेक चरणों से होकर गुजरना होता है, जैसे कि परीक्षा का उद्देश्य, उद्देश्य प्राप्ति के लिए परीक्षा की योजना तैयार करना, परीक्षा की योजना के अंतर्गत विषय और विषय-वस्तु का चुनाव करना, विषय-वस्तु का भार, विषय-वस्तु से जुड़े विभिन्न वर्ग के प्रश्न का चयन जैसे—ज्ञान, बोध, प्रयोग इत्यादि एवं विभिन्न स्तर के सवाल जैसे निम्न, मध्यम तथा उच्च की रचना साथ ही साथ नाना प्रकार के प्रश्न जैसे वस्तुनिष्ठ एवं व्यक्तिनिष्ठ प्रश्नों की रचना। इसके अलावा प्रश्नों की भाषा व्याकरण योजना के अंर्तगत सम्मिलित किया जाता है। यह शोध से अवगत हुआ है कि अधिकत्तर सवाल पत्र जो राज्य स्तरीय परीक्षाओं में विद्ययार्थियों को उलब्धि परीक्षण केलिए दिये जाते है उनमें अधिकतर प्रश्न-पत्रों में दोष पाये जाते है जैसे प्रश्न पत्र की लम्बाई प्रश्नों में भाषा का प्रयोग, अपर्याप्त विषय-वस्तु का

निर्धारण, व्यक्ति निष्ठ प्रश्न इत्यादि एक अच्छा प्रश्न पत्र वहीं होता है जिसमें प्रश्न स्पष्ट उद्देश्यपूर्ण संक्षिप्त क्रमबद्ध तथा विचारोत्तेजक हो। यह माना जाता है कि प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के लिए सवालों के योजनाबद्ध तरीके से तैयार करना, उपयुकत भाषा का उपयोग करना, प्रश्नों की सामनतापूर्ण वितरीत करना वैज्ञानिक दृष्टि से सही होना, सच्चाई से जबाव देना एवं बुद्धिमत्ता से उसे अनुसरण करना लाभदायक होता है। एक परीक्षा में सवाल पत्र की निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशलेषण किया जा सकता।

NOTES

1. **उद्देश्यों से मिलान**—उद्देश्य से मिलान का तात्पर्य परीक्षा के उद्देश्य से है। परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की उपलब्धि परीक्षण से हो सकता है अथवा छात्रों का प्रांरभिक ज्ञान निर्धारित करना अथवा प्रवेश में उत्तीर्ण या किसी नौकरी से जुड़ा प्रवेश हो सकता है। सवाल पत्र बनाने से पहले परीक्षा के उदेश्यों का निर्धारण करें एवं उसी के अनुसार ही प्रश्न पत्र का निर्माण करें। उदाहरण स्वरूप परीक्षा लने का उद्देश्य विद्यार्थियों के विषय-वस्तु में होने वाली कठिनाईयों को उजागर करना है तो शिक्षक प्रश्न पत्र में उन प्रश्नों को अथवा शामिल अथवा तैयार करेगा जिससे उसे लक्षण का पता चले। सीधे शब्दों शिक्षक एक नैदानिक प्रश्न-पत्र तैयार करेगा।

2. **व्याप्त विषय-वस्तु का चुनाव**—प्रश्न पत्र तैयार करते समय यह अत्यन्त आवश्यक है कि सवालों को कुछ अध्ययन तक सीमित न रखें बल्कि जहाँ तक हो सकें सभी अध्यायों को शामिल करे जिससे विद्यायार्थी का व्यापक मूल्यांकन हो सकें। शिक्षक प्रश्न-पत्र का विशेलेषण करते समय इस पर विशेष ध्यान देना चाहिये कि सवाल का चुनाव सभी अध्यायों से हुआ है अथवा नही।

3. **विषय-वस्तु का भार**—हर एक अध्याय और उनके अन्दर मौजूद विषय-वस्तु की एक महत्ता होती है और इस महत्ता का वरियताक्रम भी हो सकती है। लेकिन विषय वस्तु अधिक महत्ता वाली हो उन्हें अधिक बार देने की जरूरत होनी चाहिये एवं जिन विषय-वस्तु की महत्ता कम है उन्हें कम महत्ता मिलनी चाहये तथा यही प्रश्न-पत्र विशलेषण करते समय शिक्षक को ध्यान देने की जरूरत है।

4. **प्रश्नों का कमबद्ध विश्लेषण**—प्रश्न पत्र का विशलेषण करते समय इस बात पर शिक्षक अत्याधिक ध्यान केन्द्रित करे कि सवालों का जो क्रम

NOTES

प्रश्न-पत्र में अनुसरण किया गया है वह मनोवैज्ञानिक आधार पर हो जैसे प्रश्नों के क्रम सरल से कठिन का हो, ज्ञान से बोध तथा प्रयोग का हो, वस्तुनिष्ठ से व्यक्ति निष्ठ का हो, इस प्रकार के प्रश्न पत्र छात्रों को उसे हल करने में सुविधा करता है।

5. **सरल भाषा एवं निर्देशन में स्पष्टता**—प्रश्न पत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका भाषा के प्रयोग की होती है। प्रश्न-पत्र तैयार करते समय उपयुक्त शब्दावली, मानक भाषा तथा भाषा में कम से कम अस्पष्टता का प्रयोग होना चाहिये जिससे कि छात्रों को सवालों को समझने एवं उतर देने में परेशानी न हो। इसके अलावा प्रश्न-पत्र विशलेषण करते समय यह भी महत्वपूर्ण होता है कि प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देशन में स्पष्टता कितनी है, निर्देशन में अस्पष्टता छात्रों में भ्रमक की स्थिति पैदा कर सकता है। अगर प्रश्न-पत्र में प्रश्न क्रमबद्ध तरीके तैयार किए गए है तो निर्देशन प्रश्न पत्र के प्रारम्भ में दिये जाने उचित होते है। अगर प्रश्न पत्र का भिन्न-भिन्न खंडो में विभक्त किया जाता तो खंडो के आधार पर निर्देशन दिया जाना चाहिए।

6. **प्रश्नों का कठिनाई स्तर**—प्रश्न पत्र के विशलेषण के आधार का एक चरण प्रश्नों का कठिनाई स्तर भी है। कठिनाई का स्तर तात्पर्य हैं कि प्रश्नों में क्षमता कि वह उच्च एवं निम्न उपलब्धि वाले छात्रों के बीच अंतर कर सके। प्रोफेसरल अनिल (2014) ने अपने शोध पत्र में म.प्र. माध्यामिक शिक्षा बोर्ड के गणिता परीक्षा-पत्र का मूल्यांकन करते समय पाया कि सन् 2006, 2007, एवं 2010 के पूछे गए प्रश्नों के स्तरों में कोई ज्यादा अंतर नही पाया गया और साथ ही साथ प्रश्नों में असपष्टता पाई गई, इसी तरह श्रीकांत 2007 ने 4 विभिन्न बोर्ड के सामाजिक विज्ञान के विश्लेषण में पाया। पंजाब, मिजोरम, कसोटका, मनिपुर के अधिकतर प्रशनों में असष्पटता है एवं प्रश्नों के परेशानी स्तर बहुत ही निम्न है एवं अधिकतर प्रश्न ज्ञान वर्ग से लिये गए है इसका तात्पर्य है प्रश्नों में विभिन्नता के साथ-साथ यह महत्वपूर्ण है कि प्रश्नों में कठिनाई स्तर को बनाये रखना आवश्यक है एवं प्रश्नों को जितना हो सकें स्पष्ट रूप से (ब्लूम वर्गीकरण में उपयोग होने वाले क्रियात्मक शब्द का उचित प्रयोग) किया जाए।

7. **प्रश्नो के प्रकार**—प्रश्न दो प्रकार के होते है-वस्तुनिष्ठ एवं व्यक्तिनिष्ठ-वस्तुनिष्ठ प्रश्न वह होते है जहां छात्र उसे संक्षिप्त शब्दों में उसको

जबाव दें यह एक शब्द से लेकर एक लाइन के हो सकते है कभी कभी प्रश्नों के साथ कहे उतर भी दिये जाते है एवं सही उतर का चुनाव छात्र को करना पड़ता है वस्तुनिष्ठ प्रश्न अनेक प्रकार से लाभदायक होते है जैसे—इसमें जाचंकर्ता को केवल सही और गलत को नम्बर देने होते है एवं जांचकर्ता का दृष्टिकोण का प्रभाव उतर जांचने में नही पड़ता है इसके अलावा अधिक से अधिक प्रश्न पत्र में सम्मति किए जा सकते है और विषय वस्तु को अधिक से अधिक व्यापक तौर पर जांचा जा सकता है इसके विपरीत व्यक्ति निष्ठ में प्रश्नों के संख्या कम होती है जांचकर्ता का अपना एक दृष्टिकोण होता है एवं व्यापक ढंग से समिम्ति नही किया जा सकता है, प्रोफ, अनिल 2014 एवं श्रीकांत 2007 ने अपने शोध पत्र में लिख है कि जब विश्लेषण किया तब पाया अधिकतर बोर्ड में वस्तुष्ठि प्रश्नों को प्रश्न पत्र में रखा जाता एवं उसका अनुपात भी प्रश्न पत्र में ज्यादा ह पर उनको संरचना भाषा एवं उतर सप्लाई छात्रों में भेद नही कर पाते है। इसलिए यह अनिवार्य है कि प्रश्न पत्र में दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होने चाहिये एवं उनकी भाषा एवं संरचना पर अधिक जोर देना चाहिये।

NOTES

8. अंकन योजना किसी भी परीखा में अंकों का महत्वपूर्ण स्थान होता है अंक इस बात को दर्शाता है कि सवाल का भार कितना है साथ-साथ यह भ निश्चित करता है कि उस प्रश्न को हल करने के लिए शब्दों में लिखा जा सकता है अंक हमें यह भी बताता है कि किस अध्ययन/विषय वस्तु को प्रश्न-पत्र में कितना महत्ता है यह अत्यन्त आवश्यक है जानना के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अंक हमेशा कम अंकित होते है एवं व्यक्ति निष्ठ प्रश्नों के अंक हमेशा अधिक अंकित किये जाते है। व्यक्तिनिष्ठ प्रश्नों के लिए अंकन योजना शिक्षक के लिए दिशा-निर्देशन का काम करती है क्योंकि एक उत्तर में किस भाग में कितने अंक देने है अगर यह अंक योजना में पूर्व से ही न तय किये जाएं तो अंतर-परीक्षक एंव आंतर परीक्षक विरोधाभास देखा जा सकता है इसलिए व्यक्तिनिष्ठ प्रश्नों के लिए यह अति अनिवार्य है कि अंकन योजना तैयार किया जाए। प्रो. अनिल (2014) एवं प्रो. श्रीकांत (2007) में अपने शोध में पाया कि उत्तर पुस्तिका जांच करते समय बोर्ड में अंकन योजना पर शिक्षक ध्यान नहीं देते एंव प्रश्न-पत्र भी अंकन योजना के अंतर्गत तैयार नहीं किये जाते। शिक्षक का एक महत्वपूर्ण कार्य यह कि शिक्षण-अधिगम के साथ-साथ वह छात्रों का परीक्षण भ करें इस परीक्षण की सूरत तथा उदेशय

अलग-अलग हो सकते है परन्तु एक सत्य है कि उस प्रश्न अनेक निर्माण अवसर निर्माण करने होते है, अधिकतर समय वह व्यक्तिनिष्ठ ही प्रश्न पत्र तैयार करता है ऐसे में यह अत्याधिक जरुरी है कि वह ऊपर दी गई बिन्दुओं को ध्यान में रखकर परीक्षा पत्र का निर्माण करें।

## परीक्षापयोगी प्रश्न

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न—

1. शिक्षक वृत्ति विकास की अवधारणा स्पष्ट करते हुए अधिगम के उद्देश्य समझाइए।
2. इन्टरेनेअ के माध्यम से ज्ञान में वृद्धि कैसे की जा सकती है ?
3. संगोष्वी एवं सम्मेलन में शिक्ष्ज्ञक की सहभागिता का वर्णन कीजिए।

### लघु उत्तरीय प्रश्न—

1. ऑन-लाईन सहभागिता से आपका क्या अभिप्राय है ?
2. क्रियात्मक अनुसंधान से आप क्या समझते है ?

# 20 नैदानिक परीक्षण

NOTES

**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**

- प्राक्कथन
- अवधारणा
- विभिन्न प्रकार
- बुद्धिमाप परीक्षा
- अनुवृत्तिशापक प्रश्नावलियाँ
- कार्य सम्पादन परक
- रोर्शाक पद्धति
- आयुजनित परीक्षण
- परीक्षापयोगी प्रश्न

**उद्देश्य**— इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समझ सकेगें:—

- अवधारणा
- विभिन्न प्रकार
- बुद्धिमाप परीक्षा
- अनुवृत्तिज्ञापक प्रश्नाबलियाँ
- कार्य सम्पादन परक
- रोर्शाक पद्धति आयुजनित परीक्षण

NOTES

## प्राक्कथन

व्यक्ति में किसी प्रकार की असामान्यता, अयोग्यता, अक्षमता, व्यतिक्रम या व्याधि के स्वरूप की ठीक पहचान अर्थात् निदान (डायग्नासिस) **नैदानिक परीक्षा** (Diagnostic Test) कहलती है। यह मनोशरीरिक अव्यवस्थाओं की ज्ञात लक्षणावली के आधार पर करने के लिए विज्ञों द्वारा सुस्थिर की गई जाँच की विशेष प्रणाली है।

नैदानिक परीक्षाओं की अब हजारों तरह की प्रश्नावलियाँ व पद्धतियाँ चल पड़ी है जिनमें व्यक्ति के मनोजगत् की सूक्ष्मतल विकृति की पहचान प्रायोगिक धरातल पर कर ली जाती है। ये परीक्षाएँ व्यक्तिगत रूप में भी होती हैं और समूहगत भी। आजकल समूह परीक्षाएँ (ग्रूप टेस्ट्स), शिक्षण संस्थाओं के द्वारा तथा सैनिक विभाग और कार्यालयीय कर्मचारियों की मदद से काफी मात्रा में संपन्न की जा रही हैं।

## अवधारणा

रोगादि की प्रारंभिक पहचान में और व्यक्ति की विशिष्ट कठिनाई या गलती करने के उसके बद्धमूल ढर्रे की सही पकड़ में ऐसी परीक्षाओं से बड़ी सहायता मिलती है। मनोविज्ञान में इनका निर्धारण सामान्य शिक्षा, व्यक्तित्व मूल्यांकन अथवा मनोरोग की विशेषावस्थाओं की दृष्टि से किया गया है। शिक्षा मनोविज्ञान के क्षेत्र में इनसे छात्र की किसी विषय अथवा पाठ संबंधी खास कमजोरी ढूँढ़ निकाली जाती है और इसी के सहारे तदर्थ एक औपचारिक धरातल भी तैयार किया जाता है। पूर्ण निदान और भी अनेक संबंद्ध तथ्यों पर आधृता होता है, किन्तु ये परिक्षाएँ नैदानिक उपलब्धि में अच्छे खासे हथियार का काम करती हैं। कोई सधा सधाया ढंग, आले द्वारा हृदय-गति जाँचने की तरह, इनमें नहीं होता कि व्यक्ति अपने से कुछ भी न करे। इन जाँचों में व्यक्ति परीक्षण द्वारा उपस्थित की गई समस्या के प्रति अपनी निजी प्रतिक्रिया, चाहे वह आत्माभिव्यक्त की शैली में हो या वैकल्पिक उत्तरों के चुनाव के रूप में, व्यक्त करता है। यही प्रतिक्रिया नैदानिक मूल्यांकन के लिए सामग्री प्रस्तुत करती है। उमंगों, अभिरूचियों और विशिष्ट कार्यक्षमताओं की प्रकृति आँकनेवाली कुछ सुनिश्चित परीक्षाएँ भी इनमें योग देती हैं।

## विभिन्न प्रकार

NOTES

सामान्य पर्यवेक्षण (आबजर्वेशंस) की निष्पत्तियाँ इन परिक्षाओं की कोटि में नहीं आतीं, बशर्ते वे पर्यवेक्षण प्रयोगशाला के कड़े वैज्ञानिक प्रतिबंधों में न संपन्न हुए हों। हाँ, कुछ उन्मुक्त कार्यकलापों के वैज्ञानिक निरीक्षण में नैदानिक परीक्षा के सूत्र मिल जाते हैं।

नैदानिक परीक्षाओं के स्वरूप प्रमुख्यत: तीन हैं—

- प्रश्नोत्तरपरक,
- 'प्रक्षेपित' विचार की स्वभाव-मीमांसा-परक, तथा
- कार्य-संपादन-परक

किसी स्थिति में कैसी परीक्षा उपयुक्त होगी, इसपर प्राय: सामान्य स्वीकृत मत नहीं, यद्यपि इनकी उपादेयता सर्वमान्य है।

## प्रश्नोत्तरपरक परिक्षण

प्रश्नोत्तरपरक परीक्षओं में या तो परीक्षात्मक कसौटी पर कैसे कुछ मानक प्रश्न पूछे जाते हैं अथवा 'परिक्षार्थी' को निश्चित उत्तरों में से चुनना अथवा प्रतिक्रिया व्यक्त करना पड़ता है।

## बुद्धिमाप परिक्षा

'मनोवैज्ञानिक परीक्षाओं के जनक' फ्रांस के मनोविद बिने ने अपनी प्रसिद्ध बुद्धिमान परीक्षा आयु के आधार पर तैयार किए गए मानक प्रश्नों द्वारा मानसिक आयु की खोज की। वास्तविक उम्र में उसमें भाग देकर बुद्धिलब्धि के अंक (IQ = इंटेलिजेंस कोशेंट) की प्राप्ति की जाती है। प्रश्नावालियाँ 2-3 साल की उम्र से 14-15 तक प्रति वर्ष की भिन्न-भिन्न हैं। प्रत्येक में प्राय: पाँच प्रश्न चुने जाते हैं। अधिक मेधावी लड़के की मानसिक उम्र उसकी वास्तविक आयु से अधिक होती है जब कि एक बोदे लड़के की कम बुद्धिलब्धि निकालने की निम्नलिखित रीति है (मान लिया कि लड़के की मा.आ. 12 तथा वा.आ. 10 वर्ष की है)

यहाँ 100 से गुणित करने का आशय दशमलव की दिक्कत से बचना है। 100 बुद्धिलब्धि वाले सामान्य होते हैं जिनकी मा.आ. तथा वा.आ. दोनों बराबर होती है।

NOTES

इससे नीचे जानेवाले अंकों के अनुसार जड़बुद्धि मूढ़, बोदा एवं इससे ऊपर के अंकों के अनुसार मेधावी अतिमेधावी, प्रजावान आदि का निर्धारण होता है। 1905 से 1911 तक बिने से साइमन के यहयोग ये प्रश्नावलियों के अनेक संशोधन और 1916 में स्टेंफोर्ड युनिवर्सिटी में टर्मन ने अपना प्रसिद्ध संशोधन प्रस्तुत किया।

**प्रश्नों के कुछ नमूने**

खिलौनों (यथा बिल्ली, कुत्ता) या तकिया आदि की पहचान (2 वर्ष)। लड़की तथा कोयले में कौन सी समानता है?

(8 वर्ष)। किसी साधारण वक्तव्य में निरर्थक शब्द की पहचान (11 वर्ष) इत्यादि।

**प्रैस्सी की 'X-O' परिक्षा**

प्रस्तुत किए गए शब्दवर्ग में से किसी शब्द को काट देने या वृत्त बनाकर घेर देने की क्रिया के कारण इनका नाम पड़ा है। व्यक्ति की संवेगात्मक भावनाओं का बोध शब्दविशेष के प्रति उसकी व्यक्त अभिरूचि के आधार पर किया जाता है। शब्दवर्गों के उदाहरण—

1. भोजन भद्द काला नंगा चूसना परीक्षार्थ चयन किए व्यक्ति को इन शब्दों में से सबसे कम अप्रिय लगने वाले को एक छोटे से वृत्त द्वारा घेर देना होना।

2. एक मुख्य शब्द (यथा, 'लड़की') के आगे प्रस्तुत किए गए कुछ शब्दों में से, जो उसकी राय में उससे सबसे अधिक संबंद्ध होगा, ढूंढ़ निकालना होगा।

   लड़की-स्वास्थ्य, देहयष्टि ऐब, कोमल, चढ़ाव।

3. अन्य अनेक प्रस्तुत शब्दवर्गों में से हर एक से अवांछित शब्दों को काट देना होगा। ऐसा एक शब्दवर्ग है—

   भिक्षा, कसम, धूम्रपान, छेड़खानी, थूकना।

इसी प्रकार के अन्य शब्दवर्ग हैं।

बहुत सी ऐसी प्रश्नावलियाँ हैं जिनके द्‌वारा व्यक्ति की अनुवृत्ति (ऐटीच्यूड) का पता चलता है। 'हाँ' या 'नहीं' में उनका उत्तर होता है। आजकल पत्रिकाओं में इस तरह की असंख्य प्रश्नावलियाँ प्रचलित हैं जो प्रायः प्रामाणित नहीं होतीं। अनुवृत्ति की पहचान के लिए ऐसे चुनाव संबंधी प्रश्न अथवा दो प्रकार के विचारों में से स्वरूवि के अनुकूल किसी एक को पसंद करने की समस्या आदि प्रारम्भ में थर्स्टन और लिकर्ट ने प्रस्तुत की थी। गार्डन ऐलपोर्ट की 'व्यक्तित्व' के मूल्यात्मक आदर्शों की परीक्षा के सवाल भी इसके अंतर्गत आ सकते हैं।

**कार्यसंपादनपरक (पर्फामेंस टेस्ट)**

इस ढंग की परीक्षाओं में एक समस्यामूलक या प्रयत्नसाध्य कार्य व्यक्ति की जाँच के लिए दिया जाता है। छोटे बच्चों को किसी आदमी की पूर्ण शक्ल एक निश्चित समय में बना देने का कार्य देना, किसी व्यूहमय पहेली को सुलझाने के लिए पहना, छात्र से कुछ पढ़ने के लिए कहकर उसकी शब्दोच्चारण संबंधी कठिनाइयों, वाक्यविन्यास एवं विरामचिन्हों के विषय में उसकी यही पहचान आदि तथ्यों का मूल्यांकन करना, किसी चीज को खोज निकालने के लिए कहना अथवा दुर्गम स्थान पर रखी गई किसी वस्तु को लाने के कार्य में व्यक्ति के प्रयत्नों की शैली, तात्कालिक सूझबूझ तत्परता आदि की परख करना इत्यादि कार्यसंपादनपरक परीक्षाएँ है। इसमें पोर्टियस की व्यूह पहेलियाँ (3 से 14 वर्ष तक के लड़कों की भिन्न अवस्थाओं के लिए भिन्न-भिन्न, थर्स्टन की विविध जाँच प्रणालियाँ, ड्यूरल की पठन-असुविधा-विश्लेषण (एनैलिसिस ऑव द रीडिंग डिफिकल्टीज) आदि अधिक प्रसिद्ध हैं।

कारीगर, कलाकार, बुद्धिजीवी, संगीतज्ञ आदि की विशिष्ट क्षमताओं (ऐप्टीच्यूड्स) की जाँच के लिए जो कुछ निर्धारित कार्य-संपादन-परीक्षाएँ हैं वे व्यक्ति की विभागीय अयोग्यता जाँचने में भी मददगार होती हैं

**'प्रक्षेपित' विचार-विश्लेषण-परक ('प्रोजेक्टिव' टेकनीक)**

प्रस्तुत किए गए, किंचित् असामान्य, (स्टिम्युलस) के प्रति व्यक्ति की प्रतिक्रिया ही, जो प्रायः रचनात्मक तथा विश्लेषणात्मक प्रकृति की होती है, इन परीक्षाओं का विषय बनती है। इनके द्वारा व्यक्ति की कोई एक विशेष मनस्थिति अथवा विभागीय शाक्ति नहीं, बल्की संपूर्ण व्यक्तित्व ही उत्तरदाता होता है। प्रायः ये उत्तेजक सामान्य

NOTES

वस्तु नहीं होते, लेकिन कृत्रिम रचनात्मक प्रस्तुत हुआ करती है। व्यक्तित्व लक्षणों (पर्सनैलिटी ट्रेट्स) की परीक्षाओं को नैदानिक परीक्षाओं में लिया जाए या नहीं, इस पर विवाद भी है। परीक्षण इस अंकप्राप्ति (स्कोरिंग) के आधार पर अपनी धारण नहीं बनाता बल्कि व्यक्त उत्तरों की व्याख्या करता है। इन उत्तरों का कोई निश्चित मापदंड नहीं होता। इनके सहारे पूरे व्यक्तियों की कुछ खास खामियों को खोजने में सहायक मिलती है क्योंकि व्यक्ति के उन्हीं कुछ विचारों का प्रक्षेपण (प्रोजेक्शन) बाहर की ओर प्रस्तुत वस्तुओं के द्वारा हो जाता हैं।

**रोर्शाक पद्धति**

अविष्कारक स्विस मनोविद् हर्मान रोर्शाक हैं (1921)। रोशनाई के विभिन्न प्रकार के धब्बोंवाले दस कार्ड इसके उपकरण है। व्यक्ति इन्हें देखकर किसी जानवर, मानवाकृति अथवा प्राकृतिक वस्तु से इनका साम्य बताता है। कार्डों में पाँच काले, दो काले–लाल–संयुक्त और शेष तीन रंगीन होते हैं। ध्यान रखने की बातें ये होती हैं कि व्यक्ति किसी आकार की कल्पना पूरे को देखकर करता है अथवा अंश रूप में; काल्पनिक साम्यवाली वस्तु का कोई गुण या क्रिया बताता है या नहीं; साम्यस्थिर करने वाली वस्तु मनुष्य, पशु, प्राकृतिक उपादान आदि में से कौन सा तत्व है, आदि। रंगो के मेल अथवा शुद्ध रंग कार्ड व्यक्ति की न्यूनाधिक या आनुपातिक संवेगात्मकता (इमोशनैलिटी) दर्शाती है।

**विषयवस्तु के विशिष्ट बोध की परीक्षा (थीमेटिक एपर्सेप्शन टेस्ट TAT)**

रोर्शाक पद्धति से मिलती जुलती है। पहले की व्याख्या रूपात्मक (फार्मल) होती है जबकि इसकी विषयवस्तु (कंटेंट) संबंधी। इसकी प्रस्तुति एच.ए. मरे के माध्यम से हुई (1938)। इसमें चित्रों के आधार पर उसकी संभाव्य अंत: कथा बताने के लिए व्यक्मि को प्रेरित किया जाता हैं। उदा.— चित्र में एक स्त्री शायद किसी पीड़ा के कारण मुँह को हाथों से ढँके दर्वाजे से टिककर खड़ी हैं। व्याख्याकार अपने अंतर्निहित वास्तकविक व्यक्तित्व आधार पर विविध व्याख्याएँ करता है, जैसे— पेट या सिर दर्द, मतली, मृत्युशोक, यौन समागम की अतृप्ति आदि। व्याख्याओं द्वारा व्यक्ति का उद्देश्य, उसकी प्रवृत्ति, अनुभूति, आवश्यकता, प्रेरणा आदि का पता चलता है।

युंग ने शब्दसाहचर्य की परिक्षा चलाई जो काफी अपनाई गई, विशेषत: फ्रॉयडीय मनोचिकित्सा के मुक्त साहचर्य (फ्री एसोसिएशन) क्षेत्र में। 100 मानक शब्दों को रखकर एक एक के लिए जल्दी ही कोई ऐसा शब्द पूछा जाता है जो उसे तुरन्त प्रेरित करता हो। उदा.— 'योग्यता' के लिए तत्काल दिया गया सहचारी शब्द 'सौंदर्य', 'बलवान्' अथवा ऐसा ही और कुछ। युग के कथनानुसार चेतन धरातल पर एकाएक मिल जानेवाले इन शब्दों का सूत्रसंचालन गहरे अचेतन से होता है।

NOTES

टेंडलर (1930) ने आधे वाक्यों की अपनी तरीके से पूर्त्ति करने की परीक्षा प्रस्तुत की जिसमें व्यक्ति के मानसिक बौद्धिक गठन तथा दृष्टिकोण की थाह मिलती है।

**सन्दर्भ ग्रंथ**

1. इंसाइक्लोपीडिया ऑव सायकालॉजी (फिलासाफिकल लायब्रेरी, न्यूयार्क) के निबंध 'इटेलिजेंस टेस्ट', 'प्रोजेक्टिव टेकनीक' एवं रोर्शाक मेथड़;

2. साईकालाजी दि फंडामेंटल्स ऑव ह्यूमन एडजस्टमेंट (डॉ० नार्मेन मुन) प्रका. हूटन मिफ्लिन ऐंड कं., न्यूयार्क;

3. फांउडेशंस ऑव साइकालोजी (बोरिंग, लैंगफेल्ड प्रभृति) प्रका. एशिया पब्लि. हाउस।

4. ईसाइक्ला. ऑव एजुकेशनल रिसर्च में मैक्स वट का लेख 'डायग्नासिस' (मैकमिलंस);

5. फंडामेंटल कंसेप्ट्स इन क्लिनिकल सायकालोजी (शैफर: मैक्ग्रा हिल्स)।

आयुर्विज्ञान में मानव शरीर का स्वास्थ्य और उपचार मुख्यत: देखा जाता है। इसके लिए शरीर के अनेक परीक्षण किये जाते हैं। इन्हें **चिकित्सकीय परीक्षण** (Medical test) कहा जाता है। ये अनेक प्रकार के होते हैं:

- नाक और गले के सबसे ऊपरी भाग के लिए नेजोस्कोपी,
- स्वरयंत्र यानी लैरिंग्स के लिए डायरेक्ट लैरिंगोस्कोपी,
- सांस की नली के लिए ब्रोंकोस्कोपी,

NOTES

- छाती के मध्य में दिल, धमनियों आदि की जाँच के लिए मीडियास्टिनोस्कोप,
- खाने की नली के ऊपरी भाग की जाँच के लिए इसोफेगोस्कोपी,
- आमाशय के निचले हिस्से को देखने के लिए गेस्ट्रोडियोडिनोस्कोपी
- पेंक्रियास और पूरे बाइल सिस्टम को देखने के लिए एआरपीपी स्कोप का उपयोग किया जाता है।
- प्रोक्टोस्कोप रेक्टम् के लिए, सिग्मोयडोस्कोप
- बड़ी आंत के आखिरी सिरे की जाँच के लिए तथा
- कोलोनोस्कोप कोलोन की जाँच के लिए की जाती है।

इनके अलावा भी अनेक अन्य परीक्षण किये जाते हैं। इनमें रक्त और मूत्र परीक्षण, एक्सरे ईसीजी, कॉलेस्ट्रॉल के लिए लिपिड प्रोफाइल, ग्लूकोज स्तर परीक्षण, ईसीजी, सोनोग्राफी आदि आते हैं। अधिक आयु होने पर परीक्षण कराने पर भविष्य में स्वस्थ रह सकते हैं। जीवन शैली के कारण होने वाले रोगों की रोकथाम में मददगार होते हैं। इस बारे में सभी को पता होना चाहिए किस आयु में कौन–से परीक्षण कराएं, ताकि गंभीर रोगों के होने की आशंका खत्म की जा सके।

## आयु जनित परीक्षण

### 30 वर्ष

रक्त और मूत्र परीक्षण, चेस्ट एक्सरे तथा ईसीजी। कॉलेस्ट्रॉल के लिए लिपिड प्रोफाइल लेवल परीक्षण, ईसीजी, सोनोग्राफी।

- **कारण:** ये परीक्षण तनाव जनित रोगों जैसे रक्तचाप तथा मधुमेह की स्टीक सूचना देने में सक्षम होते हैं।
- **लाभ:** सोनोग्रफी, पोलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम की सूचना देगी, जिससे वजन में बढ़ोतरी मासिक में अनियमितता का समय पर इलाज हो सकता है। फेफड़ों के कैंसर, टीबी तथा एम्फीसिमा एक्सरे से शीघ्र पकड़ में आता है।

NOTES

### 35 वर्ष

30 वर्ष की आयु में कराए गए समस्त परीक्षण। इनके अलावा

- महिलाओं के लिए: पैप स्मीयर, मैमोग्राफी, रक्त परीक्षण, रक्तचाप।

**लाभः** थायरॉइड परीक्षण, थायरॉइड के डिसऑर्डर हाइपोथाराइडिज्म और हायपर थायरॉइडिज्म का पता करने में सहायता करता है। पैप स्मीयर सर्वोइकल कैंसर को प्रारम्भिक स्तर में ही बता कर सचेत कर देता है।

### 40 वर्ष

35 वर्ष की आयु में कराए जाने वाले समस्त परीक्षण और आंखों की जाँच।

- महिलाओं के लिए: पैप स्मीयर, पेट की सोनोग्राफी, मैमोग्राम।
- **कारणः** इस आयु में लोग कोलेस्ट्रॉल, रक्तचान तथा मधुमेह के प्रति बेहद संवेदनशील हो जाते हैं।
- **लाभः** दृष्टि कम होने के कारण सिरदर्द, थकान और अन्य कठिनाईयाँ हो सकती हैं। महिलाओं के लिए रजोनिवृत्ति के निकट होने के कारण सोनोग्राफी कराना ठीक रहता है, इससे एब्डोमन के समस्त अंग लिवर, तिल्ली, किडनी, पैंक्रियाज की भी स्क्रीनिंग हो जाती है।

### 45 वर्ष

रक्त, मूत्र, छाती एक्सरे, ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल, रक्त शूगर, सोनोग्राफी, कार्डियक स्ट्रेस परिक्षण।

- महिलाओं के लिए: बोन डेसिटोमीट्री तथा मैमोग्राम।
- **कारणः** इस आयु में ह्वदय रोग होने की आशंका बढ़ जाती है।
- **लाभः** टू डी इको ह्वदय के फंक्शन की जानकारी देता है। रजोविवृत्ति पूर्व की इस स्थिति में महिलाओं के ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा बढ़ जाता है। ये इसकी रोकथाम में सहायता करते हैं।

### 50 वर्ष

रक्त, मूत्र, ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल, रक्त शर्करा, सोनोग्राफी, कार्डियक स्ट्रेस परीक्षण।

NOTES

- महिलाओं के लिए: गर्भाशय की सोनोग्राफी और ओवर स्ट्रेस परीक्षण।
- **कारण:** ज्यों-ज्यों उम्र बढ़ती जाती है, ह्वदय रोग होने की आशंका बढ़ती जाती है।
- **लाभ:** समय से परीक्षण कराने पर कैंसर की शुरूआती अवस्था में पहचान होने पर इलाज संभव है। कार्डियक स्ट्रेक परीक्षण कोरोनरी आर्टरी डिजीज की उपस्थिति तथा होने की संभावना बता देता है।

**55 वर्ष**

**प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन परीक्षण**

- **कारण:** पीएसए एक तरफ का रक्त की जाँच है, तो प्रोस्टेट कैंसर की पहचान बताता है। यदि रक्त में इसकी मात्रा ज्यादा होती है, तो बायोप्सी करानी चाहिए।
- **लाभ:** समय से जाँच पर कैंसर को बढ़ने से रोका जा सकता है और प्रभावी इलाज संभव है।

## परीक्षापयोगी प्रश्न

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न—**

1. नैदनिक परीक्षण की अवधारणा स्पष्ट कीजिए तथा इसके प्रकारों का वर्णन कीजिए।
2. अनुवृत्तिसायक प्रश्नावलियों का विवेचन कीजिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न—**

1. वृद्धि परीक्षा से आप क्या समझते हैं?
2. रोर्शाक पद्धति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
3. आयुजनित परीक्षण से क्या अभिप्राय हैं?

# 21 वैयक्तिक अध्ययन एवं शिक्षक प्रोफाइल

NOTES

**अध्याय में सम्मिलित विषय सामग्री**

- प्राक्कथन
- वैयक्तिक अध्ययन विधि क्या हैं?
- वैयक्तिक अध्ययन की परिभाषाएँ
- वैयक्तिक अध्ययन के प्रकार
- वैयक्तिक अध्ययन की पक्रिया
- वैयक्तिक अध्ययन का महत्व
- वैयक्तिक अध्ययन के गुण
- व्यावसायिक विकास क्रियाएँ
- समुदाय की भागीदारी सम्मान
- कलाकृतियाँ
- परीक्षापयोगी प्रश्न

**उद्देश्य—** इस अध्याय अध्ययन के पश्चात् आप निम्न तथ्यों को समझ सकेगें:—

- वैयक्तिक अध्ययन विधि क्या है?
- वैयक्तिक अध्ययन की परिभाषाएँ
- वैयक्तिक अध्ययन के प्रकार
- वैयक्तिक अध्ययन की प्रक्रिया
- वैयक्तिक अध्ययन का महत्व
- वैयक्तिक अध्ययन के गुण
- समुदाय की भागीदारी सम्मान
- कलाकृतियाँ

## प्राक्कथन

वैयक्तिक अध्ययन या एकल अध्ययन पद्धति किसी व्यक्ति संस्था अथवा समुदाय के सर्वागीण अध्ययन की एक विशेष विधि है। वास्तविकता यह है कि संचार शोध अथवा सामाजिक अनुसंधान के अंतर्गत केवल सांख्यिकीय और परिणामत्मक प्रविधियों से ही अध्ययन करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि अनेक तथ्य ऐसे होते है जिन्हें समझने के लिए गुणात्मक विधि द्वारा अध्ययन नितांत आवश्यक हो जाता है। संचार शोध में वैयक्तिक अध्ययन तब किए जाते है। जब शोध कर्ता को किसी घटना को समझने या उसकी वयाख्या करने में किया जाता है।

'वैयक्तिक अध्ययन का केंन्द्र सामान्यत: कोई व्यक्ति अथवा छोटा समूह होता है। वैयक्तिक अध्ययन में अध्ययन किए जाने वाले परिवर्तनीय तत्वों या घटनाओं की पहचान करने का अवसर मिलता है। वैयक्तिक अध्ययन में दस्तावेज, ऐतिहासिक कलाकृतियाँ, व्यवस्थित साक्षात्कार, सीधे प्रेक्षण और यहाँ तक कि पारम्परिक सर्वेक्षणों को भी शामिल किया जाता है।

समाज शास्त्र में वैयक्तिक अध्ययन का अनुप्रयोग सर्वप्रथम **हरबर्ट स्पेन्सर** ने किया था किन्तु व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक रूप में इसका प्रयोग फ्रांस में परिवारों के आय-व्यय के अध्ययन के लिए **चार्ल्स लीप्ले** ने किया। **हिली विलियम** द्वारा बाल अपराधियों का अध्ययन करने के क्षेत्र में यह पद्धति उपयोगी सिद्ध हुई।

## वैयक्तिक अध्ययन विधि क्या है? What is case study method?

वैयक्तिक अध्ययन का अर्थ कई बार किसी व्यक्ति के निजी जीवन में अध्ययन से लगाया जाता है, जो कि उचित नहीं है। यह किसी भी सामाजिक इकाई: चाहे वह व्यक्ति हो या परिवार, समिति, संस्था, समूह आदि का विस्तृत एवं गहन अध्ययन है। इस प्रविधि का प्रयोग मनोचिकित्सा, समाज कार्य तथा अनुसंधान में किसी समस्या अथवा इकाई के सम्बन्ध में सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त के लिए किया जाता है।

### विद्वानों ने वैयक्तिक अध्ययन की परिभाषाएँ निम्नवत् है—

**ओडम तथा जोचर के अनुसार**— वैयक्तिक अध्ययन एक ऐसी प्रविधि है जिसके द्वारा प्रत्येक व्यक्तिगत कारक, चाहे वह एक संस्था हो, या एक व्यक्ति या समूह के जीवन की एक घटना मात्र हो, का विश्लेषण उस समूह की किसी भी अन्य इकाई के संदर्भ में किया जाता है।

**पी.वी.यंग**— वैयक्तिक अध्ययन किसी एक सामाजिक इकाई, चाहे वह व्यक्ति हो या परिवार, संस्था, सांस्कृतिक समूह अथवा समुदाय, के जीवन के अन्वेषण एवं विवेचन करने की पद्धति को कहते है।

**गुडे व हॉट**— वैयक्तिक अध्ययन सामाजिक तथ्यों को संगठित करने का वह तरीका है जिससे अध्ययन किए जाने वाले विषय के एकात्मक स्वभाव का संरक्षण हो सके। थोड़े से भिन्न रूप में यह एक पद्धति हैं जिसमें किसी सामाजिक इकाई को एक समग्र के रूप में देखा जाता है।

**बीसेन्ज तथा बीसेन्ज**— वैयक्तिक अध्ययन गुणात्मक विश्लेषण का एक विशेष स्वरूप है जिसके अंतर्गत किसी व्यक्ति, परिस्थिति अथवा संस्था का अत्याधिक सावधानी पूर्वक और पूर्ण अवलोकन किया जाता है।

उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि 'वैयक्तिक अध्ययन पद्धति' के अंतर्गत किसी एक सामाजिक इकाई से संबंधित समस्त पक्षों का व्यापक, सूक्ष्म तथा गहन अध्ययन किया जाता है। **एफ.एच.गिडिंग्स** के अनुसार, वैयक्तिक अध्ययन में अध्ययन की एक ईकाई एक व्यक्ति या उसके जीवन की एक घटना, एक राष्ट्र अथवा इतिहास का एक युग भी हो सकता है।

## वैयक्तिक अध्ययन के प्रकार (Types of case study)

- व्यक्ति का वैयक्तिक अध्ययन।
- समूह अथवा समुदाय वैयक्तिक अध्ययन।

### वैयक्तिक अध्ययन की कार्यप्रणाली (प्रक्रिया) (Procedure of case study)

वैयक्तिक अध्ययन की कार्यप्रणाली हो हम निम्नलिखित चरणों द्वारा स्पष्ट कर सकते है—

1. **समस्या के पक्षों का निर्धारण (Determination of the aspects of problem)**— वैयक्तिक अध्ययन के लिए सर्वप्रथम अध्ययन की इकाई या समस्या की प्रकृति का समुचित स्पष्टीकरण करना, इकाईयों का निर्धारण करना तथा अध्ययन क्षेत्र से पूर्णतः अवगत होना आवश्यक है। इस स्तर पर अध्ययनकर्ता को समस्या के विभिन्न पक्षों से संबंधित निम्नलिखित तथ्यों पर ध्यान देना आवश्यक है—

NOTES

**समस्या का चुनाव**— वैयक्तिक अध्ययन के लिए समस्या का चयन नितांत जरूरी है, क्योंकि चुनी गयी समस्या के आधार पर ही कोई अध्ययन हो सकता है। जैसे बाल-अपराध, वैकल्पिक मीडिया, नागरिक पत्रकारिता आदि।

**इकाईयों का निर्धारण**— समस्या के चयन के उपरांत के इकाई का चयन बहुत जरूरी है। जैसे समस्या वैकल्पिक मीडिया है तो उसमें कौन सा माध्यम प्रिंट अथवा इलेक्ट्रॉनिक आदि।

**इकाईयों की सख्यां का निर्धारण**— वैयक्तिक अध्ययन के लिए यह निर्धारण करना भी आवश्यक होता है कि अध्ययन की जाने वाली इकाईयों की संख्या क्या होगी। यह संख्या उपलब्ध साधनों और समय के अनुसार निर्धारण की जानी चाहिए।

**अध्ययन के क्षेत्र का निर्धारण**— अनुसंधान कर्ता द्वारा उस क्षेत्र का निर्धारण जरूरी है जहाँ अध्ययन करना है।

**विश्लेषण का क्षेत्र**— समस्या के विभिन्न पक्षों की विवेचना के लिए विश्लेषण क्षेत्र का वर्णन नितांत जरूरी है।

2. **घटनाओं का काल-क्रम**— समस्या की विवेचना के बाद विभिन्न घटनाओं के घटित होने के क्रम को ज्ञात किया जाता है। यह भी ज्ञात किया जाता है कि इस दौरान क्या-क्या परिवर्तन घटित हुए। घटनाओं के उतार चढ़ाव द्वारा भविष्य में होने वाले बदलावों को समझा जाता है।

3. **निर्धारण कारक या तत्व (Determinats)**— वैयक्तिक अध्ययन में उन कारकों का भी अध्ययन किया जाता है जो किसी घटना के घटित होने के उत्तरदायी होते है—

**प्रमुख कारक**— ये वे कारक है जो किसी घटना के घटित होने के लिए मूल रूप से उत्तरदायी है। जैसे व्यक्ति को अपराधी बनाने के लिए साथियों का योगदान या गरीबी।

**सहायक कारक**— ये वे कारक है जो प्रमुख कारकों की सहायता करते हैं। जैसे व्यक्ति को अपराधी बनाने में गरीबी के अतिरिक्त पुलिस का अत्याचार, माता-पिता का उपेक्षा पूर्ण व्यवहार एवं मानसिक तनाव आदि सहायक कारक है।

4. **विश्लेषण एवं निष्कर्ष**— यह वैयक्तिक अध्ययन का अंतिम चरण है जिसके अंतर्गत समस्त संकलित तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण करके निष्कर्ष प्रस्तुत किये जाते है।

## वैयक्तिक अध्ययन में तथ्य संकलन की प्रविधियाँ (Tools & Techniques of Data Collection in Case Study)

वैयक्तिक अध्ययन प्रविधि अन्य विधियों की भांति मात्र आंकड़े संकलन का एक उपकरण अथवा साधन बल्कि यह एक ऐसा तरीका है जिसमें इकाई का गहन अध्ययन किया जा सके। प्राथमिक व द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़े उपलब्ध करने पड़ते है ताकि इकाई के व्यवहार को ठीक से समझा जा सके।

**प्राथमिक सूचनाएँ संकलन की प्रविधियाँ**— प्राथमिक सूचनाएँ संकलन करने के मुख्य स्रोत एवं प्रविधियाँ निम्न है—

(i) साक्षात्कार (Interview)

(ii) अनुसूची (Schedule)

(iii) निरीक्षण (Observation)

**द्वितीय सूचनाएँ संकलन की प्रविधियाँ**— द्वितीयक सूचना संकलन करने की सबसे मुख्य प्रविधियाँ तथा उपकरण निम्नलिखित है—

(i) डायरियाँ तथा निजी पत्र

(ii) ज़ीवन इतिहास

## वैयक्तिक अध्ययन का महत्व (Importance of Case Study)

सामाजिक घटनाओं एवं समस्याओं के अत्याधिक सूक्ष्म और गहन अध्ययन में वैयक्तिक अध्ययन अत्याधिक व्यावहारिक तथा उपयोगी सिद्ध हुआ है। मनोचिकित्सक का मत है अधिकांश बीमारियाँ मन जनित होती है अतः इनका वैयक्तिक अध्ययन के द्वारा इलाज किया जा सकता हैं। **कूले (C.H. Cooley)** ने इस पद्धति को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि 'वैयक्तिक अध्ययन हमारे बोध ज्ञान को विकसित करती है, और जीवन के बारे में एक अंतदृष्टि प्रदान करती है।' कूले के इस कथन के संदर्भ में वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के प्रमुखगुणों द्वारा उपयोगिता को निम्नांकित रूप में समझा जा सकता है—

NOTES

(i) **इकाई का गहन अध्ययन**— इसमें इकाईयों का गहन अध्ययन किया जा सकता है। समाज शास्त्री बर्गेस (Burgess) ने वैयक्तिक अध्ययन को सामाजिक सूक्ष्म दर्शन यंत्र कहा है।

(ii) **वैध प्राक्कल्पनाओं का निर्माण**— कई उपयोगी एवं वैध उपकल्पनाओं के निर्माण में वैयक्तिक अध्ययन सहायक होती है।

(iii) **अध्ययन प्रपत्रों के निर्माण में सहायक**— प्रत्येक संचार अथवा सामाजिक अनुसंधान कर्ता को वैयक्तिक अध्ययन के प्रयोग से अपने अध्ययन प्रपत्रों में सुधार का समुचित अवसर प्राप्त होता है।

(iv) **वर्गीकृत प्रतिचयन में सहायक**— वैयक्तिक अध्ययन पद्धति वर्गीकृत प्रतिचयन में अत्यंत यहायक पद्धति है।

(v) **विरोध इकाईयों का ज्ञान**— सामाजिक सर्वेक्षण तथा अनुसंधान में केवल विषय से संबंधित इकाईयों का अध्ययन ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि जो इकाईयाँ विरोध या निरर्थक प्रतीत होती है, उनके द्वारा कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को ज्ञात किया जा सकता है।

(vi) **अनुसंधन कर्ता के ज्ञान का विस्तार**— अध्ययन कर्ता जब अध्ययन की जाने वाली इकाई के निकट संपर्क में आता है तो उसे अध्ययन के विभिन्न पक्षों का विश्लेषण की एक स्वयं ही अंतदृष्टि प्राप्त हो जाती है। विषय के प्रति अध्ययनकर्ता की यह रूचि तथा ज्ञान बहुत बड़ी सीमा तक अध्ययन की सफलता में सहायक होते है।

(vii) **मनोवृत्तियों के अध्ययन में सहायक**— मनोवृत्तियों के संबंधित गुणात्मक विशेषताओं का अध्ययन करने में वैयक्तिक पद्धति सबसे उपयोगी एवं कारगर है।

(viii) **दीर्घ प्रेक्रियाओं का ज्ञान**— वैयक्तिक अध्ययन एक ऐसी पद्धति है जिसके द्वारा अध्ययनकर्ता अध्ययन इकाई के अतीत, वर्तमान और भविष्य को समझकर तथा उनका समन्वय करके यथार्थ निष्कर्ष देने में सफल हो सकता है।

(xi) **प्रारम्भिक अध्ययन में सहायक**— किसी भी बड़े अनुसंधान को आरम्भ करने के लिए जरूरी होता है कि प्रारम्भिक स्तर पर प्राप्त कर ली जाये। ऐसा करने से समय के निर्धारण निदर्शन की प्राप्ति तथा

उपकरणों में सहायता मिलती है।

(x) **मनोवैज्ञानिक अध्ययनों में सहायक**— मनोवैज्ञानिक अध्ययनों में वैयक्तिक अध्ययन ज्यादा उपयोगी सिद्ध होता है।

NOTES

## वैयक्तिक अध्ययन की विशेषतायें (Characteristics of Case Study)

1. अध्ययन की विशेष इकाई का अध्ययन।
2. गुणात्मक अध्ययन।
3. गहन अध्ययन।
4. कारकों का अध्ययन।
5. अनेक स्रोतो एवं प्रविधियों का प्रयोग।

### अध्ययन की सीमायें या दोष (Limitations or Demerits of Case Study)

- अत्याधिक सीमित अध्ययन।
- दोष पूर्ण प्रलेखों पर निर्भरता।
- पक्षपात की संमस्या।
- प्रतिचयन (निदर्शन) का अभाव।
- परीक्षण संबंधी कठिनाइयाँ।

### वैयक्तिक अध्ययन की उपयोगिता या गुण (Utility or Merits of Case Study)

- गहन एवं सूक्ष्म अध्ययन।
- इकाई से संबंधित पूर्ण ज्ञान।
- विभिन्न प्रविधियों का प्रयोग।
- प्रारम्भिक अन्वेषणों में उपयोगी।
- व्यक्तिगत अनुभव में वृद्धि।
- दीर्घकालीन घटनाओं तथा प्रक्रियाओं का अध्ययन।
- विकास संबंधि अध्ययनों में सहायक।
- व्यक्तित्वों का अध्ययन।

## वैयक्तिक पद्धति (अध्ययन) तथा सांख्यिकीय पद्धति (Case Study & Statistical Method)

वैयक्तिक अध्ययन पद्धति सामान्यत: गुणात्मक अध्ययनों एवं सांख्यिकीय पद्धतिपरिमणात्मक (गणनात्मक) पद्धतियों में अधिक उपयोगी है फिर भी दोनों परस्पर संबंधित है तथा पूरक पद्धतियाँ है। संक्षेपत: वैयक्तिक अध्ययन पद्धति तथा सांख्यिकीय पद्धति में निम्नलिखित अंतर है—

| अंतर का बिन्दु | वैयक्तिक अध्ययन | सांख्यिकीय पद्धति |
|---|---|---|
| अध्ययन की प्रकृति | गुणात्मक/वर्णनात्मक | परिणामत्मक/विवेचनात्मक |
| अध्ययन का क्षेत्र | सीमित | विस्तृत |
| इकाईयों का संख्या | सीमित | समग्र या विशाल समूह |
| इकाईयों का चयन | बिना प्रतिचयन के सीमित एवं दोषपूर्णसामान्यीकरण | सामान्यीकरण संभव |
| निश्चितता एवं परिशुद्धता | कम निश्चितता<br>कम परिशुद्धता<br>कम विश्वसनीयत<br>कम स्पष्टता | अधिक निश्चिता<br>अधिक परिशुद्धता<br>अधिक विश्वसनीयता<br>अधिक स्पष्टता |

उपर्युक्त में अंतर बिन्दु की स्पष्टत: समझ एक वस्तुनिष्ठ शोध को प्रदर्शित करता है। वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के सयुंक्तता से एक प्रभावगामी शोध की सत्सता को बढ़ा देता है।

### एक व्यावसायिक पोर्टफोलियो में क्या शमिल करना

एक पेशेवर पोर्टफोलियो अपनी शैक्षिक कैरियर में एक महत्वपूर्ण कारक है। यह एक शिक्षक के रूप में अपनी शाक्तियों तथा अनुभवों को प्रदर्शिद करता है। अपने शिक्षक कैरियर के दौरान, आप अपने पेशेवर पोर्टफोलियो में शामिल करने के लिए और अधिक सामग्री इकट्ठा करेगा। एक पेशेवर पोर्टवर पोर्टफोलियो न केवल वर्तमान शिक्षकों के लिए नए शिक्षक उम्मीदारों के लिए जरूरी हो, लेकिन यह भी आवश्यक है। यह अपने शिक्षक प्रयासों का मूल्यांकन उपकरण के रूप में प्रशासन द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता।

### पृष्ठभूमि की जानकारी

पृष्ठभूमि की जानकारी अपने शिक्षण कैरियर के कंकाल तत्व सम्मिलित हैं। यह आपके फिर से शुरू, अपने शैक्षिक लक्ष्यों और दर्शन, और पिछले शिक्षण संदर्भों की

वर्णन शामिल हैं। आपका फिर से शुरू हो सकता है और पॉलिश एक शिक्षक के रूप में एक कैरियर प्राप्त करने हेतु अपने उद्देश्य को प्रतिबिंबित करना चाहिए। शैक्षिक लक्ष्यों और दर्शन एक प्रशिक्षक के रूप में अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों की एक रूपरेखा होना चाहिए। इतना ही नहीं इस दस्तावेज मदद नियोक्ताओं अपनी प्राथमिकताएँ का मूल्यांकन करता है, लेकिन यह भी शिक्षण के लिए अपने उद्देश्य की याद दिलाता है। आप शिक्षा के उद्देश्य, छात्र की भूमिका, और कक्षा एवं समुदाय में शिक्षक की भूमिका को संबोधित किया जाना चाहिए।

**व्यावसायिक विकास क्रियाएँ**

एक शिक्षक के रूप में अपने क्रेडेंशियल पद के लिए अपनी उपयुक्तता का एक नियोक्ता के मूल्यांकन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। दस्तावेज इस क्षेत्र में सम्मिलित करने के लिए आनकी शिक्षा, कर रहे हैं लाइसेंस, प्रमाणपत्र, काम इतिहास, प्रस्तुतियों शिक्षण और भाग लिया कार्यशालाएँ। आप चिंता है कि आप अपने पोर्टफोलियो के इस क्षेत्र में कमी कर रहे हैं, एक संकेत है कि अधिक प्रयास अपने शिक्षण योग्यता को विकसित करने में खर्च करने की जरूरत के रूप में यह ले लो।

**समुदाय की भागीदारी सम्मान**

एक शिक्षक अपने समुदाय में एक महत्वपूर्ण आंकड़ा है। जब भावी शिक्षकों को काम पर रखने नियोक्ता सामुदायिक भागीदारी के लिए लग रही है। ऐसे संगठनों अथवा स्वयं सेवक के प्रयासों में पदों के रूप में, अपने समुदाय सेवा इतिहास शामिल करें।

हाल ही में सम्मान, छात्रवृत्ति अथवा पुरस्कारों सहित द्वारा एक उम्मीदवार के रूप में अपने गौरव चिह्नित करें। स्कूलों उनके शिक्षकों की उत्कृष्टता के बारे में बात करने के लिए गर्व है। अकादमिक पुरस्कार एक शिक्षक के रूप में अपने उत्कृष्ट क्षमता के लक्षण हैं।

**कलाकृतियों**

कलाकृतियों अपने शिक्षक अनुभव के रूप में ठोस उदाहरण सेवा करते हैं। इन पाठ योजनाओं, विद्यार्थी काम करते हैं और माता-पिता न्यूजलेटर का उदाहरण सम्मिलित हैं। कलाकृतियों के साथ साथ प्रत्येक दस्तावेज के विस्तृत व्याख्या की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, यह बजाएं कि आपके संरचित सबक योजना है, जबकि छात्रों का ध्यान बनाए रखने के लिए यह संभव विषयों की एक किस्म को कवर करने के लिए किया। अथवा यह बताएँ कि आपके माता-पिता न्यूजलेटर

NOTES

कक्षा की गतिविधियों और बेहतर शिक्षक अभिभावक संबंधों के बारे में सूचित माता-पिता रखा।

## परीक्षापयोगी प्रश्न

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न—

1. वैयक्तिक अध्ययन की विधि से आप क्या समझतें है? इसके महत्व पर प्रकाश डालिए।
2. वैयक्तिक अध्ययन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।
3. व्यावसायिक पोर्टफोलियों में क्या शामिल करना चाहिए? वर्णन कीजिए।

### लघु उत्तरीय प्रश्न—

1. वैयक्तिक अध्ययन के प्रकार लिखिए।
2. वैयक्तिक अध्ययन की विशेषताओं पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।
3. समुदाय की भागीदारी एवं सम्मान स्पष्ट कीजिए।
4. व्यसवसयिक विकास की क्रियाएँ स्पष्ट कीजिए।

●●

**MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY**

Raja Bhoj Marg (Kolar Road), Bhopal - 462016,

Phone : 91-755-2424660, Fax : 91-755-2424640

Website :www.bhojvirtualuniversity.com